RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 27
लखनऊ, शुक्रवार, 13 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सनी लियोन ग्लैमर वर्ल्ड में वापसी पर प्रसन्न
विविध-12

# दीपावली से पहले सरकार का तोहफा

**आत्मनिर्भर भारत 3.0**

## ● अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहनों की एक और खुराक, आवास बिक्री पर और राहत, नये रोजगार पर पीएफ सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहनों की एक और खुराक का ऐलान किया। आवास क्षेत्र में कुछ चुनींदा बिक्री सौदों पर राहत की घोषणा की गई है। वहीं, छोटे कारोबारियों के लिए पहले से चल रही ऋण गारंटी सुविधा कार्यक्रम की अवधि इस वित्त वर्ष के अंत तक बढ़ा दी गई है।

इसके साथ ही लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को भविष्य निधि सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। ताजा प्रोत्साहनों में अतिरिक्त उर्वरक सब्सिडी तथा विनिर्माण इकाइयों के लिए पहले घोषित की जा चुकी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शामिल है। इन सभी प्रोत्साहन उपायों को मिलाकर लॉकडाउन की घोषणा के बाद से अब तक घोषित कुल राहत पैकेज की राशि करीब 30 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 15 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। वित्त मंत्री द्वारा आज घोषित प्रोत्साहनों में रियल एस्टेट डेवलपर और ठेकेदारों के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण, एक नई रोजगार प्रोत्साहन योजना और ग्रामीण रोजगार के लिए अतिरिक्त व्यय शामिल है।

उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर में बढ़ोतरी, ऊर्जा खपत में वृद्धि और बैंक ऋण में तेजी जैसे आंकड़ों का भी हवाला दिया और कहा कि अर्थव्यवस्था में जोरदार सुधार देखने को मिल रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 24 प्रतिशत की तेज गिरावट देखने को मिली, लेकिन अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मार्च 2021 तक कुल संकुचन 10 प्रतिशत के करीब रहेगा। सीतारमण ने दो करोड़ रुपये मूल्य तक की आवास इकाइयों की पहली बार सर्कल दर से कम कीमत पर बिक्री पर आयकर नियमों में छूट देने की घोषणा की। अभी तक सर्किल दर से 10 प्रतिशत कम पर बिक्री करार मूल्य की इजाजत है। आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए स्टाम्प शुल्क वाले सर्कल दर मूल्य से 20 प्रतिशत कम दाम पर भी दो करोड़ रुपये तक की आवासीय इकाइयों के सौदे हो सकेंगे।

नई रोजगार सृजन योजना के तहत नई भर्तियां करने वाले प्रतिष्ठानों को कर्मचारियों के भविष्य निधि योगदान के मामले में सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी के तहत दो साल के लिए सेवानिवृत्ति निधि में कर्मचारियों के साथ (शेष पेज 9)

## कोविड-19 टीके पर शोध के लिए 900 करोड़ का अनुदान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कोविड-19 टीके पर शोध के लिये जैव प्रौद्योगिकी विभाग को 900 करोड़ रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'हम कोविड-19 टीके पर शोध और उसके विकास के लिये 900 करोड़ रुपये उपलब्ध करा रहे हैं। यह कोविड सुरक्षा मिशन के लिये उपलब्ध कराया जा रहा है जो पूरी तरह से अनुसंधान एवं विकास कार्यों के लिये है। लेकिन यह राशि अनुसंधान कार्यों के उद्देश्य से जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पास जाएगी।' सीतारमण ने कहा कि अनुदान के दायरे में टीके की वास्तविक लागत और वितरण का खर्च शामिल नहीं है। टीका उपलब्ध होने पर इसके लिए अलग से प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'टीके की वास्तविक लागत या टीका वितरण के लिये उसके रखरखाव और जगह-जगह पहुचांने के लिये जरूरी 'लॉजिस्टिक' का खर्च पूरी तरह से अलग है। जब भी इसकी जरूरत होगी, उपलब्ध कराया जाएगा। यह अनुदान पूरी तरह से टीका विकास के लिये उसके शोध को लेकर है। अनुदान राशि जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पास जाएगी।'

# अब जुगाड़ नहीं, योग्यता है नौकरी का मानक: योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## ● सिंचाई और जल संसाधन विभाग को मिले 1438 नए जूनियर इंजीनियर, सीएम ने दिए नियुक्ति एवं पदस्थापना पत्र

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जुगाड़ नहीं, योग्यता ही चयन का मानक है। आज जो युवा नौकरियां पा रहे हैं, वह योग्य हैं, समर्थ हैं। सीएम ने कहा कि जब कोई युवा अपनी मेहनत के साथ पारदर्शी ढंग से चयनित होता है, तो उसके काम में भी ईमानदारी झलकती है।

समर्पण के साथ वह जीवनभर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है लेकिन जब सिफारिश और जुगाड़ से नौकरी मिलती है, तो वही कुत्सित भावना भ्रष्टाचार को जन्म देती है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सिंचाई और जल संसाधन विभाग में नवचयनित 1438 नए जूनियर इंजीनियरों को नियुक्ति एवं पदस्थापना पत्र प्रदान कर रहे थे। धनतेरस के विशेष अवसर पर नियुक्ति पत्र प्राप्त कर रहे युवाओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने नवचयनित अवर अभियंताओं द्वारा अपने सेवाकाल में देश समाज की उन्नति के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने का विश्वास जताया। लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर अवर अभियंताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (शेष पेज 9)

## अपना रोजगार प्लान तैयार करें हर विभाग : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने राज्य के हर विभाग को वित्तीय योजना की तरह ही अपना रोजगार प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा के दौरान हर सरकारी विभाग को अपना रोजगार प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। योगी ने कहा कि वित्तीय योजना की ही तरह सभी विभाग रोजगार (शेष पेज 9)

# राजग की बैठक के बाद तय होगा नेता का नाम : नीतीश

## ● कहा-गठबंधन में लोजपा के बने रहने के बारे में केवल भाजपा ही कर सकती है फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में राजग को बहुमत प्राप्त हुआ है और राजग की बैठक होगी तथा औपचारिक तौर पर गठबंधन के नेता का ऐलान होगा।

उन्होंने कहा कि चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में बने रहने के बारे में केवल भाजपा ही फैसला कर सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी ने इस बार राजग से अलग होकर अकेले बिहार चुनाव लड़ा था और अनेक सीटों पर इसके कारण जदयू को नुकसान उठाना पड़ा। पटना स्थित जद (यू) के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बैठक (राजग की) होगी तो उसमें (तय) हो ही जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने तो काम किया है। राजग का जो निर्णय होगा, वही मान्य होगा।

हमसे पूछिएगा तो हमारा कोई दावा नहीं है। राजग की बैठक होगी और उसमें औपचारिक तौर पर निर्णय होगा। उन्होंने राजग की बैठक के बारे में बताया कि यह एक-दो दिन के बाद ही हो पाएगा। शपथ ग्रहण को लेकर पूछे गए एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि अभी यह तय नहीं हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या आप केंद्र में राजग से लोजपा को हटाने के लिए भाजपा से कहेंगे, कुमार ने कहा कि आप ऐसा सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह तो भाजपा को निर्णय लेना है। मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है। मुख्यमंत्री पद को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजग की बैठक होगी तो उसमें ही तय हो जाएगा, इसमें हम लोगों को क्या कहना है और इसके बाद औपचारिक घोषणा हो जाएगी।

गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू को 43 सीट प्राप्त हुई हैं, जबकि 2015 के चुनाव में उनकी पार्टी को 71 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इस चुनाव में भाजपा को 74 सीट मिली हैं। सरकार के कार्यक्रम के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब सरकार बनती है तब आगे का कार्यक्रम तय होता है। राजग की बैठक के बाद आपस में बातचीत करके ही एक-एक चीज तय की जाएगी कि क्या करना है।

# बिकरू कांड में तत्कालीन एसएसपी अनंत देव निलंबित

## ● कानपुर नगर के पूर्व एसएसपी दिनेश पी से भी स्पष्टीकरण तलब, कई अन्य पुलिस अफसरों पर गिर सकती है गाज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** के बिकरू काण्ड में योगी सरकार ने एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर बृहस्पतिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए डीआईजी पीएसी मुरादाबाद अनंत देव (तत्कालीन एसएसपी कानपुर नगर) को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा कानपुर नगर के एक अन्य पूर्व एसएसपी और वर्तमान में झांसी के एसएसपी दिनेश पी से भी स्पष्टीकरण तलब किया गया है। सरकार ने इस बात के भी संकेत दिये हैं कि अभी इस काण्ड में कुछ और पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बिकरू काण्ड में गठित की गयी एसआईटी ने अभी हाल ही में अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इसमें कानपुर के पूर्व एसएसपी रहे डीआईजी अनंत देव के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने की सिफारिश की थी और इसके अलावा अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी को भी दोषी पाया था। एसआइटी की रिपोर्ट में 80 अफसरों और कर्मचारियों को दोषी पाया गया था। अभी और कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है। कानपुर के चौबेपुर थाना के बिकरु गांव में 2 जुलाई की रात गैंगस्टर विकास दुबे और उसकी गैंग ने सीओ देवेंद्र मिश्रा सहित 8 पुलिसवालों की हत्या कर दी थी। अगली सुबह से ही यूपी पुलिस विकास गैंग के सफाए में जुट गई थी।

नौ जुलाई को उज्जैन के महाकाल मंदिर से सरेंडर के अंदाज में विकास की गिरफ्तारी हुई थी। 10 जुलाई की सुबह कानपुर से 17 किमी पहले पुलिस ने विकास को एनकाउंटर में मार गिराया था। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी विकास दुबे समेत छह एनकाउंटर में मारे गए। शहीद सीओ बिल्हौर देवेंद्र मिश्र के (शेष पेज 9)

# विचारधारा राष्ट्रहित में होनी चाहिए ना कि राष्ट्र के खिलाफ: मोदी

## ● जेएनयू में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अपनी विचारधारा को राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता दिए जाने से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि विचारधारा पर गर्व स्वाभाविक है लेकिन वह राष्ट्रहित में होनी चाहिए ना कि राष्ट्र के खिलाफ। प्रधानमंत्री राजधानी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के परिसर में स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद छात्रों को संबोधित कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस अनावरण समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी उपस्थित थे। मोदी ने कहा, किसी एक बात, जिसने हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है- वो है राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना।

क्योंकि मेरी विचारधारा ये कहती है, इसलिए देशहित के मामलों में भी मैं इसी सांचे में सोचूंगा, इसी दायरे में काम करूंगा, ये गलत है। उन्होंने कहा कि आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है और ये स्वाभाविक भी है लेकिन फिर भी, हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में, राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए, राष्ट्र के खिलाफ नहीं। प्रधानमंत्री ने आजादी के आंदोलन और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा कि जब-जब देश के सामने कोई कठिन समय आया है, हर विचार और हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा, आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हर विचारधारा के लोग एक साथ आए थे। उन्होंने देश के लिए एक साथ संघर्ष किया था। आपातकाल के दौरान भी देश ने यही एकजुटता देखी थी। आपातकाल के खिलाफ उस आंदोलन में कांग्रेस के पूर्व नेता और कार्यकर्ता भी थे। आरएसएस के स्वयंसेवक और जनसंघ के लोग भी थे। समाजवादी लोग भी थे। कम्यूनिस्ट भी थे। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में भी किसी को अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करना पड़ा था क्योंकि सभी का उद्देश्य राष्ट्रहित था। मोदी ने कहा, जब राष्ट्र की एकता अखंडता और राष्ट्रहित का प्रश्न हो तो अपनी विचारधारा के बोझ तले दबकर फैसला लेने से, देश का नुकसान ही होता है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,357 | ⬇ | 236 | |
| निफ्टी | 12,690 | ⬇ | 58 | |
| सोना | 50,057 | ⬇ | 81 | /10g |
| चांदी | 62,037 | ⬇ | 04 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जब वी मेट के अभिनेता आसिफ बसरा ने आत्महत्या की

**धर्मशाला।** जब वी मेट, काई पो चे और पाताल लोक जैसी विभिन्न फिल्मों तथा टीवी कार्यक्रमों मे काम कर चुके अभिनेता आसिफ बसरा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उनका शव बृहस्पतिवार को यहां एक निजी आवासीय परिसर मे लटका हुआ मिला। वह 53 साल के थे। कांगड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विमुक्त रंजन ने यहां संवाददाताओं से कहा, उन्होंने (बसरा) आज लगभग 12-12.30 बजे खुद को फांसी लगा ली। हमने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला है। उन्होंने कहा कि आगे के ब्योरे की प्रतीक्षा है। ऐसा कहा जा रहा है कि बसरा ने लगभग पांच-छह साल पहले मैक्लॉडगंज, ऊपरी धर्मशाला मे एक संपत्ति पट्टे पर ली थी और वह नियमित तौर पर यहां आते रहते थे।

# गतिरोध के दौरान निर्मित नए ढांचों को तोड़ेंगे भारत-चीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) से टैंक और भारी हथियारों को हटाए जाने की संभावना के बीच भारत और चीन पैंगोंग त्सो (झील) इलाके में बने नए ढांचों को भी नष्ट करेंगे।

दोनों पक्षों ने फौजों के जमावड़े के तहत एलएसी के पास बैरक जैसे ढांचे बना रखे हैं जिससे कि अतिरिक्त टुकड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा जा सके। चीन ने झील में एक जेट्टी बना रखी है जिसका भारत ने तीखा विरोध किया था। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर फौजों को पीछे हटाने और तनाव को कम करने के लिए तीन चरणों वाले प्रस्ताव के तहत ढांचों को हटाना प्रस्तावित है। अगले कुछ दिनों में कोर कमांडरों की नौवीं दौर की बातचीत में टैंकों और अतिरिक्त टुकड़ियों को हटाने समेत यदि प्रस्ताव पर सहमति हो जाती है तो फौजों को पीछे हटाने का काम अगले महीने से शुरू हो जाएगा।

तीन चरणों वाले प्रस्तावित योजना का ब्योरा देते हुए सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों पक्ष पैंगोंग झील इलाके में स्थित फिंगर 4 और फिंगर आठ के बीच बफर जोन बनाने पर भी सहमत हो सकते हैं। मई की शुरुआत में फिंगर 4 और फिंगर 8 में भारतीय सेना की गश्ती टीम को चीन की सेना ने रोक दिया था, जिसके बाद गतिरोध शुरू हुआ था। भारतीय सेना का कहना है कि यह उसका क्षेत्र, चीन का दावा है कि ऐसा नहीं है। इसके बाद दोनों सेनाओं के जवानों के बीच हाथापाई भी हुई थी। दोनों सेनाएं पैंगोंग के दक्षिणी तट से भी आंशिक रूप से पीछे हट सकती हैं।

# कोरोना की मार से अभी सुरक्षित हैं दुनिया के कुछ द्वीप


**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

## ● टोंगा, किराबाती, सामोआ, माइक्रोनेशिया और तुवालु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में एक भी मामला नहीं

**पूरी** दुनिया कोरोना के कहर से परेशान है। अर्जेंटीना से लेकर जिम्बाब्वे तक और वेटिकन से लेकर व्हाइट हाउस तक कोरोना वायरस ने सभी जगह लोगों को शिकार बनाया है। यह पुष्टि हो चुकी है कि कोरोना वायरस की महामारी प्रत्येक महाद्वीप और लगभग हर देश में दस्तक दे चुकी है लेकिन अब भी दुनिया के कुछ हिस्से हैं जहां संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। इनमें से कुछ वास्तव में संक्रमण से बचे हुए हैं जबकि आशंका है कि कई सच्चाई छिपा रहे हैं।

ऐसे ही स्थानों में दक्षिण प्रशांत महासागर के कुछ द्वीप हैं। टोंगा, किराबाती, सामोआ, माइक्रोनेशिया और तुवालु छोटे द्वीपीय देश हैं जहां पर अब तक कोविड-19 का एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। टोंगा के चेंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के अध्यक्ष पाउला टाउमोइपियाउ ने कहा कि देश मार्च महीने में ही क्रूज जहाजों को तट से दूर रोक रहा है और हवाई अड्डे को बंद कर दिया है।

उन्होंने बताया कि कोई मामला नहीं आने के बावजूद सरकार ने लॉकडॉउन लगा दिया था, इन दिनों कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही लोगों को वापस आने दिया जा रहा है। बता दें कि टोंगा की कुल आबादी करीब एक लाख है। इसके अलावा निर्जन अंटार्कटिक महाद्वीप भी एक मात्र कोरोना वायरस से मुक्त महाद्वीप है।



टोंगा द्वीप समूह जहां पर कोविड-19 का कोई भी केस नहीं है

यहां केवल विभिन्न देशों के अनुसंधानकर्ता ही आते हैं लेकिन कोविड-19 की वजह से देशों ने इनकी संख्या कम कर दी है।

एकांतप्रिय और दुनिया से अलग-थलग रहने वाले उत्तर कोरिया में भी अब तक आधिकारिक रूप से कोविड-19 का एक भी मामला सामने नहीं आया है। यहां की कुल आबादी ढाई करोड़ है और यह आशंका है कि तानाशाह किम जोंग उन अपना बेहतर रिकॉर्ड दिखाने के लिए आंकड़ों को छिपा रहे हैं। उत्तर कोरिया का कहना है कि वायरस को फैलने से रोकने का अभियान 'राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा है। उसने सीमा पर यातायात को कड़ाई से रोका, पर्यटकों के आने पर रोक लगाई और नागरिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य कर्मियों को तैनात किया है।

## देश में 47,905 नए मामले, 550 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 47,905 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 86,83,916 हो गए। वहीं देश में अभी तक 80,66,501 लोग संक्रमण मुक्त भी हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 550 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,28,121 हो गई। देश में लगातार दूसरे दिन उपचाराधीन लोगों की संख्या पांच लाख से कम है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 4,89,294 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 5.63 प्रतिशत है। उसके अनुसार देश में कुल 80, 66,501 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 92.89 प्रतिशत हो गई है।

# रिकवरी दर बढ़ाने के साथ उपचार व्यवस्था बेहतर करें

## दीपावली पर विशेष सावधानी बरती जाए, सभी मेडिकल कालेजों, जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इमरजेंसी व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ और मेरठ में कोविड-19 की रिकवरी दर को बेहतर बनाने के लिए उपचार व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 के सम्बन्ध में निरन्तर पूरी सावधानी और सतर्कता बहुत जरूरी हैं। त्योहारों और पर्व को ध्यान में रखते हुए सीएम ने लोगों को कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक करने के भी निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत विशेष सावधानी बरती जाए। सभी मेडिकल कॉलेजों, जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इमरजेंसी व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए वर्तमान में मिशन शक्ति अभियान संचालित है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में पूरी सतर्कता बरती जाए। इस सम्बन्ध में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को सर्दी से पूर्व स्वेटर का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वेटर की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रैन बसेरों के संचालन में महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा कोविड-19 से बचाव के लिए सभी प्रबन्ध करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने धान क्रय केन्द्रों की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को एमएसपी का लाभ प्राप्त हो। पराली जलाने पर रोक के लिए जागरूकता का निरन्तर प्रसार किया जाए। गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखा जाए। उन्होंने पेयजल टंकियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये हैं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने धनतेरस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की हार्दिक बधाई देते हुए उनकी सुख समृद्धि की मंगल कामना की है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अर्थ सहित चार प्रकार के पुरुषार्थ बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनतेरस इसी का द्योतक है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश में अन्त्योदय की भावना के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सुख समृद्धि प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन वैद्यगण भगवान धन्वंतरि का पूजन करते हैं। सर्वविदित है कि अच्छे स्वास्थ्य के माध्यम से ही सुख एवं समृद्धि पायी जा सकती है। इसलिए धनतेरस एवं धन्वंतरि जयंती के अवसर पर अर्थ के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य को प्राप्त करने का भी संकल्प लिया जाना चाहिए, जिससे एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज निर्मित हो सके।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने राजभवन में किया भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा का अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्वन्तरि जयन्ती पर गुरुवार को राजभवन स्थित ग्रह वाटिका में आयुर्वेद के जनक आरोग्य देव भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा का अनावरण किया और आचार्य सुस्रुत, आचार्य वाग्भट्ट, आचार्य चरक और आचार्य माधवकर द्वारा आयुर्वेद के संबंध में व्यक्त किये गये विचारों से अंकित शिलापटों को अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रयागराज के राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय की ओर से आयुर्वेद की दुर्लभ पाण्डुलिपियों और पुस्तकों की लगाई गई प्रदर्शनी का राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया तथा पुस्तक भारत के प्राणाचार्य एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों में आयुर्वेद का विमोचन किया। इसके अलावा ग्रह वाटिका में राज्यपाल ने इलायची एवं मुख्यमंत्री ने लौंग का पौधा भी रोपित किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी में रखी आगन्तुक पुस्तिका में लिखा कि भगवान धन्वन्तरि हमारे आयुर्वेद के भगवान हैं। पूरा जीवन आयुर्वेद दवाई और सुश्रुषा में व्यतीत किया। मनुष्य की जीवनदायिनी हैं आयुर्वेद दवाइयां। मैं ऐसे महान आयुर्वेद भगवान को प्रणाम करती हूँ। मुख्यमंत्री ने आगन्तुक पुस्तिका में लिखा कि धनतेरस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राजभवन परिसर में आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा स्थापना तथा आयुर्वेद से संबंधित प्रदर्शनी अत्यन्त रोचक एवं प्रेरणास्पद है। राज्यपाल के सानिध्य में यह कार्यक्रम अत्यन्त महत्व का हो गया है। मेरी मंगलमय शुभकामनाएं।

# योगी बने अयोध्या को नयी पहचान दिलाने के सूत्रधार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद से ही उन्होंने अयोध्या में दीपोत्सव और राम लीला मंचन से लेकर कई ऐसे आयोजन कराए, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अयोध्या को नई पहचान दी। फिलहाल जो भी काम अयोध्या में कराए जा रहे हैं, वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को अमलीजामा पहना रहे हैं। जल्द ही वैश्विक पर्यटन के नक्शे पर अतुल्य होगी अयोध्या।

देश दुनिया से वहां अपने आराध्य के दर्शन करने वालों पर अमिट छाप छोड़ने के लिए भगवान श्रीराम के भव्यतम और दिव्यतम मंदिर, प्रभु श्री राम की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा, वैदिक और आधुनिक सिटी के समन्वित मॉडल के रूप में नव्य अयोध्या के अलावा और भी बहुत कुछ होगा। कुछ काम हो रहे हैं और कई पाइपलाइन में हैं।

अयोध्या की विकास परियोजनाओं के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार ने खजाना खोल दिया है। मसलन अयोध्या आने वाली रेलवे लाइन का दोहरीकरण के साथ भविष्य की जरूरतों के अनुसार रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण और विस्तारीकरण होना है। अयोध्या से सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 330 से एयरपोर्ट तक 18.75 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन की सड़क का नवनिर्माण होना है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अयोध्या धाम से बाईपास के लिए सोहावल से विक्रमजोत तक का प्रस्ताव बना रहा है। करीब 1500 करोड़ रुपये की लागत से रायबरेली से अयोध्या तक चार लेन की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य भी होना है।

पिछले दिनों पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा था कि अयोध्या को पर्यटन के लिहाज से वैश्विक सिटी बनाने के लिए उसी के अनुरूप कंसलटेंट का चयन करें। अयोध्या में करीब 242 लाख रुपये की लागत से दशरथ महल, सत्संग भवन, यात्री सहायता केंद्र और रैनबसेरा का निर्माण कार्य चल रहा है। 524 लाख रुपये की लगात से ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, 197 लाख रुपये की लागत से पंचकोशी परिक्रमा मार्ग पर छाजन, दिगंबर अखाड़ा में 288 लाख रुपये की लागत से मल्टीपरपज हाल का निर्माण होना है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सीवरेज और पेयजल के लिए होने वाले काम अलग से हैं।

# पंडित मदन मोहन मालवीय का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक

## ● पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सरकारी आवास पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और महान शिक्षाविद, भारत रत्न एमहामना मदनमोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय ने पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृभाषा तथा भारत माता की सेवा में अपना पूरा जीवन अर्पण किया वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता थे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना कर उन्होंने ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षित करके देश सेवा के लिए तैयार करने की कोशिश की जो देश का गौरव बढ़ा सकें। मौर्य ने कहा कि वह जो कुछ कहते थे उसका पालन भी करते थे। कर्म ही उनका जीवन था। प्रयागराज में जन्मे मालवीय जी ने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान उदारवादियों और राष्ट्रवादियों के बीच सेतु का काम किया । उन्होंने कहा कि मालवीय जी का जीवन दर्शन, उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हम सबको उनके जीवन आदर्शों से न केवल प्रेरणा लेनी चाहिए, बल्कि उन्हें आत्मसात भी करना चाहिए।

**स्पीकर ने दी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं: लखनऊ।** विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने धनतेरस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी व समृद्धि होने की कामना की है। धन्वंतरि जी आयुर्वेद के देवता माने जाते हैं। श्रीसूक्त में वर्णन के अनुसार लक्ष्मी जी भय और शोक से मुक्ति दिलाती हैं कुबेर भी आसुरी प्रवृत्तियों का हरण करने वाले देव हैं इसीलिए उनकी भी पूजा का प्रचलन है।

**श्री ठाकुर जी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय**
**इमिलिया हमीरपुर (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है**

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध श्री ठाकुर जी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, इमिलिया हमीरपुर में अधोलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र समस्त योग्यता की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ विज्ञापन प्रसारित होने के 21 दिन के अन्तर्गत पंजीकृत डाक से उक्त पते पर रू. 1000/- शुल्क के बैंक ड्राफ्ट जो कि प्रबन्धक श्री ठाकुर जी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, इमिलिया, हमीरपुर के पक्ष में देय हो, संलग्न कर आमन्त्रित किये जाते है। उ.प्र. शासन द्वारा निर्गत आरक्षण लागू होगा।

**पदनाम**- प्रवक्ता (व्याकरण), संख्या-1, संवर्ग- सामान्य, **पदनाम**- साहित्य, संख्या-1, संवर्ग- सामान्य, **पदनाम**- सहायक प्रवक्ता अधुनिक-हिन्दी, संख्या-1, संवर्ग- सामान्य, **पदनाम**- अंग्रेजी, संख्या-1, संवर्ग- सामान्य।

**अर्हता**- सम्बद्ध विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि परम्परागत उपाधि को वरीयता।

**प्रबन्धक**

**श्री ठाकुर जी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, इमिलिया हमीरपुर (उ.प्र.)**

FORM NO 5

**THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, ALLAHABAD.**

(9/2-A, Panna Lal Road, Allahabad 211002 U. P.)
( Area of Jurisdiction, Part of Uttar Pradesh)

**Summons for filing Reply & Appearance by Publication**

No. ........ Date: 12.11. 2020

(Summons to defendant under section 19 (3) of the Recovery of Debts & Bankruptcy Act, 1993 Read with Rules 12 and 13 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure Rules, 1993)

**O. A. No. 120 OF 2020**

**IDBI Bank Limited, M. G. Road Branch 16/98 L.I.C. Building Kanpur Nagar 208001 Uttar Pradesh its D.G.M. / Authorised officer.**

*Versus*

**M/s.Laxmi Oils and Vanaspati Private Limited (LOVPL) & Ors.**
.........**Defendants**

**To,**

**2.** Shri Kamaldeep Tripathi S/o Shri Ramesh Chandra Tripathi R/o 0-605, Eldeco Park View Appartments, Sitapur Road, Nirala Nagar, Lucknow-226020 (U.P.) (Director and Guarantor)

**5.** Sachrit Infra Projects Private Limited, C-12/2, Flat No. 102, 117/K/13, Guataiya, Kanpur-208025 (U.P.) (Corporate Guarantor and Mortgagor)

In the above noted application O. A. No. 120 of 2020, you are required to file reply in paper book form in four sets along with documents and affidavits (if any) personally or through your duly authorised agent or legal practitioner in the Tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel/ duly authorised agent after publication of the summons, and thereafter to appear before the Tribunal on **28.12.2020 at 02.30 P.M.** through Video conferencing, failing which the application shall be heard and decided in your absence.

**REGISTRAR**
**DEBT RECOVERY TRIBUNAL**
**ALLAHABAD**

# स्वच्छ सर्वेक्षण में 20 नगर निकाय पुरस्कृत

## ● प्रदेश को देश में मिला सातवां स्थान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन अर्बन की राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति की बैठक हुई। इसमें नवसृजित 56 निकायों तथा विस्तारित हुए क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए वित्त पोषण किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त एनजीटी के निर्देशों में प्रदेश के निकायों में विद्यमान लगभग 80 लाख टन लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए करीब 400 करोड़ वित्त पोषण सम्बन्धी प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 98 निकायों में 1200 केएलडी के एफएसटीपी प्लांट अधिष्ठापित कराये जाने सम्बन्धी करीब 120 करोड़ रूपए के प्रस्ताव भी भारत सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। वहीं स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में 20 नगर निकायों को पुरस्कृत किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में इस वर्ष प्रदेश को पूरे देश में सातवां स्थान व 20 पुरस्कार प्राप्त हुये हैं। इससे पूर्व सचिव नगर विकास अनुराग यादव द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अर्बन के अंतर्गत धन की उपलब्धता एवं उपभोग के बारे में बताया गया कि मिशन के अंतर्गत विभिन्न कम्पोनेन्ट्स में कुल 2580.5381 करोड़ प्राप्त हुए जिसके सापेक्ष 2121.9322 करोड़ नागर निकायों को अवमुक्त किए गए। स्वच्छ भारत मिशन अर्बन की प्रगति की जानकारी देते हुये बताया गया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लक्ष्य 891052 को पूरा कर लिया गया है।

# किसानों को दिया जा रहा कम मुआवजा:अखिलेश


लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में बनने वाले एयरपोर्ट को लेकर कहा कि किसानों को कम मुआवजा देकर जबरन जमीन ली जा रही है। अखिलेश यादव ने मांग की कि किसानों को जमीन के सर्किल रेट का 6 गुना दिया जाए। अखिलेश यादव से बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में ग्राम सभा कुट्टिया, धरमपुर तथा गंजा के किसान प्रतिनिधियों ने मिलकर बताया कि श्रीराम के नाम पर बन रहे एयरपोर्ट के लिए उनके गांवों की जमींने सरकार जबरन हथिया रही है। उन्हें सहमति पत्र देने के लिए धमकियां दी जा रही है।

# सरयू तट पर बिखरेगी संस्कृतियों की सतरंगी छटा

## दीपोत्सव के जरिये बुंदेलखंड के कलाकारों को विश्व स्तरीय मंच देगी योगी सरकार

### ● गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान,आंध्र प्रदेश, उत्तराखण्ड, ब्रज, बुंदेलखण्ड के कलाकार होंगे दीपोत्सव में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रघुनंदन** के स्वागत को अयोध्या में कल संस्कृतियों की सतरंगी छटा बिखरेगी। एक दो नहीं, गुजरात से लेकर बुंदेलखण्ड तक सात अनूठी संस्कृतियों के दर्शन सरयू तट पर एक साथ होंगे। योगी सरकार ने दीपोत्सव को खास बनाने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखण्ड, ब्रज और बुंदेलखण्ड के लोक कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी अयोध्या बुलाया है।

सरयू तट पर लाखों की संख्या में झिलमिलाते दीपों के बीच संस्कृतियों और लोक कलाओं की सतरंगी छटा सोलह श्रृंगार कर सजी अयोध्या को अदभुत और अलौकिक बनाएगी । दुनिया भर में आकर्षण और कौतूहल का केंद्र बनी अयोध्या में दीपोत्सव के जरिये योगी सरकार समूचे विश्व को भारत के सांस्कृतिक वैभव का संदेश भी देने जा रही है। दीपोत्सव के जरिये योगी सरकार खास तौर से बुंदेलखण्ड के लोक कलाकारों को विश्वस्तरीय मंच देगी । राज्य सरकार के संस्कृति विभाग ने बुंदेलखण्ड की टोली को विशेष तौर पर दीपोत्सव में शामिल किया है। दोहा, छंद, चौपाई की तान, ढोल की थाप और थाली की छन, छन की धुन पर मस्त बुंदेली जवानों की नृत्य करती टोली दीपोत्सव को अपने अनूठे अंदाज में खास बनाएगी।

बांदा के बड़ोखर खुर्द के रमेश पाल की बुंदेली दीवारी टोली को अयोध्या के दीपोत्सव पर प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है । देश और विदेश में अलग अलग समय पर अपनी कला का जलवा बिखेर चुके इन कलाकारों को योगी सरकार अब तक का सबसे बड़ा मंच देने जा रही है। शुक्रवार को सरयू तट पर रामकथा पार्क में देश भर के अन्य कलाकारों के साथ ही बुंदेलखण्ड के कलाकारों की टोली भी अपने हुनर का प्रदर्शन करेगी।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अभिषेक वर्मा और उसकी पत्नी निधि सिंह को गलत आचरण के कारण अपनी सम्पूर्ण चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इनके किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगा। राजेन्द्र प्रसाद, निवासी-विक्रम नगर, थाना पारा, जनपद-लखनऊ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Imran Rahman था, जो अब बदलकर Imran Rehman हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Imran Rehman, 14/16A, Shivram Das Gulati Marg, Labour Office, Prayagraj.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Aamna Begum था, जो अब बदलकर Amna Begum हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Amna Begum, W/o Habibul Rahman, 1, Manmohan Park, Old Katra, Prayagraj.

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पुत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या-225825909 में उसका नाम शिखर दर्ज है, जबकि उसका वास्तविक नाम अविरल श्रीवास्तव है, जो कि उसके आधार कार्ड पर भी दर्ज है। शिखर पुत्र मनीष कुमार श्रीवास्तव व अविरल श्रीवास्तव पुत्र मनीष कुमार श्रीवास्तव दोनों ही नाम मेरे पुत्र के हैं। मनीष कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 उमाकान्त श्रीवास्तव, निवासी-मोहल्ला-मास्टर कालोनी, कस्बा, पोस्ट, परगना व तहसील-बिसवा, जिला-सीतापुर।




सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सारा शहर बन गया खरीदार

## धनतेरस पर बाजारों में लौटी रौनक, जमकर हुआ कारोबार, कई इलाकों में लगा जाम, चरमराई यातायात व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** वायरस ने जहां लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया था वहीं वैश्विक संकट के बीच लोग दीपावली की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ पड़े। बाजारों की रौनक लौटने के साथ लोगों ने जमकर गणेश-लक्ष्मी, खील-खिलौने, लाई बर्तन व जेवरात आदि की खरीदारी की। हालांकि कई जगह लोग कोरोना संक्रमण को लेकर बेफिक्र दिखे और सोशल डिस्टेंसिंग व गाइडलाइन की जमकर धज्जियां उडीं। जानकारों का कहना है कि इस अनदेखी से स्थिति एक बार फिर भयावह हो सकती है। गुरुवार को अयोध्या हाईवे और प्रमुख बाजारों सहित चिनहट कस्बा इलाके में राहगीर जाम से जूझते रहे। अव्यवस्था का आलम ये था कि कई एंबुलेंस समेत अन्य आपातकालीन गाड़ियां भी जाम में उलझती चली गई। देर रात तक हालात बद से बदतर हो गए। वहीं जाम छुड़ाने के लिए यातायात कर्मियों के पसीने छूटे। लखनऊ की सीमा में दाखिल होते ही गाड़ियों की रफ्तार थम गई। इतना ही नहीं गुरुवार दिन भर पॉलिटेक्निक, चिनहट, मटियारी और बीबीडी के आसपास अयोध्या हाईवे पर भारी जाम लग गया। चिनहट-हनीमैन रोड पर भी गाड़ियां रेंगती रही। लोग जाम से बचने के लिए गलियों और रिहायशी इलाकों में दौड़ भाग करते नजर आए। अतिक्रमण वाले इलाके में सबसे ज्यादा हालात खराब दिखे। इसके अलावा यातायात व्यवस्था की पूर्व तैयारियां पूरी तरह फेल नजर आई। इतना ही नहीं कोविड प्रोटोकॉल की जमकर धज्जियां उड़ाई गई। लोग बिना मास्क के घूमते नजर आए। पुलिस कर्मियों ने भी कोई खास रोक टोक नहीं की। त्योहार को देखते हुए इमरजेंसी गाड़ियों को पास कराने के लिए कोई खास प्रबंध नहीं किए गए थे। ऐसे में अन्य जनपदों से आने वाली कई वाहन घंटों तक जाम की जद में रहे। चौराहों पर चंद पुलिसकर्मी जाम छुड़ाने की जद्दोजहद करते नजर आए। बावजूद इसके यातायात विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाएं नाकाफी थी। ऐसे में जाम में फंसे लोग घंटों तक परेशान रहे।

## घर जाने के लिए टूट पड़े यात्री, लगानी पड़ीं अतिरिक्त बसें

लखनऊ। दीपावली पर घर जाने के लिए गुरुवार को राजधानी के सभी बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ रही। वहीं शाम को आलमबाग बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ देख और बसें मंगानी पड़ी। अधिकांश यात्री प्रयागराज, प्रतापगढ़ और सुलतानपुर रूट के थे। इन यात्रियों को देर शाम आलमबाग बस अड्डे से एसी व साधारण बसों की अतिरिक्त सेवाओं से रवाना किया गया।आलमबाग बस अड्डे पर देर शाम यात्रियों की भीड़ जुटनी शुरू हुई तो कर्मचारियों के होश उड़ गए। आनन-फानन में चारबाग डिपो की अतिरिक्त बसें मंगानी पड़ी। सूचना पर पहुंचे नोडल अधिकारी राजीव चौहान और क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस बसों के इंतजाम में जुटे रहे। राजधानी के चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग व अवध बस स्टेशन से पहले दिन करीब 190 अतिरिक्त बसों से यात्री भेजे गए। इन बस अड्डों से यात्रियों की सुविधा के लिए 229 अतिरिक्त बसें संचालित की जा रही है।

# शिवांश को मिलेगा चांसलर और तेजस्विनी को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल

**पायनियर समाचार समाचार।** लखनऊ





## एलयू ने जारी की दीक्षांत समारोह की मेडल लिस्ट



**आगामी** 21 नवम्बर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने मेडल के लिए टॉपर्स की लिस्ट जारी कर दी है। दीक्षांत समारोह में 15 प्रमुख मेडल पाने वाले टॉपर्स की सूची में इस बार शिवांश मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ स्टूडेंट का चांसलर गोल्ड मेडल दिया जाएगा। जबकि तेजस्विनी बाजपेई को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल दिया जाएगा। वहीं बेस्ट एनसीसी कैडेट के लिए रैना शुक्ला को वीसी गोल्ड मेडल से नवाजा जाएगा। इस बार दीक्षांत में राज्यपाल सिर्फ15 मेडल देंगी बाकी 194 मेडल विभागों में दिए जाएंगे।

**दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने की बैठक**

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने आज सामाजिक कार्य विभाग के सभागार में दीक्षांत समारोह की देखरेख के लिए गठित समिति और शताब्दी समारोह समिति की एक बैठक की अध्यक्षता की। विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का आयोजन 19 नवंबर से शुरू हो रहा है और 25 नवंबर तक चलेगा और 21 नवंबर को दीक्षांत समारोह होना है। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगी। प्रो राय ने शताब्दी समारोह के दौरान आयोजित किए जाने वाले भव्य उत्सव की सभी को जानकारी दी।

**दीक्षांत में दिए जाने वाले प्रमुख मेडल:** हर्षिता दुबे, सर्वश्रेष्ठ बालिका स्टूडेंट, वीसी सिल्वर मेडल- मारिया खातून, बीए लास्ट इयर में पढ़ रहे श्रेष्ठ स्टूडेंट का वीसी ब्रांज मेडल- मो आमिर, बीए लास्ट इयर में पढ़ रहे श्रेष्ठ स्टूडेंट का वीसी ब्रांज मेडल- शिखर श्रीवास्तव, बीएससी लास्ट इयर में पढ़ रहे श्रेष्ठ स्टूडेंट का वीसी ब्रांज मेडल- आदित्य सिंह, बीएससी लास्ट इयर में पढ़ रहे श्रेष्ठ स्टूडेंट का वीसी ब्रांज मेडल-सोनिया गुप्ता, बीकॉम लास्ट इयर में पढ़ रहे श्रेष्ठ स्टूडेंट का वीसी ब्रांज मेडल-. पलक मिश्रा, बीकॉम लास्ट इयर में पढ़ रहे श्रेष्ठ स्टूडेंट का वीसी ब्रांज मेडल- ज्योति सिंह, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स लास्ट इयर में पढ़ रहे श्रेष्ठ स्टूडेंट का वीसी ब्रांज मेडल- विदिशा, बैचरल ऑफ फाइन आर्ट्स लास्ट इयर में पढ़ रहे श्रेष्ठ स्टूडेंट का वीसी ब्रांज मेडल -सनानत, एलएलबी पार्ट-5 के श्रेष्ठ स्टूडेंट के लिए वीसी ब्रांज मेडल- अभय द्विवेदी, एलएलबी-3 के श्रेष्ठ स्टूडेंट के लिए वीसी ब्रांज मेडल।

## पीजी की बनेगी नई मेरिट, होगा री-इवैल्युएशन

**लखनऊ।** शताब्दी वर्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय का विवाद पीछा छोड़ने का नाम नही ले रहे हैं। पीजी प्रवेश प्रक्रिया के संदेह के दायरे में आने के बाद गठित कमेटी की जांच ने इस पर मुहर लगा दी है। ऐसे में कमेटी की सिफारिश पर विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी नए सिरे से सभी पीजी के कोर्सों के ओएमआर शीट का री-इवैल्युएशन कर नए सिरे से मेरिट सूची तैयार कर जारी करेगी।हालांकि इस पूरे प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले एडमिशन सेल के अधिकारियों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में विवि की भूमिका पर भी सवाल उठने तय है क्योंकि पीजी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को आंसर की की कार्बन कॉपी दी गई, मगर रिसर्च में ऐसा नही किया गया। इसको लेकर पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। फिलहाल, कुलपति के निर्देश पर गठित कमेटी में हिंदी डिपार्टमेंट के प्रो. पवन अग्रवाल, प्रोफेसर राजीव मनोहर, प्रोफेसर आनंद विश्वकर्मा, डॉ अनित्य गौरव और डॉ जॉय सरकार को शामिल किया गया है।

## राजधानी में 315, सूबे में कोरोना के 2278 नये मामले

**लखनऊ।** सूबे में गुरुवार को कोरोना वायरस के 2278 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 315 केस सामने आए हैं। सूबे में 22949 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3130 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7302 मरीजों की और राजधानी में 926 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 498124 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1870 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 475175 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं।

## डेंगू के नौ मरीज मिले, 16 को नोटिस

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कोरोना वायरस के बीच डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। गुरुवार को राजधानी में 9 नए मरीज सामने आए हैं। वही आज राजधानी के कई इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीमो द्वारा एण्टी लार्वा का छिडकाव कराया गया। आज मेडिकल मोबाइल वैन द्वारा केशव नगर फैजुल्लागंज क्षेत्र में 53 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 4910 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया।

**आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक**

# न्यू अयोध्या प्रोजेक्ट के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति को हरी झंडी

## 1193.99 एकड़ में होगी भूमि विकास और गृहस्थान योजना



**लखनऊ।** अयोध्या को सुनियोजित विकास करने के लिए कसंल्टेंट की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। परिषद द्वार विश्व विख्यात श्रीराम मंदिर के पास नई आवासीय योजना के विकास के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति के प्रसताव को हरी झंडी दे दी गयी है। भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना अयोध्या 1193.99 एकड़ में होगी। इसके आर्किटेक्चिल प्लानिंग कर विकसित की जाएगी। अयोध्या भूमि विकास गृहस्थान एवं बाजार योजना को चलाने के लिए लोन को भी अनुमोदित कर दिया गया है। गुरुवार को आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव दीपक कुमार द्वारा की गई। बोर्ड बैठक में प्रमुख सचिव द्वारा परिषद के अयोध्या में नई आवासीय योजना के विकास के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी। इस योजना का विकास कार्य समग्र विकास से किया जाएगा। परिषद की इस पहल से पूरे अयोध्या का सुनियोजित विकास का रास्ता साफ हो गया है। अयोध्या भूमि विकास गृहस्थान एवं बाजार योजना को चलाने के लिए लोन लेने के प्रस्ताव को भी पास किया गया है। परिषद इंदिरानगर में अर्फोडिबल रेंटल हाउसिंग का पलेक्स की नीति के तहत प्रस्ताव को पास किया गया है। मुंशीपुलिया और ए ब्लाक में अर्फोडेबिल रेंटल हाउसिंग स्कीम चलायी जाएगी। अर्फोडेबिल हाउसिंग स्कीम का प्रतिमाह का किराया 4000 रुपए तय किया गया है। इसके अतिरिक्त अवध बिहार योजना के 20 एकड़ क्षेत्रफल में अवध शिल्प ग्राम को चलाने के लिए उप्र हस्तशिल्प विपणन निगम लिमिटेड को 20 वर्ष प्लस 5 वर्ष के लिए हस्तगत करने को भी मंजूरी दी गयी है। बैठक में उपाध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी, राम लखन , आवास आयुक्त अजय चौहान,अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ नीरज शुक्ला, एलडीए के अपर सचिव, वित्त नियंत्रक धर्मेन्द्र वर्मा और मुख्य अभियंता आरबी यादव मौजूद रहे।



**बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी-221004**

पत्र सं-प्रमुइंजी./ब.रेका.(ई.टी.)/प्रकाशन/2020-21/07-08 दिनांक:11.11.2020

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर/ब.रेका, वाराणसी द्वारा ठेकेदारों से **ई-टेण्डरिंग के माध्यम से** खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। क्र0सं0-1, निविदा सं0.:डी.एल.डब्ल्यू-डब्ल्यू.ए.टी.-ई.टी.-001आर.टी.-20-21, कार्य का नाम: **ब.रेका., वाराणसी में सी.से.इंजीनियर/कार्य/पश्चिमी के अंतर्गत वर्ष 2020-21 & 2021-22 का जोन कार्य,** निविदा लागत (₹ में): ₹ 4,38,00,175.82, बयाना राशि (₹ में): ₹ 3,69,000/-, कार्य समापन अवधि: 24 माह, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 04.12.2020 को 15:00 बजे, निविदा खुलने की तिथि: 04.12.2020 को 15:30 बजे, क्र0सं0-2, निविदा सं0.: बी.एल.डब्ल्यू-डब्ल्यू.ए.टी.-ई.टी.-003आर.टी.-20-21, कार्य का नाम: **सी.से.इंजी./कार्य/कर्मशाला & सी.से.इंजी./पी.वे., ब.रे.का. के अंतर्गत कर्मशाला के अंदर मोजम्बिक व अन्य निर्यात लोको के असेम्बली व टेस्टिंग के लिए ट्रैक लाईन नं. 10 और लाईन नं. 9 का प्रस्तावित मोडिफिकेशन,** निविदा लागत (₹ में): ₹ 31,94,244.42, बयाना राशि (₹ में): ₹ 63,900/-, कार्य समापन अवधि: 4 माह, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 25.11.2020 को 15:00 बजे, निविदा खुलने की तिथि: 25.11.2020 को 15:30 बजे। **सूचना:** निविदा की आवश्यक सामान्य शर्तें व नियम तथा निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे व भरी जा सकती है।

जसअ/बरेका/सी-08 उप मुख्य इंजीनियर

/banaraslocowork "वेबसाईट: https://blw.indianrailways.gov.in"

**कार्यालय-नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा जनपद-संतकबीरनगर**

पत्रांक-60/न0प0 **निविदा सूचना** दिनांक-11.11.2020

नवसृजित नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा, संतकबीरनगर को 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सफाई सम्बन्धित सामान की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल पर निविदा दिनांक 20.11.2020 को 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती। जेम पोर्टल पर निविदा दिनांक 20.11.2020 को अपरान्ह 04.00 बजे से अपलोडर द्वारा खोला जायेगा। निविदा उत्तर प्रदेश की जेम पोर्टल की वेबसाइट https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। कोई भी फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकता है। नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा, जनपद संतकबीरनगर की फर्म को वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा**
**संतकबीरनगर।**

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सेमरियावां-संत कबीर नगर**

**निविदा आपूर्ति सूचना**

**पत्रांक : 840/लेखा/निविदा/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक : 9.11.2020**

क्षेत्र पंचायत विकास खण्ड सेमरियावां में 15वां वित्त/ब्लाक बजट एवं अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2020-21 में स्वीकृत कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति जैसे-प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी इण्टरलाकिंग ईट, लोकल बालू, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर बोर्ड से सम्बन्धित निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.11.2020 को अपरान्त 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी सेमरियावां संत कबीर नगर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 28.11.2020 को अपरान्त 3.00 बजे विकास खण्ड सभागार में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेंगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | दर जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट, प्रथम श्रेणी, फाइन सैण्ड/बालू, कोरस सैण्ड/बालू ईट गिट्टी 40 एमएम सरिया, टीएमटी इण्टरलाकिंग ईट, स्टोनग्रिट/पत्थर गिट्टी 20 एमएम, दरवाजा कम्पलीट, यूरिनल स्लाईडिंग एल्मूनियम डोर, डोर, बिडला पुट्टी, प्लास्टिक पेंट, समोसम, पर्दा कम्पलीट, चैनल पत्थर बोर्ड, टाइल्स, लोहे की जाली, लोहा बेस फाइबर सेड, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाइट, इन्वर्टर लाईट, वाटर सप्लाई सामग्री, डस्टबिन, जिम, झूला, वूड रैक केबिन, सेनेटाईजर, झाड़ू, प्लास्टिक बाल्टी व मग, साबुन, हैण्डवाष, हार्पिक, फिनायल, चूना ब्लीचिंग पाउडर, आर0ओ0 प्लान्ट, मिनी पानी की टंकी, की सामग्री इत्यादि। | |

**नियम व शर्ते :-**

1. जिस फर्म/आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसी क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का व्यापार कर में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता है, का प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है एवं तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेंस संलग्न करना होगा।
3. खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति विकास खण्ड की परिधि में आदेश में उल्लिखित स्थान पर करना होगा।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय व जी0एस0टी0 तथा कार्टेज जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति खण्ड विकास अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की आपूर्ति की मांग यथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2 प्रतिशत आयकर तथा शासन द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 देना होगा।
10. कार्यप्रभारी/खण्ड विकास अधिकारी/अवर अभियन्ता/प्रमुख क्षेत्र पंचायत, सहायक लेखाकार/विकास खण्ड के कर्मचारियों के सगे संबंधी रिश्तेदारों द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी। इस आशय का नोटरी शपथ पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. सीमेन्ट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेन्सी होना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता द्वारा सीमेन्ट का पक्का बिल, टिन नम्बर सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी सेमरियावां के पास सुरक्षित होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने के पश्चात ही किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने की दशा में भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने पर क्षेत्र पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री निर्धारित कार्यस्थल पर आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
15. निविदा फार्म विकास खण्ड सेमरियावां कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500.00 है, पर ही स्वीकृत की जायेगी।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. फर्म द्वारा जमानत की धनराशि स्वीकृत धनराशि का 10 प्रतिशत एन0एस0सी0, एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी के नाम से बंधक रहेगा। जमानत की धनराशि जमा न होने पर उसकी कटौती बिल से की जायेगी जो कार्य पूर्ण होने के छः माह के उपरान्त वापस की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सेमरियावां, संत कबीर नगर**

# निवेश के अनुकूल आईटी नीति बनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आईटी सेक्टर में डेटा सेण्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए इसकी एक नीति अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डेटा सेण्टर्स की स्थापना के लिए निवेश हेतु प्रस्तावित पालिसी को निवेशक फ्रेंण्डली बनाया जाए। इसके लिए सभी स्टेकहोल्डर्स से विचार-विमर्श करते हुए पॉलिसी को अंतिम रूप दिया जाए, ताकि इसके क्रियान्वयन में बाद में कोई कठिनाई न आए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डेटा सेण्टर पालिसी में शासन के हितों का पूरा ध्यान रखते हुए इसे निवेशक फ्रेण्डली बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पालिसी के तहत निवेशकों को दिए जाने वाले लाभ समय से दिए जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि डेटा सेण्टर के लिए प्रस्ताव देने वाले निवेशक अपने प्रोजेक्ट को समय से पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डेटा सेण्टर्स की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे। अतः इस नीति को शीघ्र फाइनल करते हुए इसके तहत निवेश आकर्षित करने के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण करते हुए अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास और आईटी आलोक कुमार ने डेटा सेण्टर इण्डस्ट्री, डेटा सेंटर स्थापित करने के आर्थिक लाभोंए प्रस्तावित डेटा सेण्टर पॉलिसी की टाइमलाइन, डेटा सेण्टर पार्क स्थापित करने के लिए दिए जाने वाले प्रोत्साहन तथा इस पालिसी के वित्तीय प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव व्यावसायिक शिक्षा, महिला कल्याण एवं बाल विकास, कौशल विकास एस राधा चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएसी जवानों में सीएम आज बांटेंगे प्रोन्न्त आदेश

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ कल अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में पीएसी में हेड कांस्टेबिल पद पर प्रोन्नत किए गए कांस्टेबिलों को प्रोन्नति आदेश प्रदान करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर 13 नवम्बर को पीएसी के 5,042 कांस्टेबिल की हेड कांस्टेबिल पद पर प्रोन्नति से सम्बन्धित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## सूबे में 15-21 नवम्बर तक मनेगा नवजात शिशु देखभाल सप्ताह

**लखनऊ।** नवजात की समुचित देखभाल व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रदेश में 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जाएगा। जिसके तहत उन सभी बिन्दुओं पर हर वर्ग को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। जिसके जरिये शिशुओं को आयुष्मान बनाया जा सके। इस बाबत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय की तरफ से सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

केंद्र सरकार द्वारा जारी एसआरएस-2018 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश की शिशु मृत्यु दर 43 प्रति 1000 जीवित जन्म है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह सूचकांक 32 प्रति 1000 जीवित जन्म है। इनमें से तीन चौथाई शिशुओं की मृत्यु पहले महीने में हो जाती है। जन्म के एक घंटे के अन्दर स्तनपान और छह माह तक केवल माँ का दूध दिए जाने से शिशु मृत्यु दर में 20 से 22 प्रतिशत तक की कमी लायी जा सकती है।

# प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने में आगे आएं तकनीकी संस्थानः राज्यपाल

**● 26 निजी संस्थानों ने 260 कुपोषित व 260 टीबी ग्रस्त बच्चों को लिया गोद**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा गुरुवार को राजभवन स्थित गांधी सभागार में राज्यपाल एवं विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कुपोषित एवं टीबी ग्रस्त बच्चों को गोद लेने हेतु प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य कुपोषित एवं टीबी ग्रस्त बच्चों को गोद लेने के लिए विवि के सम्बद्ध संस्थानों को प्रेरित करना रहा।

इस मौके पर विवि से जुड़े 26 निजी संस्थानों ने 260 कुपोषित एवं 260 टीबी ग्रस्त बच्चो को गोद लिया। कुपोषित एवं टीबी ग्रस्त बच्चों को गोद लेने हेतु प्रोत्साहन एवं लखनऊ के स्ववित्त पोषित इंजीनियरिंग एवं प्रबन्ध संस्थानों के अध्यक्षों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश को टीबी मुक्त राज्य बनाने में तकनीकी संस्थान टीबी ग्रस्त बच्चों एवं अपने आस-पास के आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेकर उनके उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित करन, बच्चों के पढ़ने एवं खेलकूद के सामान उपलब्ध कराकर गरीब बच्चों की मदद करना पुण्य का कार्य है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्थान के लोग सामाजिक सरोकार के इस कार्य में अपनी सहभागिता से कुपोषित एवं टीबी ग्रस्त बच्चों को निरोग एवं स्वस्थ बनाने में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

## जमीन विवाद में बद्री सर्राफ के मालिक को मारी गई थी गोली, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**लखनऊ।** बद्री सर्राफ के मालिक अभिषेक केसरवानी पर हमले की घटना का पुलिस ने राजफाश किया है। पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय के मुताबिक जमीन विवाद में भूमाफिया अष्टभुजा पाठक ने भाड़े के शूटरों से अभिषेक पर गोली चलवाई थी। आरोपी अष्टभुजा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही शूटरों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस आयुक्त ने लापरवाही बरतने के आरोप में इंस्पेक्टर विकासनगर को सस्पेंड कर दिया है। महानगर निवासी अभिषेक केसरवानी का विकासनगर थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड पर बद्री सर्राफ के नाम से ज्वैलर्स की दुकान है। बुधवार रात वह दुकान बंद कर पत्नी नेहा के साथ घर लौटने के लिए कार में बैठे ही थी, कि तभी कार सवार बदमाशों ने अभिषेक को गोली मार दी थी। गोली अभिषेक के दाहिने हाथ को चीरते हुए सीने में लगी थी।

## उपभोक्ता परिषद ने की ऊर्जा मंत्री से मुलाकात

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद् की लम्बी लड़ाई के बाद बिजली दरों में विद्युत नियामक आयोग द्वारा कोई बढ़ोतरी न करने पर गुरुवार को विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा से मुलाकात कर प्रदेश के 3 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से उनका आभार वयक्त किया। अवधेश वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता परिषद अपनी लड़ाई में सफल हुआ है। ऊर्जा मंत्री ने हर कदम पर उपभोक्ताओं का साथ दिया। उपभोक्ता परिषद् ने विद्युत नियामक आयोग का भी आभार वयक्त किया। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी लगभग 3 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं के साथ प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा खड़े है। उपभोक्ता परिषद ने कहा उपभोक्ता परिषद् बिजली दर का अध्ययन कर रहा है। अब दीपावली बाद बिजली दरों में कमी करने को लेकर अपना संघर्ष शुरू करेगा।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़े तस्कर भारी मात्रा में शराब बरामद

**● दो ट्रकों में भरकर हिमाचल प्रदेश से लाई गई थी शराब**

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**शराब** तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने छापा मारकर सुबह दो ट्रको में लादकर लाई गई लाखों रूपये कीमत की अवैध शराब पकड़ ली। एसटीएफ ट्रक चालकों के साथ ही दो शराब तस्करों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुरुवार की सुबह मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ट्रांसपोर्टनगर पहुंची एसटीएफ टीम ने दो दर्जन से अधिक ट्रकों को खंगाला। इसके बाद उसे शहीद पथ के किनारे खड़े दो ट्रक दिखाई दिए। छानबीन करने पर उनमें लदी तकरीबन 22 सौ पेटी अवैध शराब बरामद हुई। छापेमारी के दौरान ट्रक छोड़क भाग रहे शराब तस्करों को एसटीएफ के जवानों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद एसटीएफ ने ट्रकों सहित अवैध शराब सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दी। एसटीएफ पकड़े गये दोनों शराब तस्करों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि एसटीएफ के जवानों ने इस संबंध में कुछ भी बताने से साफ इन्कार कर दिया। उधर प्रभारी निरीक्षक सरोजनीनगर आनन्द शाही से भी जानकारी चाही गई लेकिन उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया। उधर आबकारी विभाग ने अधिकारियों बंथरा पुलिस के साथ मिलकर बंथरा थाना क्षेत्र के कई गांवों में छापेमारी कर काफी मात्रा में कच्ची शराब व लहन बरामद किया है।

## दिवाली को लेकर तैयार हुए अस्पताल, बेड रिजर्व

**लखनऊ।** वैसे तो इस बार प्रदूषण को देखते हुए राज्य सरकार ने इस बार सूबे के 13 जिलों में आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया है। फिर भी अनहोनी की आशंका को लेकर राजधानी के सभी सरकारी अस्पताल तैयार हैं। अस्पतालों में बेड रिजर्व रखे गए हैं। जरूरी दवाओं के साथ इमरजेंसी में ड्यूटी बढा दी गई है। बलरामपुर व सिविल अस्पताल की इमरजेंसी और बर्न यूनिट में 70 बेड, केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर और प्लास्टिक सर्जरी विभाग में 40 बेड आरक्षित किए गए हैं।

## दुराचारी को 10 साल की सजा

**लखनऊ(विसं)।** दुराचार के एक आपराधिक मामले में फास्ट ट्रैक की विशेष अदालत ने मुल्जिम जयदीप शुक्ला को दोषी करार दिया है। विशेष जज फूल चंद्र कुशवाहा ने मुल्जिम को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 30 हजार का जुर्माना भी ठोंका है।

## बीबीए की छात्रा ने किया सुसाइड

**लखनऊ।** राजधानी के गुडंबा थाना क्षेत्र क्षेत्र में बाराबंकी के एमडी कालेज की बीबीए की छात्रा ने पंखे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस को मौके से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। गुडम्बा के चक गांव निवासी रमेश गौतम ने भोर सुबह पुलिस को सूचना दी कि उनकी बीस वर्षीय बेटी सावित्री ने कमरा बंद कर फांसी लगा ली है।

## सीएमएस छात्र का चयन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के मेधावी छात्र कासिम मोहम्मद अनीस ने उच्चशिक्षा हेतु रूस की प्रख्यात कैजन फेडरल यूनिवर्सिटी में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है। कैजन फेडरल यूनिवर्सिटी में कासिम का चयन जनरल मेडिसिन कोर्स के स्पेशिलिस्ट डिग्री डिप्लोमा हेतु हुआ है।

## आईआईएम में शतप्रतिशत प्लेसमेंट

**लखनऊ।** कोविड पेंडेमिक दौर में भारतीय प्रबन्ध संस्थान लखनऊ के समर प्लेसमेंट 2020-2021 के तहत पीजीपी के 36 वें बैच और पीजीपी-एबीएम के 17वें बैच ने शतप्रतिशत प्लेसमेंट में सफलता हासिल की है। प्लेसमेंट के दौरान सबसे अधिक 2.5 लाख के पैकेज, 1.2 लाख के मीडियम और 1.1 लाख के औसत पैकेज पर छात्रों का चयन हुआ है। संस्थान ने अपनी 36 वर्षीय विरासत के इतिहास में सबसे बड़े बैच के लिए 100 फीसदी प्लेसमेंट प्राप्त किया है।

## नवलकिशोर बने निर्विरोध अध्यक्ष

**निगोहां।** सहकारी संघ लिमिटेड रामपुर के उपचुनाव में गुरुवार को अध्यक्ष पद पर नवल किशोर यादव को निर्विरोध चुना गया। गौरतलब है कि पूर्व अध्यक्ष वरुण बाजपेई के देहान्त से यह पद रिक्त चल रहा था। निर्वाचन अधिकारी अनिल सिंह ने निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपचुनाव में केवल नवलकिशोर यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

## यूपीसीडा के चीफ इंजीनियर की जमानत अर्जी खारिज

लखनऊ(विसं)। वर्ष 2012 के दौरान सडक निर्माण में करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने के मामले में निरुद्ध यूपीसीडा के चीफ इंजीनियर अरुण मिश्रा की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज स्वप्ना सिंह ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के इस अपराध को गंभीर करार दिया है। बीते 27 अक्टूबर को अरुण मिश्रा को इस मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

## अनुदेशक की होगी बर्खास्तगी

**लखनऊ।** ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अश्लील वीडियो चलाने वाले पिपरसंड प्राथमिक विद्यालय में अनुदेशक के पद पर तैनात जितेंद्र यादव की सेवा समाप्ति किए जाने को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

**कार्यालय नगर पंचायत ओयल-ढखवा, (खीरी)**

पत्रांक - 160/न0प0ओयल/2020-21 दिनांक : 10.11.2020

**ठेका नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण एवं इच्छुक ठेकेदारों/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत ओयल ढखवा के निम्न तालाबों के ठेकों की नीलामी दिनांक 23.11.2020 को समय 02:00 बजे दिन कार्यालय नगर पंचायत ओयल ढखवा प्रागण में सार्वजनिक रूप से की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति एंव ठेकेदार उपरोक्तानुसार नियत तारीख एवं समय पर उपस्थित होकर ठेकों की बोली बोल सकते हैं। तथा नीलामी से सम्बन्धित शर्तों की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत ओयल ढखवा में उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0सं0 | नाम ठेका | जमानत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 01 | भीतरी तालाब | 25000.00 | 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक |
| 02 | अन्य तालाब | 5000.00 | 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत ओयल ढखवा, जनपद खीरी
अध्यक्ष, नगर पंचायत ओयल ढखवा, जनपद खीरी

**कार्यालय-जिला आबकारी अधिकारी, संत कबीर नगर**

चेतावनी सावधान

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनुज्ञापित दुकानों के अतिरिक्त अवैध स्थानो/अड्डो से खरीदी गयी शराब का सेवन न करें। ऐसी अवैध शराब में मिथाइल एल्कोहल भी मिला हो सकता है जो एक विष है तथा इसके सेवन से आंखो की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अतः किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डो से खरीद कर शराब का सेवन ना करें। यदि किसी को अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री की की सूचना प्राप्त होती है तो निम्न मोबाइल नम्बर पर तत्काल सूचना दे सकता है।

**दूरभाष नम्बर :- 9454465630, 9454466206, 9454465943, 9454466548**

नोटः-जनपद स्थित समस्त आबकारी दुकानों के अनुज्ञापियों को सचेत किया जाता है कि, यदि कोई अनुज्ञापी अथवा उसका विक्रेता अवैध मदिरा कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके विरूद्व आई.पी.सी. धारा के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुये उसके अनुज्ञापन के निलम्बन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(राम प्रकाश तिवारी) जिला आबकारी अधिकारी, संत कबीर नगर
( दिव्या मित्तल) आई0ए0एस0, जिलाधिकारी, संत कबीर नगर

संख्या-483/दिनांक 10.11.2020

**"कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली"**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, रायबरेली द्वारा अलाव जलाने हेतु 2000 कुन्टल जलावन लकड़ी कि आपूति जो अवश्क्तानुसार घट या बढ़ सकती है की प्रति कुन्टल की दर हेतु दि0-19/11/2020 को अपरान्हन 3.00 बजे तक मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 04.00 बजे 04.00 बजे कार्यालय में निविदाताओ के समक्ष खोली जाएगी। समयोपरान्त प्राप्त निविदाओ पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। एक अथवा समस्त निविदाओ को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदया में निहित होगा निविदा के साथ धरोहर धनराशि रू0 50,000.00 का टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली के पक्ष में बन्धक होगा। निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। व्यक्ति/संस्था को समस्त संबंधित विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 18-11-2020 को प्रातः 10.00 बजे से 02.00 बजे के मध्य राजस्व विभाग कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

(पूर्णिमा श्रीवास्तव) अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद रायबरेली
(बाल मुकुंद मिश्रा) अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांक : न0पा0परि0राय0/सं0प्र0-नि0सू0/2019-20/317 दिनांक 12.11.2020

**मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि., लेसा, लखनऊ अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न-लिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों / आपूर्तिकर्ताओं से दो भागो मे अलग-अलग निविदाए ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी/निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अवलोकित की जा सकती है। निविदाओं में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य व धरोहर धनराशि की रसीद/साक्ष्य की प्रति अपलोड, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि पठनीय प्रपत्र निविदा के प्रथम भाग में तथा द्वितीय भाग में केवल मूल्य/दरें ई-पोर्टल https://etender.up.nic.in पर दिनांक 01.12.2020 को 17.00 बजे तक अपलोड की जानी है। ई-निविदा का प्रथम भाग दिनांक 02.12.2020 को 02.00 बजे अथवा उसके उपरान्त खोला जाएगा। निविदा की अवधि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्वि पत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.mvvnl.in एवं https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड की जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मो के मध्य विभक्त करने / संशोधन/मात्रा को ±10% घटाने/बढाने करने का अधिकार सुरक्षित होगा, निविदा का विवरण निम्नवत् है : 1. निविदा सं0-22/वि.न.वि.म.-III/2020-21 - विद्युत नगरीय वितरण खण्ड - राजाजीपुरम के क्षेत्रातगत विभिन्न स्थानों पर 100 के0वी0ए0 का नया परिवर्तक स्थापित करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 3000.00 निविदा शुल्क रू0 1000+180=1180/जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय), 2. निविदा सं0 23/वि.न.वि.म.-III/2020-21- विद्युत नगरीय वितरण खण्ड - अपट्रान के क्षेत्रातगत विभिन्न स्थानों पर 100 के0वी0ए0 का नया परिवर्तक स्थापित करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 4100.00, निविदा शुल्क रू0 1000+180=1180/जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय), **(अधीक्षण अभियंता)** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - तृतीय लेसा, लखनऊ। पत्रांक-2730 दिनांक 12.11.2020, **राष्ट्रहित मे ऊर्जा बचाएं। बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगाएं।**

## नियुक्तियों को केजीएमयू कार्यपरिषद की क्लीन चिट

**लखनऊ।** वर्ष 2004-05 में समूह ग की भर्तियों में गड़बड़ी की आशंका पर प्रकरण की जांच के लिए गठित समिति की रिपोर्ट पर शुक्रवार को सम्पन्न हुई किंग जार्ज मेडिकलयूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद ने क्लीन चिट दे दी हैं। जिसके बाद विवि ने प्रकरण को बंद कर दिया है। विवि के कुलपति डॉ. बिपिन पुरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यपरिषद की बैठक में प्रमुख रूप से वर्ष 2004-05 मे समूह ग के 94 पदों पर हुई भर्ती मुद्दा रहा। इनमे ड्राइवर, क्लर्क समेत विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई थी। भर्ती में गड़बड़ी के आरोप लगे। शासन ने तत्कालीन कमिश्नर को जांच सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। इसके बाद अब केजीएमयू ने मामले की आंतरिक जांच कराई। कमेटी ने रिपोर्ट में चयन समिति के सदस्यों को निर्दोष पाया। कमेटी की रिपोर्ट पर कार्यपरिषद ने भी मुहर लगा दी गई। कुलपति ने बताया कि आंतरिक कमेटी की रिपोर्ट में गड़बड़ी नहीं मिली। कार्यपरिषद ने कमेटी की रिपोर्ट को सही और तर्कसंगत मानते हुए स्वीकार किया है।

## आत्मनिर्भर बन रहीं 42 महिलाएं सम्मानित



**मोहनलालगंज।** घर की दहलीज से बाहर कदम बढ़ाकर महिला सशक्तीकरण का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रहीं भैरमपुर की आजीविका सखी उमेश कुमारी और निगोहां ग्राम प्रधान दीपा दीक्षित समेत अलग अलग क्षेत्र की 42 आत्मनिर्भर महिलाओं को शुक्रवार मोहनलालगंज ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख विजय लक्ष्मी और बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने मिशन शक्ति का प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित की गई महिलाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, महिला सचिव व कर्मचारी ,प्रधान, महिला सफाईकर्मी और समूह की महिलाएं शामिल रहीं।

# माटीकला मेले में धनतेरस पर हुई 10.27 लाख की बिक्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा खादी भवन में आयोजित माटीकला प्रदर्शनी में धनतेरस के दिन मिट्टी के उत्पादों की भारी बिक्री हुई। सुबह से लेकर सायं तक लगभग 10.27 लाख रुपए के उत्पाद बिक चुके थे। इसके साथ प्रदर्शनी में आज तक 35.31 लाख से अधिक की खरीदारी हो चुकी है।

अपर मुख्य सचिव एवं महाप्रबन्धक माटीकला बोर्ड डा. नवनीत सहगल ने यह जानकारी दी। उन्होंने धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए यह कहा कि प्रदेश सरकार स्वदेशी को बढ़ावा देने के साथ ही सुदूर ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बेहद संवेदनशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में मिट्टी से जुड़े कारीगरों के जीवन में वांछित सुधार लाने और प्रदेश की गौरवशील पारंपरिक कला संरक्षित करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए जगह.जगह मेले एवं प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्रतापगढ़ से आये शिल्पकार भक्ति प्रसाद ने बताया कि उनके द्वारा तैयार किये गये गाय के गोबर से निर्मित विभिन्न आकार के दीये की लोगों में काफी मांग रही, जिससे वे काफी उत्साहित हैं। इसके अतिरिक्त आजमगढ़ की ब्लैकपॉटरी, खुर्जा के मिट्टी निर्मित कुकर तथा कढ़ाई, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, डिजाइनर दीये, गोरखपुर का टेराकोटा उत्पाद, पानी बोतल आदि लोगो द्वारा खूब पसन्द किये जा रहे हैं।

# दीपोत्सव में सांस्कृतिक झलकियां होगी आकर्षण का केन्द्र

● दीपोत्सव की भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने दिखाई क्षमता

संवाददाता। अयोध्या





**कोविड**-19 के काल में मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट भगवान श्री राम का राज्याभिषेक अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। पूरे अयोध्या नगर को रंग बिरंगी लाइटों से सजा दिया गया है। मां सरयू के पावन तट से साकेत महाविद्यालय तक और फोरलेन ओवरब्रिज से नया घाट तक लगभग 2 दर्जन से अधिक स्वागत द्वार बनाए गए है। 500 वर्षों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहली बार रामलला के विवाद समाप्त होने के बाद रामलला के समक्ष दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव का आगाज करेंगे। 12 तारीख से तीन दिवसीय दीपोत्सव का आगाज अयोध्या के आसपास। देहात क्षेत्रों के मंदिरों में दीप जला कर के कर दिया गया है और आज 12 बजे साकेत महाविद्यालय से झांकी निकाली जाएगी जिसमें भगवान श्री राम के जन्म से लेकर राजा अभिषेक की झांकियां प्रस्तुत की जाएगी जिसमें सैंकड़ों कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। ठीक 4 बजे राम कथा पार्क में भगवान श्री रम का माता जानकी भ्राता लक्ष्मण भक्त हनुमान के साथ हेलीकॉप्टर रूपी पुष्पक विमान से आगमन होगा वहां भगवान की अगवानी अयोध्या के प्रमुख संतों के साथ.साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।राम कथा पार्क में ही भगवान श्रीराम का राजा अभिषेक का कार्यक्रम होगा और शाम 6 बजे राम पैड़ी पर दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इस बार अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति अपने प्रशासनिक अमले और छात्रों के साथ जोड़.तोड़ से लगे हुए है। अयोध्या के जिला अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि दीपोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कोविड.19 को देखते हुए लगभग 1000 व्यक्तियों को पास जारी किया गया है वही लोग राम राज्याभिषेक और दीप प्रज्वलन में शामिल होंगे। सुरक्षा के साथ.साथ कोविड.19 के मांगो को पूरा करते हुए। प्रशासनिक अमला तीन दिवसीय दीपोत्सव मेले में लगा हुआ है। इसका आगाज आज अयोध्या के देहातों में स्थापित मंदिरों में दीप प्रज्वलन से प्रारंभ होगा और 14 तारीख दीपावली के दिन तक अयोध्या की सजा बरकरार रहेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 13 तारीख को होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई मंत्रियों के शामिल होने की संभावना है।

## लक्ष्य बड़ा, मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कर लिया गयाः कुलपति

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय चतुर्थ दीपोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के क्रम में सभी 24 घाटों पर दीए के पैटर्न मानकों के अनुरूप लगाने का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। दीपोत्सव में तैनात स्वयंसेवकों को सावधानी से दीए जलाने के लिए घाटों पर प्रशिक्षित किये जाने का रिहर्सल किया गया। कोविड 19 के मानकों को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने के लिए नियमित रूप से ध्वनि विस्तारक यंत्रों द्वारा दिशा.निर्देश बराबर प्रसारित किया जा रहा हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह नियमित रूप से घाटों पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था को चुस्त दुरस्थ करने का निर्देश दे रहे है। आज सुबह 10 बजे से बचे हुए घाटों पर दीए लगाने का क्रम पूरा हो गया। विश्वविद्यालय जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर दीपोत्सव की तैयारियों में कोई कसर नही रख रहा है। सुबह से स्वयंसेवकों ने लक्ष्य आधारित कार्यों को पूरा कर लिया है। दीपोत्सव 2020 में दीए जलाने का लक्ष्य काफी बड़ा है। इसी कारण बड़े पैमाने पर मोबाइल टीमें भी लगाई गइ है। विशेष परिस्थितियों में ये टीमें दीए जलाने में स्वयंसेवकों का सहयोग करेंगे। राम पैड़ी दीपोत्सव स्थल पर सघन सेनेटाइजेशन का कार्य भी किया जा रहा है। कोविड संक्रमण के दृष्टिगत विद्यार्थियों को संक्रमण से बचाव के लिए चिकित्सकीय टीमें मास्क लगाने एवं शारीरिक दूरी बनाये रखने का निर्देश दे रही है। निरीक्षण के समय दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य नियंता प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. चनन कुमार मिश्र, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. अनूप कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी तरह अन्य घाटों पर विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकोंए विभिन्न गैर संस्थानिक संस्थाओं में एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवक दीए लगाने में अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे।

## बाहरी व्यक्तियों के लिए सील रहेगी अयोध्या यातायात में किया गया है डायवर्जन

**अयोध्या।** दीपोत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर गुरूवार को अयोध्या में निम्न मार्गो पर यातायात डायवर्जन होगा लागू। जनपद गोण्डा के लकड़मण्डी चौराहे से सभी प्रकार के वाहनों का अयोध्या में प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। श्रीराम अस्पताल तिराहा अयोध्या से नयाघाट, रामघाट चौराहा अयोध्या से दीनबंधु आख अस्पताल एवं हनुमानगढ़ी, दीनबंधु आख अस्पताल तिराहा से रामघाट चौराहा की तरफ, साकेत पेट्रोल की तरफ से नयाघाट एवं हनुमानगढ़ी की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। वहीं परमा एकेडमी गली से हनुमान गढ़ी की तरफ सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। दन्तधावन कुण्ड से नयाघाट की तरफ सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। जैन मंदिर से कोतवाली अयोध्या की तरफ सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।


## कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती

पत्राक :—1238(W)/न0प0ब0बा0/2020—21 दिनाक 10.11.2020

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से फागिंग मशीन क्रय किये जाने हेतु सम्बन्धित ठीकेदारो/फर्मो से मोहरबन्द निविदा दिनांक 18.11.20 समय 02.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार, बस्ती पर आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन समय 03.00 बजे दिन में अध्यक्ष महोदय के समक्ष ठेकेदारो/प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 17.11.2020 तक कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती पर की जायेगी। यदि इस सन्दर्भ में इसके अतिरिक्त कोई अन्य सूचना/जानकारी चाहते हैं तो दिनांक 17.11.2020 तक कार्यालय समय में नगर पंचायत बभनान बाजार कार्यालय से ज्ञात कर सकते है। विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्याअवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फागिंग मशीन सेल्फ स्टार्ट डबल बैरल सोल्यूशन टैंक कैपसिटी 80 ली0 कम्पलीट। | 01 | राज्य वित्त आयोग | 885000 | 02 प्रतिशत | 500 | 03 माह |

**(रमेश कुमार गुप्ता)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बभनान बाजार**
**जनपद–बस्ती**

**(सईद खाँ)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बभनान बाजार**
**जनपद–बस्ती**


## प्रतिबंधित जानवर के शिकारी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**दीपावली** व धनतेरस के त्योहार के मद्देनजर व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने का निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिया गया है। जिसके अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में थाना तिवारीपुर की टीम को सघन चेकिंग में लगाया गया था। उक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को कार की डिग्गी से शिकार किये हुए मृत नीलगाय के बच्चे के साथ डोमिनगढ़ तिराहा थाना तिवारीपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त में मेराज हाशमी पुत्र खुर्शीद हासमी निवासी मीनू बाबू का हाता तुर्कमानपुर थाना राजघाट, शाकिब मसूद पुत्र आसिम मसूद निवासी छोटेकाजीपुर थाना कोतवाली शामिल हैं। जामा तलाशी के दौरान उनके पास से उक्त के अलावा एक अदद रायफल 0.22 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस 0.22 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मनोज कुमार राय थाना प्रभारी, उ.नि. पुष्पेन्द्र द्विवेदी, विकास कुमार सिंह, हे.का. कमल किशोर मिश्रा, का. सुनिल यादव, दीपक यादव, अंजनी कुमार शामिल रहें। इसके अलावा जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान वांछित फरार चल रहे कई अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली द्वारा नाबालिग के साथ गैंगरेप के आरोप में वांछित अभियुक्त राममनोज यादव पुत्र स्व. राधेश्याम यादव निवासी नरहरपुर थाना बड़हलगंज को गिरफ्तार किया गया। थाना खजनी द्वारा अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त महेन्द्र पुत्र दीपचन्द्र यादव निवासी जंगल अयोध्या प्रसाद थाना खोराबार को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 01 अदद अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। थाना कैण्ट द्वारा चोरी के आरोप में वांछित अभियुक्त रहमान पुत्र स्व. नूर मुहम्मद निवासी सिविल लाईन गण्डक कालोनी थाना कैण्ट को गिरफ्तार किया गया। थाना गोरखनाथ द्वारा अवैध नशीले पदार्थ के साथ अभियुक्त निजामुद्दीन उर्फनाटे पुत्र अकरूद्दीन निवासी सिधारीपुर थाना गोरखनाथ को गिरफ्तार किया गया। थाना सिकरीगंज द्वारा अपहरण के आरोप में अभियुक्त बब्लू मौर्या पुत्र रविन्द्र मौर्य निवासी भटौली थाना सिकरीगंज को गिरफ्तार किया गया।

## सीएम के आगमन को लेकर पंचायती राज विभाग ने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** के जनपद में आगमन तथा वन टांगिया गांवों में उनके साथ दीपावली मनाए जाने के पूर्व पंचायती राज विभाग के जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर एवं जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह ने अपने विभाग के सहायक विकास अधिकारी पंचायत चरगांवा कृष्ण वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश तिवारी एवं विकासखंड के दर्जनों कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत में डेरा डालकर लगभग डेढ़ सौ सफाई कर्मचारियों के साथ जंगल तिनकोनिया नंबर 3 के ग्राम में विशेष सफाई अभियान चलवाया। कोविड–19 से बचने के उपायों के दृष्टिगत सफाई कर्मियों के माध्यम से सोडियम हाइपोक्लोराइट से सैनिटाइजेशन का कार्य कराया गया तथा एंटी लारवा का छिड़काव एवं ग्राम पंचायत की इंटरलॉकिंग सड़कें भी पानी से सफाई करायी गयी। गली–गली सड़क तथा लोगों के घरों के सामने एवं शौचालयों के आसपास तथा मुख्य मार्ग एवं उपर्युक्त प्लास्टिक को एकत्र कर जमीन में ढक कर मिट्टी डाली गई। निरीक्षण के दौरान पर्याप्त लोगों को शौचालयों के प्रयोग की तथा उसके रखरखाव एवं कोविड–19 से बचाव के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के वितरण के संबंध में राम गणेश से जानकारी ली। दीपावली के दृष्टिगत ग्राम पंचायत में एक सामुदायिक शौचालय तथा पंचायत भवन भी शिलान्यास के लिए प्रस्तावित किया गया है। इस अवसर पर जिला समन्वयक बच्चा सिंह स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आदि उपस्थित रहें।

## थानाध्यक्ष ने भ्रमण कर व्यापारियों में दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**अम्बेडकरनगर।** धनतेरस एवं दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में कानून व्यवस्था मुकम्मल हो, इसके लिए बसखारी थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने क्षेत्र में भ्रमण कर व्यापारियों एवं नागरिकों को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाने हेतु एक अनोखी एवं सराहनीय पहल शुरू की है। इनके इस सराहनीय कार्य में पुलिस महकमे के सभी उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी भी पूरी मुस्तैदी के साथ लगे हुए हैं। धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार के मद्देनजर दुकानों पर होने वाली भीड़ के दरमियान टप्पेबाजो से सावधान करने के लिए पुलिसकर्मी थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडे के निर्देश पर खासकर ज्वेलर्स एवं बर्तन की दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से कुशलक्षेम पूछते हुए समय से दुकान बंद करने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दुकान पर होने की तुरंत सूचना पुलिस को देने के साथ पुलिस आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है। ऐसा भरोसा व्यापारियों एवं आम नागरिकों को दिला रहे हैं। क्षेत्र में पुलिस के द्वारा इस तरह से पहली बार चलाए गए इस अभियान की व्यापारी व आम जनमानस तारीफ भी कर रहे हैं। लोग पुलिस कर्मियों के द्वारा आम जनमानस से जुड़ने के लिए बसखारी थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडे की यह कहते हुए सराहना कर रहे हैं कि बसखारी थाने के इतिहास में ऐसे थानाध्यक्ष पहली बार आए हैं जो दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों का कुशल क्षेम पूछते हुए उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिला रहे हैं। थाना अध्यक्ष के इस सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक राजेंद्र शर्मा उप निरीक्षक चंद्रभान यादव, अनिल कुमार वर्मा, अपने हमराही पुलिसकर्मियों शिव कांत पांडे रोहित सिंह नवीन कुमार राय सुनील कुमार यादव राम कुमार घनश्याम यादव,पुलिस चौकी लहटोरवा पर तैनात पुलिसकर्मी सूरज पांडे जितेंद्र मिश्रा, चालक रामबली यादव भी अपनी सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

## गोरखपुर के लिए आठ और पूजा स्पेशल ट्रेनें को मंजूरी

**गोरखपुर।** दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की भीड़–भाड़ को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने और आठ पूजा स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा की है। यह आठो पूजा स्पेशल ट्रेने गोरखपुर के रास्ते ही होकर चलेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूजा स्पेशल ट्रेनों में सिर्फ आरक्षित श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। कंफर्म टिकट पर ही यात्रा की अनुमति होगी। संक्रमण से बचाव के लिए सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

## डीएम ने धान क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

● धान खरीद व्यवस्था दिखी संतोषजनक

● सीमा राइस मिल का अनुबंध रद्द कर नई मिल को धान भेजे जाने के निर्देश

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र पायनियर

**खरीफ** विपणन वर्ष 2020– 21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत जनपद में किसानों के धान क्रय करने हेतु संचालित क्रय केंद्रों पर गुरूवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा साधन सहकारी समिति लिमिटेड महरुआ गोला कटेहरी एवं साधन सहकारी समिति लिमिटेड खजुरी करौदी जलालपुर का औचक निरीक्षण किया गया।क्रय केंद्र महरुआ गोला साधन सहकारी लिमिटेड के क्रय केंद्र प्रभारी संदीप कुमार दुबे, नोडल अधिकारी तहसीलदार गौरव सिंह मौके पर उपस्थित पाए गए। इस क्रय केंद्र पर अब तक कुल 1123 कुंटल धान क्रय किया गया था। जिलाधिकारी के निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम धान से भर गया है सीमा राइस मिलर द्वारा धान नहीं ले जाया गया है। गुरूवार को केवल 2 किसान गौतम सिंह का 20 कुंटल एवं अगस्त मुनि सिंह का 20 कुंटल धान तौल हेतु केंद्र पर आया हुआ था। केंद्र प्रभारी द्वारा किसानों को समय से टोकन व क्रय करने का दिनांक नहीं दिया गया है जिस पर नाराज जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी व तहसीलदार पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीमा राइस मिलर को तत्काल प्रभाव से हटाकर किसी अन्य मिलर को धान ले जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही साथ अधिक से अधिक किसानों का धान क्रय करने हेतु टोकन व दिनांक निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने साधन सहकारी समिति लिमिटेड खजूरी करौदी जलालपुर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर क्रय केंद्र प्रभारी नागेश पांडे उपस्थित पाए गए। नोडल अधिकारी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिंह प्रताप देव की उपस्थिति दर्ज की गई थी। केंद्र पर अब तक कुल 640 कुंटल धान क्रय किया गया था। मौके पर राम प्रसाद त्रिपाठी का 80 कुंटल धान तौल की प्रक्रिया की जा रही थी ।कृषक बुधीराम गुप्ता का 92 कुंटल, ओंकार सिंह का 15 कुंटल, पतिराम विश्वकर्मा का 8 कुंटल धान तौल के लिए मौके पर ट्राली पर खड़ी थी केंद्र प्रभारी नागेश पांडे का कार्य सराहनीय पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धान क्रय में और तेजी लाने का निर्देश दिए।जिलाधिकारी कृषकों से बात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।

## आखिरकार स्वदेश लौटा मलेशिया में फंसा शैलेन्द्र

**अम्बेडकरनगर।** एजेंट के झांसे में आकर गत नौ माह से मलेशिया में फंसा शैलेन्द्र कुमार आखिरकार गुरुवार को अपने घर सकुशल वापस लौट आया। शैलेन्द्र व उसके परिजनों ने खुशी का इजहार करते हुए सैय्यद आबिद हुसैन उर्फ बजरंगी भाई जान का दिल से शुक्रिया अदा किया। आपको बताते चलेंकि विकास खंड टाण्डा व थाना अलीगंज में स्थित ग्राम सभा खासपुर के शैलेन्द्र कुमार को आजमगढ़ जनपद के वसीम व चेन्नई के एजेंट रफीक द्वारा मलेशिया में 35 हजार प्रतिमाह की नौकरी दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपए लेकर मलेशिया भेज दिया गया जहां शैलेन्द्र को सैलरी तो दूर की बात बल्कि शैलेन्द्र का मोबाइल ले लिया गया और वापस भी लौटने नहीं दिया जा रहा था। अपने घर की अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए मलेशिया पहुंचे शैलेन्द्र कुमार मानव तस्करों के बीच फंस गए थे। किसी तरह परिजनों ने जब एजेंटों से संपर्क किया तो उन लोगों ने शैलेन्द्र को वापस बुलाने के लिए फिर 40 हजार रुपये की डिमांड कर दिया जिससे गरीब परिवार टूट सा गया। बसखारी क्षेत्र के रुद्रपुर भगाही निवासी सैय्यद आबिद हुसैन उर्फ बजरंगी भाई जान भोपाल में रहते हुए विदेश में फंसे काफी लोगों को अथक प्रयास कर वतन वापसी कराते रहते हैं। पीड़ित शैलेन्द्र कुमार के भाई रौशन कुमार 20 अक्टूबर को आबिद के भाई सैय्यद एहरार हुसैन से मोबाइल नंबर लेकर खासपुर के समाज सेवी शौकत अली के माध्यम से संपर्क कर अपना दुःख बयान किया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सकरन–सीतापुर

पत्रांक : 1265/पंचम रा0वित्त/15वां वित्त आ0/नि0सू0/2020–21 दिनांक 10.11.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्र पंचायत सकरन सीतापुर के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि पंचम रा0वित्त/15वां वित्त आयोग में प्राप्त धनराशि एवं स्वीकृत कार्यो का निर्माण कार्य करवाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 12.11.2020 से विक्रय किये जायेंगे। टेन्डर फार्म का मूल्य 1000/– रू0 प्रति फार्म होगा तथा दिनांक 26.11.2020 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक विक्रित निविदायें निविदा बक्स में जायेंगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष अपरान्ह 3:00 बजे गठित समिति की उपस्थित में खोली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सामान्य धरोहर के रूप में कार्य की लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि को जमा करना होगा, जो नकद के रूप में अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी सकरन के पक्ष में बन्धक होगा। ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत बिल से 2 प्रतिशत आय कर व 01 प्रतिशत लेबर सेस सरचार्ज, निर्धारित जी0एस0टी0 कर 2 प्रतिशत, तथा भुगतान के समय अवशेष 8 प्रतिशत जमानत राशि की कटौती की जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी को यह अधिकारी होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अन्य शर्तो की जानकारी किसी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत लाख में | कार्य पूर्ण होने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत देवतापुर पेन्टेड रोड से मनरेगा महिला उपवन पार्क सम्पर्क मार्ग पर पुलिया तक इण्टर लाकिंग एवं गेट निर्माण | 828791.00 | 16576.00 | 3 माह | पं0रा0वि0 वित्त आयोग |
| 2 | विकास खण्ड परिसर में मीटिंग हाल मरम्मत एवं शौन्दर्गीकरण कार्य | 909200.00 | 18184.00 | 3 माह | पं0रा0वि0 वित्त आयोग |
| 3 | पिपराखुर्द में हौदा तालाब के पास दो दर की पुलिया निर्माण कार्य | 220900.00 | 4418.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 4 | सुमरावां मे ब्रम्हचारी सथान के पास दो दर की पुलिया निर्माण | 913700.00 | 18274.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 5 | राजापुर में रामासरे के मकान से बकवा तक नाला एवं पुलिया निर्माण | 999647.00 | 19993.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 6 | राजापुर के मजरा जमालपुर में जगमोहन बहेलिया के मकान से नकतारा तलाब तक नाली निर्माण | 999305.00 | 19986.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 7 | ग्राम पंचायत महराजनगर में पक्के तालाब की मरम्मत एवं सौंन्दीकरण कार्य | 995400.00 | 19908.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 8 | ग्राम पंचायत राजापुर बिसवां लहरपुर रोड से रामनरेश जयदेवी स्कूल तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 819983.00 | 16400.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 9 | ग्राम पंचायत लश्करपुर मजरा सरीफपुर से महराजनगर डामर रोड तक सोलिंग | 999004.00 | 19980.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 10 | ग्राम पंचायत दुगाना में रामलोटन के मकान से श्यामसिंह के मकान तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 574861.00 | 11497.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 11 | ग्राम पंचायत महराजनगर मजरा केवलपुर रामसागर के मकान से महराजनगर डामर रोड तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 660296.00 | 13206.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 12 | महराजनगर में रामसागर के मकान से मायादेवी के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 336206.00 | 6724.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |
| 13 | दौदापुर में सुन्दर के घर से जूनियर हाई स्कूल तक खण्डजा निर्माण | 999004.00 | 19980.00 | 3 माह | 15वां वित्त आयोग |

**निविदा की पात्रता :–**

1–निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 12–11–2020 से किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जकती हैं एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभियन्ता (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।

2–निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड अनुभव प्रमाण पत्र, GSTIN प्रमाण पत्र , शैक्षिक योग्यता एवं अन्य आहर्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

3–निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि राष्ट्रीकृत बैंक का एफ0डी0आर0अथवा एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा के पक्ष में लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। शेष 8 प्रतिशत धनराशि टेन्डर स्वीकृत होने के उपरान्त जमा करना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सकरन–सीतापुर**

# भाजपा का वर्चस्व

## निस्तेज होता विपक्ष

**भाजपा** ने कांग्रेस से बहुत सी सीटें छीन ली हैं तथा क्षेत्रीय दलों को भी अप्रासांगिक बना रही है, ऐसे में संघवाद की निरंतरता पर सवाल उठ रहे हैं। न केवल बिहार, बल्कि बाकी भारत में हुए उपचुनाव परिणामों में दो प्रवृत्तियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। पहली, महामारी के कारण संकटमय वर्ष होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता व स्वीकार्यता है। जनता को विश्वास है क वे लाकडाउन के कारण गांवों की ओर पलायन, तेज आर्थिक गिरावट तथा कर्ज-आधारित सहायता पैकेज के बावजूद नतीजे दिखा सकते हैं। आम मतदाता मुफ्त अनाज व थोड़ी नकदी के प्रत्यक्ष हस्तांतरण जैसे तत्कालीन कल्याणकारी उपायों से संतुष्ट है। निश्चित रूप से लोकसभा में प्रचंड विजय के बाद एक साल में किसी को मोदी के प्रभामंडल में कमी की उम्मीद नहीं थी। कोरोनावायरस महामारी ने अभूतपूर्व चुनौती दी है। यदि प्रधानमंत्री इस परेशानी भरे समय से तुलनात्मक रूप से बेअसर होकर निकलने में सफ्ल होते हैं तो उनके नेतृत्व कौशल का प्रभामंडल और तेज होता जाएगा। देश पर आने वाले किसी संकट के बारे में 'मन की बात' के माध्यम से वे आम जनता को अपनी बात समझाने में सफ्ल होते हैं। मतदाता जानते हैं कि सीमित संसाधनों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्वोत्तम प्रयास कर रहे हैं। महाराष्टं, झारखंड व दिल्ली में पराजय के बाद कोविड-प्रबंधन ने उनकी छवि सुधारी है। इसकी तुलना में लगता है कि कांग्रेस गंभीर मुद्दे समझ ही नहीं पा रही है, जबकि उसे मतदाता के सामने ऐसे वैकल्पिक रास्ते पेश करने चाहिए जो उसे समझ में आएं। रोजी-रोटी के मुद्दों के समाधान में मोदी का व्यक्तित्व सकारात्मक रूप से सामने आता है।



अपने चुनाव भाषणों में वे अयोध्या में राम मंदिर, पुलवामा व अन्य मुद्दों की चर्चा करते हैं। स्थानीय मुद्दों को संबोधित करने के उनके तरीके ने मतदाताओं को प्रभावित किया है और बिहार के मतदाता इसके उदाहरण हैं। उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि पिछले 15 साल में प्रदेश सरकार ने अनेक वादे पूरे नहीं किए। एक के बाद दूसरे राज्य में भाजपा के केन्द्रीय शक्ति बनते जाने से विकास योजनायें बड़ी सीमा तक उसकी सदाशयता पर निर्भर हो गई हैं और मतदाता इस आधार पर फैसला देने लगे हैं। भाजपा ने मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने की चुनावी गणित के साथ प्रचार के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री मोदी के जादुई व्यक्तित्व का प्रयोग करने में महारत हासिल कर ली है। भाजपा ने 11 राज्यों की 59 सीटों में से 41 पर विजय प्राप्त की है। इसमें मध्य प्रदेश शामिल है जहां उसने 28 सीटों में से 19 पर कब्जा किया है। इसकी तुलना में 40 से अधिक सीटों पर विधायकों वाली कांग्रेस केवल 12 सीटें जीत सकी है तथा दो पर बीजद ने कब्जा जमाया है। एक-एक सीट पर सपा, झामुमो व एनडीपीपी तथा दो पर निर्दलीयों की विजय हुई है। भाजपा ने कांग्रेस से गुजरात में आठ व मणिपुर में चार सीटें छीनीं तथा उत्तर प्रदेश में अपनी 6 सीटें बनाए रखीं। इसने कर्नाटक में दो तथा तेलंगाना में एक सीट जीती। गुजरात में कांग्रेस ने पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत की थी, पर अपनी जीती पांच सीटें गंवाने से उसे तगड़ा धक्का लगा है। ऐसा पाटीदार नेता हार्दिक पटेल को राज्य का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के बावजूद हुआ है। मध्य प्रदेश में उपचुनाव ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए सम्मान का मामला थे क्योंकि 16 सीटें उनके ग्वालियर संभाग की थीं। उन्होंने अपने प्रयासों से 9 सीटें जीतने में सफ्लता पाई तथा भाजपा को सत्ता चलाने के लिए संतोषजनक बहुमत मिल गया। उत्तर प्रदेश में 2022 में सरकार बदलने का सपा नेता अखिलेश यादव का सपना धूल में मिल गया है और वे केवल अपनी एक सीट बचा सके हैं। इन परिणामों के बाद अब कांग्रेस वोट पाने के बजाय वोट काटने वाली मशीन बन कर रह गई है। अन्य क्षेत्रीय पार्टियों को भी अपने मतदाताओं पर ध्यान देते हुए संगठन मजबूत करना होगा। इसी तरह वे भाजपा का मुकाबला करने में सफल हो सकती हैं।

# तमिलनाडु में राजनीतिक हलचल

**चुनाव के पहले गठबंधन सहयोगियों को सीटें आबंटित करना स्टालिन के लिए बड़ी समस्या होगी। हालांकि, अभी गठबंधन सहयोगी तय नहीं हैं, पर द्रमुक नीत मोर्चे में कांग्रेस, कम्युनिस्ट, मुस्लिम लीग व विधुतलाई चिरुथैगल काच्ची का होना निश्चित है।**




कुमार चेलप्पन
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




**तमिलनाडु में** पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव होंगे। इसके बावजूद अभी संभावित गठबंधनों के बारे में चर्चा हो रही है। ऐसे में द्रमुक की स्थिति मजबूत है। तमिलनाडु की जीवनरेखा कावेरी नदी इन दिनों शांत बह रही है। राज्य की राजनीति भी इसी नदी के प्रवाह की तरह है, लेकिन इस शांति के नीचे अनेक धारायें प्रवाहित हैं तथा हलचल धीरे-धीरे तेज हो रही है। हालांकि, तमिलनाडु में राजनीतिक अनिश्चितता बनी हुई है। यहां हमेशा की तरह प्रमुख शक्तियां द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-द्रमुक तथा आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-अन्नाद्रमुक हैं। इनके समक्ष कांग्रेस व भाजपा जैसी राष्टीय पार्टियां सहायक भूमिका निभाती हैं तथा अन्य हाशियाकृत पार्टियों का महत्व और कम है। 1967 तक राज्य में अबाध शासन करने वाली कांग्रेस की स्थिति बहुत खराब है क्योंकि उसका सारा तेज द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने सोख लिया है। राजनीतिक विश्लेषक एन. कल्याणसुंदरम के अनुसार अब उसके पास कार्यकर्ताओं के बजाय नेता अधिक हैं। द्रमुक जे. जयललिता नामक राजनीतिक सुनामी के कारण राज्य की सत्ता से लंबे समय से बाहर है। उन्होंने द्रमुक को 2011 व 2016 के विधानसभा चुनावों में दो सीटों तक सीमित कर दिया था। लेकिन द्रमुक नेता एम. करुणानिधि समेत अपने सभी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर लगाम लगाने वाली जयललिता अब नहीं हैं। 5 दिसंबर, 2016 को उनके असमय निधन के बाद अन्नाद्रमुक का असर तेजी से घटा है। जयललिता की निकट सहयोगी रही वीके शशिकला ने अन्नाद्रमुक से बाहर निकल कर अपनी पार्टी अम्मा मक्कल मुन्नेत्र कझगम-एएमएमके बनाई थी तथा स्वयं को पुत्रैची थैलवी का वैध वारिस होने का दावा किया था। मुख्यमंत्री इडापड्डी पलानीस्वामी-ईपीएस व उप मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम-ओपीएस के नेतृत्व वाले गुट एक दूसरे का गला काटने पर आमादा हैं। इसके साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डी. जयकुमार के नेतृत्व वाला गुट भी नेतृत्व पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। अन्नाद्रमुक का 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ चुनाव गठबंधन था। लेकिन ईपीएस व ओपीएस इसे याद नहीं करना चाहते हैं क्योंकि यह जयललिता द्वारा भाजपा से गठजोड़ न करने के सिद्धान्त के खिलाफ था। उस समय भाजपा को एक सीट भी नहीं मिली थी तथा अन्नाद्रमुक को केवल एक सीट से संतोष करना पड़ा था। अन्य पार्टियां, जैसे पट्टालि मक्कल काच्चि-पीएमके, देसीय मुरपोक्कू द्रविड़ कझगम-डीएमडीके, तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी व पुतिया तमिलगम-पीटी भी खाली हाथ रह गई थीं। इस बार अल्पसंख्यक वोट खोने के भय से अन्नाद्रमुक भाजपा से दूर रह सकती है। तमिलनाडु के मुसलमान नागरिकता संशोधन कानून तथा अनुच्छेद 370 समाप्त करने से नाराज हैं। विदेशी मुद्रा विनियमन कानून तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून से चर्चों का राजस्व घटा है तथा कुडनकुलम मे नाभिकीय रिएक्टर विरोधी आंदोलन व धर्मांतरण अभियानों पर भी लगाम लगी है। 1998 लोकसभा चुनाव को छोड़ कर अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन पूरी तरह विफल रहा है। हालांकि, द्रमुक समर्थक राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ईपीएस सरकार भाजपा के समर्थन से चल रही है, पर दोनों के बीच औपचारिक समझौते के कोई संकेत नहीं हैं। 2019 में अन्नाद्रमुक ने भाजपा को केवल पांच सीटें दी थीं। इसके बावजूद ईपीएस को केन्द्र से काफी सहायता मिली है। उन्होंने फरवरी, 2017 में शशिकला के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से आय से अधिक संपत्ति मामले में शशिकला जेल चली गईं और सरकार के स्थायित्व पर संकट मड़राने लगा।

विपक्षी नेता एम.के. स्टालिन ने बार बार ईपीएस सरकार को आईसीयू में भर्ती बताया जो भाजपा द्वारा प्रदत्त जीवनरक्षक प्रणाली पर जीवित थी। लेकिन धीरे-धीरे सदन में मामूली बहुमत के बावजूद ईपीएस स्थिति संभालने में सफल रहे। शशिकला समर्थक 18 विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेने के बावजूद वे सत्ता में बने रहे क्योंकि अध्यक्ष ने उनको अयोग्य ठहरा दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में अन्नाद्रमुक व द्रमुक नौ-नौ सीटें जीतने में सफल हुए। अन्नाद्रमुक ने कांग्रेस व द्रमुक से दो सीटें छीन कर भी अपनी स्थिति मजबूत की। जयललिता जैसा करिश्माई नेता न होने के कारण अन्नाद्रमुक 2011 व 2016 के विधानसभा चुनाव तथा 2014 के लोकसभा चुनाव में अपना प्रदर्शन दुहराने की स्थिति में नहीं है। पार्टी में भीतरी गुटबाजी से ईपीएस की परेशानियां बढ़ गई हैं। इसके अलावा मीडिया का एक हिस्सा सत्ता विरोधी लहर को हवा दे रहा है। हालांकि, सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, लेकिन अब तक कुछ सिद्ध नहीं हुआ है। स्र्टलाइट कापर प्लांट बंद करने की मांग पर थूथुकुडी में हुए दंगे के अलावा राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक है। इस दंगे में हुई पुलिस गोलीबारी के परिणामस्वरूप 15 लोगों की जान गई थी। सरकार ने पिछले पांच साल में सृजित नौकरियों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के बारे में जनता को संतुष्ट किया है। 2018 में चेन्नै में आई बाढ़ तथा कोविड-19 महामारी के कारण ये उद्योग बंद हो गए थे। पार्टी में आंतरिक उठापटक के कारण द्रमुक भी सहज स्थिति में नहीं है, हालांकि वह एक सेक्युलर मोर्चे का नेतृत्व कर रही है। आरोप है कि पार्टी पर स्टालिन की पत्नी दुर्गा, बेटे उदयनिधि व दामाद साबारी का कब्जा है। स्टालिन के लिए यह करो या मरो का समय है। 68 वर्ष की आयु में वे सबसे वृद्ध मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे। उनके पिता एम. करुणानिधि 45 वर्ष की आयु में मुख्यमंत्री बन गए थे। जयललिता भी पहली बार 43 वर्ष की आयु में मुख्यमंत्री बनी थीं। चुनाव के पहले गठबंधन सहयोगियों को सीटें आबंटित करना स्टालिन के लिए बड़ी समस्या होगी। हालांकि, अभी गठबंधन सहयोगी तय नहीं हैं, पर द्रमुक नीत मोर्चे में कांग्रेस, कम्युनिस्ट, मुस्लिम लीग व विधुतलाई चिरुथैगल काच्ची का होना निश्चित है। सवाल है कि क्या वन्नियार प्रभुत्व वाली पार्टी पीएमके व कमल हासन की मक्कई नीधि मय्यम द्रमुक के साथ जाएंगी। पीएमके संस्थापक डा.एस. रामदास का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे अंबुमणि को तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनाना है। फिल्म अभिनेता कमल हासन ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वे अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे। दूसरी ओर डीएमडीके संस्थापक विजयकांत भी मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। तमिलनाडु में 234 विधानसभा सीटें हैं। द्रमुक निश्चित रूप से कम से कम 130 सीटों पर कब्जा करना चाहता है। स्टालिन अपनी सरकार बनाना तथा उसमें किसी को साझीदार बनाने को तैयार नहीं हैं। 2006 में केवल 96 विधायक होने पर भी एम. करुणानिधि ने गठबंधन सहयोगियों को किनारे रख कर राज्य पर बाहरी सहयोगियों के समर्थन से पांच साल सरकार चलाई थी। कांग्रेस, मुस्लिम लीग, वीसीके व कम्युनिस्टों को विश्वास है कि इस बार उनको समुचित स्थान मिलेगा। इस प्रकार मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा करने के लिए स्टालिन पर द्रमुक की 91 प्रतिशत सीटें जीतने का भारी दबाव होगा।

अभी रजनीकांत व उनकी बहुचर्चित आध्यात्मिक राजनीति के बारे में सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। रजनीकांत के पास एनटीआर जैसा करिश्मा दिखाने के लिए समय बहुत कम है जिन्होंने 1982 में आंध्र प्रदेश में तेलगू देशम पार्टी शुरू की थी। अभिनेता ने स्वयं कहा है कि डाक्टरों ने उन्हें ज्यादा काम न करने तथा महामारी से सावधान रहने की सलाह दी है। रजनीकांत किडनी प्रत्यारोपण करवा चुके हैं और 70 वर्ष की आयु में वे अपने जीवन से खिलवाड़ नहीं कर सकते हैं। लेकिन उनमें जोश की कमी नहीं है और वे राजनीति को क्रिकेट जैसा खेल समझते हैं। इस प्रकार वर्तमान समय में तमिलनाडु में त्रिशंकु विधानसभा बनने की आशंका है। ऐसे में चुनाव के पश्चात गठबंधन सहयोगियों के बारे में अनेक प्रकार के संभावित प्रयोगों की चर्चा हो रही है। यह अनुमान लगाना बहुत जल्दबाजी होगा कि प्रदेश की राजनीति किस करवट बैठेगी। चुनाव होने में अभी पांच महीने बाकी हैं और राजनीति में पांच दिन का समय भी बहुत लंबा होता है। इस बीच कावेरी मंद गति से बहती रहेगी।

# मानव संसाधन का महत्व

> वैश्वीकरण, डिजिटल तकनीक की स्वीकार्यता, श्रमिकों की कमी, विलय एवं अधिग्रहण, विस्तार के साथ गतिविधियों में कमी और कर्मचारियों की बदलती जनसंख्या संरचना जैसी वैश्विक बिजनेस परिस्थितियों में यह बहुत महत्वपूर्ण है।


हिमा बिंदु कोटा
(लेखिका, एमिटी विश्वविद्यालय में एसोसियेट प्रोफेसर हैं)




**कर्मचारियों** की खोज संबंधी निर्णय लेने में 'प्रतिभाशीलता' शब्द का प्रयोग होता है। इसका संबंध एच आर से उसी तरह है जैसे फाइनेंस का एकाउंटिंग से व मार्केटिंग का बिक्री से। मानव संसाधन-एचआर प्रबंधन को वित्त व माकेटिंग की तुलना में कम आंका जाता है। कार्पोरेट प्रमुख प्रतिभा प्रबंधन के लिए उतना समय नहीं देते हैं जितना निवेश आबंटन, ग्राहक सेवा, मार्केटिंग, प्रोडक्ट लाइन व तकनीक पर देते हैं। इसलिए एचआर काम कौशल विकास, इंसेटिव, हायरिंग, लर्निंग, विकास, आदि तक सीमित है। इससे सीगा विस्तार में बाधा पैदा होती है। आवश्यकता इस बात की है कि एचआर प्रबंधकों के कामकाज में आमूल परिवर्तन कर इसमें निर्णय लेने वाली प्रतिभा का विकास शामिल किया जाए। मानव संसाधन में प्रतिभा के महत्व को कम कर नहीं आंका जा सकता है जो किसी भी संगठन की सफलता के लिए बहुत जरूरी है। वैश्वीकरण, डिजिटल तकनीक की स्वीकार्यता, श्रमिकों की कमी, विलय एवं अधिग्रहण, विस्तार के साथ गतिविधियों में कमी और कर्मचारियों की बदलती जनसंख्या संरचना जैसी वैश्विक बिजनेस परिस्थितियों में यह बहुत महत्वपूर्ण है। अच्छी तरह काम करने के बावजूद परंपरागत एचआर कामकाज से उम्मीदें पूरी नहीं होती हैं। वित्त, आपरेशन व मार्केटिंग की तुलना में रणनीतिक व टैक्टिकल एचआर के बीच अंतर नहीं समझा जाता है। रणनीतिक एचआर का संबंध उद्योग के लिए सर्वोत्तम सेवायोजक से है, वहीं टैक्टिकल एचआर का संबंध कर्मचारियों के कल्याण कार्यक्रमों के प्रबंधन, अनेक नियमों तथा विनियमों से है। ऐसे में अनेक क्षेत्र परंपरागत एचआर के बाहर छूट जाते हैं। इनमें प्रमुख बिजनेस सिद्धान्त व प्रतिभा प्रबंधन प्रक्रियायें शामिल हैं। कर्मचारी प्रबंधन के लक्ष्य आमतौर से सामान्य प्रकृति के होते हैं जैसे, कर्मचारियों



की संख्या, उन पर होने वाला खर्च, मानक एचआर कार्यक्रम, आदि। इनका प्रतियोगी सफलता व शेयरहोल्डर मूल्य से कोई संबंध नहीं है। हालांकि, एचआर प्रबंधन तकनीकों, जैसे बैलेंस स्कोरबोर्ड, विश्लेषण, कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने आदि पर काफी ध्यान दिया गया है, पर वे विरले ही विलय व अधिग्रहण तथा नए बाजार उद्यमों में कोई सहायता करते हैं। वे कंपनी का प्रतियोगी लाभ बढ़ाने में भी ज्यादा योगदान नहीं करते हैं जिसके लिए कर्मचारियों को साथ लेना जरूरी है। सबके लिए समान नियम जैसे एचआर कार्यक्रम ज्यादा प्रचलित हैं। मार्केटिंग में यह नहीं कहा जा सकता है कि सभी उत्पादों का समान रूप से विज्ञापन किया जाए क्योंकि कुछ को ज्यादा महत्व देना होता है। लेकिन एचआर में ऐसा ही कामकाज प्रचलित है। सभी कर्मचारियों के लिए '50 घंटे का गुणवत्ता प्रशिक्षण' जैसी चीजें प्रचलित हैं। ऐसा प्रशिक्षण सटीक तथा पूरी तरह प्रभावी नहीं होता है। इसलिए परंपरागत एचआर कामकाज बेहतर निर्णय लेने वाले लोगों को प्रोत्साहित नहीं करता है जो संगठन की प्रभावशीलता बढ़ाना चाहते हैं। अनेक शोधकर्ताओं का विश्वास है कि इसका जवाब बेहतर मीटिंक्स है। एचआर उपाय कार्यक्रमों में निवेश का लाभ उठाने तक सीमित हैं। ऐसे में एचआर एकाउंटिंग, गुणवत्ता, ब्रांडिंग व बैलेंस स्कोरबोर्ड जैसे मीटिंक्स बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। सही उपयेग करने पर वे प्रतिभा खोज निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं। कार्पोरेट लीडरशिप कौंसिल, 2001 के अनुसार एचआर आंकलन के दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र मानव संसाधन के बारे में निर्णय लेना तथा मार्केटिंग, फाइनेंस व आपरेशन्स में एचआर रणनीति का बेहतर प्रयोग हैं। इससे वैध, विश्वसनीय व मजबूत ढांचा तैयार होता है जो सभी स्तरों पर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है। फाइनेंस व मार्केटिंग की तरह प्रतिभा एचआर का भी एक महत्वपूर्ण आयाम है। संगठन को सफ्ल बनाने के लिए फाइनेंस, मार्केटिंग व प्रतिभा खोज में प्रभावी व पेशेवर निर्णय लेना जरूरी है। कर्मचारियों की खोज में 'प्रतिभाशीलता' शब्द का प्रयोग होता है। वास्तव में एचआर के लिए इसका वही महत्व है जो एकाउटिंग में फाइनेंस तथा मार्केटिंग में बिक्री का है। विश्वास किया जाता है कि एचआर के दृष्टिकोण से संगठनात्मक सफलता में प्रतिभा खोज के माध्यम से बढ़ावा दिया जा सकता है। यह अवधारणा विकसित होने पर कंपनियां एचआर व्यवहारों में परिवर्तन कर निर्णय लेने की गुणवत्ता में सुधार कर सकती हैं। फाइनेंस व मार्केटिंग विभागों की तरह कंपनी में विभिन्न स्तरों पर प्रतिभा संबंधी निर्णय किए जाते हैं। सुपरवाइजर व मैनेजर उपलब्ध कर्मचारियों की व्यक्तिगत क्षमताओं के बारे में निर्णय करते हैं। प्रभावी व रणनीतिक बिजनेस नियोजन के लिए एचआर को ज्यादा विशिष्ट दृष्टिकोण पर ध्यान देना चाहिए। प्रतिभा खोज पर ध्यान देना न केवल निर्णय लेने में सुधार से संबंधित है, बल्कि इसका संबंध निर्णयों के क्रियान्वयन से भी है। प्रत्येक फर्म को 'प्रतिभाशीलता' संबंधी निर्णय विज्ञान पर ध्यान देना चाहिए ताकि सही चयन व रणनीतिक सफलता के बीच संबंध स्थापित हो सके।

## आप की बात

### लोग धोखे में न आएं

**इन** दिनों लोग अपने व्यवसाय विस्तार और आय वृद्धि के लिए आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। बैंकों के माध्यम से कई सरकारी योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं मगर पूरी जानकारी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाने के कारण लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर कुछ जालसाज लोग उपभोक्ताओं को फंसाकर उन्हें आर्थिक चपत लगा रहे हैं जिससे बचने की जरूरत है। कोरोना के कारण लोगों की अर्थव्यवस्था पस्त है। न तो धंधे ठीक से चल पा रहे हैं, न हीं उससे इतनी आय हो पा रही है कि लोग घर गृहस्थी चल सके। कोरोना के दौर में सरकार ने छोटे व्यापारियों को राहत भी दी मगर उससे उनका गुजर-बसर संभव नहीं है। इसी का लाभ उठाकर कुछ जालसाज लोगों ने बैंकों से लोन कराने के नाम पर धोखाधड़ी का धंधा खोल लिया है। उपभोक्ता की मजबूरी का लाभ उठाकर ऐसे लोग उन्हें आर्थिक चपत लगा रहे हैं जिसकी जानकारी सरकार तक पहुंची है और सरकार ने भी ऐसे उठाईगीरों से सतर्क रहने को कहा है। वाकई आज व्यक्ति जितना संभल कर रहेगा उतना ही वह सुरक्षित रहेगा। लोग लोन के लिए झांसे में न आकर बैंकों से संपर्क करें तो उचित रहेगा।

**अमृतलाल मारू,** धार, मप्र

### रोचक रहा मुकाबला

**भारत** के इतिहास में पहली बार 10 नवंबर को दो इतिहास एक साथ रचा गया। एक तरफ इंडियन प्रीमियर लीग तो दूसरी तरफ इंडियन पॉलिटिकल लीग में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। बिहार की सत्ता में पहली बार इतने कांटे की टक्कर हुई। वहीं दूसरी ओर दिल्ली और मुंबई के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। दोनों ही खेलों का परिणाम देर रात आया। एक तरफ मुंबई तो दूसरी तरफ बिहार में सरकार। एनडीए का नेतृत्व कर रहे नीतीश कुमार ने फिर से जीत दर्ज की लेकिन आरजेडी के तेजस्वी ने भी आखिरी मुकाम तक मुकाबला नहीं छोड़ा। सरकार भले ही एनडीए की बनी है लेकिन विपक्ष भी मजबूत है। ऐसे में सरकार को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। अन्यथा लोकतंत्र की जान विपक्ष भी अपनी ताकत कभी भी दिखा सकता है। 122 की बहुमत का आंकड़ा पार कर 125 सीट एनडीए को मिली वहीं आरजेडी महागठबंधन को 110 मिली। उम्मीद है आने वाले समय में बिहार की जनता के लिए एक बार फिर पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सरकार कार्य करेगी। वहीं दूसरी ओर अन्य आईपीएल टीम भी आगामी मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी।

**अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### पूजनीय है गौमाता

**गौ** माता का (गोधूलि वेला) जंगल से घर वापस लौटने का संध्या का समय अत्यंत शुभ एवं पवित्र है । गाय का मूत्र गौ औषधि है। माँ शब्द की उत्पत्ति गौ मुख से हुई है। मानव समाज में भी माँ शब्द कहना गाय से सीखा है। जब गौ वत्स रंभाता है तो माँ शब्द गुंजायमान होता है । गौ - शाला में बैठकर किये गए यज्ञ, हवन,जप-तप का फल कई गुना मिलता है । बच्चों को नजर लग जाने पर गौ माता की पूंछ से झाड़ने जाने से उतर जाती है। ऐसा उदाहरण पूतना उद्धार में भगवान कृष्ण को नजर लग जाने पर गाय की पूंछ से नजर उतारने का ग्रंथों में भी पढ़ने को मिलता है। गौ के गोबर से स्थान का लीपने से स्थान पवित्र होता है। गौ -मूत्र का पावन ग्रंथों में अथर्व वेद ,चरक संहिता,बाण भट्ट ,अमृत सागर ,भाव सागर आदि ग्रंथों में सुंदर वर्णन किया गया है। काली गाय का दूध त्रिदोष नाशक सर्वोत्तम है। गाय के दूध में रेडियो विकिरण से रक्षा करने की सर्वाधिक शक्ति होती है। गाय का दूध एक ऐसा भोजन है जिसमे प्रोटीन कार्बोहाइड्रेड, दुग्ध, शर्करा, खनिज लवण वसा आदि मनुष्य शरीर के पोषक तत्व भरपूर पाए जाते हैं।

**संजय वर्मा,** मनावर, धार

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भारत** और आसियान के बीच आर्थिक, सामाजिक, डिजिटल, वित्तीय और समुद्री हर प्रकार के संपर्क को बढ़ाना हमारे लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है।

**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



**यह** चौंकाने वाली बात है कि राजग को महागठबंधन से केवल 12,270 वोट अधिक मिले और फिर भी वह 15 और सीटें जीतने में सफल रहा। कई विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम 900 डाक मतपत्रों को रद्द कर किया गया।

**तेजस्वी यादव**
**राजद नेता**



**हमें** इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए कि कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण ही महागठबंधन की सरकार नहीं बन पाई और ऐसे में हमारी पार्टी को आत्मचिंतन करना चाहिए कि चूक कहां हुई।

**तारिक अनवर**
**कांग्रेस, महासचिव**

# बनारस में धनतेरस पर करोड़ों की ज्वेलरी वाहन, टीवी तथा स्टील के बर्तन बिके

● देर रात तक होती रही खरीदारी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**धनतेरस** के पावन पर्व पर ज्वेलरी, बाइक, स्टील के बर्तन, टीवी के शोरूम, गणेश-लक्ष्मी, माला-फूल आदि की दुकानों पर गुरूवार को भारी भीड़ देखी गई। दुकानदारों के मुताबिक करीब पचास करोड़ के व्यवसाय का अनुमान बताया गया है। हरेकृष्ण ज्वेलर्स के अधिष्ठाता संतोष अग्रवाल ने बताया कि धनतेरस के दिन केवल ज्वेलरी की दुकानों से 20 करोड़ ज्वेलरी बेचने का अनुमान है। इसके अलावा बाइक, कार, स्टील, पीतल,जहाजी बर्तन सहित अन्य चांदी-सोने के भगवान के बर्तन बिके इस दौरान गुरूवार को सुबह से ही सड़कों पर भारी भीड़ देखी गई। जिससे सड़क जाम हो जा रहे थे। सभी थानों के फोर्स अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क जाम छुटवाने में लगे हुए थे। बनारस के व्यापारियों के मुताबिक ज्वेलरी, बाइक-कार, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित बर्तन व कपड़ों के शोरूम में करोड़ों के व्यापार हुए। धनतेरस पर देर रात सड़कों पर सामान-बर्तन खरीदते देखे गये।

## बच्चों के निमोनिया के खिलाफ लड़ाई में सहयोग देने के अपने संकल्प को मजबूत किया

**वाराणसी।** रॉयल फिलिप्स विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर भारत के बच्चों में निमोनिया के निदान व रोकथाम में मदद करने के अपने प्रयास मजबूत कर रहा है। फिलिप्स के सीएसआर अभियानए ष्हर सांस में जिंदगी के तहत भारत में पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया के मामलों को रोकने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। ये प्रयास जागरुकता व ऑन.ग्राउंड एक्टिवेशन पर केंद्रित हैं। कंपनी नॉन.प्रॉफिट संगठनए ष्सेव द चिल्ड्रनष् के साथ दो वर्षीय पायलट प्रोजेक्टए ष्विश्वास ;उम्मीद की किरणद्धष् पर काम कर रही है। इसका उद्देश्य सामाजिक एवं व्यवहारात्मक परिवर्तनए संचार व बच्चों में निमोनिया के मामलों के नियंत्रण के लिए किफायती व अभिनव दृष्टिकोण प्रदान करना है। निमोनिया प्रभावितों के बीच इस बीमारी की कम जागरुकता तथा सामुदायिक व जन स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्तायुक्त इलाज की उपलब्धता कम होने के चलते सीमांत समुदायों के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। प्रथम उपचार करने वालों को यह जानना आवश्यक है कि इसके सबसे आम लक्षण खांसीए सांस लेने में तकलीफ और बुखार हैं।

# समूचे भूमंडल में भारत वर्ष सबसे सर्वश्रेष्ठः प्रो. ईश्वरशरण

● पांच सौ वर्षों बाद गुलामी से हुए मुक्तः डॉ. उदय प्रताप

● हिन्दुस्तानी एकेडेमी के तत्वावधान में त्रैमासिक पत्रिका का हुआ लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज




**हिन्दुस्तानी** एकेडेमी के तत्वावधान में गुरुवार को एकेडेमी द्वारा प्रकाशित हिन्दुस्तानी त्रैमासिक पत्रिका के लोकनायक श्रीराम विशेषांक का लोकार्पण समारोह का आयोजन गाँधी सभागार में किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत हिन्दुस्तानी एकेडेमी के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह ने किया। अध्यक्षता कर रहे डॉ उदय प्रताप प्रताप सिंह ने कहा कि लगभग पाँच सौ वर्षों बाद मानसिक गुलामी से हम मुक्त हुए हैं। चार से पांच सौ वर्षों में 76 बार संघर्ष हुआ। तब श्रीराम मुक्त हुए। अयोध्या का एक सम्मानजनक हल निकला। ऐसे क्षणों को साहित्यकार लिपिबद्ध करें। यह साहित्यकारों का कर्तव्य है। हिन्दुस्तानी पत्रिका के लोकनायक श्रीराम विशेषांक का प्रकाशन एकेडेमी द्वारा किया गया है। मुख्य अतिथि प्रो ईश्वर शरण विश्वकर्मा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज ने कहा कि राम आज भी प्रासंगिक हैं और आने वाले समय के लिये भी प्रासंगिक हैं। पाँच सौ वर्षों के समय में ऐसा कभी नहीं हुआ था जो आज अयोध्या में हो रहा है। सत्य स्थापित हुआ और अब राम की सत्यता के बारे में कोई प्रश्न करने वाला नहीं है। पूरे भूमण्डल में भारत वर्ष सर्वश्रेष्ठ है। सारे मानव कल्याण के कार्य भारत वर्ष में किये जाते हैं। ऐसा कोई गाँव नहीं जहाँ पूजा न होती हो राम का नाम न लिया जाता हो। विशिष्ट अतिथि प्रो अनुराग यादव ने कहा कि राम शब्द जितना व्यापक सरल सरस दिखता है अगर हम उसकी गहराई में जाएं तो राम शब्द में जो गहराई दिखाई देती उसे हम विरासत में पाते हैं। लोकार्पण समारोह के मुख्य वक्ता प्रो निरंजन सहाय काशी विद्यापीठ वाराणसी ने लोकनायक श्रीराम और हिन्दी साहित्य पर बात करते हुए कहा कि बाल्मिकी जी के जो राम हैं वो देवता के रूप में चित्रित नहीं हैं। उन्हें मनुष्य के रूप में चित्रित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनम्रसेन सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन एकेडेमी के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो चंदा देवी रामनरेश तिवारी पिण्डीवासा मानेन्द्र प्रताप सिंह मार्तण्ड सिंह अजय मालवीय उमेश श्रीवास्तव कैलाश नाथ पाण्डेय डॉ सुनील विक्रम सिंह पियूष मिश्र आदि उपस्थित थे।

# सीएमओ ने स्कूलों में टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**नीति आयोग** के आदर्श ब्लॉक सेवापुरी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीबी सिंह ने ब्लॉक के पाँच प्राथमिक विद्यालयों मिल्कीपुर बरकी पूरेनन्दा सिखड़ी का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होने विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिती शिक्षा की गुणवत्ता भोजन की गुणवत्ता को जांच के अलावा सेवापुरी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफसफाईए शौचालय कचरा प्रबंधन आदि का निरीक्षण किया । उन्होने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उच्च स्तरीय शासनधिकारी को भेजी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त जनपद में संचालित विशेष टीकाकरण अभियान के तहत सेवापुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कैंटोनमेंट शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सेवापुरी पीएचसी में नीति आयोग द्वारा संतृप्त किए जाने वाले केपीआई (की पॉइंट इंडीकेटर) का गहन रूप से निरीक्षण किया गया ।

## जेपी सीमेन्ट ने ग्राहक सेवा को बिक्री व्यवस्था का बनाया मूलमंत्रः एसकेपी गुप्त

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में जेपी सीमेन्ट क्वालिटी बेहतरीन वितरण प्रणाली एवं अद्भुत ग्राहक सेवा के बल पर जबरदस्त तरीके से बिक्री बढ़ाने में कामयाब हुई है। गत कुछ महीनों में जेपी सीमेन्ट कई नये सीमेन्ट प्लान्ट से उत्पादन शुरू कर उत्तर प्रदेश के बाजारों में तेजी से पैठ बना रही है। उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज चुर्क और चुनार स्थित सीमेन्ट प्लान्टों में उच्च स्तर की क्लिंकर को ग्राइंड करके अन्तर्राष्ट्रीय मानकों पर विश्वस्तरीय क्वालिटी की सीमेन्ट का उत्पादन हो रहा है। जेपी सीमेन्ट के सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट एस के पी गुप्त ने बताया कि जेपी सीमेन्ट ने सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी एवं सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सेवा को अपनी बिक्री व्यवस्था का मूलमंत्र बनाया है। उत्तर प्रदेश के बाजारों में श्रेष्ठतम सीमेन्ट प्रदान करने के लिए जेपी सीमेन्ट मास्टर बिल्डर बुलन्द एवं बुनियाद ब्राण्ड के द्वारा लगातार आपूर्ति के लिए कटिबद्ध है। जेपी सीमेन्ट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता का श्रेय जेपी सीमेन्ट की सर्वोच्च क्वालिटी को दिया।

# धनतेरस पर कोविड-19 नियमों की उड़ीं धज्जियां, प्रशासन बेफिक्र

**उन्नाव।** धनतेरस पर कोरोना पालन को दरकिनार करके नगर के बाजारों में जमकर धनवर्षा हुई। सुबह से गुलजार हुए बाजारों में देररात तक लक्ष्मी मेहरबान रही। कई स्थानों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी तो पुलिस भी पूरे समय सुरक्षा के लिए तैनात रही। नगर में धनतेरस पर करोड़ों रुपयों का व्यापार हुआ। वाहनए इलेक्ट्रानिक्सए ज्वेलरीए बर्तन की दुकानों में सबसे अधिक भीड़ रही। महंगाई का असर बाजारों में देखने को मिला। इस बीच कोविड 19 नियमों की धज्जियाँ उड़ती रही तो प्रशासन बेफिक्र नजर आया।

नगर के सभी बाजारों में सुबह से प्रारंभ हुई रौनक दोपहर तक भीड़ में बदल गई और रात तक लोगों को सड़क पर निकलने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान प्रशासन को भी नगर में व्यवस्था बनाने के लिए परेशान होना पड़ा। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार धनतेरस पर लगभग एक करोड़ से अधिक की खरीदी का अनुमान है। सर्राफा बाजार में सुबह से शुरू हुई भीड़ देररात तक जारी रही। नगर के बड़े शोरूमों में लोगों ने परिवार सहित पहुंचकर खरीदी की तो ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग बड़ी संख्या में सोने चांदी के जेवर व अन्य सामग्री खरीदने पहुंचे। सर्राफा व्यवसाइयों के अनुसार इस बार पिछले वर्ष की तुलना में वयापार अच्छा नहीं रहा है। सर्राफा के अलावा नगर के दो वाहन शोरूमों में जमकर दोपहिया वाहन बिके। नगर के उन्नाव.हरदोई मार्ग आधा दर्जन दोपहिया के शोरूम हैं। जिनमें ग्राहकों की संख्या अधिक होने पर लोगों ने शोरूम से हटकर खुले मैदान तक में वाहन खड़े किए और टेण्ट लगाकर ग्राहकों को वाहन उपलब्ध कराए गए। कुछ मोटर्स के सेल्स मैनेजरो ने बताया कि शाम तक लगभग दो दर्जन वाहनों खरीदने लोग पहुंचे और देररात तक बुकिंग जारी थी। इलेक्ट्रानिक्स में सबसे अधिक डिमांड एलईडी व मोबाइल दुकानों में एंड्राइड फोन फ्रिज वाशिंग मशीन आदि की डिमांड अच्छी खासी रही। धनतेरस पर सबसे अधिक भीड़ बर्तन दुकानों में देखने को मिली। पर्व पर कुछ न कुछ खरीदने की परंपरा को देखते हुए हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। जिनमें सुबह से शुरू हुई बिक्री रात तक जारी रही।

### जाम से मुख्यमार्ग पर निकलना रहा दूभर

बाजार में भीड़ के कारण लोगों को इधर उधर गलियों से होकर जाना पड़ा। खरीद करने निकले लोग वाहन भी अपने साथ ही लेकर चले जिसपर किसी प्रकार की रोक.टोक नहीं रही। इसके अलावा ठेले मूर्तियां व अन्य सामग्री बेचने वालों के चलते भी नगर के कई मार्गो में जाम की स्थिति रही।

## नन्द किशोर ने एनसीआर के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का पदभार संभाला



**प्रयागराज।** रेल अधिकारी नन्द किशोर ने गुरुवार को उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर में मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रशासन के पद पर कार्यरत थे। नन्द किशोर आईआरपीएस 1987 बैच के अधिकारी हैं। नन्द किशोर उत्तर मध्य रेलवे में आने के पहले पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रशासन एवं पश्चिम रेलवे के रतलाम अजमेर कोटा बड़ोदरा एवं जयपुर मंडलों में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के रूप में भी कार्यरत रहे हैं। यह जानकारी पीआरओ अमित कुमार मालवीय ने दी है।

### कठिनाई और तनाव का सामना कर रहे लोग

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण काल के बाद पड़ने वाले राष्ट्रीय पर्व दीपावली के त्योहार पर लोगों तक खुशियां और मुस्कान पहुंचाने के प्रयास किया जा रहा है। वीडियो के साथ ही एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। जिसमें पूरे देश के लोगों को यह साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा कि वह अपने दोस्तों की दिवाली कैसे खुश करेंगे। इसके शुभारंभ पर निपुण मार्य ने कहा कि यह वर्ष सभी के लिए अविश्वसनीय रूप से कठिन रहा है। वीवो इंडिया ने दिलों को छू लेने वाले नए कैम्पेन स्माइल वाला दिया को शुरू किया है। यह कैम्पेन सूत्र वाक्य डिलाइट एवरी मोमेंट पर आधारित है और मौजूदा स्थिति की बारीकियों को दर्शा रहा है। वर्तमान वर्ष इतिहास के सबसे कठिन वर्षों में से एक रहा है और इसमें जिस कठिनाई और तनाव का सामना लोग कर रहे हैं। उसे कुछ कम करने के लिए इस कैंपेन के जरिए यह याद दिलाया गया है कि विपत्तियों के समय में केवल एक चीज जारी रख सकते हैं। वह है मुस्कान और खुशी फैलाना। कैंपेन के लिए बनाए गए वीडियो में दिखाया गया है कि इस समय चल रही चुनौतीपूर्ण व्यावसायिक परिस्थितियों में भी बच्चों के मन में दिवाली को लेकर उत्साह है और दिवाली के लिए बच्चों की उम्मीदों का दबाव उनके अभिभावकों पर कैसे पड़ता है।

### बीएचयू आयुर्वेद संकाय में संगोष्ठी आयोजित

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान संकाय के आयुर्वेद संकाय की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पेरीफेरल फार्माकोविजिलेंस सेंटर आयुर्वेद संकाय के तत्वाधान में फार्माकोविजिलेंस अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। विकृति विज्ञान विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर केएन द्विवेदी विभागाध्यक्ष द्रव्य गुण विभाग प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि फार्माकोविजिलेंस के संदर्भ में आयुर्वेद में क्या कहा गया है।इसके बाद वक्ता डॉ किरण गिरी एसोसिएट प्रोफेसर फार्मोकोलॉजी आईएमएसबीएचयू ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए फार्मको विजिलेंस अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन एस यूएनएच ड्रग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में हरिराम पांडे परियोजना परामर्शदाता विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र बीएचयू वाराणसी एवं आशीष टंडन चैतन्य योग सेवा संस्थान एवं प्रोफेसर सीएस पांडे सिद्धांत दर्शन विभाग प्रोफेसर डी एन एस गौतम रस शास्त्र विभाग और डॉ अनुराग पांडे विकृति विज्ञान विभाग ने कार्यक्रम को संबोधित किया। आगत अतिथियों का स्वागत डॉ रामानंद तिवारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विकृति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर पीएस ब्याडगी ने दिया ।

## अग्रवाल सैनिटरी वेयर्स का एक्सक्लूसिव शोरूम फातमान रोड पर उद्घाटित

**वाराणसी।** अग्रवाल सैनेटरी वेयर्स ने फातमान रोड,सिगरा पर गुरूवार को एक्सक्लूसिव शोरूम खोला है जिसका उद्घाटन बीजेपी पिंड्रा के विधायक डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने दीप-प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर विधायक डॉ. सिंह ने शोरूम के अधिष्ठाता संदीप अग्रवाल एवं सुमित अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि वाकही बनारस में यह सैनिटरी का एक्सक्लूसिव शोरूम खोला है जो अपने आप में सराहनीय है। दो मंजिलें पर अग्रवाल सैनिटरी वेयर्स की दुकान पूरे पूर्वांचल में एक विश्वसनीय प्रतिष्ठान रहे हैं। इसी विश्वसनीयता को आगे बढ़ाते हुए भव्य शो-रूम में जैगवार कम्पनी बाथरूम फिटिंग का पूरा सामान उपलब्ध है। यहाँ पर ग्राहकों को आकर्षक डिजाइन में एक से बढ़कर एक कलेक्शन उपलब्ध है एवं 20 से अधिक प्रसिद्ध कम्पनियों की टाइल्स बेहतरीन डिजाइन एवं यूनिक कलर कम्बीनेशन में लाया गया है। श्री अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि यहॉ पर ग्राहकों को एक छत के नीचे अपने आशियाने को और भी खूबसुरत बनाने के लिए सारा विकल्प है। इस अवसर पर सभी उपस्थित गणमान्य लोगों का स्वागत व अभिनंदन सुमित अग्रवाल ने किया।

# गायब सेवा पुस्तिका मामले की बीएसए ने ली सुध

● बीईओ सुमेरपुर को अल्टीमेटम, जांच आख्या लंबित रखने पर खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय से जवाब-तलब किया

**पाटन।** शिक्षकों की गायब सेवा पुस्तिकाओं के मामले में विभागीय स्तर पर जल्द ही बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। करीब एक माह से ठंडे बस्ते में पड़े मामले को बीएसए ने पुनः संज्ञान लिया है। बीएसए ने संबंधित बीईओ को एक बार फिर नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। इसके साथ ही विभागीय आदेशों की अवहेलना करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तय समयावधि में कार्यवाही कराने का अल्टीमेटम भी दिया है। बीएसए का पत्र मिलने के बाद बीआरसी कार्यालय में एक बार फिर खलभली मच गई है।

ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर से गायब करीब दो दर्जन शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाओं का अभी पता नहीं चल सका है। शिक्षकों की शिकायत पर बीएसए ने पूर्व में प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए पूर्व में तत्कालीन सह समन्वयक गंगा कृष्ण के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने के निर्देश तो दिए थे। किंतु बीईओ ने विभागीय निर्देशों को नजरअंदाज कर दिया था। इस नाफरमानी के बाद बीएसए स्तर से उसी समय नोटिस जारी कर बीईओ को अल्टीमेटम दिया गया था। किंतु बाद में उन्ही की सिफारिश पर मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय को सौंपते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। और अब करीब एक माह बाद पुनः बीईओ व जांच अधिकारी; खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय द्ध से जवाब तलब करते हुए चेतावनी दी है। इस बाबत बीएसए प्रदीप कुमार पांडेय का कहना था कि कार्यवाही हेतु बीईओ को आदेश दिए गए थे किंतु उनके द्वारा विभागीय आदेशों की अवहेलना की गई। इससे उनकी भी संलिप्तता परिलक्षित होती है। कार्यवाही कराने हेतु पुनः पत्र जारी कर अल्टीमेटम दिया गया है। वहीं जांच आख्या इतनी समयाावधि तक लंबित क्यों रखी गई इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय से भी जवाब तलब किया गया है।

### शिक्षक बोले उगाही की मंशा से गायब की गई सेवा पुस्तिकाएं

**पाटन।** शिक्षकों द्वारा पूरे मामले में बीईओ की संलिप्तता बताई जा रही है। गायब सेवा पुस्तिकाओं की फेहरिस्त में कई ऐसे शिक्षकों के नाम भी शामिल हैं जिनका एरियर व चयन वेतनमान अटका है। उनकी मानें तो सेवा पुस्तिकाएं बीईओ स्तर से जानबूझकर गायब कर दी गई हैं। ताकि एरियर व चयन वेतनमान के बाबत उनसे उगाही की जा सके। आरोप यह भी है कि एक तथाकथित शिक्षक नेता के जरिए इसका प्रयास भी किया गया।

## विश्व निमोनिया दिवसः नली में संक्रमण के चलते भर्ती हुए लाखों बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**विश्व निमोनिया** दिवस के अवसर पर देश भर के बच्चों में निमोनिया के निदान और रोकथाम के लिए प्रयास और मजबूत किये जा रहे हैं। अप्रैल 19 से मार्च 20 के बीच देश में निमोनिया के पांच लाख चौदह सात सौ चौदह मामले दर्ज हुए। स्वास्थ्य केंद्रों में चौदह लाख पैंतालीस हजार पांच सौ सत्तासी बच्चे सांस की नली के संक्रमण के चलते भर्ती हुए। बच्चों के लिए निमोनिया के खिलाफ लड़ाई में सहयोग देने के संकल्प को हेल्थ तकनीक में फिलिप्स ने मजबूत किया है। सीएसआर अभियान हर सांस में जिंदगी के तहत भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया के मामलों को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन सेव द चिल्ड्रन के साथ दो वर्षीय पायलट प्रोजेक्ट विश्वास उम्मीद की किरण पर काम कर रही है। उद्देश्य सामाजिक एवं व्यवहारात्मक परिवर्तन संचार और बच्चों में निमोनिया के मामलों के नियंत्रण के लिये अभिनव दृष्टिकोण देना है। देश में निमोनिया पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत का एक मुख्य कारण है। परिवार एवं प्रथम प्रभावितों के बीच बीमारी की कम जागरुकता तथा सामुदायिक और जन स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्तायुक्त इलाज की उपलब्धता कम होने के चलते सीमांत समुदायों के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। जानना आवश्यक है कि इसके सबसे आम लक्षण खांसी सांस लेने में तकलीफऔर बुखार है। बीमारी के खतरे से बचने के लिए यह आवश्यक है कि बच्चों के निमोनिया के बारे में जानकारी की कमी को दूर किया जाए। आम तौर पर निमोनिया से पीड़ित बच्चों की सांस तेज चलने लगती है।

# पूर्व एमएलसी डॉ. प्रमोद मिश्र सहित छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**विधान परिषद** चुनाव के लिए वाराणसी शिक्षक निर्वाचन की सीट से श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर काजेल के प्रवक्ता एवं पूर्व एमएलसी डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र सहित छह लोगों ने गुरूवार को नामांकन किया। वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन सीट से पूर्व एमएलसी एवं ओमप्रकाश गुट के डा. प्रमोद कुमार मिश्र के अलावा हर चुनाव में किस्मत आजमाने वाले नरेन्द्र नाथ दूबे अडिग सहित छह लोगों ने कमिश्नरी में अपना नामांकन दाखिल किया। पूर्व एमएलसी डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र के नामांकन चार सेटों में किया। इनके 40 प्रस्तावक रहे। प्रस्तावकों में सुरेश कुमार त्रिपाठी(शिक्षक विधायक), संजय कौशिक, गिरिजेश तिवारी, सर्फुद्दीन, मायाशंकर यादव सहित चालीस लोगों रहे। नामांकन जुलूस जेपी मेहता इंटर कालेज से भारी संख्या में शिक्षकों ने कमिश्नरी पहुँचकर पूर्व एमएलसी डॉ. प्रमोद मिश्र का नामांकन किया। जुलूस में शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी, आनंद कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, धर्मनाथ सिंह, दयाशंकर मौर्य, शक्तिभूषण सिंह, मणिशंकर मिश्र, नारायण उपाध्याय, डॉ. रमाकांत मिश्र, रविन्द्र पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी सहित हजारों शिक्षक उपस्थित रहे। नामांकन की आज अंतिम तारीख होने के कारण सुबह 11 बजे से ही कमिश्नरी स्थित नामांकन कक्ष में प्रत्याशियों की भीड़ जुटी रही। नामांकन कक्ष में एआरओ डीएम कौशल राज शर्मा स्वयं मौजूद रहे। नामांकन पत्रों की 13 को है। पर्चा वापसी 17 नवम्बर को निर्धारित है। स्नातक कोटे की सीट से कांग्रेस से नागेश्वर सिंहए निर्दल जयचंद्र गौतमए सपा से आशुतोष सिन्हाए निर्दल संतोष कुमार तिवारी शामिल रहे।

### नामांकन पत्रों की जांच 13 को

नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नामांकन पत्रों की जांच 13 नवम्बर को होगा। नाम वापसी 17 नवम्बर को निर्धारित है। एक दिसंबर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वोटों की गिनती तीन दिसम्बर को निर्धारित है।

# युवा पत्रकार का संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

● आकस्मिक मौत से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर



**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र में युवा पत्रकार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या मानकर जांच कर रही है। घटना से परिजनो में कोहराम मचा है। वहीं इस अविश्वसनीय घटना से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अचलगंज के ग्राम खुटहा निवासी सूरज उर्फ आनन्द पाण्डेय (22) पुत्र सुशील कुमार पाण्डेय वर्तमान समय अपने परिवार के साथ शहर के मोहल्ला एबी नगर कालेज रोड में निवास कर रहे थे। सूरज उर्फआनन्द पाण्डेय कम समय में ही पत्रकारिता जगत में अपनी अच्छी पहचान बना चुके थे और युवा से लेकर वरिष्ठ पत्रकारो तक के चहेते बन गये थे। आज उनका शव दोपहर बाद मैनीखेड़ा करोवन रेलवे क्रासिंग के पास क्षत विक्षत दशा में मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर परीक्षण के लिए भेजा। वहीं इस घटना की जानकारी होते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। लोग अचानक हुई इस घटना पर एकबारगी विश्वास ही नहीं कर सके और पोस्टमार्टम हाउस में पत्रकारो का मजमा लग गया। सूचना पर भाजपा नेता अरुण दीक्षित ने भी पीएम हाउस पहुंच दुःख व्यक्त किया। लोगों में घटना को लेकर तरह.तरह की चर्चाएं बनी हैं। साथी पत्रकारों का कहना है कि सूरज एक खुशमिजाज जिंदादिल युवक था, हमेशा लोगों की मदद करता था। वह इतना बड़ा कदम कैसे उठा सकता है। कहीं वह किसी की साजिश का शिकार तो नहीं हो गया। घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मृतक अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। घटना से माता-पिता व दो अविवाहित बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवक को शराबी ने जमकर पीटा

**सफीपुर उन्नाव।** प्राइवेट अस्पताल में नौकरी करने वाले युवक को मोहल्ले के ही एक शराब के नशे में धुत आरोपी ने जमकर मारा पीटा व जाति सूचक गालियां दी वही उसे बचाने आए व्यक्ति को भी दौड़ा कर घर मे घुस जमकर मारा पीटा। सूचना पर पहुंचे लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुचाया जहा से एक की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल हरिकेश राय ने बताया कि पिता पुत्र व अन्य के विरुद्ध मारपीट व जाति सूचक शब्दो के आरोप रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को सौपी तहरीर में पीड़ित ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के सरायअखूतयार पुर निवासी अरविन्द पुत्र प्यारे लाल क़स्बे के सलीन्द मार्ग सरायसुबेदार पूरब खेड़ा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में नौकरी करता है। बुधवार देर शाम वह अस्पताल के सामने खड़ा था कि मोहल्ले के ही निवासी प्रतीक बाजपेई पुत्र अवधेश बाजपेई नशे की हालत में अपने साथियों के साथ आ गया व पूर्व की भांति गाली गलौज करने लगा जब अस्पताल में मरीजों का हवाला देकर उसे मना किया तो प्रतीक ने जाति से सम्बोधित कर विवाद पर उतर आया और साथियों के साथ मारना पीटना शुरू कर दिया। ठीक सामने रहने वाले अनुराग तिवारी पुत्र छोटेलाल तिवारी निकल आए और अरविन्द को बचाने का प्रयास किया तो प्रतीक ने साथियों के साथ अनुराग के घर मे घुस जमकर मारा पीटा व तांडव किया। पुलिस ने घायल अरविन्द व अनुराग को अस्पताल पहुचाया जहा अरविन्द को जिला अस्पताल रेफर कर अनुराग का इलाज किया जा रहा है ।कोतवाल हरिकेश राय ने बताया कि अरविन्द की तहरीर पर प्रतीक बाजपेई उसके पिता अवधेश व अन्य दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## याद किए गए महान समाज सुधारक शिक्षाविद महामना मालवीय

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**काशी हिन्दू** विश्वविद्यालय के संस्थापक महान शिक्षाविद समाजसुधारक एवं स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना भवन परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण का शुभारंभ विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव डॉ श्याम बाबू पटेल ने किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ बाला लखेंद्र चिकित्सा संस्थान के परशुराम सिंह आरक्षाधिकारी कार्यालय के महेंद्र कुमार सहित अनेक शिक्षक और कर्मचारियों ने पौधा लगाकर महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के प्रति अपनी कृतज्ञता निवेदित की । मुख्य अतिथि संयुक्त सचिव डॉ श्याम बाबू पटेल ने कहा कि भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एक महान शिक्षाविद थे और उन्होंने एक स्वप्न दृष्टा के रूप में सर्व विद्या की राजधानी काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा जगत में अप्रतिम योगदान दिया है। उनके हम सब उनके ऋणी हैं। समारोह की अध्यक्षता कार्यक्रम समन्वयक डॉ बाला लखेंद्र ने किया। ईस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में भी प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्रावास के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# पूर्वी लद्दाख में चीन-भारत सीमा गतिरोध के जल्द शांतिपूर्वक हल होने की उम्मीदः आईटीबीपी प्रमुख

**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के प्रमुख एस एस देसवाल ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा गतिरोध के जल्दी ही शांतिपूर्ण तरीके से हल होने की उम्मीद है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास बुनियादी ढांचे को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। बल के महानिदेशक देसवाल ने कहा कि उनके जवानों को सर्दियों के लिए विशेष कपड़े और पौष्टिक भोजन मुहैया कराए गए हैं क्योंकि उन्हें पूर्वी लद्दाख में अत्यंत प्रतिकूल मौसम का सामना करना होता है। उस क्षेत्र में भारत और चीन की सेनाएं पिछले करीब छह महीने से आमने-सामने हैं।

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ मौजूदा सैन्य गतिरोध के बारे में सवाल किए जाने पर देसवाल ने कहा, द्विपक्षीय संबंधों में तनाव पहले से ही स्पष्ट है हमें भरोसा है कि ए बहुत जल्द शांतिपूर्ण तरीके से सुलझ जाएंगे। बुधवार को कहा था कि भारत और चीन तनाव वाले सभी प्रमुख स्थानों से समयबद्ध तरीके से सैनिकों और हथियारों की वापसी के लिए तीन-चरणों वाली प्रक्रिया पर सहमत हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा दुनिया की सबसे उंची अंतरराष्ट्रीय सीमा है। यह हर स्थान पर करीब 10-11 हजार फुट की उंचाई पर है। हमारे सभी जवान उस उंचाई पर तैनात हैं। ऑक्सीजन कम है, सर्दियों में तापमान शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाता है।

ये सभी कठिनाइयां उस क्षेत्र में इंसानों के अस्तित्व के लिए मुश्किलें पैदा कर देती हैं और उसके बाद सीमा पर गश्त करना भी उतना ही कठिन है। आईटीबीपी के जवानों का प्रशिक्षण लंबा है और हम सभी प्रकार के कौशल विकसित करते हैं तथा प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देते हैं ताकि वे प्रतिकूल वातावरण में भी टिके रह सकें। देसवाल ने कहा, अपने जवानों की सुरक्षा के लिए हमने विशेष गर्म कपड़े मुहैया कराए हैं। हमने ठंड से बचे रहने के लिए उच्च पोषण और उच्च कैलोरी वाले भोजन पर जोर दिया है। ये उस सीमा पर कामकाजी स्थिति है और बिना सीमांकन वाली सीमा पर तैनाती के दौरान जवान को हमेशा सतर्क रहना होता है। गश्त से सीमा की सुरक्षा की जाती है और आईटीबीपी के जवान लंबी गश्त करते हैं जो 30 दिनों तक की होती है। आईटीबीपी में 90,000 कर्मी हैं और यह पहाड़ी क्षेत्र में युद्ध के लिए प्रशिक्षित बल है। आईटीबीपी प्रमुख ने लद्दाख मोर्चे के अपने हालिया दौरे के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने 8-9 दिन बिताए तथा मई और जून में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष के दौरान वीरता दिखाने के लिए अपने 291 कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, कठिन कामकाजी स्थितियां होने के बावजूद हमारे सैनिकों का मनोबल काफी उंचा है। कठिन समय और कठिन परिस्थितियों में अपने जवानों से मिलना मेरी जिम्मेदारी है। जब चीजें ठीक हों तो संभव है कि मैं उनसे मिलने नहीं जाऊं लेकिन जब वे कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हों तो उन तक पहुंचना मेरी जिम्मेदारी है। सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में देसवाल ने कहा कि नई सीमा चौकियां बनाने और उन्हें हर मौसम में चालू रहने वाली सड़कों के साथ जोड़ने का काम तेज गति से चल रहा है। लगभग 75 प्रतिशत आईटीबीपी सीमा चौकियों को सड़कों से जोड़ दिया गया है। वर्ष 1962 के चीनी आक्रमण के बाद इस बल की स्थापना की गई थी और लद्दाख से लेकर भारत के पूर्वी हिस्से में अरुणाचल प्रदेश तक फैली हुई 3,488 किमी लंबी एलएसी पर इसकी करीब 180 चौकियां हैं।



भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आत्म निर्भर भारत का रोड मैप लांच करते हुए।

## कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण नहीं बनी महागठबंधन की सरकार आत्मचिंतन की जरूरत : तारिक अनवर

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 19 सीटों पर सिमट जाने के बाद पार्टी महासचिव तारिक अनवर ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए कि कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण ही महागठबंधन की सरकार नहीं बन पाई और ऐसे में उनकी पार्टी को आत्मचिंतन करना चाहिए कि उससे चूक कहां हुई। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में एआईएमआईएम का प्रवेश शुभ संकेत नहीं है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने सीमांचल क्षेत्र की पांच सीटें जीती हैं। कटिहार से कई बार लोकसभा सदस्य रह चुके अनवर ने ट्वीट किया, भले ही भाजपा गठबंधन एन केन प्रकारेण चुनाव जीत गया, परन्तु सही में देखा जाए तो बिहार चुनाव हार गया। इस बार बिहार परिवर्तन चाहता था।15 वर्षों की निकम्मी सरकार से छुटकारा और बदहाली से निजात चाहता था।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया, हमें सच को स्वीकार करना चाहिए। कांग्रेस के कमज़ोर प्रदर्शन के कारण महागठबंधन की सरकार से बिहार महरूम रह गया। कांग्रेस को इस विषय पर आत्म चिंतन ज़रूर करना चाहिए कि उस से कहां चूक हुई ?

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, भाजपा की मेहरबानी रही तो नीतीश जी इस बार अंतिम रूप से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। देखते हैं कि बकरे की मां कब तक खैर मनाएगी। बिहार विधानसभा चुनाव में राजग 125 सीटें हासिल करके एक बार फिर से सरकार बनाने जा रहा है। राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन को 110 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। इस गठबंधन में 70 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को सिर्फ 19 सीटों पर जीत मिली।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता का शव मिला

**कोंटाई (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भाजपा के एक कार्यकर्ता का शव मिलने से इलाके में तनाव फैल गया। भाजपा ने आरोप लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने उसकी हत्या की है। राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी ने आरोपों को झूठे और निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि गोकुल जना का शव बुधवार रात जिले के इटाबेदिया इलाके से मिला और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। भाजपा की राज्य इकाई ने ट्वीट किया, कांति भगवानपुर से भाजपा के बूथ कार्यकर्ता गोकुल जना की टीएमसी के गुंडों ने हत्या कर दी। किसलिए? उन्होंने टीएमसी की एक पंचायत सदस्य के कोरोना वायरस से संक्रमित पति से पृथक वास में रहने का अनुरोध किया थाउ पार्टी ने ट्वीट किया, बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी के राज में क्या इस तरह लोकतंत्र जीवित रह सकता है? भाजपा नेता सायंतन बसु ने दावा किया कि जना की मौत राजनीतिक रंजिश के चलते हुई। उन्होंने स्थानीय पुलिस पर मामले पर पर्दा डालकर हत्यारों को बचाने का आरोप लगाया। टीएमसी ने भाजपा के आरोपों को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए कहा कि उसके किसी भी कार्यकर्ता का जना की मौत से कोई संबंध नहीं है। जिले के एक नेता ने कहा, हम उसकी मौत के मामले की अच्छी तरह जांच की मांग करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लाशों पर राजनीति कर रही है।

## बंगाल भाजपा प्रमुख दिलीप घोष को काले झंडे दिखाए गए, काफिले पर पथराव

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के अलीपुरद्वार जिले के जयगांव क्षेत्र में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष के काफिले पर पत्थर फेंके गए और काले झंडे दिखाए गए, जहां वह पार्टी के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने गए थे। यह जानकारी पुलिस ने दी। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) के कई कार्यकर्ताओं को घोष के खिलाफ नारे लगाते हुए देखा गया, जो उन्हें वहां से चले जाने को कह रहे थे।

भाजपा के सूत्रों ने कहा कि हमले में घोष का वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस अधिकारियों के एक दल ने प्रदर्शनकारियों और भाजपा समर्थकों को तितर-बितर करने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। घोष ने बाद में संवाददाताओं से कहा, तृणमूल कांग्रेस और उनके सहयोगी हताश हो रहे हैं, क्योंकि वे आगामी विधानसभा चुनावों में हार महसूस कर सकते हैं। हालांकि, इस तरह की रणनीति काम नहीं करेगी। लोग हमारे साथ हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि इस तरह की घटना से पता चलता है कि बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा, ऐसे हथकंडे नहीं चलेंगे क्योंकि लोग हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा, चाय पे चर्चा सत्र के बाद हम एक और कार्यक्रम के लिए जा रहे थे, तभी हमारे काफिले पर पथराव किया गया। काले झंडे दिखाए गए। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ दल और उसके सहयोगियों के ऐसे हमले साबित करते हैं कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हो गई है। लोकतंत्र में ऐसी चीजें नहीं होती हैं।

जिला तृणमूल कांग्रेस प्रमुख सौरव चक्रवर्ती ने हालांकि कहा कि घोष उत्तर बंगाल में गड़बड़ी फैलाने की कोशिश कर रहे थे और उनकी पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता इस घटना में शामिल नहीं था। बिमल गुरुंग के नेतृत्व वाले जीजेएम ने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के साथ हाथ मिलाया है जबकि गोरखा संगठन का बिनय तमांग गुट हमेशा से सत्ताधारी पार्टी का सहयोगी रहा है।

## क्विक न्यूज

### अटॉर्नी जनरल वेणुगोपाल ने कुणाल कामरा के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने पर सहमति दी

**नई दिल्ली।** अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने हास्य कलाकार कुणाल कामरा के ट्वीट के लिए उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की सहमति दे दी है जिसमें उच्चतम न्यायालय की कथित आलोचना की गई है। कामरा के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए याचिकाकर्ताओं ने शीर्ष विधि अधिकारी से सहमति मांगी थी। वेणुगोपाल ने एक याचिकाकर्ता को अपने पत्र में लिखा है कि ए ट्वीट ना केवल बहुत आपत्तिजनक है बल्कि हास्यबोध और अदालत की अवमानना के बीच की रेखा को भी साफ तौर पर पार करते है। इसलिए मै कुणाल कामरा के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू करने पर अपनी सहमति दे रहा हूं। कामरा के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए अटॉर्नी जनरल की सहमति का अनुरोध करते हुए एक पत्र में तीन वकीलों ने दावा किया था कि रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी को शीर्ष अदालत द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने के बाद कामरा ने अपने ट्वीट के जरिए उच्चतम न्यायालय की गरिमा को कम करने का प्रयास किया।

### अरुणाचल में पंचायत, नगर निकाय चुनाव 22 दिसंबर को

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में करीब दो साल से ज्यादा समय के विलंब के बाद पंचायत और नगर निकायों का चुनाव एक साथ 22 दिसंबर को आयोजित होगा। चुनाव अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।राज्य चुनाव आयुक्त एच कोजीन ने यहां संवाददातओं को बताया कि राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली को द्वि-स्तरीय प्रणाली में बदले जाने और नगर परिषदों के नगर निगमों में बदले जाने के कानूनों और नियमों में संशोधन की वजह से चुनाव के आयोजन में विलंब हुआ। उन्होंने बताया कि इस साल अप्रैल-मई में चुनाव के आयोजन के लिए सब कुछ तय था लेकिन कोविड-19 महामारी की वजह से फिर से इसमें विलंब हो गया। चुनाव अधिकारी 24 नवंबर को चुनाव के संबंध में नोटिस जारी करेंगे और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख दो दिसंबर है। दस्तावेजों की जांच चार दिसंबर को होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख सात दिसंबर है। वही मतो की गिनती 26 दिसंबर को और पूरी प्रक्रिया 31 दिसंबर तक संपन्न हो जाएगी। चुनाव अधिकारियों, उम्मीदवारों और राजनीतिक पार्टियों के लिए कोविड-19 के दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे।

### गांजा से भरी टेनिस बॉल जेल में फेंकने की कोशिश में तीन गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले की कलंबा जेल में बंद अपने एक सहयोगी तक गांजा पहुंचाने के लिए टेनिस की गेंदो में मादक द्रव्य भरकर उन्हें जेल परिसर में फेंकने की कथित योजना बना रहे तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को गश्त के दौरान कुछ पुलिस कांस्टेबल ने कलंबा जेल की दीवार के नजदीक तीन लोगों को टहलते हुए पाया। उनके हाथों में तीन टेनिस बॉल थी। कोल्हापुर के जूना राजवाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, जांच करने पर उन लोगों ने पुलिसकर्मियो को बताया कि वे पुणे के रहने वाले है। पुलिस को संवेदनशील और निषिद्ध क्षेत्र में इनकी मौजूदगी पर शक हुआ। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इन लोगो के पास से टेनिस की तीन गेंद बरामद की और उन्हे काटने पर भीतर गांजा भरा मिला। अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियो पर मादक पदार्थ से जुड़े कानून की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया है। जेल प्रशासन को यह जांच करने के लिए कहा गया कि आरोपियो ने कही जेल के भीतर कुछ पहुंचा तो नही दिया है। उन्होने बताया कि जांच के दौरान जेल प्रशासन को एक मोबाइल फोन मिला। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि यह मोबाइल फोन किसका है।

### मोदी के कदमों के कारण मंदी में चला गया देशः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट संबंधी अनुमान को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उठाए गए कदमों के कारण देश पहली बार मंदी मे चला गया है। उन्होंने एक खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया, भारत इतिहास मे पहली बार मंदी मे चला गया है। मोदी जी की ओर से उठाए गए कदमों से भारत की ताकत उसकी कमजोरी बन गई। कांग्रेस नेता ने जो खबर साझा की उसके मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) जीडीपी मे 8.6 फीसदी सिकुड़ जाएगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ता पर हमला के आरोप में मामला दर्ज

**हैदराबाद।** हैदराबाद में अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के एक विधायक और अन्य के खिलाफ कांग्रेस के एक पदाधिकारी को अपशब्द कहने और हमला करने के आरोप मे मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दर्ज की गई शिकायत के आधार पर बताया कि 38 वर्षीय एक स्थानीय कांग्रेस नेता ने नामपल्ली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले एआईएमआईएम विधायक जाफर हुसैन मेराज और कुछ अन्य लोगों पर बुधवार को खुद पर हमला करने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने का आरोप लगाया।



भारतीय नौसेना ने स्कॉर्पीन श्रेणी की 5वीं पनडुब्बी वजीर का दक्षिण मुंबई स्थित मझगांव गोदी में जलावतरण किया, जो दुश्मन के रडार से बचने और आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस है

## सरकार के साथ सहमति बनी गुर्जरों का आंदोलन समाप्त

**जयपुर।** सरकार के साथ सहमति बनने के बाद गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति ने बयाना में जारी अपना 11 दिन पुराना आंदोलन बृहस्पतिवार सुबह समाप्त कर दिया। दिल्ली- मुंबई रेल लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है और कई जिलों में बंद पड़ी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी चालू हो गई हैं। आरक्षण सहित कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रही गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को यहां मंत्रिमंडलीय उप समिति के साथ बैठक हुई जिसमें छह बिंदुओं पर सहमति बनी थी। रेलवे ट्रैक पर बैठे गुर्जर समाज के लोग बृहस्पतिवार को अपने घरों को लौट गए। भरतपुर सहित कई जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। गुर्जर नेता विजय बैंसला ने कहा, सरकार के साथ हमारा समझौता हुआ। हम रेल ट्रैक खाली कर रहे हैं। रेल सेवा शीघ्र ही बहाल हो जाएगी।

उत्तर- पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि गुर्जर आंदोलन समाप्त हो जाने के कारण प्रभावित रेल संचालन बहाल कर दिया गया है और जो रेलगाड़ियां बदले हुए मार्ग पर चल रही थीं उन्हें उनके मूल मार्ग पर चलाया जाएगा। आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलनकारी बयाना के पीलूपुरा के पास दिल्ली- मुंबई रेल मार्ग पर पटरियों पर बैठे थे। इस बार आंदोलन एक नवंबर से 11 नवंबर तक चला।

मंत्रिमंडलीय उप समिति के तीन सदस्य और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बीच कई घंटे की चर्चा के बाद छह बिंदुओं पर सहमति बनी और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के बाद ऊर्जा मंत्री बी डी कल्ला ने बताया कि कई साल पहले गुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान तीन मृतकों कैलाश गुर्जर, मान सिंह गुर्जर और प्रदीप गुर्जर के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से पांच-पांच लाख रूपए की सहायता राशि तथा संबंधित परिवार के आश्रितों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

## उल्फा (आई) के शीर्ष उग्रवादी के आत्मसमर्पण से मेघालय में उग्रवाद का अंतः डीजीपी

**शिलांग।** मेघालय के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर चंद्रनाथन ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रतिबंधित उल्फा (इंडिपेंट) संगठन के दूसरे शीर्ष कमांडर दृष्टि राजखोवा के आत्मसमर्पण के साथ राज्य में उग्रवाद का अंत हो गया है। उल्फा (आई) के स्वयंभू कमांडर-इन-चीफ परेश बरुआ के करीबी राजखोवा ने बुधवार को दक्षिण गारो हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के समीप सेना के समक्ष चार अन्य उग्रवादियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। वह गारो हिल्स क्षेत्र में सक्रिय था और उसने कई अन्य विद्रोही संगठनों को सहायता प्रदान की थी। डीजीपी ने कहा, राजखोवा के आत्मसमर्पण से मेघालय, खासकर अशांत गारो हिल्स क्षेत्र, में दो दशक से चल रहे सशस्त्र संघर्ष का अंत हो गया है। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा, उस पर काफी दबाव था...। हथियार छोड़ने के अलावा उसके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था।

## महिला पार्षदों के साथ हाथापाई के बाद विवादों में घिरे भाजपा विधायक

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में भाजपा विधायक सिद्दू सावड़ी एक वीडियो के वायरल होने के बाद विवादों में घिर गए हैं, जिसमें वह महालिंगपुर टाउन नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहीं महिला पार्षदों के साथ कथित रूप से हाथापाई करते दिख रहे हैं। राज्य की कांग्रेस इकाई ने अपने ट्वीटर हैंडल पर घटना का वीडियो डाला है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना नौ नवंबर को बागलकोट जिले में हुई जिसमें तेराडाल सीट से विधायक सवाड़ी ने कथित रूप से भाजपा पार्षदों सविता हुंकडली, गोदावरी और चांदनी नाइक के साथ हाथापाई की। ये महिलाएं कांग्रेस से जुड़ी हुई हैं। भाजपा ने इन पार्षदों को टिकट देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद इन्होंने कांग्रेस सदस्यों के समर्थन से महालिंगपुर टाउन नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव लड़ने का फैसला किया।

ये महिलाएं जब अपने नामांकन पत्र दाखिल करने जा रही थीं, तो सावड़ी ने कथित रूप से उन्हें नगर परिषद भवन में प्रवेश करने से रोका। जल्द ही अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी सावड़ी के साथ आ गए और कथित रूप से उन्हें पीटने लगे। हाथापाई के दौरान सावड़ी ने कथित रूप से सविता को जमीन पर गिरा दिया। सावड़ी ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि वह महिलाओं का बहुत सम्मान करते हैं और उन्हें धक्का देना और हाथापाई करना उनके संस्कार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरी छवि खराब करने के लिए बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार उसने खुद ही इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है क्योंकि हिंसा में शामिल लोगों ने पुलिस की मौजूदगी को अनदेखा किया।

पुलिस ने कहा कि किसी भी महिला ने शिकायत नहीं दी है। राज्य की कांग्रेस इकाई ने वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, तेराडाल से विधायक सिद्दू सावड़ी द्वारा नगर चुनावों के दौरान महिलाओं पर हमला किया जाना पूरे राज्य के लिए शर्म की बात है। पार्टी ने मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा और गृह मंत्री बसावराज बोम्मई से मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

## जलशक्ति मंत्री ने भूजल पुनर्भरण पर दिया जोर, कहा-बड़े बांध बनाने के लिए मुश्किल से ही अब जगह बचे


**नई दिल्ली।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि बड़े बांधों के निर्माण के लिए अब मुश्किल से ही कोई स्थान बचा है इसलिए भूजल पुनर्भरण पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को जल सुरक्षा प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि जलशक्ति मंत्रालय ने भूजल के पुनर्भरण और जलदाई स्तरों के मानचित्रण का काम शुरू किया है। शेखावत ने कहा, देश में जिस तरह की स्थिति है, उसमें मुझे नहीं लगता कि हम अब बड़ी संख्या में बड़े बांध बना सकते हैं[8230] इसके लिए स्थान उपलब्ध नहीं है। हमने सभी का इस्तेमाल कर लिया है, जहां हम कर सकते थे। आज ऐसी परिस्थिति है कि हम उंगलियों पर गिन सकते हैं कि बड़े बाधों के लिए कहां जगह बचे हैं। शेखावत राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में बोल रहे थे। देश में करीब 736 बड़े बांध हैं। बड़े बाधों के निर्माण से न केवल बड़ी संख्या में लोग विस्थापित होते हैं बल्कि जमीन का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो जाता है। मंत्री ने भूजल पुनर्भरण पर जोर देते हुए कहा, भूजल में यह क्षमता है कि वह हमारी पीढ़ियों का वहन कर सके और हमें जल सुरक्षा प्रदान कर सके। हम वैज्ञानिक आधार पर जलदाई स्तरों का मानचित्रण कर रहे हैं और भूजल पुनर्भरण पर काम कर रहे हैं।



पटना में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और उनके विधायक भाई तेज प्रताप यादव प्रेस कांफ्रेंस करते हुए।

# मोदी सरकार में सीमाई क्षेत्रों में अधिक विकास हुआ: अमित शाह

● शाह ने कहा कि देश अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत किए बिना विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता



**भाषा।** धोरडो (गुजरात)

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले छह वर्षों में देश के सीमाई क्षेत्रों में जो आधारभूत विकास के कार्य हुए हैं वह पूर्ववर्ती 50 वर्षों में हुए कार्यों से बहुत अधिक हैं। शाह ने सशस्त्र बलों द्वारा हवाई हमले और सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि भारत अब केवल राजनयिक बयान जारी करने के बजाय दुश्मनों को करारा जवाब दे रहा है।

शाह केंद्र सरकार के सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत गुजरात के कच्छ जिले के धोरडो गांव में सिमांत क्षेत्र विकासोत्सव-2020 में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में सरपंचों के साथ ही कच्छ, बनासकांठा और पाटन जिलों के अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि मौजूद थे जो पाकिस्तान के साथ जमीनी सीमा साझा करते हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश की सीमा से लगे क्षेत्रों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल (भारत के पहले गृहमंत्री) ने सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने और वहां पानी, बिजली उपलब्ध कराने पर जोर दिया था लेकिन उनके निधन के बाद कांग्रेस सरकार ने इसे लागू नहीं किया। उन्होंने कहा, हालांकि अब, मोदीजी ने वह काम हाथ में लिया है। उन्होंने कहा कि 2008 से 2014 के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में महज 170 किलोमीटर सड़कों के पुनर्निर्माण के मुकाबले मोदी सरकार में 2014 से 2020 के बीच 480 किमी सड़कों का पुनर्निर्माण हुआ। शाह ने कहा कि 2008 से 2014 के बीच सीमा के पास सिर्फ एक सुरंग के निर्माण की तुलना में, 2014 से 2020 के बीच छह सुरंगों का निर्माण पहले से ही कर दिया गया है और 19 अन्य पर काम शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा, ये आंकड़े हमारी प्राथमिकता को दर्शाते हैं। हमने वर्ष 2020-21 में सीमा क्षेत्र के विकास के लिए 11,800 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत पिछले छह वर्षों में इन क्षेत्रों में जो बुनियादी ढांचा विकास हुआ है वह पिछले 50 वर्षों में जितना किया गया है। उससे कहीं अधिक है। शाह ने कहा कि देश अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत किए बिना विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से लोगों के पलायन को रोकना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के लिए उन क्षेत्रों को शहरों के बराबर विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने हमें निर्देश दिया है कि हम ऐसे गांवों को प्राथमिकता दें और इन क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं को कहीं और लागू करने से पहले लागू करें।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और शहरों के बराबर बेहतर संपर्क जैसी सुविधाएं मिलें। गृह मंत्री ने कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि जब तक सीमा पर रहने वाला नागरिक (सुरक्षा पहलुओं के बारे में) जागरूक नहीं होगा, तब तक देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा, निकट भविष्य में, हम अपनी सीमाओं के पास रहने वाले लोगों को देश के सुरक्षा पहलुओं से जोड़ने के लिए कार्यक्रम आयोजित करेंगे और उन्हें उनके रणनीतिक महत्व के बारे में जागरूक करेंगे। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में देश के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे और प्रधानमंत्री स्वयं इसमें शामिल होंगे। कार्यक्रम में कच्छ, बनासकांठा और पाटन जिलों के अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ ही 158 सीमावर्ती गांवों के सरपंच मौजूद थे।

शाह ने भारत की भूमि सीमा को सुरक्षित करने में उनकी भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ए निर्वाचित प्रतिनिधि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) या सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की तरह ही महत्वपूर्ण हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर मौजूद लोगों को सूचित किया कि वह गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के साथ भुज में शाम में इस क्षेत्र के विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक प्रभावी निगरानी तंत्र निर्मित करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। शाह ने अपने संबोधन से पहले विभिन्न राज्य और केंद्र सरकार के विभागों, एजेंसियों और योजनाओं की प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया जिसमें गुजरात पुलिस, बीएसएफ, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और पर्यटन विभाग आदि के स्टाल शामिल थे।

## मप्र उच्च न्यायालय ने खारिज की एकता कपूर की याचिका, चलेगा मुकदमा

**इंदौर (भाषा)।** मप्र हाईकोर्ट ने ओटीटी प्लेटफॉर्म ऑल्ट बालाजी पर प्रसारित वेब सीरीज ट्रिपल एक्स के सीजन-2 के विवादित दृश्यों को लेकर दर्ज प्राथमिकी रद्द करने के लिए एकता कपूर की याचिका खारिज कर दी है। कपूर के खिलाफ इस मामले में वेब सीरीज के प्रसारण के जरिए अश्लीलता फैलाने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हों के अपमान के आरोपों में पांच महीने पहले प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति शैलेंद्र शुक्ला ने कपूर की ओर से दायर याचिका खारिज करते हुए फैसला सुनाया। पीठ ने दलीलों पर गौर करने के बाद 65 पृष्ठो के फैसले में कहाकि यूं लगता है कि मुकदमे के तथ्य ऐसे नहीं हैं कि अदालत सीआरपीसी की धारा 482 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए कम से कम सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 व 67-ए और भारतीय दंड विधान की धारा 294 के तहत दर्ज प्राथमिकी रद्द कर सकती है।



भोपाल में गुरुवार को धनतेरस के अवसर पर मिट्टी के दीपक और पूजा की सामग्री खरीदते लोग

## भारत, आसियान की सामरिक साझेदारी साझा ऐतिहासिक भौगोलिक, सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित: प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन आसियान की सामरिक साझेदारी साझा ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित है तथा यह समूह शुरू से ही भारत की ऐक्ट ईस्ट पॉलिसी का मूल केंद्र रहा है। मोदी 17वें आसियान-भारत शिखर बैठक को संबोधित कर रहे थे। वियतनाम के प्रधानमंत्री गुएन जुआन फुक के साथ मोदी इस बैठक की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।



अपने संबोधन में मोदी ने कहा, भारत और आसियान के बीच आर्थिक, सामाजिक, डिजिटल, वित्तीय और समुद्री हर प्रकार के संपर्क को बढ़ाना हमारे लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है। पिछले कुछ सालों में हम इन सभी क्षेत्रों में करीब आते गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल और आसियान के हिंद-प्रशांत पर दृष्टिकोण के बीच कई सारी समानताएं हैं। उन्होंने कहा, शुरूआत से ही आसियान समूह हमारी ऐक्ट ईस्ट पॉलिसी का मूल केंद्र रहा है। भारत और आसियान की रणनीतिक भागीदारी हमारी साझा ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित है। यह सम्मेलन बृहस्पतिवार को कोविड-19 महामारी की वजह से ऑनलाइन माध्यम के जरिए शुरू हुआ, जिसके शुरुआती सत्र में वियतनाम के प्रधानमंत्री ने सदस्य देशों के समक्ष मौजूद चुनौतियों को रेखांकित किया।

एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स (आसियान) के साल में दो बार होने वाले सम्मेलन में इस साल वियतनाम अध्यक्ष है और उम्मीद की जा रही है कि इस सम्मेलन में दक्षिण चीन सागर विवाद, कोरोना वायरस महामारी और कारोबार सहित विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कोविड-19 की समस्या इतनी विकट है कि इसकी वजह से कंबोडिया का प्रतिनिधित्व वहां के उप प्रधानमंत्री कर रहे हैं क्योंकि देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे हुन सेन संक्रमित मंत्री के संपर्क में आने की वजह से पृथकवास में हैं।

## लेह को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की जगह जम्मू-कश्मीर का हिस्सा दिखाने पर ट्विटर को नोटिस जारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने लेह को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की जगह जम्मू कश्मीर के हिस्से के रूप में दिखाने के लिए ट्विटर को नोटिस जारी किया है। यह जानकारी सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूत्रों ने दी।

सूत्रों के अनुसार मंत्रालय ने अपने नोटिस में ट्विटर को पांच कार्यदिवसों के भीतर यह बताने का निर्देश दिया है कि गलत नक्शा दिखाकर भारत की क्षेत्रीय अखंडता का अनादर करने के लिए माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म और इसके प्रतिनिधियों के खिलाफ कानूनी कार्वाई क्यों न शुरू की जाए। सूत्रों ने कहा कि ट्विटर को नोटिस नौ नवंबर को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी किया गया। मंत्रालय ने ट्विटर के वैश्विक उपाध्यक्ष को भेजे गए नोटिस में कहा कि लेह को जम्मू-कश्मीर के हिस्से के रूप में दिखाना माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म द्वारा भारत की संप्रभु संसद की इच्छा को कमतर करने का जानबूझकर किया गया प्रयास है, जिसने लद्दाख को लेह में इसके मुख्यालय के साथ एक केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया है।

इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्विटर के एक प्रवक्ता ने कहा, हमने पत्र का विधिवत जवाब दिया है और हमारे पत्राचार के हिस्से के तौर पर हमने जियो-टैग मुद्दे को लेकर नवीनतम घटनाक्रमों के साथ एक व्यापक अद्यतन जानकारी साझा की है। प्रवक्ता ने कहा कि ट्विटर जन संवाद के लिए सरकार तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ भागीदारी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भारत को एस-400 मिसाइल प्रणाली जल्द देने को कड़ी मेहनत कर रहा रूस



**भाषा।** नई दिल्ली

**रूस** ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें एस-400 की भारत को जल्दी आपूर्ति करने के लिए कठोर मेहनत कर रहा है। इस हथियार प्रणाली की पहली खेप की आपूर्ति अगले साल के अंत तक होनी है। रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बबुशिकन ने एक ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग में यह भी कहा कि दोनों पक्ष परस्पर साजोसामान समर्थन (लॉजिस्टिक सपोर्ट) समझौते पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों पक्ष अरबों डॉलर के सौदे के करीब हैं जिसके तहत एक भारत-रूस संयुक्त उपक्रम भारतीय सशस्त्र बलों के लिए 200 कामोव केए-226टी युद्धक हेलीकॉप्टरों का उत्पादन करेगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत और अमेरिका के बीच हस्ताक्षरित मूल विनिमय एवं सहयोग समझौता (बेका) का भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा रूसी मूल के प्लेटफार्मों के संचालन में सुरक्षा संबंधी प्रभाव होंगे, उन्होंने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने हालांकि कहा कि भारत और रूस के रक्षा संबंध किसी भी प्रतिबंध और विदेशी हस्तक्षेप से परे हैं। उन्होंने कहा, हम भारत और अमेरिका सहित अन्य देशों के बीच रणनीतिक क्षेत्रों में संबंधों को काफी करीब से देख रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें पूरा भरोसा है कि अन्य देशों के साथ भारत के विकसित हो रहे संबंध रूस के हितों की कीमत पर नहीं होंगे।

बबुशिकन ने कहा कि जहां तक भारत के साथ हमारे रक्षा सहयोग का सवाल है, यह किसी भी प्रतिबंध और विदेशी हस्तक्षेप से अप्रभावित है, क्योंकि यह दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों को परिलक्षित करता है और हम अपने संबंधों में प्रगति के लिए आत्मविश्वास की खासी भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने एस-400 सौदे के बारे में कहा कि फिलहाल समय सीमा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पहली खेप की आपूर्ति 2021 के अंत तक होने की उम्मीद है लेकिन हम उस आपूर्ति के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं।

### कई देशों को निर्यात किया जाएगा ब्रह्मोस

**भाषा।** नई दिल्ली

**रूसी** मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और रूस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का निर्यात फिलिपीन तथा कुछ अन्य देशों को करने का विचार कर रहे हैं।

भारत-रूस संयुक्त उपक्रम द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण किया जाता है और इसे पनडुब्बी, जहाज, विमान या जमीनी प्लेटफॉर्म से छोड़ा जा सकता है। मिसाइल निर्यात किए जाने पर होने वाली वार्ता से अवगत सूत्रों ने बताया कि भारत के अगले साल के आरंभ में ब्रह्मोस के एक बेड़े की आपूर्ति के लिए फिलिपीन के साथ समझौता करने की संभावना है। पिछले कुछ हफ्ते में विभिन्न स्थानों से मिसाइल के नए संस्करण के कई परीक्षण किए गए हैं।

मिसाइल के नए संस्करण का रेंज 400 किलोमीटर तक बढ़ाया गया है जबकि इसके मूल संस्करण का रेंज 290 किलोमीटर था। इसकी रफ्तार 2.8 मैक है, जो कि ध्वनि से करीब तीन गुणा तेज है। बाबुश्किन ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, मौजूदा संस्करण के सारे परीक्षण सफल रहे हैं।

## मतगणना में अनियमितता के आरोप पर सीईसी ने कहा: आखिरी फैसला लोगों के हाथ में होता है

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना में अनियमितता संबंधी विपक्षी दलों के आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने बृहस्पतिवार को कहा कि निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया नहीं देता और आखिर फैसला जनता के हाथ में होता है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पहले ही इन सारी चीजों पर जवाब दे चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने भी 10 नवंबर को चार बार संवाददाता सम्मेलन किए थे जिनमें मतगणना की प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रतिक्रिया दी गई थी। अरोड़ा ने संवाददाताओं से कहा, हम राजनीतिक संगठनों की ओर से की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया नहीं देते। यह उनका फैसला है, उन्होंने क्या कहा और क्यों कहा। आखिरी फैसला लोगों के हाथ में होता है। बिहार में धीमी गति से मतगणना संबंधी आरोप पर मुख्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण दूरी संबंधी नियम के अनुपालन में हर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,000 तक सीमित की गई थी जिस कारण 33 हजार मतदान केंद्र बढ़ गए।

## तमिलनाडु के विवि ने पाठ्यक्रम से अरुंधति रॉय की पुस्तक हटाई

● एबीवीपी ने किया था तीखा विरोध

**भाषा।** चेन्नई

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित कई लोगों की शिकायत के बाद तमिलनाडु विश्वविद्यालय ने एमए अंग्रेजी पाठ्यक्रम से अरुंधति रॉय की पुस्तक वॉकिंग विद कॉमरेड्स को हटा दिया है। एबीवीपी और अन्य लोगों की शिकायत थी कि इस पुस्तक में उग्रवादियों का महिमामंडन किया गया है और इसकी सामग्री राष्ट्र विरोधी है। विपक्षी दलों द्रमुक और माकपा ने इस पुस्तक को पाठ्यक्रम से हटाए जाने का विरोध किया है।

रॉय की इस पुस्तक में उन्होंने छत्तीसगढ़ के माओवादियों के ठिकानों तक अपनी यात्रा और और जंगल से उनके कामकाज करने के तरीकों पर विस्तार से लिखा है। यह पुस्तक तिरुनेलवेली के मनोनमनियम सुन्दरनार विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों में एमए अंग्रेजी साहित्य के तीसरे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में 2017-18 से ही शामिल थी। विश्वविद्यालय के कुलपति के. पिचुमणि ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमें एबीवीपी से पिछले सप्ताह लिखित शिकायत मिली। इसके अलावा कई अन्य लोगों से भी शिकायत मिली।

हमें हमारे सिंडिकेट सदस्यों से भी शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि उन शिकायतों में पुस्तक की विवादित सामग्री का जिक्र है और उसे छात्रों के लिए पाठ्यक्रम से हटाने की मांग की गई थी। कुलपति ने कहा कि इसलिए मामले को लेकर वरिष्ठ शिक्षाविदों के नेतृत्व में समिति गठित की गई। इस पाठ्यक्रम को तैयार करने वाले बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा अध्यक्ष भी इस समिति में शामिल थे। उन्होंने कहा, समिति की बुधवार को हुई बैठक में पुस्तक की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए उसे पाठ्यक्रम से हटाने का फैसला किया गया। उसके स्थान पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित प्रकृति-प्रेमी एम. कृष्णन की पुस्तक माई नेटिव लैंड, एसेज ऑन नेचर को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया, फैसले को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। कृष्णन (1912-96) अग्रणी प्रकृति प्रेमी, भारतीय वन्यप्राणी फोटोग्राफी में खास मुकाम रखने वाले हैं और उन्हें 1969 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की अकादमिक मामलों की स्थाई समिति अब इस फैसले पर अपना मुहर लगाएगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विवाद नहीं चाहता है क्योंकि सिर्फ शिक्षा महत्वपूर्ण है।

यह पूछने पर कि क्या पुस्तक को पाठ्यक्रम में शामिल करते हुए उसकी संवेदनशील प्रकृति पर गौर नहीं किया गया था, विश्वविद्यालय के शीर्ष अधिकारी ने बताया, संभवत: इसपर किसी का ध्यान नहीं गया। लेकिन, जैसे ही शिकायत मिली, हमने तुरंत कार्वाई की। एबीवीपी की दक्षिण तमिलनाडु की इकाई ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि रॉय की पुस्तक खुल कर माओवादियों का समर्थन करती है।

# पेज 1 का शेष

## दीपावली से...

ही नियोक्ताओं के योगदान को भी शामिल किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि 15,000 रुपये तक मासिक वेतन पाने वाले नए कर्मचारी ही इस योजना के दायरे में आयेंगे। इसी तरह तीन लाख करोड़ रुपये की आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) का लाभ अब 31 मार्च 2021 तक बढ़ा दिया गया है, जिसके तहत छोटे कारोबारी बिना कुछ गिरवी रखे ऋण पा सकते हैं। सरकार ने परेशानी का सामना कर रहे 26 क्षेत्रों की पहचान की है, और इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। इन क्षेत्रों की कंपनियों को एक साल के लिए ऋण की किश्त स्थगन का लाभ मिलेगा और धनराशि चुकाने के लिए चार और साल मिलेंगे।

## अब जुगाड़...

के हाथों नियुक्ति और पदस्थापना पत्र प्राप्त हुआ। वहीं विभिन्न जनपदों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े चयनित अभ्यर्थियों ने वर्चुअली मुख्यमंत्री का संदेश सुना और स्थानीय प्रतिनिधियों के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने दशकों से लंबित बाणसागर परियोजना के पूरा होने तथा बाढ़ राहत कार्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले पौने चार वर्ष में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में जिस लगन और ईमानदारी के साथ काम किया है, वह अन्य विभागों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि आज नियुक्ति पा रहे अवर अभियन्ताओं से विभाग को एक नई जनशक्ति प्राप्त होगी और विभाग जनता व कृषकों के प्रति अपने दायित्व को और अधिक तत्परता से पूर्ण कर सकेगा। इससे पहले जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में एक लम्बे अर्से से अवर अभियन्ताओं की भर्ती न हो पाने एवं कार्मिकों के लगातार सेवानिवृत्त होते जाने के कारण बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियरों की कमी हो गई थी। विभाग के कार्य प्रभावित न हो इसके लिए सरकार द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 1438 जूनियर इंजीनियरों का चयन किया गया। इसके पूर्व गत वर्ष 394 सहायक अभियन्ताओं तथा 149 सहायक अभियन्ता यांत्रिक की भर्ती भी विभाग में इसी प्रकार निष्पक्ष व पारदर्शी प्रकिया अपनाकर लोक सेवा आयोग द्वारा की गई थी। महिला सशक्तीकरण अभियान को सार्थकता देखते हुए दिसम्बर 2018 में 73 महिला जूनियर इंजीनियरों की विशेष भर्ती भी विभाग में की गई। जलशक्ति मंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। अपर मुख्य सचिव, सिंचाई टी वेंकटेश ने मुख्यमंत्री सहित सभी उपस्थित जनों को चयन की शुचिता और पारदर्शिता के बारे में विधिवत जानकारी दी। प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सम्मिलित जूनियर इंजीनियर (सिविल) परीक्षा के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हेतु चयनित 1438 अभ्यर्थियों को मनचाहे जनपद में तैनाती मिली है। विभाग ने सफल अभ्यर्थियों को लखनऊ में आमंत्रित कर रिक्त पदों के पूरे विवरण से अवगत कराया गया और मेरिट के क्रम में उनकी पसंद के आधार पर तैनाती दी गई। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े सफल अभ्यर्थियों से मुख्यमंत्री ने संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने बारी बारी से 10 अवर अभियंताओं से नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में पूछा। टॉपर सीतापुर के आशुतोष सिंह से मुख्यमंत्री ने पूछा कि पूरी नियुक्ति प्रक्रिया में उन्होंने किसी तरह की सिफारिश या अन्य कोई जुगाड़ तो नहीं लगाया, इस पर आशुतोष ने जुगाड़ से इंकार किया और बताया कि पूरी चयन प्रक्रिया निष्पक्ष ढंग से हुई। वहीं महिला वर्ग में टॉपर गोरखपुर की संध्या कन्नौजिया ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि जिस तरह ईमानदारी और शुचिता के साथ उन्होंने नौकरी पाई है, पूरे सेवाकाल में वह स्वयं के कार्यव्यवहार में यही ईमानदारी बनाए रखेंगी। वाराणसी निवासी राजेश कुमार पटेल, जिन्हें मनचाहे जनपद सोनभद्र में तैनाती मिली है, ने पारदर्शी ढंग से नियुक्ति पाने पर मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद दिया, तो ललितपुर में तैनाती पाने वाले झाँसी निवासी राजेश उपाध्याय से मुख्यमंत्री ने मनचाही नौकरी मनपसंद जिले में पाने पर बधाई दी। मेरठ निवासी राशिद अली ने मुख्यमंत्री को बताया कि शुचिता के साथ चयन और पदस्थापना में हमारी पसंद जानना अद्भुत है। कानपुर की कुसुम दुबे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें मनपसंद जिला प्रयागराज में तैनाती मिली है। सिफारिश के बारे में पूछे जाने पर कुसुम ने कहा कहीं किसी से किसी भी तरह से जुगाड़ या सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ी। सब कुछ पारदर्शी ढंग से हुआ है। प्रयागराज से राकेश कुमार सरोज को मुख्यमंत्री ने दीपपर्व की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारीरिक रूप से दिव्यांग राकेश की सफलता लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। राकेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व ने पारदर्शी चयन प्रक्रिया के लिए आभार ज्ञापित किया। बरेली निवासी उमेश और रामपुर के रहने वाले अजय कुमार ने अपने परिवार की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। सहारनपुर निवासी राधे श्याम सैनी ने मुख्यमंत्री से बताया कि उनकी पहली नियुक्ति हरिद्वार में हुई है, यह उनके लिए अपार खुशी का अवसर है।

## अपना रोजगार...

प्लान भी बनाए। उन्होंने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को रोजगार की व्यापक सम्भावनाओं की दृष्टि से साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश भी दिए हैं।

## बिकरू कांड...

पत्र को लेकर तत्कालीन एसएसपी और मौजूदा डीआइजी अनंत देव तिवारी जांच के घेरे में आ गए थे, जिसके बाद पूरे प्रकरण की जांच विशेष जाच दल को सौंपी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कानपुर शूटआउट की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी को एसआईटी का अध्यक्ष बनाया गया था। इसके अलावा एडीजी एचआर शर्मा और आईजी जे रवींद्र गौड़ एसआईटी के सदस्य थे। पिछले दिनों विशेष जांच दल ने अपनी रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को सौंप दी थी। जिसमें डीआइजी अनंत देव के खिलाफ जांच की सिफारिश की गई थी। कानपुर के बिकरू गांव में बीती दो जुलाई की रात हुए शूटआउट मामले में एसआईटी ने 3500 पन्नों की अपनी रिपोर्ट में पुलिस और अपराधियों के बीच गठजोड़ के अहम खुलासे किए हैं। जांच में तत्कालीन एसएसपी रहे डीआईजी अनंत देव पर भ्रष्टाचार व पक्षपात के आरोप लगे थे, जो एसआईटी की जांच में पुख्ता मिले हैं। इससे पहले आईजी रेंज लखनऊ के द्वारा जांच में भी अनंत देव त्रिपाठी की भूमिका और दिवंगत सीओ देवेंद्र मिश्र के द्वारा लिखे गए पत्र की पुष्टि किए जाने की बात सामने आई थी। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस राजस्व और आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की विकास दुबे से साठगांठ के तमाम पुख्ता प्रमाण जुटाए थे। करीब 60 अधिकारियों के नाम और उनकी विकास दुबे के साथ रिश्तों के बारे में एसआईटी ने सरकार को अपनी रिपोर्ट दी थी। इनमें से अधिकतर पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी हैं। जिन्होंने विकास दुबे के काले कारनामों में साथ देने के अलावा उसे संरक्षण दे रखा था। बिकरू कांड में आठ पुलिसकर्मियों को मौत की नींद सुलाने वाले विकास दुबे को ये अधिकारी और कर्मचारी पुलिस की गतिविधियों के बारे में सूचनाएं देते थे। साथ ही विकास दुबे के आपराधिक कृत्यों पर मदद करते थे। इसकी वजह से विकास दुबे का हौसला बढ़ता चला गया और नतीजतन बिकरू कांड घटित हो गया। इन पुलिस अधिकारियों की मदद से विकास दुबे के खिलाफ चल रहे मुकदमों में प्रभावी पैरवी तक नहीं हो पाती थी। एसआईटी ने विकास दुबे के बीते एक साल के सीडीआर को खंगालने के बाद ऐसे पुलिसकर्मियों को चिन्हित किया जिनमें से अधिकतर चौबेपुर थाने से संबंधित हैं। शहीद सीओ देवेंद्र मिश्रा का एक ऑडियो भी वायरल हुआ था। इस ऑडियो में बिकरू में रेड पर जाने से पहले सीओ देवेंद्र मिश्रा और एसपी ग्रामीण के बीच फोन पर बातचीत है। इसमें देवेंद्र मिश्रा चौबेपुर एसओ और पूर्व एसएसपी अनंत देव पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। सीओ ने एसपी ग्रामीण से कहा था कि पुराने एसएसपी अनंत देव ने एसओ विनय तिवारी पर हाथ रखा है। अनंत देव की वजह से ही विनय तिवारी बोलना सीख गया है। उन्होंने एसपी ग्रामीण को यह भी जानकारी दी थी कि विनय तिवारी डेढ़ लाख रुपए महीने लेकर जुआ खिलाता था। शिकायत पर भी विनय तिवारी पर कार्रवाई नहीं होती थी। यही नहीं एसओ ने जुआ खिलाने वाले से 5 लाख रुपये लेकर अनंत देव तिवारी को दिए थे।

## तोक्यो ओलंपिक में दर्शकों के रहने की उम्मीद

**लुसाने।** कोरोना वायरस वैक्सीन बनाने की दिशा मे इस सप्ताह हुई प्रगति और जापान मे खेल आयोजनो से उत्साहित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने उम्मीद जताई है कि अगले साल तोक्यो ओलंपिक मे स्पर्धाओ के दौरान दर्शक स्टेडियम में मौजूद होगे। इस साल कोरोना महामारी के कारण स्थगित हुए ओलंपिक अगले साल 23 जुलाई से होगे।

## न्यूजीलैंड दौरे के लिए चेस वेस्टइंडीज टेस्ट टीम के उपकप्तान

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** वेस्टइंडीज के हरफनमौला रोस्टन चेस को 27 नवंबर से शुरू हो रहे न्यूजीलैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाया गया है जबकि विकेटकीपर निकोलस पूरन टी20 टीम मे उपकप्तान रहेगे। चेस ने सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट की जगह ली जो जुलाई मे इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला मे उपकप्तान थे। वही 2019 मे पहली बार उपकप्तान बने पूरन ने अपनी जगह बरकरार रखी है।

## भारत के लिए लगातार अच्छा खेलना चाहती हूं : टेटे

**बेंगलुरू** पिछले साल भारतीय महिला हॉकी टीम मे जगह बनाने वाली डिफेंडर सलीमा टेटे लगातार अच्छा प्रदर्शन करके तोक्यो ओलंपिक की टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहती है। टेटे पिछले साल हिरोशिमा मे एफआईएच महिला सीरिज फाइनल्स जीतने वाली टीम का हिस्सा थी। उन्होंने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति मे कहा , मेरे लिए 2019 काफी महत्वपूर्ण साल था। मै पिछले साल से भारतीय टीम की नियमित सदस्य हूं और खुशकिस्मत हूं कि महिला सीरिज फाइनल्स और ओलंपिक क्वालीफायर जीतने वाली टीम का हिस्सा रही।

## इटली ने एस्तोनिया को हराया

**फ्लोरेंस।** कोरेना वायरस संक्रमण के कारण अपने कई प्रमुख खिलाड़ियों और कोच के बिना खेल रही इटली की टीम ने विसेंजो ग्रिफो के दो गोल की मदद से एस्तोनिया को दोस्ताना फुटबॉल मैच मे 4 -0 से हरा दिया। इटली के लिए बाकी दो गोल फेडरिको बर्नार्डेस्ची और रिकार्डो ओरसोलिनी ने किए।

## बेल्जियम से स्विटजरलैंड हारा

**लेयूवेन।** स्ट्राइकर मिची बेटशुआइ के दो गोल की मदद से बेल्जियम ने दोस्ताना फुटबॉल मैच मे स्विटजरलैंड को 2-1 से हरा दिया। स्विटजरलैंड ने पहले हाफ मे गोल करके दबाव बना लिया लेकिन लेकिन जवाबी हमले मे मिले दोनो मौको को भुनाकर बेल्जियम ने जीत दर्ज की।

## जर्मनी ने चेक को हराया


**लेइपजिग।** लुकास वाल्डशमिट के शुरूआती गोल की मदद से जर्मनी की अनुभवहीन टीम ने दोस्ताना फुटबॉल मैच मे चेक गणराज्य को हरा दिया। चेक टीम के लिए माटेज वाइड्रा ने आखिरी क्षणों मे बराबरी का गोल दागने की कोशिश की जिसे जर्मन गोलकीपर केविन ट्राप ने बचा लिया। कोरोना महामारी के बीच यह मैच दर्शको के बिना खेला गया।

# भारतीय टीम सिडनी पहुंची

### कोहली को पृथकवास के लिए मिला रग्बी दिग्गज का सूइट

**भाषा। सिडनी**





कप्तान विराट कोहली की अगुवाई में भारत की 25 सदर्स्यीय टीम आस्ट्रेलिया के दो महीने के दौरे के लिए गुरुवार को यहां पहुंची जहां उसे शहर के बाहरी क्षेत्र में 14 दिन तक पृथकवास पर रहना होगा लेकिन इस बीच उसे अभ्यास करने की अनुमति होगी। भारतीय टीम के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने वाले आस्ट्रेलियाई स्टार जैसे डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, पैट कमिन्स आदि भी दोपहर बाद यहां पहुंचे।

न्यू साउथ वेल्स सरकार ने भारतीय टीम को दो सप्ताह के पृथकवास के दौरान अभ्यास करने की अनुमति दे रखी है। भारतीय टीम ब्लैकटाउन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स पार्क में अभ्यास करेगी जिसे जैव सुरक्षित स्थल के रूप में तैयार किया गया है। कप्तान कोहली एडीलेड में 17 से 21 दिसंबर के बीच होने वाले पहले दिन रात्रि टेस्ट मैच के बाद अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण स्वदेश लौट जाएंगे। डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार पृथकवास के दौरान उनका विशेष ध्यान रखा जाएगा। भारतीय टीम अगले दो सप्ताह तक पुलमैन होटल में रहेगी। यहां पहले न्यू साउथ वेल्स की रग्बी टीम भी ठहरी थी। वह अब अन्य होटल में चली गई है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार होटल के अधिकारियों ने भारतीय कप्तान को ठहरने के लिए विशेष पेंटहाउस सूइट



दिया जहां अमूमन आस्ट्रेलियाई रग्बी दिग्गज ब्रैड फिटलर रुकते हैं। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने सीमित संख्या में परिजनों को अनुमति दी है और खिलाड़ियों के परिवार को पृथकवास के नियमों का पालन करना होगा। आईपीएल के बाद यूएई से लौटने वाले आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हालांकि 22 नवंबर से राष्ट्रीय टीम के शिविर से जुड़ेंगे। वे अलग थलग रहकर अभ्यास करेंगे। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच सीमित ओवरों की शृंखला 27 नवंबर से सिडनी और कैनबरा में खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस दौरे में सीमित ओवरों की शृंखला के दौरान गहरे नीले रंग की जर्सी पहनेगी जिसमं कंधों पर कई रंगो की धारियां होंगी। भारतीय टीम ने 1992 विश्व कप के दौरान इसी तरह की जर्सी पहनी थी।

## आईपीएल-20 में दर्शक संख्या में रिकार्ड 28 प्रतिशत का इजाफा

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के हाल ही मे संपन्न 13वे सत्र की दर्शक संख्या में पिछले सत्र की तुलना मे रिकार्डतोड़ 28 प्रतिशत की बढोतरी हुई। कोरोना वायरस महामारी के कारण टूर्नामेंट यूएई मे खेला गया था। आईपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल ने कहा , आईपीएल हमेशा से विश्व स्तरीय खेल आयोजन रहा है। उन्होंने टाइटल प्रायोजक ड्रीम इलेवन को धन्यवाद देते हुए कहा , ड्रीम 11 के टाइटल प्रायोजक के रूप मे आने से



फैंटेसी खेल के जरिए दर्शक बड़ी संख्या मे इससे जुड़ गए। कोरोना वायरस महामारी के बीच दर्शको के बिना खेले गए टूर्नामेंट मे चार बड़ी वर्चुअल फैन वॉल बनाई गई थी जिसमें चीयरलीडर्स के पहले से रिकार्ड किए गए वीडियो शामिल थे। आईपीएल टीमो मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स ने दर्शको से जुड़ने के लिए एमआई लाइव , पलटन प्ले और सुपर रॉयल जैसे डिजिटल अभियान शुरू किए।

## भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए एबोट, ग्रीन, पुकोवस्की आस्ट्रेलियाई टीम में

**आस्ट्रेलिया टेस्ट टीम :** टिम पेन (कप्तान), सीन एबोट, जो बर्न्स, पैट कमिंस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नासिर, जेम्स पेटिसन, विल पुकोवस्की, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, स्वेपसन, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर। **आस्ट्रेलिया ए टीम :** सीन एबोट, एस्टोन एगर, जो बर्न्स, जैक्सन बर्ड, एलेक्स कारे, हैरी कोन्वे, कैमरन ग्रीन, मार्क्स हैरिस, ट्रेविस हेड, मोइजेस हेनरिक्स, निक मेडिसन, मिशेल मार्श (फिट होने पर), माइकल नासिर, टिम पेन, जेम्स पेटिसन, विल पुकोवस्की, मार्क स्कीटी, विल सदरलैंड, मिशेल स्वेपसन।

**भाषा। मेलबर्न**

भारत के खिलाफ 17 दिसंबर से शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया की 17 सदर्स्यीय टीम में विल पुकोवस्की और कैमरन ग्रीन समेत पांच क्रिकेटरों को टेस्ट टीम में पदार्पण का मौका दिया गया है। टिम पेन की अगुवाई वाली टीम में अन्य नए चेहरों में तेज गेंदबाज सीन एबोट, लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन और हरफनमौला माइकल नासिर शामिल है।

एबोट की गेंद पर ही 2014 के शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट के दौरान फिल ह्यूज को चोट लगी थी जिससे उनकी मौत हो गई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि इन सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का ईनाम मिला है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा कि शेफील्ड शील्ड में इनके प्रदर्शन ने काफी प्रभावित किया है। ए सभी दूसरे प्रारूपों में आस्ट्रेलिया के लिए खेल चुके हैं। आस्ट्रेलियाई टीम की नजरें बार्डर गावस्कर ट्राफी फिर जीतने पर होगी जो 2018 . 19 में उसने पहली बार गंवाई। तीन वनडे मैचों की श्रृंखला 27 नवंबर से शुरू होगी जिसके बाद तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। चयनकर्ताओं ने 19 सदर्स्यीय आस्ट्रेलिया ए टीम की भी घोषणा की जिसमें टेस्ट टीम के नौ सदस्य हैं।यह भारत के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। हाल ही में आस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों ने पुकोवस्की को टीम में शामिल करने की मांग की थी जिसने शेफील्ड शील्डमें दो मैचों में लगातार दो दोहरे शतक बनाए थे। वह डेविड वार्नर के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। उन्होंने पहले दौर के मैचों में 247 . 50 की औसत से 495 रन बनाकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा।

## बीसीसीआई टी-20 विश्व कप के सुरक्षित आयोजन के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा: शाह

### भारत में 2021 में प्रस्तावित टी20 विश्व कप

**भाषा। दुबई**



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कहा कि बोर्ड अगले साल आईसीसी टी20 विश्व कप की सुरक्षित एवं स्वस्थ मेजबानी के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेगा। भारत से पहले आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण उसे 2022 के लिए स्थगित कर दिया गया। भारत में 2021 में प्रस्तावित टी20 विश्व कप पर हालांकि इसका कोई असर नहीं पड़ा और इसका आयोजन तय कार्यक्रम के मुताबिक अक्टूबर-नवंबर में होगा। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) से जारी बयान में शाह ने कहा, बीसीसीआई यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा कि इस टूर्नामेंट के लिए सभी के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। विश्व कप के लिए आने वाली सभी टीमों को भारत में शानदार आतिथ्य अनुभव मिलेगा। हम क्रिकेट देखने के शानदार अनुभव प्रदान करने को लेकर दृढ़ संकल्प है। मैं आईसीसी और सदस्य बोर्डों को आश्वस्त करना चाहूंगा कि भारत अपने बेहतरीन आतिथ्य के लिए जाना जाता है। यहां पर आप घर जैसा महौल महसूस करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस अभूतपूर्व समय और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बीसीसीआई खुद को इसमें ढालने और इसके अनुकूल बनाने का हर संभव प्रयास करेगा। यह टी20 विश्व कप के सातवां सत्र है जिससे पांच साल बाद भारतीय सरजमीं पर इस टूर्नामेंट की वापसी हो रही है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद यह क्रिकेट का पहला वैश्विक आयोजन होगा। खिलाड़ी और कप्तान के रूप में कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में खेलने वाले सौरव गांगुली के लिए बोर्ड अध्यक्ष के तौर पर एक प्रशासक के रूप में यह अलग तरह की चुनौती होगी। मैंने एक खिलाड़ी के रूप में आईसीसी की टूर्नामेंटों में भाग लेने का लुत्फ उठाया है। मैं अपने अनुभव से जानता हूं कि इसमें शानदार माहौल होता है और इसके हर मैच को दुनिया भर के लाखों प्रशंसक देखते हैं। अब मैं एक प्रशासक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनु साहनी ने कहा कि आईसीसी इसे शानदार टूर्नामेंट बनाने की दिशा में काम कर रहा है। हमारा ध्यान एक सुरक्षित टूर्नामेंट के आयोजन पर होगा , जिसका दुनिया भर के प्रशंसक आनंद ले सकेंगे। उन्होंने यूएई में आईपीएल के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा, लीग को सफलतापूर्वक और सुरक्षित तरीके से प्रबंधित करने के लिए बीसीसीआई, टीमों और अमीरात क्रिकेट बोर्ड की हम प्रशंसा करते है।

## रोनाल्डो का गोल, पुर्तगाल ने एंडोरा को हराया



**लिस्बन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के एक गोल के साथ पुर्तगाल ने एक दोस्ताना मैच में एंडोरा को 7-0 से हरा दिया। रोनाल्डो सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले फुटबॉलर बनने के करीब पहुंच गए हैं। रोनाल्डो के 102 गोल हो गए हैं और वह ईरान के पूर्व स्ट्राइकर अली देइ के 109 गोल से सात गोल ही पीछे हैं। राष्ट्रीय टीम के लिए सौ से अधिक गोल करने वाले अली देइ पहले पुरूष फुटबॉलर हैं। कोरोना संक्रमण और घुटने की चोट से उबरने के बाद रोनाल्डो ने हाफटाइम पर मैदान में कदम रखा। उन्होंने 85वें मिनटमें टीम का छठा गोल दागा। अब शनिवार को पुर्तगाल का सामना फ्रांस से और मंगलवार को क्रोएशिया से होगा।

## आठ दिन बाद माराडोना को अस्पताल से छुट्टी

ब्यूनस आयर्स। महान फुटबॉलर डएगो माराडोना को दिमाग के आपरेशन के आठ दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वह घर पर आराम करेंगे। स्थानीय मीडिया की फुटेज में पूर्व विश्व कप विजेता को एम्बुलेंस में क्लीनिक से निकलते दिखाया गया। माराडोना के वकील मटियास मोरला ने कहा कि वह शराब की लत छोड़ने के लिए उपचार लेते रहेंगे। वह अपनी बेटियों के घर के करीब ही रहेंगे।

## फ्रांस को फिनलैंड ने दो गोल से हराया

सेंट डेनिस (फ्रांस)। फिनलैंड ने विश्व कप विजेता फ्रांस को एक दोस्ताना फुटबॉल मैच में 2-0 से हरा दिया जबकि मेजबान टीम ने कई आसान मौके गंवाए। फिनलैंड के लिए पहले हाफ में मार्कस फोर्स और स्ट्राइकर ओन्नी वालाकारी ने गोल किए। फ्रांस के युवा फारवर्ड मार्कस थुरम ने गोल करने के दो मौके गंवाए। फ्रांस का सामना अब नेशंस लीग मैच में शनिवार को पुर्तगाल से और मंगलवार को स्वीडन से होगा।

## स्पेन ने नीदरलैंड से ड्रा खेला

एम्सटरडम। डोनी वान डे बीक ने बराबरी का गोल करके नीदरलैंड को स्पेन के खिलाफ दोस्ताना फुटबॉल मैच में हारने से बचाया और दोनों टीमों ने 1-1से ड्रॉ खेला। वान डे बीक मैनचेस्टर युनाइटेड में शुरूआती टीम में अपनी जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं लेकिन अपने देश के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन करके उन्होंने 47वें मिनटमें गोल दागा।

## स्वस्थ कपिल ने गोल्फ कोर्स में वापसी पर जताई खुशी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान कपिल देव ने एंजियोप्लास्टी (रक्तधमनियों की सर्जरी) से गुजरने के दो सप्ताह बाद गोल्फ के मैदान में वापसी पर खुशी जताई। कपिल शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते है। इस 61 साल के पूर्व दिग्गज हरफनमौला ने कहा था कि चिकित्सकों से मंजूरी मिलने के बाद वह जल्दी ही गोल्फ खेलना चाहेंगे और गुरूवार को उन्हें दिल्ली गोल्फ क्लब में खेलते हुए देखा गया। कपिल ने ट्विटर पर जारी वीडियो संदेश में कहा, गोल्फ कोर्स या क्रिकेट मैदान पर वापसी करना कितना मजेदार होता है आप इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते है। गोल्फ कोर्स में वापस आना, दोस्तों के साथ मस्ती करना और खेलना बहुत खूबसूरत है। बस यही जीवन है। कपिल 1994 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद से शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते है और उन्होंने कई एमेच्योर टूर्नामेंटों में भाग भी लिया है। पिछले महीने उन्हें दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उनकी आपातकालीन एंजियोप्लास्टी की गई थी। वह दो दिन पहले अस्पताल से घर आए है और उन्होंने प्रशंसकों को अपने स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने टेलीविजन चैनल पर विश्लेषक के रूप में अपना काम भी शुरू कर दिया।

## रामकुमार कारी चैलेंजर टूर्नामेंट से बाहर

**कारी (अमेरिका)।** भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट अटलांटिक टायर चैम्पियपशिप के पहले दौर में टेमुराज गाबाश्विली से हारकर बाहर हो गए। पिछले सप्ताह एकेंटल चैलेंजर के फाइनल में पहुंचे रामकुमार को 35 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने 3- 6, 6-4, 6-1 से हराया। रामकुमार युगल वर्ग में भी स्वीडन के आंद्रे गोरानसन के साथ हारकर बाहर हो गए हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी को अमेरिका के हंटर रीसे और नीदरलैंड के सेम वेरबीक ने 6-1, 6- 4 से मात दी। अब भारत की चुनौती सिर्फ प्रजनेश गुणेश्वरन के रूप में बची है जो प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने कनाडा के पीटर पोलांस्की को हराया और अब अमेरिका के जैक सॉक से खेलेंगे।

## पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच बने यूनिस

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बल्लेबाजी कोच यूनिस खान का करार आस्ट्रेलिया में 2022 में होने वाले टी20 विश्व कप तक बढा दिया है।

## कोयला खदानों के अगले दौर की नीलामी जनवरी में: प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र जनवरी में वाणिज्यिक खनन के लिए खदानों के अगले दौर की नीलामी की योजना बना रहा है। उन्होंने राज्यों से इन ब्लाकों को जल्द परिचालन में लाने को लेकर वाणिज्यिक कोयला खदान आबंटियों के साथ सहयोग करने को कहा। मंत्री ने कहा कि इससे एक सकारात्मक माहौल बनेगा और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। पिछले 10 चरणों में कुल 35 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई। इसमें से केवल 14 ब्लॉक में परिचालन शुरू हो सका। इस लिहाज से मंत्री का बयान महत्वपूर्ण है। जोशी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, मैं राज्य सरकारों से वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी में सफल आबंटियों के साथ सहयोग की अपील करता हूं।

## देश पहली बार मंदी में, दूसरी तिमाही में जीडीपी 8.6 प्रतिशत गिरने का अनुमान : आरबीआई



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक अधिकारी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक साल पहले की तुलना में 8.6 प्रतिशत घटने का अनुमान है। इस तरह लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी घटने के साथ देश पहली बार मंदी में घिरा है। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के असर से पहली तिमाही में 23.9 प्रतिशत का संकुचन हुआ था। दूसरी तिमाही के जीडीपी के सरकारी आंकड़े अभी नहीं आए है पर केंद्रीय बैंक के अनुसंधानकर्ताओं ने तात्कालिक पूर्वानुमान विधि का प्रयोग करते हुए अनुमान लगाया है कि सितंबर तिमाही में संकुचन 8.6 प्रतिशत तक रहा होगा। इन अनुसंधानकर्ताओं के विचार बुधवार को जारी आरबीआई के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित हुए हैं। आरबीआई ने पहले ही अनुमान लगा रखा है कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। आरबीआई के अनुसंधानकर्ता पंकज कुमार द्वारा तैयार की गई अध्ययन रपट में कहा गया है कि भारत तकनीकी रूप से 2020-21 की पहली छमाही में अपने इतिहास में पहली बार आर्थिक मंदी में चला गया है। इकोनॉमिक एक्टिविटी इंडेक्स यानी आर्थिक कामकाज का सूचकांक शीर्षक से लिखे गए लेख में कहा गया है कि लगातार दूसरी तिमाही में आर्थिक संकुचन होने का अनुमान है। हालांकि इसमें यह भी कहा गया है कि गतिविधियां धीरे-धीरे सामान्य होने के साथ संकुचन की दर कम हो रही है और स्थिति बेहतर होने की उम्मीद है।

## नागालैंड कीवी स्टेट बने इस दिशा में हो प्रयास: तोमर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि कीवी जैसे विदेशी फल का उत्पादन करने की दिशा में नागालैंड एवं अन्य उत्तर-पूर्वी राज्य अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक तोमर ने कहा कि कीवी उत्पादन से नागालैंड के किसानों की आय बढ़ने के साथ ही बागवानी के क्षेत्र में विस्तार हुआ है और राज्य की अर्थ व्यवस्था को भी बढ़ावा मिला है।

# आठ दिन की तेजी के बाद गिरावट, सेंसेक्स 236 अंक गिरा

### बिकवाली दबाव से शेयर बाजारों में असर

**भाषा। मुंबई**







देश के शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को पिछले लगातार आठ दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया। उच्चस्तर पर बिकवाली दबाव से बैंकिग, सूचना प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों में गिरावट रही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बृहस्पतिवार को रोजगार और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों के लिए किए गए प्रोत्साहन उपायों से भी बाजार में बिकवाली के दबाव को नहीं रोका जा सका। कारोबारियों ने कहा कि नरम वैश्विक संकेतों और रुपए की कमजोरी ने धारणा को सुस्त किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक कारोबार के दौरान एक समय 466.12 अंक गिर गया था। हालांकि, बाद में इसने कुछ वापसी की और अंततः 236.48 अंक यानी 0.54 प्रतिशत गिरकर 43,357.19 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी इसी तरह 58.35 अंक यानी 0.46 प्रतिशत लुढ़ककर 12,690.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शेयर सर्वाधिक 3.16 प्रतिशत की गिरावट में रहा। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और ओएनजीसी के शेयरों में भी गिरवट दर्ज की गई। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयर तेजी में रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नए उपायों के तहत बृहस्पतिवार को आवास बिक्री के चुनिंदा सौदों पर कर राहत, छोटे व्यवसायों के लिए विस्तृत ऋण गारंटी कार्यक्रम तथा रोजगार के नए अवसर देने वाले संगठनों के लिए सब्सिडी की घोषणा की। सरकार ने अर्थव्यवस्था को कोरोना वायरस महामारी के असर से उबारने के प्रयासों में तेजी लाने के लिए ए घोषणाएं की हैं। इन उपायों में अतिरिक्त उर्वरक सब्सिडी की भी घोषणा की गई। इस तरह सरकार की ओर से 2.65 लाख करोड़ रुपए की घोषणाएं की गईं। इस तरह अब तक घोषित राहत पैकेज का आकार बढ़कर लगभग 30 लाख करोड़ रुपए यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 15 प्रतिशत के बराबर पर पहुंच गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार अपनी आशावाद को बढ़ाने में झिझक रहा था क्योंकि प्रोत्साहन की घोषणा के बाद बैंकिंग क्षेत्र में मुनाफा वसूली शुरू हो गई थी। बाजार पैकेज की प्रतीक्षा कर रहा था।

## खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 7.61 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतो के कारण अक्टूबर मे खुदरा मुद्रास्फीति 7.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे से ऊपर है। सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ो के अनुसार, इससे एक माह पहले सितंबर 2020 मे खुदरा मुद्रास्फीति 7.27 प्रतिशत थी। वही एक साल पहले अक्टूबर 2019 मे यह 4.62 प्रतिशत रही थी। सामान्य मुद्रास्फीति मे वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य कीमतो मे वृद्धि के कारण हुई। आंकड़ो के अनुसार, उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) की वृद्धि सितंबर के 10.68 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर मे 11.07 प्रतिशत पर पहुंच गई। रिजर्व बैंक मुख्य नीतिगत दरो पर निर्णय लेने के दौरान मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घटबढ़ के दायरे के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी है।

## धनतेरस पर बाजारों में लौटी रौनक

### ऊंचे दाम का सोना -चांदी की खरीद पर पड़ सकता है असर

**भाषा। नई दिल्ली, मुंबई**

धनतेरस से दिवाली त्यौहार की शुरुआत के साथ ही बाजार में रौनक लौट आई है। धनतेरस पर शुभ मानी जाने वाली सोने-चांदी की खरीद बृहस्पतिवार को बढ़ी लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि कोविड-19 संकट के चलते मांग के कमजोर रहने और सर्राफा की ऊंची कीमतों से कारोबार हल्का रह सकता है।

कोविड-19 संकट के चलते नरमी की मार झेल रहे बाजार को लंबे समय से दिवाली का त्यौहारी मौसम शुरू होने का इंतजार था। आभूषण और उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील के चलते बाजार की खरीदारी धारणा बेहतर हुई है। ग्राहक सोने-चांदी की बढ़ी कीमतों के बावजूद इसमें निवेश करने को तरजीह दे रहे हैं। आभूषण विक्रेताओं का कहना है कि वह पुराने आभूषणों के स्टॉक को बदलकर नए डिजाइन बना रहे हैं ताकि त्यौहारी और शादियों के मौसम की मांग को पूरा किया जा सके।

उन्होंने कहा कि देश के प्रमुख उपभोक्ता बाजारों में कोविड-19 संक्रमण मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लोगों के बीच घर से बाहर आने में संकोच देखा जा रहा है। महामारी को देखते हुए वह ऑनलाइन आभूषण मंच पर खरीद को तरजीह दे रहे हैं। सोने की कीमतें 51,000 से 53,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बनी हुई हैं। यह 2019 की धनतेरस पर सोने की 38,096 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत से 35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह चांदी का भाव भी 62,000 रुपए प्रति किलोग्राम के उच्च स्तर तक पहुंच गया है। विश्व स्वर्ण परिषद के भारतीय परिचालन के प्रबंध निदेशक सोमसुंदरम पीआर ने कहा, लोगों की दुकानों में आवाजाही बढ़ी है और वह खरीदारी में रुचि ले रहे हैं। बिक्री बेहतर हुई है लेकिन यह पिछले साल की धनतेरस जितनी अच्छी नहीं है।

## रुपए में लगातार चौथे दिन गिरावट, डॉलर के मुकाबले 28 पैसे टूटा

**भाषा। मुंबई**




रुपए की विनिमय दर में लगातार चौथे दिन गिरावट रही। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 28 पैसे टूटकर 74.64 पर बंद हुआ। आयातकों और बैंकों की डॉलर मांग बने रहने के बीच रुपए पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 74.44 पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 74.38 के उच्चतम और 74.74 के निचले स्तर तक गया। अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 28 पैसे टूटकर 74.64 पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को रुपया 74.36 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। सप्ताह के दौरान पिछले चार कारोबारी दिवस में रुपए में कुल 56 पैसे की नरमी देखी गई।

## भारत ने मलेशिया के फ्लोट ग्लास पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाया

**नई दिल्ली।** भारत ने मलेशिया से आयात किए जाने वाले क्लीयर फ्लोट ग्लास पर पांच साल के लिए डंपिग रोधी शुल्क लगा दिया है। इसका उपयोग वाहनों और रेफ्रिजरेशन उद्योगो मे होता है। सस्ते आयात से घरेलू कंपनियो के हितो की रक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश के बाद शुल्क लगाया गया है। राजस्व विभाग ने एक अधिसूचना मे कहा, डंपिग रोधी शुल्क पांच साल के लिए है... शुल्क का भुगतान भारतीय रुपए में होगा।

## देश के विकास को गति देगी प्रौद्योगिकी: कांत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रो मे व्यापक बदलाव देख रहा है और आने वाले समय मे प्रौद्योगिकी ग्रामीण भारत के विकास को गति दे सकती है। स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लि. (एसटीएल) के ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि कोविड-19 महामारी से पहले देश वेंटिलेटर (जीवन रक्षक उपकरण) और पीपीई किट का विनिर्माण नही करता था। लेकिन अब इनका न केवल उत्पादन बल्कि निर्यात भी हो रहा है।

## एडवांस कैमिस्ट्री सेल विनिर्माण सुविधा के लिए बोलियां आमंत्रित की

**नई दिल्ली।** सरकार के थिंक टैक नीति आयोग ने पीपीपी योजना के तहत एडवांस कैमिस्ट्री सेल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए बोलियां आमंत्रित की है। यह बोली सरकार के बैटरी स्टोरेज के लिए प्रस्तावित एसीसी के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत आमंत्रित की गई है। मसौदा के मुताबिक सरकार समग्र ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विविध ऊर्जा स्रोतो का संवर्धन और उनके घरेलू स्तर पर इस्तेमाल के लिए गीगा-स्तर की आधुनिक सेल विनिर्माण सुविधा विकसित करना चाहती है।



फिलीपींस, वैमको में आए तूफान व बारिश के बाद नाव से सुरक्षित स्थान की ओर जाते लोग

# ट्रंप की खुफिया टीम की मदद के बिना बाइडन आगे बढ़े

एपी। वाशिंगटन

**राष्ट्रपति चुनाव** 2000 में भी मामला बीच में फंसा हुआ था, लेकिन निवर्तमान राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने फैसला किया कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति और तब गवर्नर पद पर कार्यरत जॉर्ज डब्ल्यू बुश से भी रोजाना मिलने वाली देश की सबसे संवेदनशील खुफिया जानकारी साझा की जाए।क्लिंटन एक डेमोक्रेट नेता थे और उप राष्ट्रपति अल गोर रिपब्लिकन उम्मीदवार बुश के खिलाफ चुनाव लड़े थे। गोर की पहुंच गत आठ साल से प्रेसीडेंट डेली ब्रीफ तक थी। क्लिंटन ने बुश को जीतने पर उन्हें इसके लिए अधिकृत करने का फैसला किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्लिंटन के उदाहरण का पालन नहीं किया है। अभी तक चुनाव परिणाम को स्वीकार नहीं करने वाले ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित जो बाइडन को दैनिक आधार पर मिलने वाली अति संवेदनशील खुफिया जानकारी तक पहुंच नहीं दी है। राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया विशेषज्ञों को उम्मीद है कि ट्रम्प अपना मन बदलेंगे, ताकि अगला राष्ट्रपति पहले दिन से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े किसी भी मुद्दों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। इसके लिए यह बेहद आवश्यक है। मिशिगन के पूर्व रिपब्लिकन प्रतिनिधि माइक रोजर्स, जो सदन की खुफिया समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, हमारे विरोधी सत्ता हस्तांतरण का इंतजार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जो बाइडन को आज से राष्ट्रपति के दैनिक खुफिया विवरण की जानकारी मिलनी चाहिए। उन्हें यह जानने की जरूरत है कि नवीनतम खतरे क्या हैं और तदनुसार अपनी योजना शुरू करें। यह कोई राजनीति का मामला नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है।अमेरिका के विरोधी इसका लाभ उठा सकते हैं और प्रमुख विदेशी मुद्दों पर इसका असर पड़ेगा, जब बाइडन अपना काम शुरू करेंगे।विदेशी मामलों और राष्ट्रीय सुरक्षा में बाइडन के पास दशकों का अनुभव है, लेकिन इनसे जुड़ी नवीनतम जानकारी उनके पास नहीं है। हालांकि बाइडन पीडीबी की जानकारी मिलने में देरी के महत्व को कमतर आंक रहे हैं।बाडन ने मंगलवार को कहा, जाहिर है पीडीबी उपयोगी होगा लेकिन, यह उतना आवश्यक नहीं है। उन्होंने इस बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब नहीं दिया कि क्या उन्होंने इस या किसी अन्य ने मुद्दे पर खुद ट्रम्प से संपर्क करने की कोशिश की, जिसपर उन्होंने केवल इतना कहा, राष्ट्रपति महोदय, मैं आपके साथ बात करने के लिए उत्सुक हूं।बाइडन ने कहा, देखिए, खुफिया जानकारी तक पहुंच उपयोगी है, लेकिन मैं वैसे भी इन मुद्दों पर कोई निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हूं।

## बाइडन ने ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया के नेताओं से की बात

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने ऑस्ट्रेलिया, जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं के साथ फोन पर बात की और इस दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा को कायम रखने और क्षेत्र की समृद्धि पर जोर दिया।बाइडन की सत्ता हस्तांतरण टीम द्वारा जारी बयान के मुताबिक बाइडन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन से फोन पर बात की। अमेरिका में तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन की जीत के बाद शुभकामनाएं देने के लिए इन नेताओं ने फोन किया था।मॉरिसन से बातचीत में बाइडन ने रेखांकित किया कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया मूल्य और इतिहास साझा करते हैं और दोनों देशों ने प्रथम विश्व युद्ध के बाद से ही सभी संघर्षों का मिलकर सामना किया है।बाइडन ने कहा कि वह मॉरिसन के साथ कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने, भविष्य के वैश्विक स्वास्थ्य खतरों से बचाव, जलवायु परिवर्तन , वैश्विक अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने, लोकतंत्र की मजबूती और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा कायम रखने और क्षेत्र की समृद्धि सहित सभी साझा चुनौतियों पर मिलकर काम करने के इच्छुक हैं।बाइडन ने सुगा का बातचीत के दौरान बधाई देने के लिए धन्यवाद किया।उन्होंने अनुच्छेद-पांच के तहत जापान की सुरक्षा की अमेरिकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और अमेरिका-जापान साझेदारी को नए क्षेत्रों में भी और मजबूत करने की इच्छा जताई।बाइडन ने मून के साथ फोन पर हुई बातचीत में अमेरिका-दक्षिण कोरिया साझेदारी को मजबूत करने की इच्छा जाहिर की। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन ने तीनों देशों के नेताओं के साथ बातचीत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा मजबूत करने और क्षेत्र की समृद्धि पर जोर दिया।गौरतलब है कि इससे पहले बाइडन ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों, जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और आयरलैंड के प्रधानमंत्री टी. माइकल मार्टिन से भी फोन पर बात की थी।

## बाइडन ने रॉन क्लैन को व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त करने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के विजेता और आगामी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने सहयोगी रॉन क्लैन को व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की।बाइडन द्वारा राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद क्लैन राष्ट्रपति के कार्यकारी कार्यालय की देखरेख करेंगे और वरिष्ठ सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। बाइडन ने कहा, रॉन कई वर्षों से मेरे बेहद खास रहे हैं और हमने एकसाथ काम किया है। वर्ष 2009 में इतिहास की सबसे बड़ी मंदी से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को हमने मिलकर बचाया और बाद में वर्ष 2014 में जन स्वास्थ्य (इबोला कार्वाई समन्वयक की भूमिका में)पर आई विपदा से निपटे। उन्होंने कहा, राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के साथ काम करने का उनका लंबा, विविध अनुभव है और क्षमता ठीक वैसी ही है जैसी मुझे व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ में चाहिए, क्योंकि हम संकट का सामना कर रहे हैं और हमारे देश को एकसाथ लाने की जरूरत है। वहीं क्लैन ने कहा, राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित बाइडन को इस रूप में अपनी सेवा देना एक सम्मान की बात है और मैं उन्होंने जो विश्वास दिखाया है, उससे अभिभूत हूं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं..। क्लैन (2009-2011) में भी बाइडन के चीफ ऑफ स्टाफ थे, तब बाइडन उप राष्ट्रपति थे।

# कपड़े का नया मास्क एक घंटे धूप में रहने पर 99.9 प्रतिशत जीवाणु और वायरस को मार सकता है

भाषा। लॉस एंजिलिस

**शोधार्थियों** ने सूती कपड़े का ऐसा पुनः इस्तेमाल किया जाने वाला मास्क विकसित किया है जो एक घंटे सूरज की रोशनी में रहने पर 99.99 प्रतिशत जीवाणु और वायरस को मार सकता है। अलग अलग तरह के कपड़ों से बनते वाले मास्क खांसते और छींकते वक्त निकलने वाली बूंदों को रोकते हैं जिससे कोविड-19 समेत अन्य बीमारियों के प्रसार को कम करने में मदद मिल सकती है। एसीएस अप्लाइड मटेरियल एंड इंटरफेसेज जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, मास्क पर लगे जीवाणु और वायरस संक्रामक हो सकते हैं। अमेरिका में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने एक नया सूती कपड़ा विकसित किया है जो सूरज की रोशनी में आने पर प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन स्पाइजेस (आरओएस) छोड़ती है जो कपड़े पर लगे सूक्ष्म विषाणुओं को मार देती है और यह धोने योग्य, पुनः इस्तेमाल योग्य और लगाने के लिए सुरक्षित रहता है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति दोपहर के भोज के समय सूरज की रोशनी में अपने मास्क को रखकर जीवाणु मुक्त कर सकता है। टीम ने पाया कि रोज बंगाल डाइ से बना कपड़ा फोटोसैनेटाइजर के तौर पर सूरज की रोशनी में आने पर एक घंटे में उसपर लगे 99.99 प्रतिशत जीवाणुओं को मार देता है और 30 मिनट के अंदर टी7 बैक्टरियाफैज को 99.99 फीसदी सक्रिय कर देता है। टी7 बैक्टरियाफैज के बारे में माना जाता है कि यह वायरस कुछ कोरोना वायरस की तुलना में आरओएस के लिए अधिक प्रतिरोधी है।

## ईरान में कोरोना से मरने वालों की संख्या 40,000 के पार पहुंची

**तेहरान।** ईरान में कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा बृहस्पतिवार को 40,000 के पार चला गया। देश में एक महीने से भी कम समय में कम से कम 10,000 लोगों की कोविड-19 के कारण जान गई है। वहीं, ईरान महामारी की नई लहर से निपटने के लिए जद्दोजेहद कर रहा है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बृहस्पतिवार को देश में 457 लोगों की जान गई और 1,17,517 नए मामलों की पुष्टि हुई। इसके बाद मामलों की कुल संख्या 7,26,000 के पार चली गई है। देश में हाल के हफ्तों में मृतकों की संख्या काफी बढ़ी है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, करीब आधी मौतें राजधानी तेहरान में हुई हैं। तेहरान में स्वास्थ्य कर्मियों ने चेताया है कि जल्द ही स्वास्थ्य व्यवस्था ढह सकती है और मांग की है कि वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सभी प्रांतीय राजधानियों में एक महीने का कड़ा लॉकडाउन लागू किया जाए। इस हफ्ते के शुरू में सरकार ने तेहरान और 30 अन्य प्रमुख शहरों में एक महीने के लिए रात में व्यापार करने पर रोक लगा दी है। उप स्वास्थ्य मंत्री कासिम जानबाबेई ने कहा कि राष्ट्रीय कोरोना वायरस कार्य बल देश में दो हफ्ते का लॉकडाउन लगाने के प्रस्ताव पर इस सप्ताहांत चर्चा करेगा।

# उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु हथियार से जुड़ी संस्था को पश्चिमी देशों का कठपुतली बताया

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**उत्तर कोरिया** ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु कार्यक्रमों से जुड़ी निगरानी संस्था आईएईए को कठपुतली करार देते हुए कहा कि यह शत्रुतापूर्ण रवैया रखनेवाले पश्चिमी देशों की धुनों पर नाचती है।उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र की निगरानी संस्था द्वारा उसके परमाणु कार्यक्रम के संबंध में जुटाई गई जानकारियों में घोर असंगतियां रेखांकित करते हुए कहा कि यह जानकारियां अटकलों और जाली तथ्यों पर आधारित है।

उत्तर कोरिया के दूत किम सोंग ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में अपने भाषण में ए बाते कहीं। यहां अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए)के कार्यकारी अधिकारी राफेल ग्रोसी ने प्योंगयांग की परमाणु संबंधी गतिविधियों को बेहद अफसोसजनक और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया था।आईएईए का कोई भी निरीक्षक उत्तर कोरिया में 2009 से नहीं मौजूद है क्योंकि प्योंगयांग ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। एजेंसी ने एक सितंबर 2020को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि किम जोंग उन को निरीक्षण संबंधी काम करनेवाले वाले अधिकारियों को फिर से बहाल करना चाहिए। सोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया ने आईएईए से काफी समय पहले संबंध खत्म कर लिया था और यह भूला नहीं है कि कैसे इस संस्था ने प्योंगयांग पर दबाव बनाने के लिए शत्रुतापूर्ण रवैया रखनेवाली ताकतों का पक्ष लिया और उत्तर कोरिया के शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों को 90 के शुरुआती दशक से ही संदेह से देखा।सोंग ने कहा कि जब तक आईएईए उत्तर कोरिया के खिलाफ काम करने के लिए शत्रुतापूर्ण रवैया रखनेवाली ताकतों की धुनों पर नाचता रहेगा तब तक प्योंगयांग आईएईए के साथ संबंध रखने को तैयार नहीं है।



जर्मनी के नीडरकैलीन में हाइवे को लेकर प्रदर्शन कर रहे एक कार्यकर्ता को ले जाती पुलिस

## क्विक न्यूज

### ट्रंप ने अलास्का में जीत दर्ज की, वोट बढ़कर 217 हुए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में अलास्का में कांटे की टक्कर में जीत हासिल कर ली है और इसके साथ ही उनके इलेक्टोरल कॉलेज वोट बढ़कर 217 हो गए है।रिपब्लिकन पार्टी ने अलास्का की सीनेट सीट पर भी अपनी पकड़ कायम रखी और इसके साथ ही 100 सदस्ईय अमेरिकी सीनेट में से 50 उनके नाम है। ट्रंप को यहां 56.9 प्रतिशत वोट मिले और डेमोक्रेटिक पार्टी के अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के नाम पर 39.1 प्रतिशत वोट पड़े।न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप के इलेक्टोरल कॉलेज वोट अब बढ़कर 217 हो गए है।वही तीन नवम्बर को अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में 543 में से 279 वोट हासिल करने वाले बाइडन को पहले ही विजेता घोषित किया जा चुका है।

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव : जॉर्जिया राज्य ने मतों की दोबारा गिनती करने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे जॉर्जिया राज्य राष्ट्रपति चुनाव के लिए पड़े मतों की गिनती दोबारा कराएगा। वहां राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक पार्टी उम्मीदवार जो बाइडन अपने रिब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एवं मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से 14 हजार से अधिक मतो से आगे चल रहे है।ट्रम्प ने इस चुनाव मे हार स्वीकार नही की है बल्कि चुनाव मे धांधली करने और फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया है।जॉर्जिया के अंतर राज्य संबंध मामलो के मंत्री ब्रैड रेफफेन्स्परगर जो स्वयं रिपब्लिकन है ने कहा कि मतो का अंतर कम होने की वजह से राज्य की सभी 159 कांउटियो मे हाथ से एक-एक मतपत्र को गिना जाएगा। अटलांटा मे पत्रकारों से ब्रैड ने कहा, अंतर बहुत कम होने की वजह यह जरूरी हो गया था कि प्रत्एक कांउटी मे हाथ से मतो की गिनती की जाए। उन्होने कहा मतो की दोबारा गिनती का फैसला राज्य के नतीजे का राष्ट्रीय स्तर पर महत्व को देखते हुए किया गया है।

### सऊदी अरब के शाह ने नीतिगत भाषण में ईरान को सबसे बड़ा खतरा बताया

**दुबई।** सऊदी अरब के शाह सलमान ने बृहस्पतिवार को दिए अपने वार्षिक भाषण में प्रतिद्वंद्वी ईरान की आलोचना की और कोरोना वायरस को नियंत्रित करने और तेल की आपूर्ति को स्थिर करने के लिए उठाए गए अपने देश के कदमो की प्रशंसा की। सऊदी अरब के वलीअहद मोहम्मद बिन सलमान की उपस्थिति मे शूरा परिषद मे वीडियो कांफ्रेंस के जरिए दिए गए भाषण मे 82 वर्षीय शाह सलमान ने देश की नीतिगत प्राथमिकताओ और उपलब्धियो को रेखांकित किया। विदेश नीति पर सलमान ने जोर देकर कहा कि ईरान चिंता का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। उन्होने आरोप लगाया कि ईरान आतंकवाद का समर्थन कर रहा है और क्षेत्र मे जातीय भावनाएं बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। शाह ने राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित जो बाइडन के नेतृत्व वाले नए अमेरिकी प्रशासन के साथ संबंध के बारे मे अपने भाषण मे इसका जिक्र नही किया। सऊदी नेतृत्व ने प्रतिद्वंद्वी ईरान पर अधिकतम दबाव की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति का पुरजोर तरीके से समर्थन किया था। सऊदी शाह ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ईरान जनसंहार के हथियार को हासिल नही कर सके, कड़े उपाय करने की जरूरत है।

### ईरान लगातार बढ़ा है यूरेनियम का भंडार : संरा एजेंसी

**वियना।** ईरान विश्व शक्तियो के साथ हुए ऐतिहासिक परमाणु समझौते मे निर्धारित सीमा के विपरीत निम्न संवर्धित यूरेनियम का भंडार लगातार बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी।अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सदस्य देशो को दिए गोपनीय दस्तावेजो मे कहा कि ईरान के पास दो नवम्बर को 2,442.9 किलोग्राम निम्न संवर्धित यूरेनियम का भंडार था, जबकि 25 अगस्त को यह भंडार 2,105.4 किलोग्राम का था। अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, चीन और रूस के साथ 2015 मे जिस परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, उसके तहत ईरान केवल 202.8 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार रख सकता है। आईएईए की रिपोर्ट के अनुसार ईरान यूरेनियम को 4.5 प्रतिशत की शुद्धता तक संवर्धित कर रहा है, जबकि समझौते मे 3.67 प्रतिशत शुद्धता तक ही यूरेनियम को संवर्धित करने की अनुमति है।

### सीरिया में असद परिवार के शासन के 50 साल पूरे

**बेरूत।** सीरिया मे असद परिवार के शासन के 50 साल शुक्रवार को पूरे हो रहे है। वर्ष 1970 मे 13 नवंबर को ही वायुसेना के युवा अधिकारी हाफिज असद ने रक्तहीन तख्ता पलट किया था और वर्ष 1946 मे फ्रांस से आजादी प्राप्त करने का बाद पहला सैन्य शासन था और तब से असद परिवार देश पर राज कर रहा है। सीरिया करीब एक दशक के गृह युद्ध की वजह से खंडर मे तब्दील हो गया है, इस युद्ध मे करीब पांच लाख लोगो की मौत हो चुकी है, आधी आबादी पलायन कर चुकी है और अर्थव्यवस्था तबाह हो चुकी है, पूरा इलाका सरकार के नियंत्रण से बाहर जा चुका है लेकिन एक चीज अक्षुण्ण है तो वह है हाफिज असद के बाद उनके बेटे बशर असद की देश की सत्ता पर पकड़। बशर असद पर आरोप है कि वह राजस्व का आधा हिस्सा युद्ध पर खर्च कर रहे है और अपनी सत्ता पर पकड़ मजबूत रखने के लिए अरब राष्ट्रवाद से अधिक पिता की तरह ईरान और रूस जैसे सहयोगियो पर निर्भर है।

# भारत के साथ रक्षा-सुरक्षा सहयोग की साझेदारी को प्राथमिकता देंगे बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में बराक ओबामा प्रशासन में शामिल रही एक वरिष्ठ अधिकारी ने दिया बयान**

**अमेरिका में** बराक ओबामा प्रशासन में शामिल रहीं एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन भारत-अमेरिका संबंध के समर्थक रहे हैं और उनका प्रशासन नई दिल्ली के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग को प्राथमिकता देने की नीति बरकरार रखेगा। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में काफी प्रगति हुई।

अमेरिकी मीडिया ने बाइडेन को 2020 राष्ट्रपति चुनाव का विजेता बताया है। ट्रंप ने अब भी अपनी हार स्वीकार नहीं की है और वह कई कड़े मुकाबले वाले निर्णायक राज्यों में कानूनी लड़ाई की बात कर रहे हैं। इसी बीच भारत-अमेरिका के संबंधों पर भी काफी चर्चा हो रही है कि नए प्रशासन में यह किस रूप में रहेगा।

काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स (सीएफआर) में भारत, पाकिस्तान और दक्षिण एशिया की फेलो एलिसा आयरस ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नव निर्वाचाति राष्ट्रपति बाइडन की ओर से बताई गई प्राथमिकताओं के आधार पर वह यह कह सकती हैं



कि बाइडन-हैरिस प्रशासन भारत के साथ रक्षा और सुरक्षा संबंधों को उच्च प्राथमिकता वाली सूची में रखेंगे।आवर टाइम हैज कमः हाउ इंडिया इज मेकिंग इट्स प्लेस इन द वर्ल्ड की लेखिका आयरस 2010 से 2013 के बीच दक्षिण एशिया मामलों के लिए उप विदेश मंत्री रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बाइडन अमेरिका और भारत के संबंधों के शुरुआती समर्थकों में शामिल हैं। बाइडन 15 साल पहले भी अमेरिका और भारत को दुनिया के सबसे करीबी देश के रूप में देखते थे।आयरस ने कहा कि बाइडन ने अमेरिकी संसद में भारत के साथ असैन्य परमाणु समझौते का समर्थन किया था।उन्होंने कहा कि बाइडन की कोरोना वायरस महामारी से लड़ने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने की वैश्विक प्राथमिकताओं में इस बात की जरूरत है कि भारत के साथ अमेरिका का करीबी संबंध रहे।

## बाइडन प्रशासन आतंकवाद पर कार्रवाई के लिए पाकिस्तान पर दवाब डाल सकता है

भाषा। वाशिंगटन

**बाइडन प्रशासन** पाकिस्तान से अपने रिश्तों पर, आतंकवाद से संबंधित मुद्दों पर कार्वाई करने के लिए दबाव डालने पर और अफगानिस्तान में शांति बहाल करने के अमेरिका के प्रयासों में साथ देने के मुद्दों पर परिणामवादी रुख अपना सकता है। एक पूर्व शीर्ष पाकिस्तानी राजनयिक ने यह बात कही। अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रहे हुसैन हक्कानी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पाकिस्तान के साथ रणनीतिक वार्ता प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जा सकता है, लेकिन यह उस स्तर या पैमाने पर नहीं होगा जैसा ओबामा प्रशासन के दौरान था।उन्होंने कहा, संभावना है कि बाइडन प्रशासन इस्लामाबाद के प्रति कड़ा रुख अपनाएगा। अमेरिका पाकिस्तान को एफएटीएफ के मुद्दे सहित आतंकवाद से संबंधित मुद्दों पर कार्वाई करने और अफगानिस्तान में शांति बहाल करने के अमेरिकी प्रयासों का समर्थन करने के लिए कहता रहेगा। इसकी संभावना नहीं है कि बाइडन प्रशासन सुरक्षा सहायता या गठबंधन सहायता निधि के लिए पाकिस्तान को फिर से धन देना शुरू करेगा। गौरतलब है कि ट्रम्प प्रशासन ने आतंकवादी समूहों पर लगाम लगाने में विफल रहने के बाद 2018 में पाकिस्तान को सुरक्षा सहायता निलंबित कर दी। 2018 में पाकिस्तान की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा था कि उन्हें इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान सरकार के साथ संबंध ठीक होने की उम्मीद है।

वर्तमान में वाशिंगटन में हडसन इंस्टीट्यूट के थिंक टैंक के वरिष्ठ सदस्य हक्कानी ने कहा कि चीन के साथ पाकिस्तान के घनिष्ठ संबंधों और वहां लोकतंत्र के अभाव और मानवाधिकारों की अवहेलना को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

## ब्रिटेन में कोविड-19 से अब तक 50,000 से अधिक लोगों की मौत हुई

**लंदन।** ब्रिटेन यूरोप का पहला देश है जहां कोविड-19 महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या 50,000 का आंकड़ा पार कर चुकी है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के लिए शोक जाहिर किया है।सरकार द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस सप्ताह कोविड-19 के 22,950 नए मरीज मिलने के बाद संक्रमितों का कुल आंकड़ा 12,56,725 पहुंच गया है।इसके अलावा बुधवार को देश में इस संक्रमण के कारण 595 और मरीजों की जान जाने के बाद ब्रिटेन में मृतक संख्या बढ़कर 50,365 हो गई और ब्रिटेन अमेरिका, ब्राजील, भारत और मेक्सिको के बाद सर्वाधिक मौतों वाला पांचवा देश बन गया।जॉनसन ने कहा, हम अब भी खतरे से बाहर नहीं हैं। हर मौत त्रासदी है, जान गंवाने वाले प्रत्एक व्यक्ति के लिए हम शोक व्यक्त करते हैं और हम सभी मृतकों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना जाहिर करते हैं। उन्होंने कहा, यह एक वैश्विक महामारी है जिसका प्रभाव अब जा कर स्पष्ट हो रहा है।

## ट्रेंड बाजार


### सनी लियोन ग्लैमर वर्ल्ड में वापसी पर प्रसन्न



बॉलिवुड अभिनेत्री सनी लियोन एक बार पुनः ग्लैमर की दुनिया में वापसी करने पर बहुत ही प्रसन्न हैं। इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करते हुए जिसमें वो फोटो के लिए पोज़ कर रही हैं, इसमें वो चमकदार वस्त्र धारण किये हैं। उन्होंने इस पोस्ट के नीचे लिखा, 'काम पर लौट आई हूं। बॉलिवुड ग्लैमर मेरे जीवन में पुनः लौट आया है।'

हाल ही में सनी ने शूटिंग में सुरक्षित रहने का एक अनूठा उपाय ढूंढ निकाला था। इससे महामारी के दौरान भी उनका मेकअप बना रहता था। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किये एक फोटो में वो पारदर्शी मास्क लगाए हुए थीं।

### वाणी कपूर महीनों से सूटकेस पर निर्भर



हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि 'मैं महीनों से अपने सूटकेस से ही काम चला रही हूं और आगे भी कई महीने मेरा ऐसे ही चलने की योजना है। मैं किसी प्रकार की शिकायत नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं महामारी के समयकाल में भी काम करते रहने के विषय में सौभाग्यशाली हूं। मैं अपने माता-पिता और बहन से पिछले बहुत दिनों से नहीं मिली हूं। मैं महीनों से होटल के कमरे में रह रही हूं। हम सभी अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के लिए अब से यही नया सामान्य बन चुका है।

### फिल्म 'गणपत' में श्रॉफ का नया पोस्टर रिलीज़



टाइगर श्रॉफकी छाया वाला ट्रेलर रिलीज़ करने के बाद उनकी थ्रिलर फिल्म 'गणपत' बनाने वाली पूजा एंटरटेन्मेंट एंड गुड्स कंपनी ने अब उनका एक और पोस्टर रिलीज़ किया है।

इस पोस्टर मे श्रॉफको कंटीले तारों के साथ दिखाया गया है और उसके पीछे धुआं उठता दिखाई दे रहा है। निर्माताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि ये फिल्म किसी भी दूसरी हॉलिवुड ऐक्शन फिल्म के स्तर को छूने में सफल होगी।

### निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा लॉकडाउन में रहे साथ-साथ



**पॉप स्टार** निक जोनस अपनी अभिनेत्री पत्नी प्रियंका चोपड़ा के साथ लॉकडाउन का समय व्यतीत करने पर अत्यधिक प्रसन्न हैं। अब सुनने में आ रहा है कि दोनों जल्दी ही परिवार को आगे बढ़ाने की जानकारी देंगे।

निक इस बात पर भी लजाते हुए दिखे कि उनकी भतीजी विला जोनास जो सोफी टर्नर और जो जोनास की बेटी है, भी जुलाई के महीने में ही जन्मी थी। अब निक ने बताया है कि वो अबोध विला से मिले हैं जो उन्हें बहुत ही प्यारी लगी है। निक ने कहा, 'मैं उससे मिला और जैसा कि आपको पता ही है कि वो जो और सोफी की बेटी है और वो सर्वश्रेष्ठ है।'

# 'हिंदी और पंजाबी में गाने पर ही मुझे संपूर्ण आनंद की अनुभूति होती है'

**जाने माने गायक सुर के नये गाने 'असर' को इस बार अच्छी सराहना मिली है। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने अपनी यात्राओं, लॉकडाउन के दौरान प्रस्तुत चुनौतियों का सामना करने तथा अपना पहला एकल गाना उन्होंने पंजाबी में ही क्यों गाना चुना? आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश...**



**■ आप गायक कैसे बन गए?**

मैं यू.के. के न्यू हैंप्टनशायर में पला-बड़ा हुआ, वहां बच्चे हिप-हॉप से लेकर 80 के दशक के पॉप संगीत बजाते थे। बाहर रह रहे भारतीयों के लिए मेरे पिता सदा भारतीय फिल्म संगीत, भांगड़ा और कव्वाली आदि प्रस्तुत किया करते थे।। बचपन में ही मेरे आसपास संगीत पसरा हुआ था। पारिवारिक आयोजनों में मुझे गाने के लिए कहा जाता था। मेरे पिता कैमरा और संगीत लगा देते थे और मैं और मेरी बहन नाचा करते थे। जब मैं छः या सात साल का था मुझे सत्संग आदि में गाने का अवसर मिल जाता था। यद्यपि ये 30 -40 लोगों का एक आध्यात्मिक समूह हुआ करता था लेकिन मुझे उनके सामने गाकर एक सिलेब्रिटी गायक होने का फील आया करता था। मैं बड़ा हुआ और संगीत के प्रति मेरी लगन भी और फिर में संगीत के क्षेत्र में पांव जमाने का प्रयास करने लगा। जबकि मेरे पिता बिजनेस में होने के कारण उनका हाथ बंटाने का आग्रह किया करते थे।

**■ आपका गाना 'असर' किस बारे में है?**

जब हम सत्र प्रारंभ होने से पहले निर्माता भरत गोयल और गीतकार सिद्धांत कौशल के साथ इसे लिख रहे थे तो हम एक दूसरे से उसके हाल-चाल पता किया करते थे। हम संबंधों के बारे में बात किया करते थे कि आजकल टिंडर और स्नैपचैट के इस काल में हम जो नहीं हैं वो बनने का प्रयास करते रहते हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैं किस प्रकार से अपने बारे में स्पष्ट हूं और मैं क्या हूं इसके लिए भी मैं कोई बहाना नहीं बनाता। ये भी कि अपने पार्टनर के कारण मैं एक व्यक्ति के रूप में मैंने स्वयं में बहुत सुधार किया है। इसी आधार पर हम गाना लिखने लगे। ये एक प्रकार से स्वयं के प्रति प्यार की भावना रखने पर आधारित है कि किस प्रकार आपके असर ने मुझे एक अच्छा व्यक्ति बनाया है।

**■ महामारी के कारण किस प्रकार की चुनौतियां सामने आईं?**

मुझे पता लगा कि मेरे इस गाने को यूनिवर्सल म्यूज़िक कंपनी ने स्टर्लिंग रिज़र्व के साथ प्रतिस्पर्धा में रखने के लिए चुना है। उस समय मैं लंदन में था। मुझे बताया गया कि शान और देवराज सान्याल के सामने मेरा एक ऑडिशन होगा जो यूनिवर्सल म्यूज़िक ग्रुप के एमडी और सीईओ हैं। मुझे ऑनलाइन ऑडिशन करना पड़ा। मुझे कुछ आशंका भी थी क्योंकि महीनों से मैंने कोई गाना नहीं गाया था। लेकिन सबकुछ सही हो गया। सबसे बड़ी चुनौती वीडियो शूट करने की थी। हम सामान्य ऑडिशन नहीं कर सकते थे। मेरे सामने लीड रोल करने वाले को कोराना हो गया। ऐसे में हमें दूसरी अभिनेत्री का प्रबंध करना था। हम सभी को कोविड से बचने के लिए परीक्षण कराना पड़ा। हमें ऑक्सीजन लेने के लिए बीच बीच में ब्रेक लेना पड़ता था। इसका निर्देशन भी दूर से ही किया जा रहा था। वो भारत में थे। हमें ये समझ में आ गया कि हमारे पास उपलब्ध चीजों से किस प्रकार से काम निकाला जा सकता है।

**■ क्या ये आपका सोलो सॉन्ग है?**

जी हां, ये मेरा पहला पंजाबी सोलो सॉन्ग है। इससे पहले मैं एक बैंड का हिस्सा हुआ करता था और भारत में कुछ गाने रिलीज़ किया करता था। लेकिन यहां आने के बाद ये मेरा पहला गाना है।

**■ गाने की शिट कितनी कठिन थी?**

चूंकि मैं एक बैंड का हिस्सा था तो मैं यहां कुछ प्रस्तुतियां कर चुका था। 2014 में मैं दिल्ली आया और कुछछ महीने रुक कर बैंड के साथ वीडियो बनाया और तब मैंने अनुभव किया कि यहां बनाया जा रहा संगीत मुझे भी अच्छा लगता है। मैं दो साल यहां रहा और कुछ कलाकारों के साथ काम किया। इसके बाद तो ये मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य ही बन गया कि मैं यहां बनाया जा रहा संगीत दुनिया भर में ले जाऊं।

**■ क्या आपके वापस यूके जाना रचनात्मक रूप से आपको सहायक होगा?**

जी हां, जिस प्रकार से तकनीक विकसित हुई है उसके कारण संगीत रिकॉर्ड करने के लिए व्यक्ति को किसी विशिष्ट स्थान पर होने की आवश्यकता नहीं रह गई है। मैं अपने उपकरण अपने बैग में ले जाकर भी संगीत रिकॉर्ड कर सकता हूं। जब मैंने अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया था, मैं अस्पताल के बेड पर था लेकिन मेरे पास लैपटॉप और हेडफोन था। यूके और भारत में होने का लाभ ये है कि भारत में रहकर आपको बॉलिवुड तथा पंजाबी संगीत सुनने को मिलता है जबकि यूके में पश्चिमी संगीत। यूके में रहकर हर प्रकार के संगीत की जानकारी ने मुझे अपना संगीत विकसित करने में बहुत सहायता की है।

**■ अपने पहले सोला गाने के लिए पंजाबी गाना ही आपने क्यों चुना?**

मैं पहले एक इंग्लिश बैंड में था और अंग्रेजी में ही लिखा और गाया करता था। लेकिन मैं पंजाबी परिवार में ही बड़ा हुआ हूं। कोई भी ऐसा कलाकार जिसे गाने की लगन हो और जो केवल पैसे के लिए ही न गाता हो, उसे कुछ न कुछ नया मिल ही जाता है जो उसे उत्साहित करता है और जिसे वो फॉलो करता है। मैं भाषा के कारण ही हिंदी और पंजाबी में गाना पसंद करता हूं। यहां प्रयोग की जा रही तकनीक भी मुझे प्रिय है। मेरे लिए अंग्रेजी में लिखना और गाना सरल है लेकिन पंजाबी या हिंदी गाना गाते समय बहुत अच्छा अनुभव होता है। तब मुझे संपूर्ण आनंद की प्राप्ति होती है।

# स्वर्णमयी मां अन्नपूर्णा के दर्शन और धन-धान्य से निहाल हुए श्रद्धालु

**कोरोना प्रोटोकाल के तहत ही भक्तों को मंदिर में दिया जा रहा प्रवेश। 13, 14, 15 नवम्बर को होगा अन्नकूट का दर्शन-पूजन**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भक्तों** पर अन्न और धन की बरसात करने वाली मां अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन गुरुवार की सुबह शुरू हो गए। मां के दर्शन करने के लिए भक्तों की कतार बुधवार की शाम से ही लगनी शुरू हो गई थी। महंत रामेश्वर पुरी ने बताया कि गुरुवार को भोर में मंगला आरती के बाद सुबह 6 बजे भक्तों के लिए माता का कपाट खोल दिए हैं। कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार ही भक्तों को मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है। भक्त माता से सारे कष्ट दूर करने की प्रार्थना कर रहे हैं। दो गज की दूरीए मास्क और सैनिटाइजेशन का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मां के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन आज से 15 नवंबर तक होंगे। अन्नपूर्णा मंदिर में गेट नंबर एक ढुंढिराज से प्रवेश दिया जा रहा है।भक्त माता से सारे कष्ट दूर करने की प्रार्थना कर रहे हैं। दो गज की दूरीए मास्क और सैनिटाइजेशन का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मां के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन आज से 15 नवंबर तक होंगे। अन्नपूर्णा मंदिर में गेट नंबर एक ढुंढिराज से प्रवेश दिया जा रहा है।बुधवार की रात्रि 10 बजे तक भक्तों की कतार बढ़कर गोदौलिया तक पहुंच गई थी। और सुबह भोर में माता के दर्शन शुरू हो गए। कतारबद्ध भक्तों में वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रए भदोहीए चंदौलीए मिर्जापुरए गोपीगंजए मुगलसराय से आए लोग शामिल हुए थे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी तैनात है।

# परिवार के साथ दुबई में मनाइए दिवाली


**इस** दीपावाली दुबई में होने वाले जश्न, नागरिकों एवं हर देश से आने वाले सैलानियों को भव्य शो, अद्भुत गोल्ड एवं ज्वेलरी प्रमोशन, विविध रिटेल ऑफर्स आदि बेहतरीन अनुभव लेने का मौका देंगे। दुबई फेस्टिवल्स एवं रिटेल प्रतिष्ठान (डीएफआरई) द्वारा आयोजित इस साल की दीवाली विभिन्न समुदायों को एक साथ ला रही है, जो दुबई को अपना घर मानते हैं और इसे पूरा साल रहने के लिए एक आकर्षक स्थान बनाने में मदद करते हैं। अहमद अल खाजा, सीईओ, दुबई फेस्टिवल्स एवं रिटेल एस्टेब्लिशमेंट (डीएफआरई) ने कहा, 'दुबई के पारंपरिक दिवाली उत्सवों में मनोरंजन, परिवारों पर केंद्रित होकर शहर के वैश्विक आकर्षण का प्रदर्शन करना शामिल है। इस साल अनेक शानदार प्रमोशन, एक्टिवेशन एवं शो के साथ दीवाली त्योहारों की शुरुआत करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अवसर है, जब पूरी दुनिया से पर्यटकों एवं सभी निवासियों के लिए परिवार एवं रिटेल डेस्टिनेशन के रूप में मशहूर, दुबई की प्रतिष्ठा को प्रदर्शित किया जा सकता है।' दुबई फेस्टिवल सिटी मॉल में दीवाली का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यहां पर इस शॉपिंग डेस्टिनेशन के रिकॉर्ड-ब्रेकिंग इमेज़ीन वाटर, फायर, लाइट एवं लेज़र शो द्वारा बॉलीवुड थीम पर दो परफॉर्मेंस होंगी। लैंडमार्क अट्रैक्शन के इंडिया पवेलियन में भारतीय परंपरा, संस्कृति व फूड के यूएई के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, ग्लोबल विलेज़ में फेस्टिवल ऑफलाइट्स मनाइये। पाम जुमेराह पर द प्वाईंट इस साल के दीवाली के जश्न में शामिल होकर दुनिया के सबसे बड़े डांसिंग फाउंटेन, द पाम फाउंटेन के साथ बेहतरीन परफॉर्मेंस दे रहा है। दुबई मॉल में ब्लूमिंगडेल के स्टोर में आगंतुकों को बॉलिवुड के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म पब्लिकेशन, फिल्मफेयर के अपने एडिशन के फ्रंट पेज पर जगह मिलेगी। क्रीकसाइड रिटेल एवं लेज़र डेस्टिनेशन, अल सीफ डाइनिंग, होटल स्टे, पूरी दीवाली पर एंटरटेनमेंट एवं शॉपिंग पर एक्सक्लुसिव ऑफर प्रदान कर रहा है। ऑनलाईन फूड ऐप ज़ोमैटो ब्राईटेन योर फेस्टिवल ऑफलाईट्स प्रमोशन लॉन्च कर रहा है, जिसमें दुबई में 200 से ज्यादा सर्वश्रेष्ठ भारतीय एवं साउथ एशियन रेस्टोरेंट्स द्वारा बेहतरीन बचत का मौका दिया जा रहा है। दुबई गोल्ड एंड ज्वेलरी ग्रुप (डीजीजेजी) 1 से 21 नवंबर के बीच गोल्ड स्टोर्स में आने पर स्पेशल प्रमोशंस की विस्तृत शृंखला प्रदान कर रहा है। सिटी सेंटर डीयरा एवं सिटी सेंटर शिंदाघा मॉल्स शॉपर्स को इस दीवाली आधा किलोग्राम सोना जीतने का मौका दे रहे हैं।



# छुट्टी बिताने के लिए वाराणसी सबसे लोकप्रिय शहर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ओयो** होटल्स एंड होम्स के अनुसार महीनों तक घर में रहने के बाद इस दिवाली लोग एक राज्य से दूसरे राज्य और समुद्र तट स्थलों की यात्राएं करना पसंद कर रहे हैं। ओयो की दिवाली बुकिंग के अनुसार जयपुर, केरल, गोवा, विशाखापत्तनम और वाराणसी यात्रियों के लिए सबसे लोकप्रिय छुट्टी बिताने की जगह के रूप में सबसे ऊपर हैं। डेटा के अनुसार जयपुर उत्तर भारत का सबसे लोकप्रिय स्थल है, जहां दिल्ली एनसीआर और लखनऊ जैसे आसपास के शहरों पर्यटक जाना पसंद कर रहे हैं। दक्षिण भारत मेंए चेन्नई और बैंगलोर के लोग भारत के दक्षिण, पश्चिमी तट केरल में कोच्चि की तरफ जा रहे हैं। दूसरी ओर, भारत की समुद्र तट की राजधानी गोवा देश भर के यात्रियों को आकर्षित कर रही है। जिसमें अधिकांश बुकिंग पुणे से हैं, इसके बाद बैंगलोर और हैदराबाद हैं।



# संगीत की दुनिया ने थामा दिल!



### अब ज़ी टीवी लॉन्च कर रहा है सबसे पहला इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग

**भारतीय** फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े एंटरटेनर्स और उनके परिवार अब अपनी टीमें ला रहे हैं। गोविंदा एवं उनकी पत्नी सुनीता, राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर एवं उनके पिता शक्ति कपूर और भाई सिद्धांत कपूर और रितेश देशमुख एवं उनकी पत्नी जेनेलिया डिसूज़ा देशमुख पहली बार होंगे एक दूसरे के आमने सामने, जहां हम बदलने जा रहे हैं आपके संगीत सुनने का अंदाज़! प्रयागराज वर्तमान फेस्टिव सीजन में ज़ी टीवी ने अक्टूबर महीने में तीन नए फिक्शन शोज़ के साथ दर्शकों के लिए एक के बाद एक सरप्राइज़ पेश किए और नवंबर में एक और सुपरनैचुरल फैन्टेसी थ्रिलर ब्रह्मराक्षस लेकर आ रहा है। अब आने वाले साल में चीजें और बड़ी एवं बेहतर होने जा रही हैं क्योंकि 2021 की शुरुआत में यह चैनल टेलीविजन पर म्यूज़िक के रंग ढंग और उसकी धुन में नई क्रांति लाने जा रहा है। रियलिटी टीवी में लीक से हटकर एक बिल्कुल नया फॉर्मेट पेश करते हुए ज़ी टीवी फैदम पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों को दुनिया का सबसे पहला म्यूज़िक लीग इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग- आईएमपीएल दिखाने जा रहा है। भारत और विदेशों के खेल जगत में हमने कई तरह की लीग प्रतियोगिताएं देखीं, लेकिन अब पहली बार अपनी तरह की अनोखी म्यूज़िक लीग में 6 टीमें होंगी, जिनके मालिक होंगे श्रद्धा कपूर के साथ उनके पिता शक्ति कपूर और भाई सिद्धांत कपूर, गोविंदा एवं उनकी पत्नी सुनीता, राजकुमार राव और रितेश देशमुख एवं उनकी पत्नी जेनेलिया डिसूज़ा देशमुख। ये टीमें देश के अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिनका इस म्यूज़िकल चैंपियनशिप में एक दूसरे से मुकाबला होगा। कप्तानों के रूप में प्रत्येक टीम में दो सेलिब्रिटी प्लेबैक सिंगर्स होंगे, जिनमें एक मेल और एक फीमेल सिंगर शामिल होगी। इसके अलावा हर टीम में रियलिटी स्टार्स भी होंगे। टैलेंट के इस पूल में इजाफा करते हुए इन टीमों में देश के अलग.अलग क्षेत्रों से 6 ताजगी भरी आवाज़ें भी शामिल की जाएंगीए जिन्हें इस लीग का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। 2021 की शुरुआत में लॉन्च होने जा रहे इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग को दो टॉप एंकर्स होस्ट करेंगे। स्पोर्ट्स लीग के फॉर्मेट की तरह ही इस शो में भी 5 इनिंग्स होंगी, जिनमें लीग मैचों के अलावा एक सुपर मैच होगाए जहां दर्शकों के वोट और अंपायर के पॉइंट्स उस लीग का नतीजा तय करेंगे और इनमें से किसी एक टीम को लीग चैंपियन घोषित करेंगे। ज़ी टीवी की बिजनेस हेड अपर्णा भोसले ने इस नए फॉर्मेट की खोज के बारे में बताते हुए कहा कि ज़ी टीवी के साथ हम हमेशा अपने दर्शकों को नया, अनोखा और आधुनिक कॉन्टेंट देने का प्रयास करते रहे हैं, जो उन्हें नएपन का एहसास कराए साथ ही पूरे परिवार के लिए एक दिलचस्प मनोरंजन भी दे। बीते कुछ वर्षों में हमने देखा है कि स्पोर्ट्स दर्शकों के बीच लीग फॉर्मेट बहुत लोकप्रिय हुए हैं और एक ऐसे देश में, जहां क्रिकेट को किसी धर्म से कम नहीं माना जाता, वहां दर्शकों ने भी इस रोमांचक फार्मेट को अपनाया और दिल से लगाया है। हम चाहते हैं कि इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग के साथ हम म्यूज़िक रियलिटी टेलीविजन के क्षेत्र में कुछ नई ऊर्जा और प्रतियोगी भावना प्रस्तुत करें, जो स्पोर्ट्स लीग जैसी हो।



सीतापुर-धनतेरस पर्व पर खरीदारी करतीं महिलाएं पायनियर



सीतापुर-बर्तन खरीदारी करतीं महिलाएं व अन्य पायनियर

धनतेरस पर बाजार में उमड़ी लोगो की भीड़

# धनतेरस पर 150 करोड़ का हुआ कारोबार



सीतापुर-लालबाग चौराहे पर देर शाम दिखी भीड़ पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

## ● लौटी बाजार की खोई हुई रौनक

**त्यौहारो** का सीजन है, धनतेरस का दिन है, बाजारों की रौनक ने व्यापारियों के चेहरे पर खुशियों भरी मुस्कान लौटा दी है जो महामारी के दौर में न सिर्फ व्यापारियों के बल्कि हर किसी के चेहरे से गायब हो गई थी, जो महामारी के दौर में न सिर्फ व्यापारियों के बल्कि हर किसी के चेहरे से गायब हो गई थी, त्यौहारों की श्रृंखला में पहली कड़ी धनतेरस के दिन बाजार खरीददारों की भीड़ से गुलजार नजर आया। कोई पूजा के लिए गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति खरीदता तो कोई घर सजाने के लिए लाइटों वाली झालरो, रंगोली के रंग खरीदता नजर आया, जहां एक तरफज्वैलरी की दुकाने ग्राहको की भीड़ से गुलजार दिखी तो वहीं दूसरी ओर बाइक शोरूमो में लोग बढ़चढ़कर बाइके खरीदने पहुंचे।

एसपी की पैनी नजर

## ड्रोन से लिया सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा



सीतापुर-सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेते एसपी आरपी सिंह पायनियर

**धनतेरस** को पुलिसिंग चाक चौबंद रही। ड्रोन से निगरानी की गई, षहर में 16 बैरियर लगाए गए, इनमें लालबाग, सब्जी मण्डी चौराहा, घंटाघर, लाल कपड़ा कोठी, ग्रीकगंज, रम्पा रोड, गुरूद्वारा, पड़ाव मार्केट कैंचीपुल, ष्यामनाथन क्रासिंग, रायफल क्लब, आदर्षनगर क्रासिंग, बहुगुणा चौराहा, आरएमपी मोड़, मुंशीगंज, वैदेही वाटिका और लालबाग से घंटाघर षामिल हैं। हर बैरियर दो-दो पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे, लालबाग से घंटाघर तक 9 महिला व पुरूष पुलिस कर्मचारी घूमते रहे। एसपी आरपी सिंह ने भी अधीनस्थ अफसरों के साथ बाजार का भ्रमण करके सुरक्षा इंतजामों का जायाजा लिया। उन्होंने चौकसी बरतने के निर्देष दिए। उधर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित, सीओ सिटी पीयूश कुमार सिंह मौजूद रहे।

चिकित्सकों की राय

# सेहतमंद रहना है तो रखें पटाखे से दूरी



सीतापुर-पटाखा खरीदते लोग पायनियर

## ● वायु प्रदूषण व नमी के चलते जहरीले धुएं से हो सकती है दिक्कत

संवाददाताता। सीतापुर

**सावधान !** अगर आप सेहतमंद रहना चाहते हैं तो इस बार दीपावली पर पटाखों को छुड़ाने की सदियों पुरानी को भूल जाइए। वरना ये लापरवाही न सिर्फआपको परेशान कर सकती है, बल्कि कोरोना संकट के दौर में फेफड़े, दमा समेत आंखों की बीमाग्रियों से भी घ्घिर सकते हैं। पटाखा की तेज आवाज से कानों पर भी असर पड़ सकता है। वजह, इस समय वायु प्रदूषण और नमी की जद में प्रदेश के अधिकतर जिले हैं। पटाखे के जहरीले धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है, क्योंकि इससे फेफड़ों में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम मिश्रा कहते हैं कि प्रकाश पर्व पर अपनी खुशी मनाने में लोग इस कदर मशगूल हो जाते हैं कि वो दूसरी की खुशी को भूल जाते है। वो यह परवाह नहीं करते, कि उनके इस कदम से दूसरों पर इसका कितना असर पड़ेगा। पटाखा जलने से निकलने वाले धुएं में मौजूद सल्फर, कॉपर, बेरियम, लेड, एल्युमिनियम व कार्बन डाईऑक्साइड आदि सीधे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। वैसे भी कोरोना ने दमा रोगों को पहले से ही परेशान कर रखा है, इसलिए इस बार सभी लोग पटाखे से परहेज रखें तो अच्छा रहेगा। नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. एके गौतम का कहना है कि पटाखों से निकलने वाली तेज रोशनी आंखों को भी नुकसान पहुंचाती है। इससे आंखों में खुजली व दर्द हो सकता है , आंखें लाल हो सकती हैं और आंसू निकल सकते हैं। चिंगारी आंखों में जाने से आंखों की रोशनी भी जा सकती है। पटाखों का तेज धमाका कानों पर भी असर डालता है। इससे कम सुनाई पड़ना या बहरापन की भी दिक्कत पैदा हो सकती है।

# बिहार की जनता ने विकास को दी तरजीह विपक्ष को नकारा: रेखा वर्मा

## ● 2022 में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बनेगी भाजपा की सरकार



सीतापुर-नरेन्द्र हीरो फेस्टिवल के उद्घाटन के बाद आती सांसद रेखा वर्मा, नरेन्द्र सिंह व अन्य

संवाददाता। सीतापुर

**भारतीय** जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने विपक्षियों पर निशाना साधा। कहा कि बिहार में हुए विधान सभा चुनाव में विपक्षियों ने जनता को खूब बरगलाने की कोशिश की, मगर वहां की होशियार जनता उनके बहकावे में नहीं आई। उसने चुनाव में विकास को न सिर्फ तरजीह दी, बल्कि पूर्ण जनांदेश भी दिया है। बिहार में भाजपा-जेडीयू गठबंधन सरकार बनाने जा रही है। वे शहर के हुसैनगंज में नरेंद्र आटोमोबाइल शॉप पर फेस्टिवल कार्यक्रम का उदघाटन करने आई थी। कार्यक्रम के बाद आईइंडिया से विशेष बातचीत करते हुए सांसद रेखा वर्मा ने बिहार राज्य के चुनाव में जनता ने पार्टी को ऐतिहासिक दिलाई है। इसके लिए वहां की जनता की वो शुक्रगुजार है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में विपक्षियों ने जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया। इससे उनके सरकार बनाने के सपने धरे रह गए। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिला है। भाजपा सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने यूपी समेत अन्य राज्यों में हुए उप चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि इस चुनाव में भी पार्टी को शानदार सफलता मिली है। कहा कि जनता का जिस तरह से प्यार और समर्थन मिल रहा है, उससे वो पूरी तरह से आश्वस्त है कि उत्तर प्रदेश में आने वाले विधान सभा चुनाव में जनता एक बार फिर पूर्ण जनांदेश देकर भाजपा की सरकार बनाएगी। फेस्टिवल कार्यक्रम में एमडी डा. नरेंद्र सिंह, डॉ. अरुण सिंह, आलोक वर्मा, उमाकांत वर्मा, रितेश सिंह गौर, राहुल जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# एएसपी ने 16 को सौंपा 'पीआरवी ऑफ द डे' सम्मान




सीतापुर-संगोष्ठी को सम्बोधित करते एएसपी एनपी सिंह पायनियर

## ● पुलिस लाइन्स में गोष्ठी कर यूपी-112 को सिखाए बेहतर पुलिसिंग के गुर

**सीतापुर।** त्यौहारों के सीजन में पुलिस के आला अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुट गए है, इसी के चलते गुरूवार को अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने पुलिस लाइन्स में बने आरटीसी सभागार में जिले में तैनात यूपी 12 के अधिकारियों/कर्मचारियों संग गोष्ठी की। गोष्ठी में एएसपी साउथ द्वारा आने वाले इवेन्ट्स के सम्बंध में पीआरवी के रिस्पांस टाइम, जीपीएस व गलत ढंग से इवेन्ट रेजिंग, इवेन्ट के दौरान जनता के प्रति व्यवहार समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के गुरू सिखाएं। इस दौरान एएसपी श्री सिंह ने बेहतर पुलिसिंग करने वाले 16 पीआरवी कर्मियो को पीआरवी ऑफद डे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। प्रशस्ति पत्र पाने वाले पीआरवी कर्मियों में हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह यादव, का. सिद्धान्त, विनीत कुमार, अमित कुमार, विमल कुमार, विनय मौर्या, विपिन कुमार, राजीव प्रताप सिंह, भानू प्रताप, रमाकान्त, अरूण कुमार, ओमप्रकाश व मनोहर शामिल रहे। आपको बता दें कि गोष्ठी में जिले में तैनात लगभग 250 पीआरवी अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# चाइनीज पर हॉवी स्वदेशी झालर

## ● कोरोना का दिखा असर, बाजार में सन्नाटा



सीतापुर-झालरे खरीदते ग्राहक पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**भारत** और चीन के संबंधों में आई खटास का फायदा इस बार स्वदेशी को मिल रहा है। प्रकाश पर्व पर पिछले बरस की तुलना में साज-सज्जा के चाइनीज आइटमों की बिक्री पर असर दिखा है। दुकानदारों ने अबकी दफा एक तो चाइनीज के बजाए स्वदेशी आइटमों की बिक्री पर फोकस किया है, दूसरे लोग भी स्वदेशी झालरें खरीद रहे हैं। इससे कोरोना संकट काल के चलते चाइनीज झालरें कम बिक रही हैं। बाजार में तमाम वैराइटियों की झालरें हैं। बीस रुपये से लेकर दो हजार रुपये तक मूल्य की झालरें बताई जा रही हैं। गुरुवार को बाजार में इलेक्ट्रिक सजावटी कारोबार का आई इंडिया की टीम ने जायजा लिया। जानिए क्या बोले, कारोबारी। इलेक्ट्रिक कारोबारी सोनू कहते हैं कि कोरोना महामारी के चलते इस बार त्योहार पर खासा असर दिखा है। बाजार में ग्राहक आ नहीं रहे हैं। पूरी तरह से बाजार में सन्नाटे का आलम है। इस बार लोग चाइनीज के बजाए स्वदेशी झालरें खरीद रहे हैं, क्योंकि यह सस्ती भी है। कोरोना के चलते उनका व्यापार चौपट हो गया है। पहले त्योहारी सीजन में साज-सज्जा के सामानों की बंपर बिक्री होती थी, लेकिन इस बार साज-सज्जा के घ्व्यापार में गिरावट आई है। ग्राहक आ नहीं रहे हैं, बिक्री भी कम है, हालांकि चाइनीज की अपेक्षा अबकी दफा स्वदेशी झालरों की डिमांड ज्यादा है। स्वदेशी झालरों की मांग इस बार दीपावली पर अधिक है। लोग चाइनीज के बजाए स्वदेशी झालरों को पंसद कर उन्हें खरीद रहे हैं। जिस कारण चाइनीज आइटमों की बिक्री डाउन हो गई है।

# राशनिंग व्यवस्था का डीएम ने किया शुभारंभ

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-रंगोली देखते डीएम विशाल भारद्वाज

**जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज ने गुरुवार को खैराबाद विकास खण्ड के ग्राम विशुननगर में नवीन राशनिंग व्यवस्था का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि अब स्वयं सहायता समूहों को भी राशन वितरण के कार्य में जोड़ा गया है। कोटेदार से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं चावल व गेहूं का उठान कर लाभार्थियों को दी जाने वाली मात्रा के अनुसार पैकेट बनाकर आंगनवाड़ी को उपलब्ध कराएगी। तत्पश्चात आंगनवाड़ी द्वारा इनका वितरण किया जाएगा। इससे पोषाहार वितरण में और पारदर्शिता आएगी। साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि ड्राई राशन वितरण के समय आंगनवाड़ी और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उचित और पौष्टिक खानपान की आदतों को सही करने के बारे में अवश्य बतायें। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, खंड विकास अधिकारी खैराबाद, बाल विकास परियोजना अधिकारी खैराबाद व प्रधान विशुननगर सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद बच्चों को बांटे उपहार



सीतापुर-जरूरतमंदो को सामग्री वितरित के बाद मौजूद श्रीकृष्णा के प्राचार्य डॉक्टर अरुण त्रिपाठी, अशोक प्रजापति, रामनराण त्रिवेदी पायनियर

## ● श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने किया भव्य आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**श्रीकृष्णा** ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के विज्ञान संकाय द्वारा अलावल खुर्द गांव में गरीब बच्चों को दीपावली पर्व पर उपहार वितरित किए गए। प्राचार्य डॉक्टर अरुण त्रिपाठी के नेतृत्व में विज्ञान संकाय की टीम ने करीब 90 गरीब बच्चों को दीपावली के अवसर पर मोमबत्तियां व खील खिलौने दिए। इस मौके पर समाजसेवी रामनारायण त्रिवेदी, जनसंपर्क अधिकारी अशोक प्रजापति, समन्वयक श्रीमती रंजना वैश्य, डॉ. मोइन अहमद, रिचा मिश्रा, रितिका बंसल, प्रियंका मिश्रा, शुभांगी, अर्पित, रितेश, अश्विनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## कांसीराम कालोनी में बांटे बच्चों को दीए



बच्चों को गिफ्ट वितरित करते जेएस पांडेय पायनियर

**अंधेरे** को कोसने से बेहतर है की एक दिया जलाया जाए। इसी तर्ज पर दिल्ली विश्विद्यालय छात्र संघ के केंद्रीय पार्षद जयश पांडेय मोहल्ला काशीराम कॉलोनी में घर- घर जाकर दिया बांटे। इसके साथ ही बच्चों को कॉपी व पेंसिल उपलब्ध कराई। इस अवसर पर तन्मय श्रीवास्तव, देशबंधु शुक्ल, विनोद राठौर आदि मौजूद थे।

# कुष्ठ आश्रम में मना स्थापना दिवस



सीतापुर-स्थापना दिवस पर जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित करने के बाद मौजूद बैंक अधिकारी और कर्मचारी पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**यूनियन** बैंक के स्थापना दिवस के मौके पर ब्रांच मैनेजर समेत समस्त स्टाफ ने कुष्ठ आश्रम जाकर जरूरतमंदो को मिठाई व दीया बांटी और दीपावली की बधाई भी दी। कुष्ठ आश्रम के बच्चे भी अपने बीच में पाकर खुश नजर आए। ब्रांच मैनेजर दीपाली ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफइंडिया का 102वां स्थापना दिवस मना रहे है और जरूरतमंदो को मिठाई वितरित कर रहे है। कुष्ठ आश्रम के बच्चों के साथ स्थापना दिवस मनाकर हुत अच्छा लग रहा है।

# ढाई सौ लीटर शराब व पंद्रह हजार किलो लहन बरामद

● आबकारी महकमे का पूरे जिले में अलर्ट

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**दीपावली के** पर्व के दृष्टिगत डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार लखनऊ से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन एवं जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत गुरुवार को पूरे जिले में एक साथ बड़े पैमाने पर संदिग्ध स्थलों पर छापेमारी की गई। गुरुवार को जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक द्वारा ग्राम मिदानिया व रंगीला नगर थाना कोतवाली सदर, आबकारी निरीक्षक रूद्र कान्त मिश्र द्वारा ग्राम कलसगर व मोहिउद्दीनपुर थाना पसगवां, आबकारी निरीक्षक गिरीश कुमार व थाना निघासन के प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के साथ संयुक्त दबिश ग्राम खैरानी, दौलतापुर व नौगवां थाना निघासन, आबकारी निरीक्षक आनंद विक्रम द्वारा ग्राम ककरई व पसियापुर थाना मैलानी, आबकारी निरीक्षक गिरीश कुमार द्वारा अमेठी थाना धौरहरा में दबिश दी गई। दबिश में कुल 245 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की गई। 15600 किग्रा लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कर दिया गया।

जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पूरे जिले में आबकारी महकमे को दीपावली के पर्व के दृष्टिगत अलर्ट कर दिया गया है। आबकारी विभाग की विभिन्न टीमें मुखबिर की सूचना एवं उपलब्ध इनपुट के आधार पर संदिग्ध स्थलों पर स्थानीय पुलिस के समन्वय से बड़े पैमाने पर छापेमारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब बरामद करने के साथ ही बड़ी मात्रा में लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कराया गया है।

## एक किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12 नवम्बर 2020 को थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा लखीमपुर मिलपुरवा रोड रपटा पुल के पास से एक अभियुक्त धर्मेश शुक्ला उर्फ टापू महराज पुत्र स्व. मटरू लाल शुक्ला निवासी ग्राम गुम थाना फूलबेहड़ खीरी को गिरफ्तार किया गया। इसके कब्जे से एक किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 436/2020 अंतर्गत धारा 08/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# अनियंत्रित ट्रक ने युवक को रौंदा

● घटना स्थल पर ही मौत

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**नगर** के विकास चौराहे पर अनियंत्रित ट्रक ने मोटर साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटर साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। मालूम हो कि थाना हैदराबाद क्षेत्र के अहमदनगर गांव निवासी अनंतराम पुत्र प्रेम (60) जो कि गोला में ही एक प्राइवेट दुकान पर नौकरी करता था। प्रत्येक दिन की तरह आज भी वह अपनी मोटर साइकिल से गोला की तरफ आ रहा था। रास्ते में ही ग्राम ककलापुर के निकट गंगाराम भी मोटरसाइकिल पर ही हाथ देकर उसके साथ बैठ लिया। वह जैसे ही विकास चौराहे पर पहुंचा वैसे ही मिल की तरफ आ रही ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और गंगाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला अरविंद कुमार पांडे व चौकी प्रभारी विजय कुमार शुक्ला ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## पूजे गए भगवान धन्वंतरि



**लखीमपुर-खीरी।** धनतेरस पर सीताराम हरीमोहन एण्ड कम्पनी एचएस मेडिकल स्टोर पर डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से भगवान धन्वंतरि का पूजन किया गया। आयोजकों ने कहा कि भगवान धन्वंतरि चिकित्सा पद्धति के जनक हैं। आज जो भी उपचार विधा चल रही है यह उनका आधार है। इस मौके पर तमाम विशेषज्ञों ने आयुर्वेद पर अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद प्रकृति पर आधारित होता है। इसके साइड इफेक्ट नहीं होते हैं। साथ ही इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

# रपटापुल व बस चलवाने की उठाई मांग

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**सर्वमानव सेवा** समिति ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थित में सीओं चकबन्दी को सौंपा। ज्ञापन में गोला अमीरनगर मार्ग पर कठिना नदी के कोरवा घाट पर बने रपटापुल बनवाने एवं गोला मोहम्मदी मार्ग से गनेशपुर से होते हुए लन्दनपुर ग्रण्ट अमीरनगर बाया मैगलगंज मार्ग तक बस चलाने की मांग की गई है।

सर्वमानव सेवा समिति ने प्रमुख सचिव को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र की ग्रामीण जनता को आने जाने की विशेष कठिनाई होती है हम लोगों को परिवहन की सुविधा के लिए कम से कम पांच से दस किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है जिसके बाद बस की सुविधा उपलब्ध होती है। ज्ञापन में बताये गये मार्ग पर बस चलाने से दर्जनो ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। इस मार्ग की जनता को सरकारी वाहन न चलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सम्बन्ध में कई बार स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन भी दिये गये पर कार्यवाही नही हो सकी। अंत में गोला.अमीरनगर मार्ग पर कठिना नदी के कोरवा घाट पर बने रपटापुल बनवाने एवं गोला मोहम्मदी मार्ग से गनेशपुर से होते हुए लन्दनपुर ग्रण्ट अमीरनगर बाया मैगलगंज मार्ग तक बस चलाने की मांग की गई है। ज्ञापन में वीपी सिंह, संजय सिंह, रितेश कुमार, आकाश कुमार, आलोक कुमार, माया प्रकाश, जितेन्द्र सिंह, शिवम मिश्रा, कुलदीप सिंह शर्मा व अनुज कुमार सहित लगभग दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

## सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगा अपना दल:राजीव



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नवीन बाईपास स्थित अपना दल एस के कार्यालय पर मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अपना दल एस के जिलाध्यक्ष राजीव पटेल ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्री पटेल ने बताया की पूरे जनपद में झंडा लगाने का अभियान चालू किया जाए और सक्रिय सदस्यता अभियान भी शुरू किया जाए। जिसको भी सदस्य बनाया जाए उसके मकान पर झंडा अवश्य लगाया जाए। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से पंचायत चुनाव की तैयारी में जोर-शोर से लग जाएं। जनपद के समस्त 15 ब्लाकों में सभी वार्डों पर जिला पंचायत प्रत्याशी उतारने के लिए अपना दल संगठन तैयार हो चुका है। सभी वार्डों पर जिला पंचायत प्रत्याशी उतारे जाएंगे। इस मौके पर जनपद के सभी पदाधिकारियों ने अपने.अपने विचार रखे और पंचायत चुनाव में अभी से लग जाने का संकल्प लिया। बैठक में जिला महासचिव कपिल वर्मा, विशाल वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश वर्मा, सचिव शिवम पटेल, चिकित्सा मंच के जिलाध्यक्ष डा. कमलेश व सभी विधानसभा अध्यक्ष व कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जीआईसी ग्राउंड में सज गईं हैं आतिशबाजी की दुकानें

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**पटाखे की** दुकानों को लेकर चल रही आशंकाओं पर आखिरकार लगाम लग ही गई। जिला प्रशासन ने पूर्व की भांति जीआईसी ग्राउंड में आतिशबाजी की मार्केट लगाने की परमीशन दे दी। परमीशन लेने के बाद आतिशबाजों ने अपनी-अपनी दुकानें सजा ली हैं। पहले दिन ही अच्छी खासी बिक्री हुई और जगह-जगह धमाकों की आवाजें सुनाईं दीं।

हर बार की तरह इस बार भी आकर्षण की दुकान राजू भाई पटाखे वाले की ही दुकान रही। बड़े से पंडाल में तरह-तरह की आतिशबाजी इस बार भी मौजूद है। कुछ नए तरह की रवाइशें दुकानें आई हैं। शहर के जाने-माने पटाखा विक्रेता राजू भाई ने बताया कि हर साल उनके यहां हजारों लोग पटाखा खरीदने आते हैं। उनकी कोशिश रहती है कि त्यौहार पर लोग निराश न हों इसलिए वह बेहतर क्वालिटी व कीमत का विशेष ध्यान रखते हैं।

उन्होंने लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। जिला प्रशासन के निर्देश के मद्देनजर लगभग सभी दुकानदारों ने पानी, बालू आदि की व्यवस्था भी कर रखी है ताकि आपात स्थिति में निबटा जा सके। वहीं फायर ब्रिगेड और पुलिस भी लगाई गई है। यह दुकानें दीपावली के एक दिन पहले से शुरू होकर भाईद्वीज तक संचालित रहेंगी।

## क्विक न्यूज

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम सुखनापुर के समीप देर शाम चार पहिया अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 50 वर्षीय एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार सुखनापुर गांव निवासी छंगू का पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला बुधवार की शाम खेत से घर वापस आ रहा था। जब वह सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहा अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### पानी भरे गड्ढे में गिरकर बालक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलन्दा में गुरूवार की दोपहर गड्ढे में भरे पानी में गिरकर लगभग 7 वर्षीय एक बालक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बिलन्दा गांव निवासी मोंटू के नये घर का निर्माण हो रहा है। जिस पर पानी के लिए पास में ही बड़ा गड्ढा खोदा गया था। जिसमें पानी भरा हुआ था। आज दोपहर उसका पुत्र आदित्य खेलते-खेलते उसी गड्ढे में गिर गया। इसकी जानकारी किसी को न हुयी। लगभग तीन घण्टे बाद जब वह घर नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। तभी किसी की नजर गड्ढे में पड़ी जहां उसका पुत्र का शव उतरा रहा था। यह देख घर में कोहराम मच गया। उसके बावजूद पिता बालक को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचा। जहां इमरजेन्सी में तैनात डा0 आदर्श ने बालक को मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन शव को लेकर वापस गांव चले गये।

### बम फटने से किशोर झुलसा, रिफर

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मसवानी में गुरूवार की दोपहर बम फट जाने से लगभग 17 वर्षीय एक किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मसवानी मुहल्ला निवासी राजेन्द्र शुक्ला का पुत्र सूरज शुक्ला आज दोपहर घर के आंगन में हाथ में बम लिए थे। तभी अचानक बम फट गया। जिसके फलस्वरूप वह गम्भीर रूप से झुलस गया। विस्फोट की आवाज सुनकर घर के सभी लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि सूरज शुक्ला जमीन पर पड़ा तड़प रहा था। जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी के चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

### जंक्शन के पार्सल घर मे महिला ने की आत्महत्या

**बरेली।** जंक्शन के पार्सल घर मे एक महिला यात्री (48) ने आत्महत्या कर ली। रात मे किसी समय महिला पार्सल पैकिंग वाली प्लास्टिक से गले मे फंदा बनाकर खिड़की पर लटक गई। सुबह को आए लोगो ने देखा तो जीआरपी और आरपीएफको सूचना दी गई। महिला का शव उतार कर मेडिकल चेकअप कराया गया। उसकी मौत हो चुकी थी। महिला को रात मे जंक्शन पर घूमते हुए देखा गया था। प्रेमनगर इलाके की रहने वाली बताई जा रही है। आरपीएफ जीआरपी उसके परिवार वालो को तलाश करने मे लगी है। जीआरपी का कहना है, बुधवार की सुबह तड़के किसी ने महिला को पार्सल घर की खिड़की मे लटकते हुए देखा था। सूचना दी गई तो आरपीएफ जीआरपी की टीम पहुंची। महिला के शव को उतारा गया। रेलवे की मेडिकल टीम को बुलाया गया। मेडिकल टीम ने महिला का चेकअप किया तो उसकी सांसें थम चुकी थी। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका क्रीम कलर, लाल और काले रंग का कैप लगाए है। बादामी कलर की साल ओढ़े है। उसके पास से पहचान वाली कोई चीज नही मिली। किसी ने इतना बताया है, महिला प्रेमनगर इलाके की रहने वाली है। अक्सर जंक्शन पर आती जाती थी। मंजू उसका नाम है। जीआरपी इंस्पेक्टर विजय सिंह राणा का कहना है, महिला के परिवार को तलाश किया जा रहा है। अगर प्रेमनगर की रहने वाली है तो बरेली जंक्शन क्यों आई ? जब मौके पर देखा तो महिला के गले मे पार्सल पैकिंग वाली रस्सी का फंदा लगा था। खिड़की पर लटकी हुई थी। पोस्टमार्टम में मौत का कारण और स्पष्ट हो सकेगा।

### दीपावली पर सप्लाई दुरूस्तीकरण मे जुटा बिजली विभाग

**बरेली।** दीपावली पर फाल्ट मुसीबत न बने इसके लिए बिजली विभाग ने तैयारियो को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। उपकेंद्रो के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर रखवाए गए ट्रांसफार्मर और लटकते तारो को दुरुस्त कराया गया है। अफसरो का कहना है कि कोशिश रहेगी कि इस बार दिवाली शहरवासियो को बिना बाधा के बिजली आपूर्ति दी जाए। एमडी के निर्देश पर दिवाली पर निर्बाध आपूर्ति के लिए विभाग की तैयारियां अंतिम चरण मे है। सभी उपकेंद्रो पर रखे उपकरणो की जांच कराई जा रही है। एचटी और एलटी लाइनो को छूने वाली पेड़ और टहनियो को भी कटवाया जा रहा है। बुधवार को भी विभाग ने कई इलाको मे मरम्मत का काम करवाया।

# बच्चियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण

संवाददाता। फतेहपुर

**प्राइमरी विद्यालय** में शुरू किये गये सिलाई कढ़ाई का कैम्प के दौरान विद्यालय में कार्य के बाद शेष समय का उपयोग कैसे किया जाए। इसके लिए प्राथमिक विद्यालय अस्ती की प्रधानाध्यापिका आसिया फारूकी ने एक पहल शुरू की। गांव की उन बच्चियों के लिए विद्यालय में सिलाई-कढ़ाई का कैम्प लगा दिया। जो कुछ करना चाहती थी, सीखना चाहती थीं। उन्होंने इसके लिए विद्यालय के बरामदे में कोविड-19 के नियमों को ध्यान में रखते हुए कुर्सियां लगवा दीं और लड़कियों को ट्रेनिंग देनी शुरू की, बन रही आत्मनिर्भर। बताते चलें कि प्रधानाध्यपिका अपनी मेहनत और लगन के लिए पूरे जनपद में एक अलग पहचान रखती हैं। अपने अच्छे कार्यों के लिए वह मुख्यमंत्री से लेकर कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी हैं। विद्यालय में ट्रेनिंग की बात सुनकर के सारी बच्चियां उनके यहां आकर नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही हैं। साथ ही आत्मनिर्भरता के गुर सीख रही हैं। ट्रेनिंग का उद्देश्य लड़कियों को अपने पैरों पर खड़े करना है। जिसका यह पहला कदम है, या यूं कहें कि शुरुआत है। विद्यालय में सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही छात्राओं ने बताया कि लॉकडाउन के चलते विद्यालय बंद थे और कहीं आ जा नहीं सकते थे। तभी विद्यालय में सिलाई-कढ़ाई कैम्प के बारे में जानकारी हुई और सीखने लगे। यहां विभिन्न प्रकार की कढ़ाई, तुरपन आदि सिखाया जाता है। जिससे काफी अच्छा लगता है। यह सीखना हमें काफी पसंद था लेकिन आस-पास कहीं व्यवस्था नहीं थी। विद्यालय में बच्चियों को सिलाई-कढ़ाई की ट्रेनिंग दे रहीं प्रधानाध्यापिका कहती हैं कि लॉकडाउन में विद्यालय बंद थे इसी समय का सदुपयोग करने के लिए, छात्राओं को कढ़ाई-सिलाई सिखाने की सोची। गांव में सूचना दी और जो बच्चियां आकर सीखना चाहती थी उन्हें यहां पर सीखा रहे हैं। उन्होंने कहा को शुरुआत से ही महिलाओं और बच्चियों के लिए कुछ करना काफी अच्छा लगता है।

# पटाखे से दूरी, सेहतमंद रहने के लिए जरूरी

संवाददाता। फतेहपुर

**कोविड-19** के दौर में पड़ने वाले त्योहारों को लेकर लोगों को सुरक्षित बनाने का हरसंभव प्रयास सरकार के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी किया जा रहा है। दीपावली पर पटाखे जलाने की सदियों पुरानी परम्परा को इस बार नजरंदाज करके ही हम समुदाय को सेहतमंद बनाने में अपनी अहम् भूमिका निभा सकते हैं। इस समय वायु प्रदूषण और नमी की जद में प्रदेश के अधिकतर जिले हैं, ऐसे में पटाखे का जहरीला धुआं उड़कर ऊपर न जाकर नीचे हमारे इर्द-गिर्द ही रहकर सांसों के साथ ही फेफड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए सांस लेने में तकलीफ पैदा करने वाले कोरोना के साथ ही अन्य कई बीमारियों से बचने के लिए भी इस बार पटाखों से दूरी बनाने में ही सभी की भलाई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने लखनऊ समेत प्रदेश के 13 अधिक प्रदूषण वाले जिलों में पटाखे जलाने पर रोक लगा रखी है। चिकित्सक डॉ. पंकज सिंह का कहना है कि दीपावली पर चन्द सेकेण्ड के धमाकों व तेज रोशनी के लिए की जाने वाली आतिशबाजी से निकलने वाले जहरीले धुंएँ में कई तरह के खतरनाक रासायनिक तत्व मौजूद होते हैं जो पर्यावरण को प्रदूषित करने के साथ ही शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके धुएं में मौजूद कैडमियम फेफड़ों में आक्सीजन की मात्रा को कम करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद सल्फर, कॉपर, बेरियम, लेड, अल्युमिनियम व कार्बन डाईआक्साइड आदि सीधे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। कोरोना ने सांस की तकलीफवालों को ज्यादा प्रभावित किया है, इसलिए पटाखे का धुआं श्वसन तंत्र को प्रभावित कर कोरोना की गिरफ्त में न ले जाने पाए, उसके लिए इस बार पटाखे से दूर रहें । जिला अस्पताल के डॉ. राजीव तिवारी का कहना है कि पटाखों से निकलने वाला धुआं वातावरण में नमी के चलते बहुत ऊपर नहीं जा पाता है, जिससे हमारे इर्द-गिर्द रहकर सांस लेने में परेशानी, खांसी आदि की समस्या पैदा करता है। दमे के रोगियों की शिकायत भी बढ़ जाती है। धुंए के कणों के सांस मार्ग और फेफड़ों में पहुँच जाने पर ब्रानकाइटिस और सीओपीडी की समस्या बढ़ सकती है। यह धुआं सबसे अधिक त्वचा को प्रभावित करता है, जिससे एलर्जी, खुजली, दाने आदि निकल सकते हैं। पटाखे की चिंगारी से त्वचा जल सकती है। पटाखों से निकलने वाली तेज रोशनी आँखों को भी नुकसान पहुंचाती है। इससे आँखों में खुजली व दर्द हो सकता है, आँखें लाल हो सकती हैं और आंसू निकल सकते हैं। चिंगारी आँखों में जाने से आँखों की रोशनी भी जा सकती है। पटाखों का तेज धमाका कानों पर भी असर डालता है। इससे कम सुनाई पड़ना या बहरापन की भी दिक्कत पैदा हो सकती है।

**इन जिलों में पटाखे की बिक्री व इस्तेमाल पर है रोक:** प्रदेश के सर्वाधिक प्रदूषण की चपेट वाले जिलों में पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) न्यायालय ने 30 नवम्बर तक रोक लगा रखी है, इनमें शामिल हैं। लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, हापुड़, गाजियाबाद, मुरादाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बागपत और बुलंदशहर। **सेनेटाइजर लगे हाथों कदापि न छुएं पटाखें:** कोरोना काल में सेनेटाइजर लगे हाथों से पटाखे जलाना और यहाँ तक कि छूना भी मुसीबत में डाल सकता है क्योंकि अल्कोहल युक्त सेनेटाइजर पटाखों में मौजूद बारूदों के संपर्क में आकर धमाका कर सकता है। इसलिए इस दीपावली पटाखों से वैसे दूर रहने की पूरी कोशिश कीजिये, यदि आतिशबाजी करते ही हैं तो जरूरी सावधानी का भी ख्याल रखें। आतिशबाजी के बाद नाक, मुंह व आँख को कदापि न छुएं और अच्छी तरह से साबुन-पानी से हाथ को धुलें। **अस्पतालों को भी किया गया अलर्ट:** दीपावली पर अस्पतालों को भी अलर्ट किया गया है कि आतिशबाजी से किसी भी तरह की दुर्घटना होती है तो अस्पताल पहुँचने वालों की अच्छी तरह से देखभाल के लिए जरूरी इंतजाम पहले से कर लिए जाएँ। आकस्मिक सेवाओं को भी सुचारू बनाए रखें क्योंकि हर साल दीपावली पर आतिशबाजी के कारण आग लगने की घटनाएँ आम हैं, इसके अलावा सांस या अन्य तकलीफवाले लोग भी बढ़ जाते हैं।


# योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं

**फतेहपुर।** प्रदेश श्रम विभाग के द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिको के लिए विभिन्न योजनाओं को आम जनमानस तक पहुचाने हेतु जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण किया गया। जिसमें जनपद के समस्त ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्र के श्रमिक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में संबोधन श्रम विभाग के सचिव अरविंद चौहान के द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इन प्रमुख योजनाओं में मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना मेधावी छात्र योजना, कौशल विकाश योजना कौशल विकास तकनीकी उन्नयन योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, सौचालय सहायता योजना, आवास सहायता योजना चिकित्सा सुविधा योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, महात्मा गांधी योजना, कामगार मृत्यु विकलांग सहायता एवं अक्षमता पेंशन योजना, निर्माण कामगार अन्त्येष्टि सहायता योजना शामिल है। सचिव ने बताया कि श्रम विभाग के द्वारा विभिन्न योजनाओं में विभिन्न क्षेत्र के श्रमिक जैसे वेल्डिंग, बढ़ई, राजमिस्त्री एवं अन्य क्षेत्र के श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पे आवेदन करा सकते है। कॉमन सर्विस सेंटर के जिला समन्वयक रोहित कुशवाहा और जिला प्रबंधक रवि सिंह ने बताया को श्रम विभाग के के सहयोग से कार्यक्रम का प्रसारण तीन सैकड़ा से अधिक से सेंटरों पर किया गया।

## आपसी विवाद में कई घायल, एक रेफर

**जहानाबाद ( फतेहपुर )।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर हुए आपसी विवाद पर कई घायल। कुछ उपचार के बाद रेफर और डिस्चार्ज होकर घर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम लहुरी सराएं निवासी जुगराज ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही ऋषभ, छोटू, सूरजबली तथा रिंकू ने उनकी पत्नी सरोज के साथ सुबह जानवर को बांधने हेतु घेरे में ले जा रही थी। तभी विवाद करते हुए मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर महिला को उपचार हेतु सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद महिला को सदर अस्पताल के लिए रेफर किया। इसी तरह थाना क्षेत्र के ग्राम बचनीपुर निवासी बलराम पुत्र राजाराम ने बताया कि गांव के ही परशुराम व उनकी पत्नी प्रेमा तथा गोविंद ने मिलकर पुराने विवाद के चलते मारपीट कर दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के ग्राम बसफा में पति-पत्नी में आपसी विवाद हुआ। जिसमें पत्नी ननकी ने अपने पति मंगल के विरुद्ध थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करते हुए कार्यवाही की मांग की है। इसी तरह ग्राम बचनीपुर में प्रेमा देवी पत्नी सर्वेश से आपसी विवाद हुआ जिसमें घायल हुई और उपचार बाद अपने घर पहुंची।

# सूफियों ने दी मानवता, प्रेम और भाईचारे की शिक्षा: डा. हनीफ



उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए डा हनीफ

**संडीला ( हरदोई )।** ''सूफियों ने सदैव पीड़ित मानवता की सेवा, एकता, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देकर हिन्दुस्तान को ऐसा मुल्क बनाने के लिए काम किया जो समस्त पीड़ित मानवता के हितों की रक्षा के लिए सदैव मौजूद रहा।'' यह उदगार प्रसिद्ध विद्वान डा मो हनीफ ने मशहूर सूफी बुजर्ग हजरत शरफद्दीन अहमद उर्फसागर मियां की स्मिति में आयोजित जलसे में लोगों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। इस जलसे में मुख्य अतिथि के रुप में डा मो हनीफने सूफीज्म पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सूफी परम्परा के अनुसार सभी जाति, धर्म, वर्ग सम्प्रदाय आदि गौण हो जाते है। उसके लिए मानवता ही उसका धर्म होती है। हिन्दुस्तान में सूफी परम्परा का लम्बा सिलसिला है। हजरत ख्वाजा मुईनउद्दीन चिश्ती, गुरु नानक, बाबा फरीद, हजरत बुल्ले शाह, हजरत निजामुद्दीन औलिया, अमीर खुसरो, कबीर, दादू, रैदास आदि सभी सूफी ही थे। इसी परम्परा को हजरत सागर मियां ने आगे बढ़ाया और अपनी आस्ताने के दरवाजे सबके लिए समान रुप से खोले रहे कारण है कि उनके शिष्य न केवल भारत बल्कि विदेशों तक में उनकी सूफी परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं इसी अवसर पर परचमे मोहम्मदी के अध्यक्ष फरीदउद्दीन अहमद ने कहा कि सागर मियां ने कुरान की शिक्षाओं के अनुसार काम किया। कुरान कहता है कि औलियाकराम अल्लाह के दोस्त है और अल्लाह इनकी बात को रद्द नहीं करता। दरगाह सागर मियां के सज्जादा नशीन मुईनउद्दीन अहमद चिश्ती सागरी ने कहा कि सागर मियां का व्यक्तित्व एवं घराना किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं। वे उर्दू, फारसी, अंग्रेजी के उच्च कोटि के विद्वान तथा सर्व धर्म सम्भाव में विश्वास करने वाले व्यक्ति थे। इसी अवसर पर सांस्कृतिक संस्था बज्म ए सलाम संदीलवी के अध्यक्ष अब्दुल वली, मायनारिटीज सोशल वेलफेयर ऐसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल खालिक सिद्दीकी, गरीब नवाज फाउण्डेशन के प्रदेश अध्यक्ष शफी अहमद साबरी, मौलाना सरवर जमाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर सागर मियां के व्यक्तित्व में कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

## जिला अस्पताल में हंगामा

● परिजनों ने स्टॉफ पर लापरवाही व मारपीट का लगाया आरोप



संवाददाता। इटावा

**डा. भीमराव** अम्बेडकर महिला जिला अस्पताल में गुरवार को प्रसूति गृह में डिलीवरी के दौरान जच्चा.बच्चा की मौत हो गई। महिला व गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने डाक्टर व स्टॉफ पर लापरवाही बरतने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

शेखूपुरा महानेपुर इकदिल के रहने वाले मजदूर रामशरण नागर ने बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी मीना देवी (35) का नौवां महीना चल रहा था। गुरुवार की सुबह करीब दस बजे पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई तो वह एम्बुलेंस से सुबह करीब साढ़े 11 बजे गर्भवती पत्नी मीना देवी (35) को डिलीवरी के लिए महिला जिला अस्पताल लेकर पहुंचा था। उसके साथ उसकी चाची सुशील देवी व साली ब्रहमदेवी भी साथ थी। उसने ओपीडी से पर्चा बनवाकर पत्नी को महिला प्रसुति गृह में भर्ती कराया। जहां डिलीवरी के दौरान जच्चा.बच्चा की मौत हो गई। उसने आरोप लगाया कि पहले तो अस्पताल की महिला डाक्टरों ने उसकी पत्नी को प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाने का दबाव बनाया लेकिन अपनी स्थिति के कारण वह प्राइवेट अस्पताल नहीं ले गया तब स्टॉफ ने लापरवाही बरती जिससे उसकी पत्नी व गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। गर्भवती महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने .डाक्टरों व स्टॉफ पर आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर सीएमएस डाण्अशोक कुमार जाटव मौके पर पहुंच गए और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन नहीं माने। जानकारी होने पर सिविल लाइन पुलिस के साथ इकदिल पुलिस भी मौके पर आ गई और परिजनों को जांच का आश्वासन देकर समझा.बुझाकर शांत कराया। तब जाकर परिजन माने।

### जिम्मेदार बोले: स्टॉफ की नहीं कोई गलती

गर्भवती महिला मीना देवी को जब अस्पताल में लाया गया तब उसकी हालत काफी गंभीर थी। डाक्टरों व अस्पताल स्टॉफने महिला देवी की सुरक्षित डिलीवरी कराने का भरसक प्रयास किया लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसमें अस्पताल के स्टॉफकी लापरवाही की कोई बात सामने नहीं आई है। गर्भवती महिला के साथ मारपीट के आरोप पूरी तरह निराधार है। जरुरत पड़ी तो मामले की जांच कराई जाएगी।

डा. अशोक कुमार सीएमएस, जिला महिला अस्पताल।

## दुग्ध वाहन की टक्कर से बाइक चालक का टूटा पैर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव ज्योनी निवासी मीरा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपने पति मुकेश कुमार के साथ बाइक से गत माह की 19 तारीख को फर्रुखाबाद से अपने घर आ रही थी। कायमगंज क्षेत्र के गांव मई हादी दादपुर के सामने नहर पुल के पास उसने पिक अप संख्या यूपी 76 टी 0 347 को सामने से आते देखा। तो मैं व मेरा पति बाइक को सड़क मार्ग के एक किनारे रोक कर खड़े हो गए। किंतु फिर भी पिकअप चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे मेरे पति मुकेश के पैर की हड्डी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। डायल 112 की सहायता से मैं अपने पति को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद लेकर चली गई थी। वहां से लौटकर आज महिला ने घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# 85 हजार रुपये का तेल व नमकीन कर दी गई सीज

● एफएसओ धीरज कुमार दीक्षित की अगुवाई में खाद्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

● दूध उत्पादों के सर्वे के लिए नमूनों को हुआ संग्रहण

संवाददाता। कानपुर देहात

**दीपावली** पर्व पर आम जनमानस को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिये खाद्य विभाग द्वारा सिकन्दरा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धीरज कुमार दीक्षित की अगुवाई में 85 हजार रुपये का खाद्य तेल व नमकीन सीज किया गया। जनपद में विभिन्न स्थानों पर पूरे देश में एक साथ त्यौहार के मद्देनजर दुग्ध उत्पादों के सर्वे हेतु नमूनों का संग्रहण किया गया। जवाहर नगर सिकन्दरा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धीरज कुमार दीक्षित के नेतृत्व में रामशिवबरन की दुकान से तेल का नमूना लेने के साथ 16 हजार 2 सौ रुपये मूल्य का 120 किलो तेल सीज किया गया। सिकन्दरा के ही सरस्वती ट्रेडर्स प्रो0 राजकुमार की दुकान से नमकीन का नमूना लेने के साथ 68 हजार आठ सौ रुपये मूल्य के 45 नमकीन के बैग सीज किये गये। रसूलाबाद के झींझक तिराहा में आकाश मलिक के बँगाली स्वीट हाउस में रँगीन बर्फी का नमूना लिया गया। इसके साथ एफएसएसएआई द्वारा पूरे देश में एक साथ त्यौहार के मद्देनजर दुग्ध उत्पादों के सर्वे हेतु नमूनों का संग्रहण किया गया। पुखरॉया के कृष्णा मिष्ठान्न भण्डार के यहाँ से खोया, पनीर व छेना का नमूना तथा रनिया में राहुल कोहली के यहाँ से खोया तथा अहमद स्वीट हाउस से छेना का नमूना संग्रहीत कर कोल्ड चैन को मेंटेन करते हुये लैब प्रेषित किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित ने बताया कि नमूनों की जॉच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी धीरज कुमार दीक्षित सिकन्दरा में तेल को सीज करने की कार्यवाही करते हुये

# फेसबुक लाइव के जरिए श्रमिकों को दी गयी विस्तृत जानकारी

**कानपुर देहात।** उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के सचिव अरविन्द चौहान व श्रम परिवर्तन अधिकारी विनीत त्रिपाठी द्वारा फेसबुक लाइव के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को संबोधित किया गया। इस दौरान जनपद कानपुर देहात के समस्त जन सुविधा केन्द्र (सीएससी सेन्टर) तथा कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी अकबरपुर कानपुर देहात फेसबुक लाइव के माध्यम से जुडे रहे। कार्यालय में श्रमिकों ने उपस्थित होकर संबोधन को सुना। सचिव द्वारा अपने संबोधन में बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के बारें में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के सम्बन्ध में यह भी बताया कि 30 नवम्बर 2020 तक पंजीयन निःशुल्क है। सचिव द्वारा सभी निर्माण श्रमिकों से अपील की गयी कि वे अपना पंजीयन जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित करें। उनकें द्वारा अत्यन्त सरल भाषा में निर्माण श्रमिकों को पंजीयन के समय लगनें वाले दस्तावेजों के विषय में बताया। पंजीयन के समय आधार कार्ड ,बैंक पासबुक का विवरण, नियोजन का स्वप्रमाण पत्र तथा कार्यशील मोबाइल नम्बर की आवश्यकता होगी। जिसें निर्माण श्रमिकों को प्रस्तुत करना होगा। उनकें द्वारा आवाहन किया कि योजनाओं का लाभ लेने हेतु सभी पात्र निर्माण श्रमिक अपना पंजीयन करायें। कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी अकबरपुर कानपुर देहात में फेसबुक लाइव कार्यक्रम में महिला श्रमिक गीता, तान्या, सम्पति देवी, उप्र ग्रामीण मजदूर संगठन के प्रतिनिधि सुरेन्द्र गौतम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनीत त्रिपाठी, संजय सिंह आदि उपस्थित रहें।

## पांच वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलोनी में पांच वर्षीय अबोध बालिका के साथ अश्लील हरकतएव दुष्कर्मका प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने दरिंदे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विवरण के अनुसार स्थानीय कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते कहा है कि बीती शाम 7 बजे के आसपास उसकी पत्नी घरेलू कामकाज में व्यस्त थी। उसी दौरान पड़ोसी 20 वर्षीय युवक उसकी 5 वर्षीय बच्ची को 10 रुपये का लालच देकर छत पर ले गया और उससे चड्डी उतारने को कहाए जिससे वह बच्ची डरकर भाग आई। परिजनों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश कीए लेकिन तब तक वह छत से उतर कर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बब्लू पुत्र राजेंद्र कुमार के खिलाफमामला दर्ज कर लिया। बाद में नाकेबंदी कर कुछ ही देर में उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है।

# पांच अवर अभियंताओं को दिये गये नियुक्ति पत्र

**कानपुर देहात।** माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में जूनियर इंजीनियर (सिविल) के पद पर उत्तर प्रदेश में कुल 1438 चयनित किए गए को लखनऊ से नियुक्त पत्र वितरण किये गये। उक्त कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा एनआईसी कलेक्ट्रेट में सूचना एवं राज्यमंत्री इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश अजीत सिंह पाल व अकबरपुर रनियां विधायक प्रतिभा शुक्ला द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय, अधिशाषी अभियंता सिंचाई ओपी मौर्या आदि उपस्थिति में जनपद कानपुर देहात के रागेन्द्र कुमार पुत्र फूल चंद्र कमल, योगेश कुमार पुत्र राम नरेश, मनोज कुमार पुत्र अशोक कुमार, धर्मेंद्र कुमार पुत्र गौरी शंकर व शिव शंकर पुत्र बाबूलाल कुल 5 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया।



राज्यमंत्री अजीत पाल व विधायक प्रतिभा शुक्ला जूनियर इंजीनियर को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुये

इस मौके पर राज्यमंत्री व सदर विधायक ने दीपावली व धनतेरस की सभी को बधाई व शुभकामनायें देते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशों पर निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से यह चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई है जिसके तहत प्रदेश के लोगों को आज मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र दिये गये है। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि पूर्ण लगन व ईमानदारी के साथ अपने पद पर कार्य करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने दीपावली व धनतेरस की शुभकामनायें को देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में जूनियर इंजीनियर (सिविल) के पद चयन प्रक्रिया को सफ्लतम तरीके से सम्पन्न किया गया है। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, अधिकारीगण व कर्मचारी व चयनित अभ्यर्थीगण आदि उपस्थित रहे।

## 'फिट इंडिया' के तहत सिरहौल गांव को स्टेडियम का तोहफा

● ब्लॉक प्रमुख मोंटी ने किया उद्घाटन

**जसवंतनग (इटावा)।** 'फिट इंडिया' योजना के तहत सिरहौल गांव में नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का युवा ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी यादव द्वारा गुरुवार को फीता काटकर उद्घाटन किया गया। यह स्टेडियम कुल मिलाकर 50 लाख रुपये की लागत से निर्माण कराया गया है। अब से पहले इस गांव के निवासी टहलने और युवा खेलकूद से वंचित थे बच्चों के खेलने और विचरण के लिए उपयुक्त जगह नहीं थी। ब्लाक प्रमुख मोंटी यादव ने बताया कि ग्राम सिरहौल पंचायत में पार्क और जिम व स्टेडियम जिला मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से निर्मित करवाकर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया गया है। सिरहौल क्षेत्र के निवासी अब स्टेडियम के जरिये खुली हवा और हरे भरे पेड़ों के बीच सैर करने व बच्चे झूलों पर झूलने का लुत्फ़उठा सकेंगे। ब्लॉक प्रमुख अनुज मोंटी ने इस अवसर पर संबोधित करते कहा कि इस स्टेडियम के बनने से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी। नई ग्रामीण खेल प्रतिभाएं उभरेंगीं। लोगों को अपने स्वास्थ्य को मेंटेन करने में खासी मदद मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान खण्ड विकास अधिकारी बृजमोहन अंबेड, एडीओ पंचायत गुरुप्रसाद के अलावा प्रधान सरोज देवी, सचिव वसुंधरा एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने धान की फसल का स्थलीय निरीक्षण किया

**भर्थना।** जनपद भर में धान फसल का कम उत्पाद से चिन्तित जिलाधिकारी श्रुति सिंह ने गुरुवार को भरथना तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला राजा में पकी खड़ी धान फसल का स्थलीय निरीक्षण करते हुये अपनी मौजूदगी में फसल कटवाकर फसल की उत्पादकता परखी है। जिसपर एक बीघा खेत में निकलने वाले साढ़े तीन व चार कुन्तल की जगह कुल एक कुन्तल बीस किलो का ही उत्पादन निकल सका। जिसे देख मौजूद प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी भी हैरत में पड़ गये।



मौके पर मौजूद कृषक विनोद कुमार पुत्र पुत्तू लाल ग्राम नगला गुदे भरथना ने जिलाधिकारी श्रुति सिंह को बताया कि पूर्व की वर्षो में इसी कृषि भूमि में साढ़े तीन से चार कुन्तल बीघा धान की फसल का उत्पादन हुआ करता था इस बार अज्ञात दैवीय आपदा के चलते धान की फसल का उत्पादन पच्चीस फीसदी ही हुआ है। पीड़ित कृषक की मानें तो इस बार धान फसल के उत्पादन में कृषकों को जेब से लम्बा घाटा हुआ है। बीज, सिंचाई, खाद, दवाई, निराई, कटाई के अलावा देख रेख सब मुफ्त में चली गई है। जिलाधिकारी श्रीमती सिंह ने जिला कृषि अधिकारी को धान की फसल का कम उत्पादन होने की जांच करने के निर्देश दिए है। धान की फसल निरीक्षण के दौरान भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह, तहसीलदार गजराज सिंह यादव, एडीओ कृषि सुरेंद्र दुबे, नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी राम आसरे कमल, कोविड.19 प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया के अलावा राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र प्रजापति, आदित्य यादव, छोटेलाल, लेखपाल अर्जुन सिंह चौहान, कर्मियों की टीम प्रमुख रुप से मौजूद रही।

## रिश्वत मांगने के आरोप में उपनिरीक्षक निलम्बित

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक ने जहांनगंज थाना क्षेत्र में जुआरियों की मदद के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में एक पुलिस सबइंस्पेक्टर को तत्कालिक प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि जहांनगंज थाना क्षेत्र के पुलिस सबइंस्पेक्टर राहुल कुमार ने थाना क्षेत्र के एक गांव के भोलेबाबा मंदिर निकवर्ती अमरूद के बाग में जुआ खेलने के आरोप में 11 नवम्बर 2020 को ग्राम मझगवां निवासी रामदास उम्र करीब 50 वर्ष, पवन सिंह उम्र करीब 26 वर्ष व ग्राम रसदपुर के निवासी रामसेवक उम्र करीब 33 वर्ष को गिरफ्तार किया। इसके पुलिस उपनिरीक्षक राहुल कुमार ने जुआरियों से फोन पर उनकी मदद के नाम पर 10 हजार रूपये की रिश्वत मांगने के आरोप का एक वीडियो वायरल हुआ। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस उपनिरीक्षक राहुल कुमार के खिलाफ रिश्वत मांगने के आरोप का वीडियो वायरल होते ही जहांनगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने उपनिरीक्षक राहुल कुमार के विरूद्ध अपराध संख्या 226/20 धारा 7/13 भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। इधर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने बुधवार को रात्रि में तत्कालिक प्रभाव से उपनिरीक्षक राहुल कुमार को निलम्बित कर दिया।

# सरकारी अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर के न बैठने से मरीज बेहाल

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**निशुल्क** एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का सरकारी वादा शायद कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉक्टरों तथा यहां के अस्पताल अधीक्षक के लिए कोई खास मायने नहीं रखता है। आए दिन इस अस्पताल में कोई न कोई किसी न किसी तरह की लापरवाही के चलते गंभीर बीमारियों से ही नहीं अपितु सामान्य रूप से बीमार मरीज उपेक्षा का शिकार होते रहते हैं। लेकिन आज तक व्यवस्था में समुचित सुधार लाने का किसी भी स्तर से धरातलीय प्रयास नहीं किया गया। आज भी यहां की स्वास्थ्य सेवाएं बद से बदतर हालत में दिखाई दे रही हैं। आज दिन के लगभग 2:00 बजे ओपीडी को जब देखा गया तो कक्ष का ताला तो खुला था। गेट भी खुला पड़ा था। लेकिन कोई भी डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। कुर्सी खाली पड़ी थी। बाहर



अस्पताल परिसर में उपचार के लिए आए मरीज दवा की चाहत में भटकते दिखाई दे रहे थे। यहां आई आमरा बेगम पत्नी युसुफ गांव लालबाग तथा झब्बू पुरके विजय व गांव जौरा के रामनारायण पितौरा के काले खां आदि मरीज डॉक्टर के आने का इंतजार सुबह से ही कर रहे थे। लेकिन कोई डॉक्टर ओपीडी में आकर इनकी सुधि लेने वाला दिखाई नहीं दे रहा था। काफी प्रयास के बाद मिली जानकारी के अनुसार पता चला कि यहां तैनात दो डॉक्टर कोरोना ड्यूटी सेंटर फर्रुखाबाद गए थे।

जहां से वापस लौट कर वे दोनों डॉक्टर छुट्टी बिताने चले गए। केवल संविदा पर नियुक्त एक डॉक्टर अमरेश यहां मौजूद जिनकी ड्यूटी इमरजेंसी में लगी है। वह भी अपने आवास पर थे। उन्होंने बताया कि मैं अकेला केवल इमरजेंसी ड्यूटी तो कर सकता हूं। किंतु 24 घंटे की ड्यूटी तो एक डॉक्टर अकेले करने में सक्षम नहीं हो सकता। जो भी हो लेकिन इस सरकारी अस्पताल का स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर हाल बहुत ही खस्ता और व्यवस्था जन सामान्य को निराश करने वाली ही है। क्या शासन अपनी मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य नीति के अनुसार यहां स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रयास करके लोगों को सुविधा उपलब्ध करा पाएगा अथवा नहीं, यह प्रश्न विगत लंबे समय से अनुत्तरित ही बना हुआ है।

# कोविड-19 को लेकर कोई कोताही बर्दाश्त नहीं: डीएम

**कानपुर देहात।** मुख्य सचिव द्वारा कोविड-19 के रोकथाम हेतु दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कन्ट्रोलरूम में तैनात अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में विगत दिवस देर साय समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक के दौरान निर्देश दिए कि कन्ट्रोलरूम के माध्यम से एल-1 अस्पताल, एल-2 हॉस्पिटल मे भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनसे खानपान, स्वास्थ्य, अस्पताल परिसर में साफ सफाई के बारे में जानकारी की जाए। कन्ट्रोलरूम के माध्यम से मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं में यदि कहीं कोई समस्या है तो उसको संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।



जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड मरीज मिलने के बाद ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में कांटेक्ट ट्रेसिंग की प्रगति में सुधार किया जाए। आरटीपीसीआर टेस्टिंग अधिक से अधिक होनी चाहिए, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की समय से सैम्पलिंग पर प्रमुखता जोर दिया जाए। आरआरटी टीमों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाए, होम आइसोलेट मरीज हर हाल में स्वास्थ्य विभाग के होम आइसोलेशन एप का प्रयोग करें। कोविड-19 के संक्रमण से बचाव को दृष्टिगत रखते हुए सर्विलांस टीम द्वारा घर घर जाकर कोरोना से बचाव हेतु नियमित रूप से मास्क पहनने एवं सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु जागरूक किया जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजीव राज आदि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## माता वैष्णो देवी के लिए ट्रेन 22 दिसंबर को होगी रवाना: तिवारी

**फर्रुखाबाद।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता वैष्णों देवी धाम के लिये ट्रेन यात्रा रवाना होगी। माता वैष्णों देवी मंदिर भोलेपुर के संस्थापक डॉ0 राकेश तिवारी ने बताया कि माँ वैष्णों देवी मंदिर जम्मू कटरा के लिये ट्रेन 22 दिसम्बर 2020 को रवाना होगी। विभिन्न शहरों से होते हुये 24 दिसम्बर 2020 को कटरा पहुँचेगी। 25 दिसम्बर 2020 को माँ भगवती का विशाल भण्डारा और उसी रात जनजागरण होगा। श्रद्धालुओं वैष्णों देवी जाने के लिये मंदिर कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। ट्रेन लखनऊ से चलकर कानपुर-फ्तेहगढ़-फर्रूखाबाद-कासगंज-बरेली-सहरानपुर-अम्बाला-लुधियाना-जालंधर-पठानकोट-कठुआ होते हुये कटरा पहुँचेगी। विशाल भण्डारे व भव्य शोभायात्रा का वहां आयोजन होगा। माता रानी का भोग वितरित होने के बाद 26 दिसम्बर 2020 को दोपहर कटरा से ट्रेन घरों को रवाना होगी। श्रद्धालु केन्द्र सरकार की कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करेंगे। यात्रा पर जाने से पहले सभी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग रेलवे स्टेशन के बाहर करायी जायेगी। यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं को मास्क पहनना अनिवार्य होगा।

# संपूर्ण टीकाकरण से निमोनिया हो जाएगा छू मंतर

● विश्व निमोनिया दिवस पर सीएचसी कायमगंज में हुई गोष्ठी

● नवजात और बच्चों में निमोनिया के लक्षणों से रहें सावधान



**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोविड.19 का संक्रमण धीरे.धीरे कम हो रहा है पर वैक्सीन आने तक खतरा अभी बरकरार है। इसके साथ ही सर्दी ने भी दस्तक दे दी है। सर्दी का मौसम शुरू होने के साथ ही सर्दीए जुखामए बुखार के साथ निमोनिया का खतरा भी बढ़ जाता है। यदि ध्यान न दिया जाये तो निमोनिया जानलेवा भी हो सकता है। निमोनिया की रोकथाम व बचाव के लिए विश्व स्तर पर निमोनिया जागरूकता हेतु हर वर्ष 12 नवंबर के दिन विश्व निमोनिया दिवस मनाया जाता है। कोविड.19 महामारी के साथ ही निमोनिया होने पर खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है इसको देखते हुए आवश्यकता है कि समय रहते निमोनिया को पहचान कर उसका उपचार कराया जाए।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रभात वर्मा ने बताया कि निमोनिया का सबसे ज्यादा खतरा नवजातए छोटे बच्चों और वृद्ध लोगों को होता है। नवजात और छोटे बच्चे अपनी परेशानी के बारे में खुलकर नहीं बता सकते इसलिए छोटे बच्चों में निमोनिया के लक्षणों को पहचान बहुत ही जरूरी है। यदि समय रहते निमोनिया के लक्षणों को पहचान लिया जाए तो अनेक बच्चों की जान बचाई जा सकती है। लगभग 16 प्रतिशत बच्चे को न्युमोकॉकल जीवाणु प्रभावित करता है जिससे बचाव के लिए जनपद में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और टीकाकरण सत्रों के माध्यम से पीण्सीण्वीण् टीका दिया जाता है।साथ ही कहा कि हमें बच्चों में होने वाली जानलेवा बीमारियों से अपने बच्चे को बचाने के लिए अपने बच्चे का सम्पूर्ण टीकाकरण कराना जरुरी है। सीएचसी कायमगंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग वर्मा ने बताया कि निमोनिया जीवाणु और विषाणु दोनों प्रकार से फैलता है। कोविड.19 का संक्रमण विषाणु से होता है। यदि समय रहते निमोनिया की पहचान कर ली जाये तो बचाव किया जा सकता है। छोटे बच्चों को किसी भी बीमारी के लक्षणों के दिखते ही बिना देरी चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

### बच्चों में निमोनिया के प्रमुख लक्षण

छोटे बच्चों में सांस तेज चलना, सॉस लेने में परेशानी, सॉस लेने के साथ घुरघुराहट की आवाज आना, खॉसी, बुखार, सॉस लेते समय पसलियों का अन्दर की तरफ धंसना आदि निमोनिया के लक्षण हैं। निमोनिया से बचाव के लिए और संक्रमण होने पर भी नवजात व बच्चों को स्तनपान कराते रहें और गर्माहट देते रहें।

### वयस्कों में निमोनिया के लक्षण

सॉस लेते समय या खांसते समय सीने में दर्द होना, सॉस लेने में परेशानी, खांसी के साथ बलगम का आना ,बुखार होना, पसीना आना और ठण्ड लगना, उलटी.मितली होना, दस्त होना आदि। वयस्क लोगों में यदि निमोनिया या जुखाम आदि के लक्षण दिखायी दें तो तीन दिन तक ठीक न होने तो तुरंत चिकित्सक को दिखा कर उपचार लेना चाहिए। घरेलु उपचार में काढ़ा और भाप का सेवन आराम दे सकता है पर वर्तमान में कोरोना के खतरे को देखते हुए सर्दी.जुखामए बुखार व निमोनिया के लक्षण होने बार लापरवाही करना घातक हो सकता है।ऐसे में चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार ही उपचार करना चाहिए।

## एसपी ने जनपद के विभिन्न थानों का तूफानी निरीक्षण किया

**कानपुर देहात।** एसपी केशव कुमार चौधरी ने गुरुवार को जनपद के विभिन्न थानों का तूफानी निरीक्षण किया। एसपी ने अगामी दीपावली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

14 नवम्बर को दीपावली पर्व के मद्देनजर एसपी केशव कुमार चौधरी ने जनपद के सट्टी, भोगनीपुर सहित अन्य थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। एसपी ने थाना कार्यालय के अभिलेखों को अपडेट करने का निर्देश दिया, एसपी ने सीसीटीएनएस कार्यालय, भोजनालय, आरक्षी बैरक, महिला हेल्प डेस्क व कोविड-19 हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिये। थाना परिसर की साफ सफाई व अगामी दीपावली को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सँबन्धित थानों व अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये।

# व्यापारी देश की रीढ़: सुमंत

● वैश्य एकता परिषद का दशहरा मिलन व शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि

**कस्बे के** धमना रोड स्थित तिरूपति रिसोर्ट में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का शपथ ग्रहण एवं दशहरा मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.सुमंत गुप्ता ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना काल में बड़े से लेकर छोटे व्यापारी ने आगे बढ़कर समाज सेवा के कार्य में अहम भूमिका निभाई। कोरोना के कारण गैर प्रांताओं मजदूरों को भोजन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा प्रशासन का सहयोग किया। समाज को आगे बढ़ाने के लिये सभी का संगठित होकर टीम भावनाओं से काम करना अहम है। व्यापारी देश की रीढ़ है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, युद्धवीर कंथारिया, विजय सोनी, जयंती राजपूत आदि ने संबोधित किया। इसके पहले मुख्य अतिथि ने नये अध्यक्ष शिवसेवक, महामंत्री धर्मेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी, महिला अध्यक्ष अर्पणा अग्रवाल, महामंत्री अर्पणा गुप्ता, कोषाध्यक्ष संगीता गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रीतम सिंह किसान, गोहांड ब्लाक प्रमुख अरविंद्र मुखिया, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र सोनी भोले, जिला महासचिव बृजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सर्राफ विनोद गुप्ता सीए, जिला मीडिया प्रभारी वीर धनंजय चौरसिया, राजेश अग्रवाल, अरविंद्र गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज सोनी, ज्योति गुप्ता, काशी प्रसाद, डा. रामगोपाल गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सभासद मनीष सोनी गुडडू ने किया।

# डीएम ने कहा-बागवानी मिशन को समय से पूरा किया जाए

संवाददाता। हमीरपुर

**एकीकृत** बागवानी विकास मिशन योजना, राज्य आयुष मिशन योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर एकीकृत बागवानी मिशन ,आयुष मिशन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दिए गए लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बागवानी मिशन के अंतर्गत फूलों की खेती, मसालों प्याज, लहसुन, हल्दी आदि की खेती, मधुमक्खी पालन आदि के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया जाए। राज्य आयुष मिशन के अंतर्गत जनपद में औषधीय खेती को बढ़ावा दिया जाए तथा तुलसी, लेमनग्रास, सतावर, एलोवेरा, सर्पगंधा कालमेघ, आदि की खेती करने हेतु कृषकों को जागरूक किया जाए। ज्ञात हो कि औषधीय खेती से बंजर भूमि में भी कृषक अधिकतम मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बुंदेलखंड में पानी की कमी के दृष्टिगत सिंचाई हेतु ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति को बढ़ावा दिया जाय। ज्ञात हो कि ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति के द्वारा परंपरागत सिंचाई की तुलना में 60 फीसदी तक पानी की बचत होती है ।

इस पद्धति का प्रयोग कर फसलों की पैदावार में भी गुणोत्तर वृद्धि होती है। इस मौके पर सीडीओ कमलेश कुमार वैश्य, पीडी चित्रसेन सिंह, उपायुक्त स्वत: रोजगार कमलेश सिंह, उप निदेशक कृषि जेएम श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी विकास, जिला उद्यान अधिकारी उमेश चंद्र उत्तम, जिला कृषि अधिकारी सरस तिवारी, डीपीआरओ तथा प्रगतिशील कृषक व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बुझ गया घर का चिराग

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नई बाइक से अपने घर आ रहे एक रेलवे संविदा कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से इगोहटा गांव में भारी गम का माहौल व्याप्त हो गया है छ्बताया जाता है कि मृतक युवक की शादी मात्र 4 माह पूर्व हुई थी छ्वयह अपने माता पिता की इकलौती संतान थी। इगोहटा निवासी दिनेश दीक्षित का पुत्र वैभव दीक्षित 22 वर्ष रेलवे विभाग में संविदा के तहत नौकरी करता था। उसने नई पल्सर गाड़ी खरीदी थी और बुधवार को कानपुर से इगोहटा आ रहा था तभी सजेती के पास बाइक किसी वाहन से टकरा गयी जिससे युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी पोस्टमार्टम कराने के बाद जब युवक का शव गुरुवार को पैतृक गांव इगोहटा आया तो पूरे गांव में शोक व्याप्त हो गया गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। युवक की मौत से दिनेश दीक्षित का सबकुछ उजड़ गया है क्योंकि वही इकलौती संतान थी। 4 माह पूर्व हाथ पीले करके आई नई नवेली दुल्हन का भी सिंदूर मिट गया है।

## तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा देने को डीएम-एसपी मुस्तैद

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने दीपावली में दीपदान करने को तीर्थक्षेत्र आने वाले 25 लाख श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने को मेला क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर रहे हैं। गुरुवार को डीएम–एसपी ने पूरे मेला क्षेत्र का जायजा लेकर साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश, पार्किंग, कंट्रोल रुम, स्वास्थ्य, सीसीटीवी कैमरे, मन्दाकिनी में बैरीकेटिंग, नाव, गोताखोर आदि व्यवस्थाओं को देखा। डीएम ने एसडीएम सदर व सीओ सिटी से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्था सुनिश्चित कर लें कि कहीं कोई कोमी हो तो उसको तत्काल दूर करायें। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने विभाग से संबंधित व्यवस्था पूरी करा लें, ताकि मेला दौरान तीर्थयात्रियों को कोई समस्या न हो। निरीक्षण में एएसपी प्रकाश स्वरुप पाण्डेय, एसडीएम रामप्रकाश, सीओ सिटी राजनीश यादव, डीपीआरओ संजय पाण्डेय, ईओ नगर पालिका नरेन्द्र मोहन मिश्र आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने छिबौली गांव में पीड़ितों को दिया न्याय का आश्वासन

**सरीला (हमीरपुर)।** आज भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने छिबौली गांव जाकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। तथा ग्रामीणों को न्याय का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। जानकारी के मुताबिक छिबौली गांव में पिछले हफ्ते अधेड़ करन सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर हुए बवाल के बाद जनप्रतिनिधि गांव पहुंच कर ग्रामीणों को न्याय का भरोसा दिला रहे हैं। घटना के बाद से सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं का गांव में आना जाना लगा है।

गुरुवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ गांव जाकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। तथा कहा कि किसी भी निर्दोष के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होगी। पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। तथा दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वह हर मुसीबत में ग्रामीणों के साथ हैं। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी बिजय सिंह को ग्रामीणों की सुरक्षा का दायित्व सौंपते हुए कहा कि वह बेहतर काम करें। उनका पूरा सहयोग करेंगे। आगे कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रीतम सिंह किसान, उमाकांत राजपूत, राजेंद्र गुप्ता, देवेंद्र बुंदेला, बृजेंद्र सिंह दद्दू, हेमंत गुप्ता, हरचरन अनुरागी सहित अन्य भाजपाई व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्रकार के खिलाफ मुकदमा वापस लिए जाने की मांग

**कुरारा (हमीरपुर)।** जनपद के राठ कस्बे में एक पत्रकार के खिलाफझूठा मुकदमा लिखा जाने से कस्बे के पत्रकारों में रोष व्याप्त है वहीं झूठे मुकदमे को वापस लिए जाने की मांग पुलिस अधीक्षक हमीरपुर से की गई है। ज्ञात हो कि रात कस्बे में एक विद्यालय के प्रधानाचार्य का वीडियो वायरल हो जाने से प्रधानाचार्य द्वारा पत्रकार शिवांग श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है जबकि उक्त प्रकरण में पत्रकार सेवाओं का कोई रोल ही नहीं है वही मुकदमा कायम कराए जाने के बाद उप प्रधानाचार्य द्वारा पत्रकार शिवांक के घर में अपने गुर्गों के साथ रात में धावा बोल देना एवं जेल भिजवा देने की धमकी दी है। वहीं प्रशासन के लोग इस प्रकरण पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं इससे जनपद के साथी पत्रकारों में भी रोष व्याप्त है आज कुरारा में पत्रकारों ने बैठक का प्रधानाचार्य द्वारा किए गए कार्य की घोर निंदा की तथा अनावश्यक रूप से पत्रकार शिवांक को रंजन फसाए जाने का विरोध दर्ज किया।

# सीडीओ की उपस्थिति में ड्राई राशन का किया गया वितरण

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित विद्यालय में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर महिला स्वावलंबन हेतु ड्राई राशन वितरण का कार्यक्रम बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा किया गया वहीं बतौर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार वैश्य मौजूद रहे क्षेत्र के झलोखर गांव में गर्भवती धात्री महिलाओं सहित आंगनवाड़ी के बच्चों को शासन के निर्देश पर ड्राई फूड्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं गांव के कृष्णा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने राशन वितरण में सहयोग किया बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं व बच्चों को कुपोषण से बचाव के लिए ड्राई राशन का हिस्सा वितरण किया गया इस मौके पर कृष्णा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सुशीला सचिव अनुसूया कोषाध्यक्ष कस्तूरी देवी ने वितरण में सहयोग किया वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीत सिंह, प्रधान सतनारायण सोनकर अखिलेश सिंह गौर तथा बाल विकास परियोजना कुरारा की मुख्य सेविका मीना ठाकुर मौजूद रहे।

## घर की साफ सफाई करते समय महिला को साँप ने काटा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली मौदहा के गुरदहा गांव में घर की साफ सफाई करते समय महिला को सांप ने काट लिया उसे सीएचसी मौदहा मे भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गुरदहा गांव निवासी सुमन वर्मा पत्नी जगराम जो घर की साफ सफाई कर रही थी उसी समय अचानक घर में निकले सांप ने महिला को काट लिया जिसको परिजनों द्वारा आनन–फानन में कस्बा मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने तुरंत ही महिला का इलाज शुरू कर दिया जिनकी तबीयत में अब सुधार बताया गया है।

# क्विक न्यूज

## कोरोना पॉजिटिव अधिवक्ताओं को मिलेंगे 25-25 हजार

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज सिंह ने बताया कि बार आउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश ने अधिवक्ता के कोरोना पॉजिटिव होने पर 25 हजार रुपये देने का प्राविधान बनाया है। जिला बार के चार सदस्य रतनलाल, अरुण कुमार शुक्ला, कामता प्रसाद कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। गुरुवार को उन्होंने बताया कि बार आउंसिल से निर्धारित प्रारुप में आवेदन करने पर अधिवक्ता को 25 हजार रुपये दिये जायेंगे। पांच नवम्बर को विकास कुमार निगम एड के कोरोना पॉजिटिव होने पर स्वस्थ्य होकर आ गये हैं। उनका आवेदन जिला बार एसोसिएशन ने सात नवम्बर को भेजा है। बार काउंसिल उप्र इलाहाबाद ने जल्द ही कोरोना पॉजिटिव हुए अधिवक्ताओं को 25-25 हजार रुपये देने को कहा है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष हेमराज सिंह ने कहा कि कोरोना कॉल में लॉकडाउन से प्रभावित अधिवक्ताओं को भी धनराशि आवंटित की जायेगी।

## भतीजा बक्से का ताला तोड़कर पचास हजार रुपए उठा ले गया

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कंडौर गांव निवासी ग्रामीणों ने घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़कर नगदी सहित जेवर चोरी करने की तहरीर थाने में दी है क्षेत्र के कन्डौर गांव निवासी नरेश यादव ने पुलिस को बताया कि खदान की रास्ते में खेत से ट्रक निकालने की रास्ता के लिए मोरम ठेकेदार पचास हजार रुपये दे गए थे जिसको पत्नी ने अपने बक्से में रख दिया था इसकी जानकारी मेरे परिवार के लोगों को थी सुबह जब मैं घर से गांव में चला गया तथा बच्चे कोचिंग पढ़ने चले गए तथा पत्नी पखवाड़े में चारा पानी करने चली गई तो मौका पाकर मेरा भतीजा कुलदीप पुत्र शीतल घर में घुसकर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे पचास हजार रुपये नगद तथा जेवरात चुराकर ले गया जब मैंने कहा तो वह झगड़ा करने लगा ने थाने में चोरी की तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है

## दो पक्षों में मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीडित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरसई गांव निवासी धरमसिंह पुत्र दुलीचंद्र ने पुलिस को बताया कि आज सुबह वह घर के बाहर चबूतरा बना रहा था। उसी दौरान परिवार के अजय, अशोक पुत्रगण नाथूराम और लक्ष्मी आये और चबूतरा बनाने के लिये मना करने लगे। जब उसने कहा कि वह अपने घर के बाहर चबूतरा बना रहा है। इतना कहने पर उक्त लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारापीटा। मारपीट से उसके आंख और हाथ में चोटें आईं थी। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

## करंट लगने से युवक घायल

**राठ(हमीरपुर)।** म.प्र. अलीपुरा निवासी कार्तिक पुत्र करन ट्रक पर चढ़ा था। ट्रक के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन की चपेट में आकर घायल हो गया। वहां मौजूद लोग घायल किशोर को इलाज के लिये सीएचसी ले गये। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने मेडिकल कॉलिज उरई रिफर कर दिया।

## युवक ने गटका जहर

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र के जराखर गांव निवासी जयहिंद (28) पुत्र प्रेमचंद्र ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

## बाइक से गिरकर दो घायल

**राठ(हमीरपुर)।** अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग बाइक से गिरकर घायल हो गये। चिकासी थाना क्षेत्र के टोलाखंगारन गांव निवासी फूलसिंह (50) पुत्र हरदयाल बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। इसी तरह चरखारी निवासी अमित (27) पुत्र दशरथ बाइक से गिरकर घायल हो गया।

## वाहन की भौतिक पत्रावली को कार्यालय की अनिवार्यता खत्म

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर की अध्यक्षता में डीलर प्वाइन्ट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से वाहनों के रजिस्ट्रेशन में वाहन की भौतिक पत्रावली को कार्यालय में प्रेषण की अनिवार्यता को समाप्त किये जाने के संबंध में विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यालय परिवहन आयुक्त के पत्र के अनुपालन में अवगत कराया कि व्यवसाय प्रमाण पत्र (ट्रेड सर्टिफिकेट) निर्गत करने एवं पुराने व्यवसाय प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण की ऑनलाइन सुविधा प्रदान की जा चुकी है एवं आवेदक द्वारा नये ट्रेड सर्टिफिकेट हेतु आवेदन की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तार पूर्वक बताया गया तथा परिवहन विभाग द्वारा सात सेवाओं में डॉक्यूमेंट अपलोड एवं स्लॉट अप्वाइन्टमेन्ट की सुविधा (यथा-पंजीयन पुस्तिका की द्वितीय प्रति, पंजीयन पुस्तिका में पता परिवर्तन, हाइपोथिकेशन पृष्ठांकन, हाइपोथिकेशन निरस्तीकरण, पंजीयन पुस्तिका का नवीनीकरण, स्वामित्व अंतरण, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, नये परमिट, परमिट की द्वितीय प्रति, स्पेशल परमिट) के संबंध में विस्तार से बताया गया।

## मौरंग के खेल में बजीर का काम कर रहा थाना डकोर

**उरई (जालौन)।** डकोर क्षेत्र में संचालित बालू के घाटों पर जमकर लूट का खेल खेला जाता है। इसमें कई तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं इसकी भनक अधिकारियों को न लग सके इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। शतरंज के सबसे अहम मोहरे को बजीर कहा जाता है लेकिन डकोर क्षेत्र में मौरंग के ट्रकों को निकलवाने और ओवरलोडिंग की अनदेखी करने के साथ ही रुपए के लेनदेन करने में वहां के डकोर थाना प्रभारी शतरंज के बजीर की भूमिका निभाते हैं। हालत यह है कि जब ओवरलोडिंग और लोकेशन के खिलाफप्रशासन के आला अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी तो थाने के मातहतों ने नये तरीके से इन ट्रकों को निकलवाने की जुगत लगाना शुरू कर दी है। जैसे ही ट्रक को घाट पर भरा जाता है इसके बाद उसे निकालने के लिए जहां पर टोकन काटा जाता है वहीं पर सीधे प्रति ट्रक के हिसाब से 600 रुपए ट्रक को डकोर थाने की सीमा से बाहर तक पहुंचाने के जमा करा लिये जाते हैं फिर उस ट्रक को नंबर फारवर्ड कर सभी जिम्मेदारों को भेज दिया जाता है। कहीं पर भी उस ट्रक के नंबर को देखकर उसे आगे बढ़ाया जा सके। हालत यह है कि यह खेल रात 11 बजे के बाद शुरू होता है और सुबह 5 बजे बंद हो जाता है।

## धनतेरस को दिखा कोरोना का असर, बाजार में नहीं दिखी रौनक

**जालौन (उरई)।** धनतेरस के साथ ही दीपावली के त्यौहार का आगाज हो गया है। पांच दिनों तक चलने वाले इस त्योहार के पहले दिन आज भगवान श्रीगणेश व माता लक्ष्मी की मूर्ति कलेंडर के साथ सफाई का सामान व खीले गट्टे की बिक्री हुई। बाजार में धनतेरस के दिन खरीददारों पर कोरोना का असर दिखा। धनतेरस के एक-दो दिन पहले से ही लोग बर्तनों की खरीद-फरोख्त लोग शुरू कर देते हैं। नगर में बर्तन की दुकानें जगमगाने लगी हैं। लेकिन बर्तनों की सजी दुकानों पर ग्राहकों की दीवानगी नजर नहीं आ रही है। फिर भी मिठाई, खिलौनों, आदि की दुकानों पर लोगों की व्यस्तता देखने लायक है। मिठाई बनाने का कार्य एक सप्ताह से युद्ध स्तर पर चल रहा है। दीपावली के अवसर पर पूरे पांच दिन धनतेरस से लेकर भाई-दूज तक मिठाई की बिक्री सबसे अधिक होती है। वहीं इस मौके पर कुम्हारों की व्यस्तता भी देखने लायक है। दीपक, कन्दीलें, गणेश-लक्ष्मी तथा अन्य खिलौने बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। शक्कर के खिलौने भी आज-कल, दिन-रात बनाए जा रहे हैं। बाजार में खील-बताशों का अंबार लगा है।

# पत्रकारों के अधिकारों और मान–सम्मान की रक्षा के लिए काम करेगा प्रेस क्लब: अशोक

● वरिष्ठ पत्रकार अशोक द्विवेदी सर्वसम्मति से चुने गये प्रेस क्लब चित्रकूट के अध्यक्ष

संवाददाता। चित्रकूट



प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी का स्वागत करते वरिष्ठ पत्रकार।

**धनतेरस** के पावन अवसर पर जिला सूचना कार्यालय में प्रेस क्लब चित्रकूट की आयोजित वरिष्ठ पत्रकारों की बैठक में मीडिया कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट आलोक द्विवेदी ने की। वहीँ मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार विवेक अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र गुप्ता मौजूद रहे । बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार अशोक द्विवेदी को प्रेस क्लब चित्रकूट का अध्यक्ष चुना गया। बैठक का संचालन कर रहे सीपी द्विबेदी ने सभी पत्रकारों से कहा कि संगठन का चुनाव संवैधानिक तरीके से किया जाये। इसके बाद सभी पत्रकारों से सुझाव और विचार मांगे गए। इस पर सभी लोगों ने सहमति जताते हुए कहा कि किसी एक व्यक्ति को अध्यक्ष पद के लिए चुन लिया जाए। उसके बाद वरिष्ठ पत्रकार रतन पटेल ने अशोक द्विवेदी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसे सर्वसम्मति से सभी पत्रकारों ने स्वीकार करते हुए तालियां बजाकर स्वागत किया। इसके उपरांत रतन पटेल और राजेश्वर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष , शंकर यादव, मुबीन खान एवं शाह आलम को महासचिव, ओंकार सिंहको प्रवक्ता, अखिलेश दीक्षितको संगठन मंत्री, सूरज तोमर और भानु श्रीवास्तव को सह संगठन मंत्रीएवं शानू गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा ललित किशोर त्रिपाठी, संजय राणा को मीडिया प्रभारी पद की जिम्मेदारी दी गयी। इसके अलावा क्लब की अगली बैठक में अन्य पदों का पदाधिकारियों का चयन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी ने कहा कि हमारी इच्छा है कि हम प्रेस क्लब अपने जीते जी बनता देख ले। 40 वर्षों से आज तक प्रेस क्लब नहीं बन पाया। अभी तक सब अलग अलग संगठन बनाते रहे। आज जिस संगठन का गठन हो रहा है 15 से 20 दिन के अंदर सक्रिय तौर पर कार्य करने लगे यही हमारी इच्छा है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी प्रेस क्लब का अध्यक्ष बने लेकिन वह ठेकेदार ना बने ,लोग अपना अपना काम करने के साथ संगठन का कार्य पत्रकारों के हित में कार्य करे। संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन के लिए जमीन भी एलाट है और रजिस्ट्रेशन भी है । हमारे संगठन का 23 वर्ष पुराना रजिस्ट्रेशन है इसका विस्तार करके इसी को ही मजबूत करना है जो पत्रकारों के हित में सक्रिय रुप से कार्य करेगा। वरिष्ठ पत्रकार विकास श्रीवास्तव ने कहा संगठन के अध्यक्ष के ऊपर एक गवर्नर बॉडी होनी चाहिए। जिससे क्लब का अध्यक्ष निरंकुश न हो और उसकी शिकायत भी गवर्नर बाड़ी से की जा सके।वरिष्ठ पत्रकार एवं क्लब के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा प्रेस क्लब का लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव हो और जिस तरीके से सभी सदस्य संतुष्ट हो वैसे ही कार्य किया जाना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल मुबीन सिद्दीकी ने कहा कि 25 वर्षो के लंबे इंतजार को अब खत्म किया जाना चाहिए और वरिष्ठ पत्रकारों के सुझाव को आगे बढ़ाते हुए प्रेस क्लब का गठन किया जाए जो पत्रकारों के हित में कार्य करें। वरिष्ठ पत्रकार संतोष बंसल ने भी बात रखते हुए कहा कि हमारे प्रेस क्लब का भवन निर्माण हो जाए और प्रेस क्लब की एक आमदनी की भी शुरूआत हो और सभी के हित के लिए उसका उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा मान्यता और गैर मान्यता प्राप्त पत्रकार सब मिलकर कुछ धनराशि भी प्रेसक्लब के कोष में जमा करें जिससे क्लब के खर्चे उठाए जा सकें । वरिष्ठ पत्रकार हेमराज कश्यप ने कहा लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव हो और उसके बाद प्रेस क्लब कार्य करे। प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष शानू गुप्ता ने सभी को धनतेरस की शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी को संतुष्ट नहीं किया जा सकता लेकिन सबके हित के लिए कार्य किया जा सकता है.यहां उपस्थित सभी लोग संगठित होकर सहयोग की भावना से काम करें। वरिष्ठ पत्रकार शंकर यादव ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि पहले भी चित्रकूट प्रेस क्लब के गठन की बात मैंने ही उठाई थी और अध्यक्ष पद का प्रस्ताव रखा था। कार्यकारिणी आज तक घोषित नहीं की गई जिसको लेकर पत्रकार भाईयों में आक्रोश ब्याप्त है। इसलिए अब नए सिरे से प्रेस क्लब की कमेटी बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसको आलोचना का डर न हो और पत्रकार हितों के लिए काम निष्ठा ईमानदारी के साथ करे वह जिम्मेदारी संभाल ले और संवैधानिक लोकतांत्रिक सगठन बने। ताकि यहां भी अन्य जिलों की तरह प्रेस क्लब भवन बन सके। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार विजय दीक्षित अमित अग्रवाल, सोहनलाल, सुरेश कुमार, राधा बिहारी पाठक, महेंद्र मिश्रा, संजय राणा, राम सुशील तिवारी, रजनीश यादव, लवकुश श्रीवास, मुकेश तिवारी, रामनरेश श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी ललित किशोर त्रिपाठी, कैलाश द्विवेदी भानु प्रताप श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, संतोष बंसल, अरुण कुमार मोनू द्विवेदी वीरेंद्र शुक्ला व विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया।

# पंचायत चुनाव में जनता करेगी भाजपा के पक्ष में मतदान: सांसद

**चित्रकूट।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तीनों मंडलों की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर मानिकपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे की अध्यक्षता में हुई। गुरुवार को जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि देश के पंचायत चुनाव में ब्लॉक तथा जिला पंचायत वार्ड के लिए कार्यकर्ताओं का मनोनयन कर अहम जिम्मेदारी दी गई है। सभी कार्यकर्ता को भाजपा के पक्ष में माहौल बनाना शुरू कर दें। बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के विभिन्न पदों के लिए चुनाव लड़कर जनप्रतिनिधि बनने की आकांक्षा हर कार्यकर्ता के हृदय में है। उसके पास बजट, और जनमानस के बीच लोकप्रियता और जातीय समीकरण को समझने की आवश्यक तकनीकी होना जरूरी है। पूर्ववर्ती बसपा और सपा की सरकारों की नीतिगत योजनाओं के धरातल पर पूर्णरूपेण से न उतरने पर जनता आहत थी। इसीलिए भाजपा के पक्ष में जनमानस को जागरूक होकर मतदान करना चाहिए।



पंचायत चुनाव की बैठक करते भाजपा जिलाध्यक्ष आदि।

मऊ–मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि पंचायत चुनाव के माध्यम से भाजपा को ऐसी दिशा प्राप्त होगी कि अंतिम पंक्ति में खड़े मानव जीवन का भी कल्याण होगा। भाजपा कार्यकर्ता को मुस्तैदी के साथ इस चुनाव में अपनी भूमिका का निर्वहन कर के जिला पंचायत और ब्लॉकों में विजय दिलाएंगे। पंचायत चुनाव के जिला प्रभारी बद्री विशाल त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार जताया। जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, मानिकपुर मंडल अध्यक्ष गणेश प्रताप सिंह, मऊ मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, रामनगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, बरगढ़ मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल व बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजेश जायसवाल ने किया।

# पुलिस ड्रोन कैमरे से करती रही उरई बाजार की निगरानी

● सीओ सदर अपनी टीम के साथ नई तकनीक के प्रयोग पर दिखे संतुष्ट

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को धनतेरस त्यौहार पर बाजार में उमड़ने वाली भीड़ के बीच में अराजक तत्वों द्वारा चोरी की घटनाओं पर नजर रखने के लिये पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर संतोष कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ दिन भर ड्रोन कैमरे के माध्यम से बाजार में आने वाले लोगों पर नजर बनाये रखी। इस तरह से देखा जाये तो पुलिस विभाग द्वारा पहली बार भीड़भाड़ पर तीसरे नेत्र का सहारा नई तकनीकी के माध्यम से लिया गया। पांच दिवसीय दीपावली त्यौहार की धनतेरस के दिन से शुरूआत होती है इस दिन बाजार में सबसे ज्यादा लोग खरीददारी के लिये घरों से निकलकर बाजार में पहुंचते हैं जहां वह अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी करते हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बाजार में आने वाली भीड़ पर नजर रखने के लिये एसपी के निर्देश पर सीओ सदर ने नई तकनीकी का सहारा लेकर ड्रोन के माध्यम से समूचे बाजार में हर गतिविधि पर नजरें टिकाये रहे। हालांकि पिछले वर्षों की तरह इस बार कोरोना संक्रमण के चलते बाजारों में उतनी भीड़ नजर नहीं आयी लेकिन इसके बाद भी लोगों ने धनतेरस के दिन अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी की औपचारिता पूर्ण कर परंपरा का निर्वहन किया। पुलिस की निरंतर सक्रियता के चलते बाजार में आम लोगों के बीच पहुंचकर चोरों के मंसूबे सफल नहीं हो पाये। इसके अलावा भी नगर के बाजारों को जोड़ने वाले विभिन्न मार्गों पर भी पुलिस बल चौकन्ना होकर ड्यूटी पर मुस्तैद दिखा। जिससे नगरवासी भयमुक्त होकर जहां अपने घरों से निकले और सुरक्षित अपने आवासों तक वापस लौट आये।

# भाईचारे व प्रेमभाव के साथ मनाएं दीपावली

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** वरिष्ठ समाजसेवी सहित जनप्रतिनिधियों ने दीपावली पर्व को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनानें की अपील की है। वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने कहा कि भगवान राम के 14 वर्षो के वनवास के बाद अयोध्या आगमन पर दीपावली मनाई गई थी, हर नगर हर गांव में दीपक जलाए गए थे। तब से दीपावली का यह पर्व अंधकार पर विजय का पर्व बन गया। उन्होनें नागरिकों से दीपावली पर्व आपसी भाईचारे एवं प्रेमभाव से मनानें की अपील की है।

भाजपा जिलाउपाध्यक्ष जीतू तिवारी नें कहा कि दीपावली पर्व रोशनी का त्योहार है जो कि शरद ऋतु में हर वर्ष मनाया जाने वाला एक प्राचीन हिंदू त्योहार है। यह त्योहार हमारे जीवन में एक नवीन ऊर्जा का संचार करता है। उन्होनें लोगों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनानें की अपील की है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर नें कहा कि दीपावली पर्व भारत के सबसे बड़े और प्रतिभाशाली त्योहारों में से एक है। यह त्योहार आध्यात्मिक रूप से अंधकार पर प्रकाश की विजय को दर्शाता है। उन्होनें नागरिकों से आपसी भाईचारे के साथ दीपावली वर्प मनानें की अपील की है।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश महासचिव अमन हुसैन सिददीकी नें कहा कि नागरिकों को पारंपरिक तरीके से मनाए जाने वाले त्यौहार दीपावली पर बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और पास पड़ोस में भाईचारे को बढ़ावा देना होगा। पटाखों पर खर्च करने वाले पैसे से जरूरतमंद की मदद करनी होगी। पर्यावरण के प्रति जागरूक रहें। युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खॉ उर्फ पप्पी ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि त्योहारों को आपसी गिले शिकबे भूलाकर हमें एक दूसरे से मिलजुल कर पर्व का आनन्द लेना चाहिये। हर सक्षम व्यक्ति को गरीबों के त्योहारों को भी ध्यान मे रखते हुये उनकी मदद करनी चाहिये। हर त्योहार हमें बुराईयों को छोडकर अपने जीवन मे अच्छाईयों को धारण करने का संदेश देता है।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजीव दुवे उर्फ मुन्ना ने क्षेत्रीय लोगों से दीपावली त्योहार पर अपील करते हुये कहा कि दीपावली पर्व दीपों का पर्व है त्योहार की खुशी मे बच्चों के साथ बडे भी सरीक हों। चूंकि इस त्योहार पर आतिशबाजी का विशेष चलन होता है। ऐसे मे हमें ध्यान रखने की जरुरत है कि कहीं छोटे बच्चों के हांथ विस्फोटक आतिशबाजी तो नही पहुंच गयी है।

शिक्षक डा. उमेश कुमार नें कहा कि प्रकाश और रोशनी का यह पर्व अंधकार से रोशनी दिखाता है। इसलिए हम अपने घरों के आगे अंधकार को दूर करने के लिए दीये जलाते हैं। इसी तरह हमें अपने मन मस्तिष्क से अज्ञानता का अंधेरा दूर करके ज्ञान रूपी प्रकाश फैलाना चाहिए। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू नें कहा कि दीपावली पर्व पर ईर्ष्या दूर करके लोगों को इस तरह अपनाएं कि लोगों के जीवन में सुख–समृद्धि एवं खुशहाली आए। दीपावली पर सफाई का विशेष ध्यान रखें। भारत विकास परिषद के नगर अध्यक्ष सुधीर दीक्षित नें कहा कि यह पर्व हमें आपसी भाईचारे को मजबूत करनें तथा अपनें आसपास मौजूद जरूरतमंदों की मदद करनें का संदेश देता है। नागरिक हाथों में सेनेटाईजर लगाकर आतिशवाजी न छुडायें।

# धनतेरस पर गुलजार रहे बाजार

● जमकर हुई खरीदारी, हर्षोल्लास से मनी भगवान धवंतरि की जयंती

संवाददाता। सुलतानपुर

**गुरूवार** को धनतेरस के मौके पर बाजारों की रौनक देखते ही बन रही थी। दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ दिखी। मान्यता के अनुसार बर्तनों की जमकर खरीदारी हुई। शहर समेत ग्रामीणांचल की छोटी-बडी दुकानों पर देरसत तक भीड-भाड़ दिखी, हालॉकि इस दौरान लोग सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना भी भूल गए।

शहर के ठठेरीबाजार, शाहगंज, रामलीला मैदान समेत बर्तनों की प्रमुख बाजारों में सुबह से ही लोगों की भीड जुटनी शुरू हो गई थी। मान्यता है कि धनतेरस पर बर्तनों की खरीदारी शुभ माना जाता है। इस शुभ अवसर पर हर कोई बर्तनों की खरीदारी को बेताब था। गरीब तबके के लोगों ने थाली व चम्मच ही सही, लेकिन खरीदारी जरूर की। आभूषणों की दुकानों पर चौक, मायाबाजार, पारकींसगंज में रोजाना की अपेक्षा ज्यादा भीड रही। वाहनों की भी जमकर खरीदारी हुई। जिलेभर की अमूमन सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों एवं ट्रैक्टरों की एजेंसियों पर लोग वाहनों की खरीद करते नजर आए। वहीं भगवान धवंतरि की जयंती के अवसर पर जगह-जगह गोष्ठियों का दौर चला। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुषविंग में आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.एसके गोयल ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाल रोग विशेषज्ञ डा.गोपल रजक ने कोविड महामारी पर आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को धन्वंतरि जयंती की बधाई दी। आयुर्वेदिक चिकित्सक डा.एसके श्रीवास्तव ने आयुर्वेद को जन उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संचालन होमियोपैथी डा.राघवेंद्र सोनकर ने किया। इस मौके पर डा.तारिक खान, राम सागर, मो.अजीज समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नगर मजिस्ट्रेट ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण



**गोंडा**। नगर क्षेत्र में कोविड-19 से बचाव व सुरक्षा के दृष्टिगत इस बार शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इन्टर कालेज मैदान में पटाखों की दुकानें जिला प्रशासन द्वारा लगवाई गई हैं जहां पर सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ दुकानें व्यवस्थित कराई गई हैं।जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरूवार को नगर मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी तथा सीओ सिटी लक्ष्मीकान्त गौतम ने टामसन मैदान में लगाई गई पटाखों की दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबन्धों की जानकारी ली तथा दुकानदारों को जरूरी निर्देश दिए। स्वयं सिटी मजिस्टेब्र्ट व सीओ ने अग्नि शमन यंत्र को चलाकर दुकानदारों को अग्नि से बचाव के साथ ही सोशल डिस्टेन्सिंग का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए। बताते चलें कि इस बार सुरक्षा कारणों तथा कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के दृष्टिगत कोविड-19 प्रोटोकाल को ध्यान रखते हुए खुले में टामसन मैदान में पटाखों की दुकानों का आवंटन लाटरी के माध्यम से किया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि नगर में 72 पटाखा दुकानदारों को अनुमति प्रदान की गई है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम द्वारा अनुमति प्रदान की गई है।

## डीएम ने अभिलेखागार की व्यवस्थाएं परखीं

**सुलतानपुर**। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। डीएम ने सभी कर्मचारियों को बुलाकर भौतिक सत्यापन किया और नकल देरी से जारी होने का कारण पूंछा, तो वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि कुछ कर्मचारियों की ड्यूटी कोविड-19 में लगा दी गयी है, जिसके कारण नकल समय से जारी नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त राजस्व अभिलेखागार में फोटो स्टेट मशीन छोटी लगी होना भी कारण बताया गया। जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखागार में बस्ते खोलवाकर रिकार्ड चेक किया तथा रिकार्ड की साफ-सफाई व व्यवस्थित रखने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी को दिये। उन्होंने अभिलेखागार में लगे हुए अग्निशमन यंत्र का भी निरीक्षण किया, जिसे नियमित चेकअप करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये, जिससे समय पर अग्निशमन यंत्र प्रयोग में लाया जा सके और अभिलेखागार में नियमित साफ-सफाई कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी कलीमउल्ला सहित कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह हुए सम्मानित

**लालगंज, रायबरेली**। जिलाविद्यालय निरीक्षक रायबरेली चंद्रशेखर मालवीय द्वारा बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेन्द्र बहादुर सिंह को आदर्श प्रधानाचार्य का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ यह सम्मान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली में हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सम्मान समारोह मे उपस्थित विभिन्न विद्यालयों से आये हुए प्रधानाचार्य व शिक्षकों को बताया कि बैसवारा इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य के रूप में श्री सिंह ने पिछले 13 सितंबर 2019 से अब तक लगातार विद्यालय व्यवस्था व शिक्षण कार्यो के प्रति पूरी ईमानीदारी व निष्ठा के साथ विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और अन्त में कहा कि इस कोरोना काल जैसी महामारी के बीच बैसवारा इन्टर कालेज आपके नेतृत्व में जिले में पहला विद्यालय रहा जो नयें विद्यार्थियों के प्रवेश में अन्य विद्यालयों को पीछे छोड़ दिया ।सम्मान समारोह के इस मौके पर श्री सिंह ने विद्यालय के शिक्षक साथियों तथा विद्यालय प्रबन्ध तन्त्र की प्रशंसा करते हुयें कहा कि प्रबन्धक व शिक्षक साथियों का अभूतपूर्व सहयोग का परिणाम रहा जो मुझे आज यह सम्मान प्राप्त हुआ ।श्री सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक को आश्वस्त किया कि शासन प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ काम करूँगा।

### चोरों ने दुकान से उड़ाया सामान व नकदी

**लालगंज,रायबरेली**। दुकान से चोरों ने लगभग बीस हजार रूपये कीमत का सामान गायब कर दिया। पांडेयपुर मजरे विशुनखेड़ा गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र राम औतार ने बताया कि उसने घर में ही परचून की दुकान कर रखी है। बीती रात चोर दुकान में रखी तीन हजार की नगदी समेत लगभग बीस हजार रूपये कीमत का सामान चुरा ले गए हैं। मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया गया है।

### एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल मार्च

**लालगंज,रायबरेली**। त्यौहार के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पहली बार है कि नगर के प्रमुख मार्गा पर पुलिस ने बेरीकेटिंग कराई है ताकि भीड़ में भारी वाहन नगर के अंदर प्रवेश न करने पाए। लेकिन सड़कों के ऊपर तक तखत डालकर लगी दुकानों, फल, सब्जी व चाट के ठेलों की वजह से जाम की स्थिति है। पुख्तादुकानदारों ने भी धनतेरस व दीपावली की आड़ में दुकानों के सामने सड़क तक फैलाकर सामान लगा रखी है। जिसका नतीजा है कि सड़क पर चलने के लिए संकरा रास्ता ही बचा है जिस पर लोग बाइकें खड़ी कर दुकानों में खरीददारी करने लगते हैं। गांधी चौराहे से करूणा बाजार जाने वाले मार्ग पर तो पुलिस कर्मियों ने बेरीकेटिंग कर दो पहिया वाहन सवारों को भी जाने में पाबंदी लगा दी लेकिन बाइक चालक दूसरे रास्तों का प्रयोग कर वहां जाते रहे। लोगों का कहना था कि यदि प्रशासन बेरीकेटिंग कराने से ज्यादा ध्यान अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाही कर अतिक्रमण हटवाने में लगाता तो जाम की स्थिति उत्पन्न न होती। गुरूवार को उपजिलाधिकारी जीतलाल सैनी व क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह ने कोतवाल अरूण कुमार सिंह व पुलिसबल के साथ नगर में पैदल मार्च भी किया। सीओ ने प्रमुख स्थलों, बाजारों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती को लेकर भी निर्देश दिए।

### लालगंज तहसील क्षेत्र में लगेंगी 119 अस्थाई पटाखों की दुकानें

**लालगंज,रायबरेली**। तहसील क्षेत्र में अस्थाई पटाखों के कुल 119 लाइसेंस जारी किए गए है। जिनमें से 61 लाइसेंस लालगंज क्षेत्र के है। लालगंज में जारी किए गए अस्थाई लाइसेंसो की दुकाने बस स्टेशन लालगंज व डिग्री कालेज परिसर में लगेंगी। कोविड-19 को लेकर इस बार दुकानों को दो जगहों पर बांटा गया है। बस स्टेशन में 46 व 15 दुकाने डिग्री कालेज परिसर में लगेंगी। शेष लाइसेंस सरेनी व खीरों विकास खंड के लिए जारी किए गए हैं

### पम्प हाउस का मोटर जलने से बाधित हुई जलापूर्ति

**लालगंज रायबरेली**। लालगंज पम्प हाउस का मोटर जल जाने से नगर के आधा दर्जन से अधिक मुहल्ले के सैकड़ों घरो में पानी की समस्या खड़ी हो गई है। उल्लेखनीय है कि साकेत नगर मजरे आलमपुर मुहल्ला स्थित पम्प हाउस से चमनगंज, सोहाईबाग, साकेत नगर, आजादनगर, सुदनखेड़ा, राजेंद्र नगर आदि मुहल्लो में उक्त पानी टंकी से जलापूर्ति होती है। कुछ महीनों पहले तक यह जलापूर्ति दिन में सुबह दोपहर व शाम तीन समय की जाती थी। लेकिन कुछ महीनों से इसे घटा कर दिन में केवल दो बार सुबह व शाम कर दिया गया। बुधवार को उक्त पम्प हाउस का मोटर जल जाने से इससे सम्बद्ध उपभोक्ताओं के घरो में पानी की किल्लत हो गई। दीपावली पर्व पर जब लोगों को घरो में सफाई के लिए पानी की ज्यादा जरूरत थी तब उन्हें दूर दराज लगे इंडियामार्क नलों का सहारा लेना पड़ा। दूसरे दिन गुरूवार को भी शाम तक जलापूर्ति बहाल नही हो सकी थी जिसके चलते लोगों में नगर पंचायत प्रशासन की उदासीनता को लेकर आक्रोश देखा गया। इस बाबत जानकारी के लिए नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अनुराग शुक्ला को कई बार फोन किया गया लेकिन काल रिसीव न करने के चलते उनका पक्ष नही जाना जा सका।

### नव नियुक्त अवर अभियन्ताओं को मिला नियुक्ति पत्र

**गोंडा**। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नवनियुक्त जूनियर इंजीनियरों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को एनआईसी में कटरा विधानसभा के विधायक बावन सिंह द्वारा गोंडा जनपद के नवनियुक्त जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार दुबे, हर्षित उपाध्याय एवं सोमनाथ को नियुक्ति/पद स्थापना पत्र प्रदान किया गया। इन नवनियुक्त जूनियर इंजीनियरों को जनपद बलरामपुर के चित्तौड़गढ़ बांध निर्माण खंड व राप्ती नहर निर्माण खंड-2 तुलसीपुर में नियुक्ति प्रदान की गई है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रजत यादव सहित सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### फेस्टिव मेले का आयोजन

**करनैलगंज (गोंडा)**। करनैलगंज ब्लॉक परिसर में एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक चन्दन सिंह की देखरेख में फेस्टिव मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अखण्ड प्रताप सिंह, रंजीत यादव, मिरजा जॉन, आशीष पांडेय, गौरव व शैलेश श्रीवास्तव ने ब्लॉक कर्मियों के साथ जनता को बैंक की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने के लिये प्रेरित किया। बैंक मैनेजर चन्दन सिंह ने ग्राहकों को पर्सनल लोन, टू व्हीलर लोन, कार लोन, होम लोन, क्रेडिट कार्ड पर लोन सहित अन्य लोन की जानकारी देकर जनता से बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाओ का लाभ उठाने की अपील की। सोनू शुक्ला, सन्तोष सिंह, मोती सिंह, वृहस्पति कुमार दुबे व फरियाद अहमद आदि मेले में सामिल हुये।

### पिता और बाबा के पद चिन्हों पर चलकर लिया देश सेवा का संकल्प

**शिवगढ़ (रायबरेली)**। शिवगढ़ क्षेत्र के ढेकवा गांव के रहने वाले युवा समाजसेवी ध्यानु पाण्डेय ने कोरोना संकटकाल में समाज के लिए जो योगदान दिया उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिन्होंने एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए कोरोना फाइटर्स की तरह अपनी जान की परवाह किए बगैर प्रवासी मजदूरों एवं जरूरतमंदों की हर सम्भव मदद की। सबसे अच्छी बात रही की इस दौरान ध्यानू पांडेय ने किसी की मदद करते समय ना ही कोई फोटो खिंचाई और ना ही कभी किसी से कोई चर्चा की। किंतु अच्छाई सामने आ ही जाती है। विदित हो कि ध्यानु पांडेय ने लॉकडाउन के दरमियान प्रवासी मजदूरों एवं जरूरतमंदों की यथासंभव मदद की और लोगों को हमेशा करोना महामारी के प्रति सचेत करते रहे। मन में देशभक्ति और समाज सेवा का जज्बा रखने वाले ध्यानु पांडेय अपने पिता और बाबा के पद चिन्हों पर चलकर सेना में जाकर देश की रक्षा करना चाहते हैं।

### सख्त निर्देश के बावजूद शिवगढ़ क्षेत्र में जलाई जा रही पराली

**शिवगढ़ (रायबरेली)**। शासन प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद शिवगढ़ थाना क्षेत्र में पराली जलाने का मामला रुकने का नाम नही ले रहा। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल जान कर भी मूकदर्शक बने बैठे हैं। लेखपालों की लापरवाही के चलते बेखौफहोकर जलाई जा रही पराली हवा में जहर घोल रही है। जिसके चलते हवा में सांस लेना दूभर हो रहा है। थाना क्षेत्र के चंदापुर, बसंतपुर सकतपुर के सायपुर सहित दर्जनों गांव में पराली जलाई गई और जिम्मेदार लेखपालों के कान पर जूं तक नही रेंगी। लेखपालों की लापरवाही के चलते शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि शासन- प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी जलाई जा रही पराली पर रोक लगाने के लिए क्या ठोस कदम उठाते हैं।

### बेबस-बेसहारा बच्चों की मदद करेगा चाइल्ड लाइन

**सुलतानपुर**। चाइल्ड लाइन से दोस्ती अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण अभियान चलाया गया, जिसमें आज श्रम विभाग में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के रुद्रनगर स्थित सुलतानपुर श्रमायुक्त अधिकारी नासिर खान ने हस्ताक्षर करते हुए कहाकि बच्चों की सुरक्षा जरूरी है। संकल्प लिया कि बेबस बेसहारा एवं मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद करूंगा। जाति धर्म से ऊपर उठकर बच्चों पर होने वाले किसी भी प्रकार की हिंसा को बर्दाश्त नहीं करूंगा। उन्होंने श्रम विभाग के कर्मचारियों को उनके दायित्व के निर्वहन के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्रम आयुक्त विभाग के सभी कर्मचारी एवं चाइल्डलाइन की टीम में समन्वयक संदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### ट्रेन से गिरा युवक, मौत

**सुलतानपुर**। चांदा थाना क्षेत्र के चांदा हाल्ट स्टेशन के पास ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब शव की तलाशी करायी तो जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ। जिससे शव की पहचान अशोक कुमार निवासी मुंगेर प्रांत बिहार के रूप में हुई। चांदा पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया है।

## अग्निकांड में दर्जनों मकान जलकर हुए राख, पांच मवेशिवों की मौत



**श्रावस्ती**। सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया के ग्राम पंचायत जोखवा के मजरा चमारनपुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग में दर्जनो मकान जल कर राख हो गये इस अग्निकांड मे 5 मवेशियों की भी जल कर मौत हो गयी है। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणो की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

घटना बुधवार देर शाम की है राम उजागर पुत्र अंगनू के फूस के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गयी देखते ही देखते आग ने विकराल धारण कर दर्जनो मकानो को अपने आगोश में ले लिया। इस अग्निकांड में अंगनू पुत्र पाटन जगत राम पुत्रगण अंगनू जगमोहन त्रिभुवन मालिक राम पुत्र गण अवतार सुरेश पुत्र राम नरेश सोमई पुत्र पाटनएसूरत पुत्र नन्द लाल किशोर पुत्र राम नाथ व गुमान पुत्र राम अवतार के मकान जल गये ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद भी जब आग पर काबू नही पाया जा सका तो दमकल विभाग को सूचना दी गई सूचना पर पहुँची दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस अग्नि कांड में हुए नुकसान के आंकलन के लिए राजस्व कर्मी गाँव पहुंच कर क्षति के आकलन में लगें है।

## 17 नवंबर से शुरू होगा मतदाता पुनरीक्षण कार्यः डा. बंसल

● 15 दिसम्बर को होगा अंतिम प्रकाशनः डीएम

संवाददाता। गोंडा

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों से अपील की है कि वे अर्हता तिथि 01 जनवरी 2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु बूथ लेविल एजेन्ट्स की नियुक्ति कर दें। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजैनितक दलों के साथ आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि आगामी 17 नवम्बर से विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होगा।



बैठक करते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाना है जिसके लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों से बूथ लेविल एजेन्ट्स की नियुक्ति कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपेक्षा की है कि जनपद में अवस्थित सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल एजेन्ट्स (बीएलए) की नियुक्ति करके एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय तथा एक प्रति सम्बन्धित क्षेत्र की तहसील के उपजिलाधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाय जिससे पुनरीक्षण कार्य पूर्ण कराया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुनरीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 17 नवम्बर से पुनरीक्षण कार्य का प्रारम्भ, दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 17 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक, विशेष अभियान 22 व 28 नवम्बर तथा 05 व 13 दिसम्बर को, दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की तिथि 05 दिसम्बर तथा 15 दिसम्बर को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन होगा। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही जनसामान्य से भी अपील की है कि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार कराने में सहयोग करें तथा ऐसे सभी लोग जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और वे मतदाता नहीं बन सकें हैं, उनका नाम बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में जरूर शामिल कराएं। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी राकेश सिंह, प्रशिक्षु एसडीएम कुलदीप सिंह, राजनैतिक दलों में भाजपा से अनुपम प्रकाश मिश्र, सपा से राजेश दीक्षित, कांग्रेस से शिवकुमार दूबे, सीपीआई से दीनानाथ त्रिपाठी सहित अन्य राजनैतिक दलों के प्र्रतिनिधि, सहायक निर्वाचन अधिकारी जंगजीत वर्मा, एस0के0 सहाय व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्ट्रांग रूम में संरक्षित किया गया ईवीएम और वीवी पैट

**सुलतानपुर**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित स्ट्रांग रूम की आंतरिक व्यवस्था एवं वेयर हाउस का राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के समक्ष स्ट्रांग रूम खोलकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम में ईवीएम एवं वीवी पैट सुव्यवस्थित ढंग से संरक्षित पायी गयी। एफएलसी हॉल का फर्श टूटा पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित कार्यदायी संस्था से इसे तत्काल ठीक कराया जाय। जिलाधिकारी ने जिला निर्वाचन कार्यालय में लगे अग्निशमन यंत्र का निरीक्षण किया और नियमित चेकअप करने का निर्देश सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को दिया, जिससे समय पर अग्निशमन यंत्र प्रयोग में लाया जा सके। इस अवसर पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार, जिला कृषि अधिकारी विनय कुमार, जिला संयोजक भाजपा अरविंद्र श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी वीरेंद्र मौर्या, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल बेलाल अहमद, विधानसभा अध्यक्ष बसपा दर्शन अंबेडकर, सह सचिव, माकप इंद्र कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## एएसपी ने किया क्षेत्र भ्रमण



**श्रावस्ती**। दीपावली पर्व पर जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक बी0 सी0 दूबे ने थाना क्षेत्र सोनवा गिलौला इकौना का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा क्षेत्र में पड़ने वाली बैंकों की चेकिंग की गई शाखा प्रबंधक सहित सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्थानीय बाजार.हाट का भ्रमण कर व्यापारियों आमजन से वार्तालाप कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने स्वयं अपने लिए मिट्टी के दिए खरीदे तथा कर्मचारियों से भी मिट्टी के दीए खरीदने हेतु प्रेरित किया साथ ही साथ जनमानस को यह संदेश दिया गया कि दीपावली के दिन मिट्टी के दीये का ही प्रयोग करें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

**बछरावां रायबरेली**। बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई घटनाक्रम के अनुसार यज्ञ नारायण पुत्र बिंदा प्रसाद निवासी दरियाव का पुरवा मजरे गुमावा खाना शिवगढ़ किसी काम से बछरावां आया हुआ था और लौटकर मोटरसाइकिल के द्वारा अपने घर वापस जा रहा था जैसे ही उसकी मोटरसाइकिल तिलेंडा स्थित बैंक के पास पहुंची कि पीछे से अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई परिणाम स्वरूप घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा तत्काल उसे बछरावां अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पहले तोयुवक का कोई अता पता ही नहीं चल पा रहा था परंतु बाद में उसका पता चल पाया मृतक राजमिस्त्री का कार्य करता था और बेहद गरीब था घर पर उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे जिनमें सबसे बड़ी बेटी की उम्र 5 वर्ष तथा दूसरी बेटी 3 वर्ष व तीसरी बेटी 1 वर्ष की बताई जा रही है युवक की मौत से तीन छोटे-छोटे मासूम बच्चे वह 8 वर्ष पूर्व ब्याह कर आई पत्नी लावारिस हो चुकी है।

## रंगोली बनाकर छात्रों से दीप मालिका प्रज्वलित कराई गई

**महराजगंज, रायबरेली**। महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सिकेण्ड्री कॉलेज महराजगंज में दीपावली का त्यौहार मंजू अनुपम एवं स्वाति ने शुभ रंगोली बनाकर कक्षा 9 से कक्षा 12 के बच्चों के हाथों दीप मालिका प्रज्वलित कराई गई अध्यापकों ने सम्मिलित होकर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने सभी बच्चों से अनुरोध किया कि सभी मिट्टी के दीयों को स्थानीय कुम्हारों से ही खरीदें और उन्होंने आगे कहा कि कॉलेज में कोविड-19 से सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं सुरक्षित वातावरण में पठन-पाठन की उचित व्यवस्था भी की गई है कुशल अध्यापकों द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन ऑनलाइन तथा कॉलेज में किया जा रहा है इसी का परिणाम स्वरूप रहा है कि 2020 में बच्चों ने 96: अंक पाकर क्षेत्र में सर्वाधिक प्रतिशत प्राप्तांक लाकर कॉलेज का नाम



रोशन किया है विद्यालय मैनेजर अवधेश बहादुर सिंह ने सभी बच्चों अभिभावकों क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी प्रधानाध्यापक कमल बाजपेई ने सभी को सुरक्षित दीपावली मनाने की सलाह दी इस अवसर पर गिरिजा शुक्ला राजीव मिश्रा सौरभ श्रीवास्तव अनिमेष मिश्र मंजू नीरू आलोक राज किशोर अजय राज सिंह हिमांशु सिंह लक्ष्मी अनुपम रुचि सिंह पूजामणि स्वाति समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## गहमागहमी के बीच हुआ जयसिंहपुर बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव

● ओमप्रकाश बने अध्यक्ष

**सुलतानपुर**। बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के वार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव को लगातार बार में घमासान की स्थिति बनी हुई है। एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव गुरुवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशन में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामदीन वर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बार एशोसिएशन के वार्षिक चुनाव में 64 मतदाताओं में से 44 सदस्यों ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए ओम प्रकाश वर्मा को 34 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजनारायण मिश्र को 10 मत ही प्राप्त हुए। जिसके चलते 24 मतों से ओम प्रकाश वर्मा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। वही सचिव पद के लिए दो प्रबल दावेदारों में से गोबिंद पांडेय ने 32 मत पाकर अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी स्वदेश श्रीवास्तव को 22 मतों से पराजित किया। वरिष्ठ कार्यकारिणी में राज बहादुर तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शेष नारायण पांडेय, रविंद्र प्रताप सिंह, जय प्रकाश तिवारी, शिव कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ कार्यकारिणी राम शिरोमणि पांडेय,प्रेम शंकर पांडेय, विवेक श्रीवास्तव, राम विनय वर्मा कोषाध्यक्ष शिव नारायण पांडेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी, सह सचिव संदीप कुमार शुक्ल, सचिव कल्याण निधि रामसजीवन, ऑडिटर विजयशंकर शुक्ल निर्विरोध मनोनीत किए गए। इस अवसर पर सुधाकर विकास चुतुर्वेदी, रमाकांत मिश्र, अनिल कनौजिया सह सचिव पुस्तकालय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद सभी सदस्यों ने पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर एक दूसरे का मुंह मीठा किया। निर्वाचित पदाधिकारियो को जीत की शुभकामनाएं भेंट की।

## बैरंग वापस हुए बैंक के ग्राहक

**करनैलगंज (गोंडा)**। गुरुवार को धनतेरस के मौके पर करनैलगंज की भारतीय स्टेट बैंक शाखा में जमा ग्राहकों के धन को ही बैंक नहीं दे सका और तमाम ग्राहकों को बैंक में कैश न होने की दशा में वापस होना पड़ा। गुरुवार को लगभग सभी बैंकों में त्योहार के मद्देनजर लेनदेन के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ जमा हुई। वही भारतीय स्टेट बैंक करनैलगंज में कैश न होने की वजह से लोगों को निराशा हाथ लगी। दोपहर बाद तक बैंक में कैश के लिए लोग लाइन में लगे रहे। वहीं बैंक कर्मचारियों द्वारा कैश होने की बात बता कर उन्हें वापस किया जा रहा था। ग्राहकों में उषा देवी, प्रतिभा, मोहम्मद हफीज, शिवकुमार आदि ने बताया कि त्यौहार के मद्देनजर खर्च निकालने के लिए वह बैंक आए थे। जहां घंटों तक लाइन में लगे रहने के बाद उन्हें बताया गया कि बैंक में कैश नहीं है। जिससे उनके त्यौहार में खरीदारी करने की चाहत अधूरी रह गई।

## दीपिका को लैपटॉप तो दीपक को मिला मोबाइल फोन

● पुरस्कार से नवाजे गए राजीव गांधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परीक्षार्थी

**सुलतानपुर**। कांग्रेस पार्टी की ओर से गत माह कराई गई राजीव गांधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2020 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। गुरूवार को मेधावी बच्चों को पं.रामनरेश त्रिपाठी सभागार में समारोहपूर्वक सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र वितरित किया गया। प्रथम स्थान पानी वाली दीपिका तिवारी को लैपटाप दिया गया। द्वितीय स्थान पाकर दीपक प्रजापति ने मोबाइल फोन एवं तृतीय स्थान अर्जित कर शांभवी सिंह ने टेबलेट बतौर पुरस्कार हासिल किया है। वहीं सौ प्रतिभागियों को स्कूल बैग, दीवाल घड़ी व एजुकेटिव फाइल भेंटकर सांत्वना पुरस्कार दिया गया है।



मुख्य अतिथि के रुप में शिक्षा पत्रकारिता न्याय और साहित्य के क्षेत्र प्रमुख कमल नयन पांडेय, जफर अली खां पूर्व प्राचार्य, पूर्व जिलाजज आरपी शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे। प्रदेश महासचिव पूर्वांचल प्रभारी विवेकानंद पाठक, प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी मनोज तिवारी ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत किया। मेधावियों का हौसला बढाते हुए मुख्य अतिथि कमल नयन पांडेय और डॉ.जफर अली खान हातमी ने कहाकि कांग्रेस ही इस देश की एक ऐसी विचारधारा है जो इस देश की संस्कृति एवं सभ्यता को पहचानती है। संविधान की रक्षा कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने आए हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहाकि भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित कराए जाते रहेंगे। इस मौके पर नौशाद हुसैन खान बाबा, सुब्रत सिंह सैनी, मानस तिवारी, उर्मिला उपाध्याय, अरुण तिवारी, नफीस फारूकी, योगेश प्रताप सिंह, लाल पद्माकर सिंह, मदन तिवारी, तेज बहादुर पाठक, मकसूद आलम, विनोद राणा, सिराज अहमद भोला, जमा खान, लक्ष्मीकांत मिश्रा, बृजलाल, काली सहाय सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, रविंदर मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# बस्ती के 12350 किसानों के खेतों में बनेगा 'कम्पोस्ट' पिट

## मनरेगा के लाभार्थियों के खेतों में होगा स्थापित, पराली जलाने की घटना को सीडीओ ने संज्ञान में लिया

संवाददाता। बस्ती

**मनरेगा** से व्यक्तिगत एवं सामुदायिक कम्पोस्ट पिट का निर्माण कराने की सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका की योजना को ग्रहण नहीं लगा तो आने वाले दिनों में खेतों में पराली जलाने की घटनाएं सुनने और देखने को नहीं मिलेगी। पराली जलाने के बजाए किसान फसलों के अवशेष से कम्पोस्ट खाद बनाएंगे, और उसका इस्तेमाल कर खुशहाल किसान बनेंगे। गेहूं की पैदावार बढ़ेगी और रासायनिक खादों की निर्भरता कम होगी। जिस तरह सीडीओ ने पीलीभीत को माडल मानकर इसकी षुरुआत जिले में की है, उसकी सराहना हो रही है। इसे लेकर सीडीओ ने 12 नंवबर को सभी बीडीओ को पत्र लिखकर उनसे कम्पोस्ट पिट पर त्वरित काम करने का निर्देष दिया है।

इसके लिए सभी ब्लॉकों को टारगेट दिया गया हैं, और इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा है। जिले में पहले चरण में 12350 किसानों के खेतों में कम्पोस्ट पिट का निर्माण होना है। षासन और प्रषासन को नियमित खेतों में पराली जलाने की घटनांओं की जानकारी मिल रही है। पराली जलाने से न सिर्फ कई घटनाएं जन्म लेती है, अलबत्ता जमीन की उर्वरा षक्ति भी नष्ट होती है।

इसे लेकर जिले में 28 से अधिक मुकदमें दर्ज हो चुके है, कईयों से जुर्माना वसूला जा चुका है। मषीनें जब्त की जा चुकी है। इसी को ध्यान में रखकर खेतों में ही कम्पोस्ट पिट का निर्माण करने की योजना सीडीओ की ओर बनाई गई है। जिसपर काम भी षुरु हो चुका है। इसके तहत किसान फसलों के अवषेष को पिट में एकत्रित करेगे। जो कि बाद कम्पोस्ट खाद के रुप में इस्तेमाल होगा। कम्पोस्ट खाद के गडढ़े का खुदान पराली, नरई एवं पताई को उखाड़ने, उसको उठाकर लाने व गडढ़े में डालने तथा अन्य सामग्री मद का वहन षतप्रतिषत मनरेगा से होगा। इस तरह का प्रयोग पीलीभीत में काफी सफल रहा। योजना के अनुसार व्यक्तिगत परियोजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत श्रेणी के तहत कम से कम दस अनुमन्य किसानों का चयन कर उनके खेतों को चिन्हित कराना है। ग्राम पंचायत की वित्तीय वर्ष 2020-21 के शेल्फ आफ प्रोजेक्ट में शामिल होगा।

## बिहार व यूपी की जीत पर भाजपाइयों ने मनाई खुशी

**संतकबीरनगर।** बिहार व यूपी के चुनाव में मिली भारी सफलता से भाजपाइयों में खुशी की लहर है। खलीलाबाद डाक बंगले पर भाजपा जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव ने बिहार चुनाव में भेजे गए जनपद के भाजपा नेताओं का फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किये व स्मृति चिन्ह भेंट की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने राकेश मिश्र जिला उपाध्यक्ष जो पूर्णिया विधानसभा में, दिनेश सिंह सिवान में, प्रभाकर बेगूसराय सदर में, श्याम मोहन यादव रोसरा समस्तीपुर, महेंद्र राजभर उजियारपुर समस्तीपुर, विनोद चौधरी दलौदा सिवान जिला में क्षेत्र में पार्टी के लिए पूर्ण रूप से काम करने के उपरांत लौटने पर उनका आज स्वागत किया। जिन्हें अंग वस्त्र माला स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव ने बताया कि कार्यकर्ताओ के तपोवल से आज भाजपा का बट बृक्ष तैयार हुआ है। इस अवसर पर पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र, जिला महामंत्री विवेकानंद वर्मा ने खुशी जाहिर किया।

## सभी गो आश्रय स्थलों पर करें हरा चारा और भूसे की व्यवस्थाः डीएम

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गोवंश आश्रय स्थलों की स्थापना, क्रियान्वयन, संचालन व प्रबन्धन हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों से उनके विकासखंड अंतर्गत 44 आश्रय स्थल संचालित किए जाने की समीक्षा किया उन्होंने कहा कि जो आश्रय स्थल निर्माणाधीन है उन्हें अगले महीने तक पूर्ण कर संचालित किया जाए। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि पशुओं को हरा चारा, भूसा इत्यादि की व्यवस्था भी सभी गो आश्रय स्थल पर सुनिश्चित करें। उन्होंने सीवीओ को निर्देश दिया कि सहभागिता योजना अंतर्गत जितने भी पशुओं की सुपुर्दगी की गई है उनका नियमित रूप से डाक्टरों द्वारा परीक्षण किया जाए साथ ही उनकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए। गोवंश आश्रय पर पराली भंडारण को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसानों के खेत से पराली का उठान कर गो आश्रय केंद्र में भंडारण किया जाए। उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव हेतु सभी गो आश्रय स्थलों पर बिछावन के लिए पराली व तिरपाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सभी गो आश्रय स्थलों पर स्टॉक रजिस्टर व निरीक्षण रजिस्टर रखने के निर्देश दिएए जिससे किसी भी अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने पर उसमें अंकित किया जा सके। चौकीदारों के भुगतान के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि चौकीदारों का भुगतान की कार्रवाई समय से सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ब्लॉक स्तरीय समिति की नियमित बैठक कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठरए परियोजना निदेशक आशुतोष दुबेए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश पाठकए जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्राए समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने छात्राओं को दिया आगे बढ़ने का मंत्र

संवाददाता। संतकबीरनगर



**मिशन** नारी सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत चलाये जा रहें जागरूकता अभियान के तहत जनपद के राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, खलीलाबाद में विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित समारोह में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के चिर-परिचित प्रेरणात्मक सम्बोधन के दौरान विद्यालय की छात्राओं में आशातीत उत्साह दिखा। जिलाधिकारी ने छात्राओं से कहा कि जिन्दगी में आगे बढ़ने के लिए 'हमेशा ऊचे सपने दखों' और लक्ष्य को पाने तक सही दिशा में खूब मेंहनत करों। 'हिम्मत करने वालों की कभी हार नही होती' पंक्ति को उद्धृत करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि देश और समाज के सही मायने में विकास के लिए लड़कियों और महिलाओं की भागीदारी, उनका स्वालम्बी और आत्मनिर्भर होना नितान्त आवश्यक है। जिलाधिकारी ने राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य आशा यादव, निशा यादव सहित समस्त विद्यालय परिवार को ऐसा समारोह आयोजित करने पर शुभकामना एवं धन्यवाद दिया। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमारे देश की महिला शक्ति विकास के हर क्षेत्र में बढ चढ़ कर अपनी भूमिका निभा रही है। सैन्य, शिक्षा, विज्ञान, एवं रिसर्च सहित सभी क्षेत्रों में उनकी सफल भागीदारी से देश विकास की नई ऊचाईयों को छू रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी स्वय सहायता समूहों के माध्यम से खुद का कारोबार करते हुए आत्मनिर्भर बन रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विकास खण्ड खलीलाबाद परिसर में स्वय सहायता समूहों द्वारा उत्पादित मोमबत्ती, अगरबत्ती, हवाई चप्पल, आदि समानों के स्टालों का अवलोकन करते हुए स्वय सहायता समूह की महिलाओं से बात चीत के दौरान उत्पादों की संख्या, गुणवत्ता को और बेहतर बनाने हेतु उन्हें प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, नन्दा चौधरी, नीलम राय, श्रीमती सरस्वती देवी पाठक, श्रीमती सोनिया, श्रीमती सिम्मी साहू, उषा वर्मा, अमृता सिंह, कहकशां बानो, पैरा शिक्षिका एकता राय आदि मौजूद रहीं।

# आरोग्य के देवता धनवंतरि जयंती पर हुई पूजा-अर्चना

संवाददाता। बस्ती



**आरोग्य** के देवता धनवंतरि जयंती पर कोर्ट एरिया स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद/ यूनानी अधिकारी कार्यालय एवं 15 शैया राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूजन अर्चन कर आरोग्य के देवता की प्रार्थना की गई। आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य पर परिचर्चा हुई। क्षेत्रीय आयुर्वेद व यूनानी अधिकारी डा. आरएन यादव ने भगवान धनवंतरि के जयंती पर प्रकाश डाला। कहा कि देवता और दानव मिलकर समुद्र मंथन कर रहे थे, तब कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि का जन्म हुआ। भगवान धन्वंतरी चार भुजाओं के साथ प्रकट हुए और उनके हाथों में अमृत से भरा हुआ कलश था। इसी अमृत कलश की वजह से देवताओं को अमरत्व की प्राप्ति हुई। कोर्ट एरिया चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. वीके श्रीवास्तव ने कहा कि संसार को आरोग्य दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने धनवंतरी के रूप में जन्म लिया था। भगवान धन्वंतरि देवताओं के चिकित्सक हैं और इनकी पूजा से आरोग्य की कामना की जाती है। आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद में दिए गए निर्देश अनुरूप आहार विहार का सेवन कर मनुष्य अपने आप को स्वस्थ एवं निरोगी रख सकता है। इस दिन को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाया जाता है। धनवंतरि जयंती पर आयोजित पूजन अर्चन और परिचर्चा में लक्ष्मीकांत पाण्डेय, आशुतोश पाण्डेय, दुर्गेश यादव, दिनेश श्रीवास्तव, अर्जुन गुप्ता, अनिरूद्ध तिवारी, मिथिलेष पाण्डेय, मंजूलता, राम अवतार, नूर बाबू, प्रशांत, कमलेश, राजेन्द्र दूबे व अन्य शामिल रहे।

## रंजिशन रिहायशी छप्पर में लगाई आग,मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के पूरे ओरीराय गांव निवासी एक व्यक्ति के रिहायशी छप्पर में जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने आग लगा दिया। इसके चलते छप्पर में रखा अनाज, नगदी, मवेशी तक आग के हवाले हो गए.इसके चलते छप्पर में रखा अनाज, नगदी, मवेशी तक आग के हवाले हो गए। मामले में तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है। पूरे ओरीराय गांव निवासी नीन सोनकर का आरोप है कि गांव निवासी राजित राम आदि से उसका जमीनी विवाद है। इसी विवाद को लेकर उसके रिहायशी छप्पर में आग लगा दी गई।

**कोविड जागरूकता व सड़क सुरक्षा सप्ताह 18 से 24 तक**

**मिर्जापुर।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी रविकान्त शुक्ल ने बताया कि विभाग की ओर से कोविड जागरूकता व सड़क सुरक्षा सप्ताह 18 नवम्बर से 24 नवम्बर तक मनाया जायेगा।

# डीएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया प्रशस्ति पत्र



**संतकबीरनगर।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को मिशन शक्ति के अन्तर्गत किये गये प्रयासों तथा लॉकडाउन के समय जिला प्रशासन को मास्क बनाकर उपलब्ध कराये गये सराहनीय कार्यो के लिए एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) योजनान्तर्गत आवास समस्त धनराशि प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय, परियोजना अधिकारी प्रेमेन्द्र सिंह, शहर कार्यक्रम प्रबन्धक, सिविल इंजीनियर, सामुदायिक आयोजक के साथ अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। जनपदवासियों को डीएम-एसपी ने दी बधाइई। संतकबीरनगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने शुभ दीपावली के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख समृद्धि एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना किया है।

# यातायात माहः एसपी ने वितरित किया हेलमेट



संवाददाता। संतकबीरनगर

**यातायात** जागरुकता माह के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह द्वारा यातायात जागरुकता कार्यक्रम के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को मेहदावल बाईपास चौराहे पर कोविड-19 के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी सोशल डिस्टेंसिंग व अन्य दिशा निर्देशों का पालन करते हुए दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट देकर यातायात जागरुकता माह के अन्तर्गत यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया साथ ही अपील की गयी कि वह अपने परिजनों को भी जागरुक करते हुए दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने, कार ड्राइविंग करते समय सीट बेल्ट बाधने व तेज रफ्तार से वाहन ना चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के सम्बन्ध में जागरुकता चेन का निर्माण करेंगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी यातायात गया दत्त मिश्र, प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# सूर्या एकेडमी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**संतकबीरनगर।** सूर्या इण्टरनेशनल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल के प्रांगण में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने रंगोली, दीया व कैण्डल प्रतियोगिता का आयोजन किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं विद्यालय के संस्थापक स्व. पं. सूर्य नारायण चतुर्वेदी की प्रतिमा पर सदर विधायक दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी, प्रबन्धक डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी, प्रबन्ध निदेशिका सविता चतुर्वेदी एवं प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाऊस क्रमशः रेड, ग्रीन, ब्लू व यैलो हाऊस के बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मण्डल द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में यैलो हाऊस को प्रथम तथा रेड हाऊस को द्वितीय, ब्लू हाऊस को तृतीय एवं ग्रीन हाऊस को चतुर्थ स्थान दिया गया। तद्पश्चात दीया व कैन्डल प्रतियोगिता में ग्रीन हाऊस को प्रथम तथा यैलो हाऊस को द्वितीय, ब्लू हाऊस को तृतीय एवं रेड हाऊस को चतुर्थ स्थान मिला।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सड़क, बनी फिर टूट गई

## नौ किमी. की सड़क पर सैकड़ों गडढे, नप्रतिनिधि और आरईडी के अधिकारी खामोश

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बना कप्तानगंज-दुबौलिया

संवाददाता। महराजगंज ( **बस्ती** )



**प्रधानमंत्री** ग्रामीण सड़क योजना का जिले में बुरा हाल है। इस योजना की सड़कों का निर्माण आरईडी की यूनिट करती है। जिले की सबसे मंहगी सड़कों में शामिल इसयोजना की सड़कें बनते ही टूट जा रही है। साल-पांच साल कौन कहे, एक माह में सड़क चलने लायक नहीं रह जाती है। कुछ ऐसा ही हाल कप्तानगंज से दुबौलिया मार्ग का है। नौ किमी. लंबी इस सड़क पर कोई सुरक्षित सफर नहीं कर सकता है। सबसे अधिक दुर्घटनाएं दो पहिया सवार लोगों को हो रही है। सड़क खराब होने आए दिन दर्जनों दुर्घटनाएं हो रही है। अधिकतर लोग घर पहुंचने के बजाए अस्पताल पहुंच रहे है। स्थानीय लोग इसकी शिकायत करते-करते थक चुके हैं। इनकी कोई सुन नहीं रहा है। एक तरह से सरकारी तंत्र ने आम लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। गैर जनपद को बस्ती से जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क का कोई पुरसाहाल नहीं है। कहना गलत नहीं होगी यह सड़क पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। जिस ठेकेदार के पास सड़क को पांच साल तक मरम्मत करने की जिम्मेदारी होती है, वह ठेकेदार अधिकारियों के साथ में दिन-रात घूमतें है। विभाग भी नोटिस देकर इतिश्री कर देता है। स्थानीय रमेष सिंह, मनोज सिंह, सत्यराम यादव, सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जब तक ठेकेदार और अधिकारी का गठजोड़ रहेगा, तब तक आम आदमी घर जाने के बजाए अस्पताल पहुंचतें रहेंगे। कहते हैं कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि अगर संभलकर नहीं चले तो अस्पताल पहुंचना निष्चित है। इन लोगों का कहना है कि क्षतिग्रस्त सड़क के लिए ठेकेदार और विभाग के लोग जिम्मेदार तो हैं ही साथ ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्थानीय जनप्रतिनिधि की है। कहते हैं कि जब कोई जनप्रतिनिधि खुद सड़क निर्माण में कमीशन लेगा तो सड़क खराब बनेगा ही। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। यह बच्चे पिछले चार साल से सड़क की दुर्दशा का शिकार हो रहे है। मनिकरपुर, रखिया, मदनपुरा, महुलानी, फेरसहन, गोविंदपारा और पंडुलघाट के पास बड़े-बड़े गडढ़े बन गएं है।

# ठंड का मौसम आते ही बढ़ जाता है निमोनिया का खतरा

संवाददाता। सोनभद्र

**सर्दी** का मौसम आते ही निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है यह बीमारी नवजात शिशु के लिए घातक है। निमोनिया को लोग आमतौर पर साधारण समस्या मानते हैं जबकि यह घातक बीमारी है इसका समय रहते उपचार नहीं कराया गया गया तो यह गंभीर समस्या पैदा कर सकती है। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरतें, बल्कि तत्काल चिकित्सक से संपर्क कर इलाज कराना चाहिए और साधारण उपाय करने से निमोनिया जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरजी यादव ने बताया कि जनपद में कोविड-19 का दौर चल रहा है मौसम में बदलाव के चलते अन्य बीमारियां भी बढ़ जाती है। और लोगों को मौसमी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे मैं घबराने की आवश्यकता नहीं है यदि कोई बीमारी का लक्षण समझ में आए तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर उपचार करवाएं। उन्होंने कहा कि निमोनिया का सबसे ज्यादा असर ठंड के मौसम में होता है। यह पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में ज्यादा होती है यह बच्चों के लिए घातक है और लापरवाही बरतने पर बच्चों की मौत भी हो जाती है। इसलिए लोगों को चाहिए कि सर्दी जुखाम, खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत होने पर बच्चों को तत्काल डॉक्टर से संपर्क कर इलाज कराना चाहिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि निमोनिया की बीमारी किसी उम्र में भी हो सकती है। यह बीमारी होने पर सबसे पहले फेफड़े संक्रमित हो जाते हैं और सांस लेने में तकलीफ होती है। निमोनिया बीमारी से संक्रमित होने पर व्यक्ति में कई प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं। ठंड से बचाव करके इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से समय-समय पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। वहीं टीकाकरण भी कराया जाता है जिससे बच्चों में होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। **निमोनिया के लक्षण:** सांस तेज चलना, सांस लेने या खासने पर सीने में दर्द होना, बुखार आना, आदि निमोनिया बीमारी के लक्षण है। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया होने पर उन्हें सांस लेने या दूध पीने में परेशानी होती है। बच्चों की प्रतिरक्षण प्रणाली मजबूत बनी रहे इसलिए जन्म के बाद शिशु को मां का पहला गाढ़ा दूध अवश्य पिलाना चाहिए। डॉक्टर आरजी यादव के मुताबिक निमोनिया से बच्चों के लिए तथा अन्य रोगों के टीके जनपद के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है।

## 1438 अवर अभियंताओं को मिला नियुक्ति पत्र

**सोनभद्र।** मिशन रोजगार-युवाओं के साथ योगी सरकार-निष्पक्ष एवं पादरर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 1438 नवनियुक्त अवर अभियंताओं को वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीसी के माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरण किया।

इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी डा. अमित पाल शर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत अमरेश सिंह पटेल, सांसद राबर्ट्सगंज पकौड़ी लाल कोल, विधायक ओबरा संजीव कुमार गौड़, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत चौबे, जिलाध्यक्ष अपना सत्यनारायण पटेल आदि ने जिले से चयनित नव नियुक्ति नौ अवर अभियंताओं को नियुक्ति-पत्र वितरित किया और उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ही धनतेरस व दीपावली की शुभकामना दी।

# नवजात की सही देखभाल, बनाए बचपन खुशहाल

## पहले घंटे जरूर कराओ स्तनपान,सुरक्षित होगी बच्चे की जान

## 15 से 21 नवम्बर तक मनेगा नवजात शिशु देखभाल सप्ताह

संवाददाता। बस्ती/ मिर्जापुर

**प्रसिद्ध** बाल रोग विषेषज्ञ डा. पीके श्रीवास्तव कहते हैं कि नवजात की समुचित देखभाल उसके बचपन को खुशहाल बनाने के लिए बहुत ही जरूरी होती है। इसके अलावा शिशु मृत्यु दर को भी कम करने में इसकी बड़ी भूमिका है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके तहत उन सभी बिन्दुओं पर हर वर्ग को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा जिसके जरिये शिशुओं को 'आयुष्मान' बनाया जा सके। शासन से जारी पत्र में सभी सीएमओ को नवजात शिशु देखभाल सप्ताह की प्रमुख गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गएं हैं। सप्ताह के दौरान जनसामान्य को नवजात शिशु के स्वास्थ्य के साथ बेहतर देखभाल के बारे में जागरूक किया जाएगा। कंगारू मदर केयर और स्तनपान को बढ़ावा देने के साथ ही बीमार नवजात शिशुओं की पहचान के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इस दिशा में स्वैच्छिक संस्थाओं की भी मदद ली जायगी ताकि शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सके।

प्रसव के बाद 48 घंटे तक मां एवं शिशु की उचित देखभाल के लिए चिकित्सालय में रुकें। नवजात को तुरंत न नहलायें केवल शरीर पोंछकर नर्म साफ कपड़े पहनाएं। जन्म के एक घंटे के भीतर मां का गाढ़ा पीला दूध पिलाना शुरू कर दें और छह माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराएं। जन्म के तुरंत बाद नवजात का वजन लें और विटामिन के का इंजेक्शन लगवाएं। नियमित और सम्पूर्ण टीकाकरण कराएं। नवजात की नाभि सूखी एवं साफ रखें, संक्रमण से बचाएं और मां व शिशु की व्यक्तिगत स्वच्छता का ख्याल रखें।

**सप्ताह के मुख्य उद्देश्य:** नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल करने के बारे में जनसमुदाय को जागरूक कर नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, जन्म के तुरंत बाद स्तनपान, छह माह तक केवल स्तनपान और छह माह के बाद ऊपरी आहार देकर बच्चों को सुपोषित बनाना और शिशुओं का समय से नियमित टीकाकरण कराना आदि के बारे में विधिवत जानकारी देना नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का प्रमुख उददेश्य है।

**सप्ताह की प्रमुख गतिविधियां:** जनपद स्तर पर सेमिनार और कार्यशाला आयोजित कर नवजात शिशु की बेहतर देखभाल के बारे में प्रस्तुतिकरण किया जाएगा, प्राइवेट नर्सिंग होम, क्लीनिक को भी समुचित जानकारी प्रदान कर जरूरी सहयोग लिया आएगा, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिताएं (हेल्दी बेबी शो) आयोजित होंगी, चिकित्सालय के वार्ड में नवजात शिशु की देखभाल सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री लगायी जायेगी, स्तनपान सम्बन्धी वीडियो प्रसवोपरांत महिलाओं को दिखाई जायेगी।

**आंकड़ों पर एक नजर:** केंद्र सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश की शिशु मृत्यु दर 43 प्रति 1000 जीवित जन्म है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह सूचकांक 32 प्रति 1000 जीवित जन्म है। इनमें से तीन चौथाई शिशुओं की मृत्यु पहले महीने में हो जाती है। जन्म के एक घंटे के अन्दर स्तनपान और छह माह तक केवल माँ का दूध दिए जाने से शिशु मृत्यु दर में 20 से 22 प्रतिशत तक की कमी लायी जा सकती है।

# धनतेरस पर खरीदारों से जगमगाए बाजार

## देवरिया में 20 से 40 करोड़ का हुआ व्यापार, रात में निकला यम दीपक

संवाददाता। देवरिया





गुरुवार को धनतेरस पड़ा जिसमें लोगों ने जमकर खरीदारी की । नई चीजों के शुभ आगमन के इस पर्व में मुख्य रूप से नए बर्तन या सोने-चांदी खरीदने की पंरपरा है ।

हिन्दू समाज में धनतेरस सुख-समृद्धि , यश वैभव का पर्व मनाया जाता है इस दिन धन के देवता कुबेर और आयुर्वेद के देव धन्वंतरि की पूजा का बड़ा महत्व है हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है । धनतेरस 2020 की तिथि को लेकर लोगों के बीच कंफ्यूजन है। लोग असमंजस में हैं कि आखिर धनतेरस की खरीदारी और पूजा 12 नवंबर को करना शुभ है या 13 नवंबर को। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, इस साल धनतेरस गुरुवार यानी 12 नवंबर और शुक्रवार यानी 13 नवंबर को मनाया जाएगा। हालांकि शुक्रवार को शाम 6 बजे के बाद धनतेरस की पूजा करना शुभ होगा। त्रयोदशी तिथि यानी धनतेरस समयानुसार गुरुवार रात 9 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी।

### धनतेरस की पूजा करना शुभ

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, 12 नवंबर को रात 9.30 बजे तक द्वादशी तिथि है। इसीलिए गुरुवार को दिन धनतेरस की पूजा नहीं की जा सकती। 13 नवंबर शुक्रवार को शाम को 5 बजकर 59 मिनट तक त्रयोदशी है। प्रदोष काल होने के कारण धनतेरस की पूजा 13 नवंबर को करना शुभ है। बाजार में रैनक रही लोग दीया -बत्ती , स्टील के बर्तन व चांदी के सिक्कों सही , दो पहिया वाहन , चार पहिया वाहन , झाडू ,व पूजा के समान समेत अन्य समानों की जमकर खरीदारी की । जिस कारण बाजार में लोगों की भारी भीड़ रही । वही पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को सही रखने के लिए जगह-जगह तैनात रहे जहां कुछ रास्तों पर भारी वाहनों की मनाही रही । वही लोगों की देर शाम तक बजार में भारी भीड़ रही , भीड़ का आलम यह था पूरा बजार लोगों से पटा पड़ा था वही बर्तनों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई । वही महिला व पुरूष समेत बच्चे भी बजार से अपनी पंसद की वस्तुओं को खरीद रहे थे । वही देर रात तक बाजार में लोगों की भारी भीड़ रही वही कस्बों से लेकर चौराहों पर भी भारी भीड़ देखी गई (वही मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन ही क्षीर सागर से माता लक्ष्मी और कुबेर देवता प्रकट हुए थे। इसी वजह से धनतेरस के दिन इनकी पूजा बेहद शुभ मानी जाती है. लेकिन धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज की भी पूजा की जाती है? जी हां, धनतरेस के दिन शाम को पूजा के बाद घर के बाहर एक बड़ा दीपक जलाकर रखा जाता है, उस दीपक का को यम दीपक कहतें है. जहां लोगों के घर शाम को यह दीपक निकला गया ।

### धनतेरस की खरीदारी से बाजारों छाई रौनक

रुद्रपुर, मुख्य बाजार जमुनी चौराहा से लेकर गोला वार्ड तक धनतेरस के चलते नगर के मुख्य बर्तन बाजार से लेकर अन्य बाजारों में गुरुवार को खासी चहल-पहल दिखी। सुबह दस बजे के बाद से खरीदारी के लिए लोग बाजार में निकले। दोपहर बाद बर्तनों की दुकानों पर खासी भीड़ रही। बर्तन व्यापारीयों के मुताबिक इस बार स्टील का कूकर, नॉन स्टीक बर्तन, इंडेक्शन चूल्हे समेत क्रॉकरी की मांग अधिक है। इस बार स्टील के डिब्बे नई डिजाइन में आए हैं। तांबे की बोतल, थर्मस आदि की भी मांग है। बीते साल के मुकाबले बर्तनों की बिक्री कम है।सर्राफा बाजार में लक्ष्मी पूजन के लिए चांदी का तुलसी का पौधा, मां लक्ष्मी की चरण पादुका, चांदी का दीपक, सिक्का, देव मूर्तियों की मांग बढ़ी है। सर्राफा व्यापारी श्रवण वर्मा के मुताबिक इस बार लोगों में खरीदारी को लेकर उत्साह कुछ कम है। दीपावली दिन में खरीदारी में तेजी की उम्मीद जताई.,धनतेरस पर्व पर दीपावली से पहले ही ऑटोमोबाइल क्षेत्र में धनवर्षा शुरू हो गई है। नई बाइक, की मांग बढ़ी है। दीपावली पर विभिन्न कंपनियों ने त्योहारी सीजन में डिस्काउंट से लेकर एक्सचेंज ऑफर तक भी हैं। बिक्री में इजाफा हुआ है।.

### सजावटी सामान की मांग बढ़ी

रुद्रपुर मेन मार्केट से लेकर बस स्टेशन तक दीपावली पर सजावटी सामान की मांग भी बढ़ी है। विभिन्न प्रकार की बंधनवार,रंग बिरंगे झालर, लोगों को लुभा रही हैं। प्लास्टिक के फूल, पौधों की मांग भी बढ़ी है। महिलाएं व बच्चे जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

# आगनवाड़ी केन्द्रों पर ड्राई राशन का हुआ वितरण

**देवरिया।** भारत सरकार द्वारा 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के विकास एवं गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं की समग्र रुप से पूर्ति हेतु एकीकृत बाल विकास सेवायें के अन्तर्गत संचालित आगनवाडी केन्द्रों एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्राविधानित टेक होम राशन को वितरित कराने का निर्देश शासन द्वारा दिया गया है। उक्त के क्रम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाल विकास परियोजना सदर ग्राम पंचायत रधवापुर के प्राथमिक विद्यालय पर स्थापित आगनवाडी केन्द्र पर ड्राई राशन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। खाद्य एवं रसद विभाग के कोटेदार से डाळभीमराव अम्बेडकर समूह रधवापुर देवरिया द्वारा राशन प्राप्त कर प्रति लाभार्थी चावल 1 से 1.5 किग्रा, गेहू 1.5 से 2 किग्रा एवं दाल 0.75 किग्रा की दर से पैकेट तैयार किया गया, जिसे सुमित यादव( आईएएस) ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट्रधडीसी एनआरएलएम देवरिया के हाथों वितरित किया गया। इस अवसर पर कृष्णकान्त राय जिला कार्यक्रम अधिकारीधखण्ड विकास अधिकारी, विनय कुमार सिंह जिला पूर्ति अधिकारी, जितेन्द्र यादव जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, दयाराम बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड विकास के एडीओ आईएसबी सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं बाल विकास परियोजना की समस्त मुख्य सेविकायें सहित श्रीमती सोनमती जिला ग्राम प्रधान एवं उपर्युक्त सबर्ग के लाभार्थी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



झालर की दुकानों पर खरीदारी करते लोग

### ट्रक व बाइक की टक्कर में एक की मौत

**पीडीडीयू नगर।**अलीनगर थाना क्षेत्र के चकिया त्रिमुहानी के पास गुरुवार की प्रात ट्रक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जिसकी सूचना अलीनगर पुलिस को लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी वहीं पुलिस ने ट्रक को अपने हिरासत में ले लिया।

### चोरी के जेवरात व रुपए बरामद, तीन गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चन्दौली।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हमीदपुर नहर मुगलसराय के पास से 3 लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से पुलिस ने 5100 रुपए नगदए चोरी के जेवरातएएक चोरी की मोटरसाइकिलएचोरी व लूट के 12 मोबाइल फोन बरामद किए।पकड़े गए लोगों में सत्यम तिवारीए राजकुमार यादव व रोहित यादव जनपद चंदौली निवासी बताए जाते हैं जिन पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।पकड़े गए अभियुक्त गण ने बताया कि बरामद रुपए व जेवर चोरी के हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मुगलसराय एमएन सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### अघोराचार्य फिलिंग स्टेशन का शुभारम्भ

**धानापुर,चन्दौली।** क्षेत्र के बुढेपुर गांव के पास धानापुर चहनियां मुख्य मार्ग पर गुरुवार को अघोराचार्य फीलिंग स्टेशन का शुभारंभ हुआ। फीलिंग स्टेशन ;पेट्रोल पंपद्ध का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सुशील सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में सभी का प्रयास होना चाहिए। इस फीलिंग स्टेशन से लोगों को सहूलियत मिलेगी और किसान और क्षेत्रीय लोगों को डीजल पेट्रोल के लिए बाहर दूर नही जाना होगा। विधायक ने फीलिंग स्टेशन के उद्घाटन के बाद नौली गांव में हो रहे रामकथा में भी भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से विजय जायसवालए सुशील सिंह जनौलीए राणा सिंहए सतेंद्र सिंहए जितेंद्र सिंहए आदि उपस्थित रहे।

### आज से पुन: चलेगी ऐशबाग गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस

**सिद्धार्थनगर।** भारत सरकार के रेल मंत्री माननीय पीयूष गोयल जी से अनुरोध पर कोविड.19 के कारण बंद गाड़ी संख्या 05070ध् 05069 ऐशबाग गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को पुणे संचालन हेतु 13 नवंबर 2020 से अनुमति मिल गई है। उक्त बातें सांसद जगदंबिका पाल ने कही। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा माननीय रेल मंत्री जी से इसके लिये कई बार प्रयास किया गया। सांसद ने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से जहां गोरखपुर आनंद नगर सिद्धार्थ नगर गोंडा होते हुए लखनऊ जाने वाले क्षेत्र वासियों को यात्रा में सुलभता होगी वहीं यात्रियों को दीपावली के अवसर पर आवागमन में सरलता भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि अटेंड पूर्व की भांति लखनऊ गोरखपुर एवं गोरखपुर लखनऊ के लिए निरंतर चलती रहेगी जहां लॉकडाउन के कारण सभी ट्रेनों का संचालन बंद हो गया था वहीं अब भारत सरकार के रेल मंत्री महोदय द्वारा मेरे अनुरोध पर लखनऊ दिल्ली मुंबई सहित सभी जगहों पर आवागमन हेतु गोरखपुर आनंद नगर सिद्धार्थ नगर बढ़नी गोंडा होते हुए महानगरों में जाने वाली ट्रेनों के संचालन की अनुमति प्रदान की गई

# देवरिया में चयनित 28 जूनियर इंजीनियरों को डीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

## धनतेरस व दीपावली पर्व पर नियुक्ति पत्र पाकर चयनितों के खिले चेहरे

संवाददाता। देवरिया



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित जल शक्ति विभाग के 1438 जूनियर इंजीनियर (सिविल) को नियुक्ति पत्र वितरण एवं पद स्थापना के वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित संवाद कार्यक्रम में उन्होने सभी नवनियुक्तों को धनतेरस व दीपावली पर्व की शुभकामना दिये। उन्होने सभी से अपेक्षा के साथ कहा कि मेहनत कर अच्छा परिणाम देने का कार्य करेगें। उन्होने कतिपय जनपदों के नवनियुक्त इन इंजीनियरों से संवाद भी किया। आयोजित इस नियुक्ति वितरण कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में ही एनआईसी में जिलाधिकारी अमित किशोर ने वीडियों कान्फ्रेसिंग में जुडे तथा इस जनपद के नवनियुक्त 28 जलशक्ति विभाग के जूनियर इंजीनियर को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्हे मिठाई भी खिलाया एवं दीपावली व धनतेरस पर्व की शुभकामनायें भी दिए। उन्होने इस दौरान नवनियुक्त अभियंताओं को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन किये जाने की अपेक्षा की। कहा कि जो भी कार्य सौपे जाये, उसे पूरे लगन से निष्पादित करेगें। उन्होने कहा कि जूनियर इंजीनियर सरकारी सेवा में आकर अपने कार्य दायित्वों को निष्पक्ष, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगें, जो भविष्य में आप सभी के लिये बहुत ही उपयोगी होगा। जिलाधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालो में मनीष कुशवाहा, विवेक कुमार कुशवाहा, विनीत कुमार तिवारी, अमूल रतन यादव, आलोक गुप्ता, मणिकेश्वर नाथ रौनिवाल, रामान्द यादव, पंकज कुमार सिंह, शुभम कुमार श्रीवास्तव, उमेश कुमार विश्वर्मा, जितेन्द्र कुमार प्रजापति, अमित वर्मा, अभिमन्यु तिवारी, राजीव विश्वकर्मा, नंद किशोर मोदनवाल, ज्ञानेश्वर कुमार राय, अमरेन्द्र कुमार वरनवाल, अजीत कुमार सिंह, रवि प्रताप सिंह, रवि प्रकाश कलवार, राकेश कुमार यादव, मोहम्मद कलीम सबीरी, अंकुर यादव, आदित्य कुमार शर्मा, संदीप कुमार कुशवाहा, अरविन्द यादव, कन्हैया लाल आदि जल शक्ति विभाग में इस जनपद में नवनियुक्त जूनियर इंजीनियर सम्मिलित रहे। इस अवसर पर अभिशासी अभियंता सिचाईं एन के नाडिया, अधिशासी अभियंता दुग्रेश गर्ग एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# सात राशि गोवंश बरामद,चालक फरार

**चकिया,चन्दौली ।** पुलिस ने बसाढ़ी मोड़ के पास से सघन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की पिकअप गाड़ी पर लदे 7 राशि को गोवंशों को बरामद किया है। इस संबंध में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल व अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन अनिल कुमार के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दिए गए आदेश के क्रम में क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रहमतुल्लाह खां और उनके द्वारा गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह बरामदगी की है। पुलिस ने बताया कि लगे गोवंश बिहार होते हुए पश्चिम बंगाल के लिए ले जाए जा रहे थे जो पकड़ लिए गए। जबकि वाहन चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बरामद पिकअप नंबर यूपी 97 बी 9227 को अपने कब्जे में लेकर थाने आई और मुकदमा अपराध संख्या 237,20 धारा 3, 5, 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हरीश चंद्र वर्मा, उपनिरीक्षक अमीरूउद्दीन खान, हेड कांस्टेबल केशव प्रसाद, कांस्टेबल प्रदीप यादव, कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार यादव, कांस्टेबल चंदन तिवारी व कांस्टेबल आशुतोष चौधरी शामिल रहे।

# छह माह से लापता लड़का मिला

**सिद्धार्थनगर।** ऑपरेशन मिलाप के तहत बांसी पुलिस ने एक परिवार को सौंपा उसका गायब पुत्र दिपावली त्योहार में धनतेरस के दिन बांसी पुलिस के अथक प्रयास से 6 महीने पूर्व गायब मुकेश को बृहस्पतिवार को बांसी पुलिस ने बरामद कर लिया। एक परिवार को जहां गायब पुत्र मिला वहीं बांसी पुलिस गायब मुकेश 14,को उसके मातापिता को सौंपा। मुकेश पुत्र रघु निवासी मथुरापुर कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है जो दिमागी संतुलन बिगड़ने के कारण 6 माह पूर्व घर से अपने मातापिता को बिना बताए बांसी आया बांसी से गोरखपुर चला गया जहां पर एक अंजान व्यक्ति से मिला वह व्यक्ति मुकेश से गांव का अता पता पूछा तो सही पता नहीं बताता था मानवता को देखते हुए वहां व्यक्ति ने मुकेश को अपने घर ले गया इस को खिलाया पिलाया और कुछ दवा इलाज कराया ठीक होने पर जब मुकेश उस व्यक्ति को पता बताया तब वह व्यक्ति बांसी पुलिस को सूचना दी बांसी पुलिस ने उसके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया। बांसी पुलिस के अथक प्रयास से दिवाली त्योहार में धनतेरस के दिन ही माता पिता को मुकेश को सौंप दिया। जिससे परिवार मैं खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पुलिस की इस कार्य की सराहना जगह.जगह की जा रही है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह सहित यह साइज शेषनाथ यादव अमरीश यादव हेड कांस्टेबल शिव कुमार सरोज मौजूद रहे। बैठक में बेसिक शिक्षा पंचायती विभाग के अधिकारीगण,डी सी पी एम राजेश कुमार ,पूनम व जुड़े कर्मी गण आदि उपस्थित रहे। प्रदेश सरकार की महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्वन के लिए मिशन शक्ति अभियान को

# माध्यमिक शिक्षा विभाग ने जमीन पर उतारा

**देवरिया ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए 'मिशन शक्ति' अभियान संचालित करते हुए उनकी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जागरूकता पर बल दिया है। प्रदेश सरकार के इस अभियान को उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा के कुशल नेतृत्व में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला के द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के संचालित समस्त विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराते हुए विस्तृत रूप में मिशन शक्ति का प्रचार-प्रसार कराया गया। प्रथम चरण में 17 से 25 अक्टूबर 2020 तक बालिकाओं के अभिव्यक्ति के अवसर उपलब्ध कराने, नेतृत्व एवं सहयोग की क्षमता विकास, किशोरावस्था की जिज्ञासाओंध्शंकाओं के सन्दर्भ में परिचर्चा करने और बच्चियों एवं महिलाओं में उनके अधिकारों के प्रति चेतना जागृत करने के लिए 17,724 माध्यमिक विद्यालयों में 'शक्ति मंच' का गठन किया गया है। अभियान के तहत आन्तरिक शिकायत समिति के उद्देश्यों एवं कार्यकलापों के सम्बन्ध में छात्रध्छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को जागरूक किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत समाज के सभी नागरिकों विशेष रूप से बालकों के मध्य बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान की भावना जागृत करने और संवेनदशील बनाये जाने हेतु 25,57,466 बालक माता-पिता द्वारा बालिका सुरक्षा हेतु शपथ ग्रहण की गई। प्रदेश में एनसीसी स्काउट गाडड स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से नवरात्र के दौरान विभिन्न स्थानों पर 3350 से अधिक दलों द्वारा स्टाल लगाकर लगभग दो लाख महिलाओ, बालिकाओं को विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं के विधिक अधिकारों, आत्मरक्षा के लिए 24939 अध्यापिकाओं तथा 99,058 बालिकाओं को विद्यालय परिसर में कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए प्रशिक्षण दिया गया है। दूरदर्शन उप पर प्रसारित आत्मरक्षा सम्बन्धी वीडियो तथा 29.06 लाख वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन अध्ययनरत लगभग 60.75 लाख विद्यार्थियों को इस अभियान से लाभान्वित किया गया। 'मिशन शक्ति' के अन्तर्गत प्रदेश के 17,093 विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करते हुए जागरूकता लाई गई। महिलाओं की सुरक्षा विषयक विधिक प्रावधानों तथा सम्मान विषयक मुद्दों पर जागरूकता हेतु विशेषज्ञ महिला सन्दर्भदाताओं के माध्यम से प्रदेश के 17,727 विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करते हुए परिचर्चा की गई। 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के अन्तर्गत सूक्ष्म व्यायाम किक-पंच ब्लाक घातक हथियारों या चाकू आदि से बचाव करने के लिए 29,898 अध्यापिकाओं 1,38,670 बालिकाओं को कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन कराते हुए प्रशिक्षण दिया गया। महिलाओंध्बालिकाओं की सुरक्षा हेतु परिचर्चा एवं आत्मरक्षा हेतु ऑनलाइन 29.06 लाख वाट्सप ग्रुप के माध्यम से आनॅलाइन अध्ययनरत लगभग 64.85 लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। प्रदेश के समस्त विद्यालयों में विधिक अधिकारों एवं आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति' अभियान के अन्तर्गत 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर, 2020 तक प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए जागरूकता लाई गई।

# नहीं चलनी चाहिए ओवर लोडिंग गाड़ियां: डीएम

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

18 नवंबर से 24 तक मनाये जाने वाले कोविड.19 के बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान व सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़कों पर दुर्घटना को रोकने व कम करने के लिए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणाए की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एके शुक्ल को निर्देश दिया कि यातायात नियमों की जानकारी हेतु जनता को दिये जाने के सम्बन्ध में कैम्प लगाकर जानकारी दिये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी वाहनों पर रेडियम जरूर लगवा दे। ओवर लोडिंग गाड़ियों नही चलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायेए तीन सवारी न चलेए चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। जनपद में अधिक दुर्घटना वाले स्थलो को चिन्हित कर वहां पर संकेत बोर्ड आदि लगवाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदरए जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्यए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंहए एआरटीओ आशुतोष शुक्लए प्रर्वतन प्रवेश कुमार सरोजए अधिशासी अभिन्ता लोनिवि आदि की उपस्थिति रही।

# भाजपाइयों ने वोकल फॉर लोकल को किया प्रमोट

संवाददाता। देवरिया



**भारतीय** जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आग्रह वोकल फॉर लोकल को इस दीपावली पर प्रमोट करने और लोगों को जागरूक करने के लिये हस्त निर्मित उत्पादों की खरीदारी किया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा,जिलाकोषाध्यक्ष राजेन्द्र मल्ल ने कहा कि लोकल फार वोकल उत्पादों को प्रमोट करने से स्थानीय पहचान तो मजबूत होगी ही, जो लोग ये सामान बनाते हैं, उनकी दिवाली भी रोशन हो जाएगी।मेरे देश के लोग जो पसीना बहा रहे हैं, कुछ न कुछ नया कर रहे हैं, उनका हाथ थामना हम सबका दायित्व है।इसलिये आज हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता स्थानीय उत्पादों की खरीदारी कर लोगों को जागरूक कर रहे है कि लोग इस दीपावली घर में लाएं भारतीय विरासत का प्रतीक। अधिक से अधिक लोग स्थानीय रूप से बनाएं गए विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प दिये और मूर्तियों की खरीददारी करें और बनाएं लोकल फार दीवाली। जिलामहामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आइए, इस दीपावली में लोकल फार दिवाली के तहत भारतीय हस्त निर्मित उत्पादों को बढ़ावा दें। हमारा छोटा सा समर्थन स्थानीय उत्पादों,व्यवसायों और छोटे उद्दमियों को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा। पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय ने कहा कि त्योहारों की इस खरीदारी के समय वोकल फॉर लोकल का मंत्र भूलना नहीं है। देश को आगे बढ़ाना है, तो उसके लिए हमारे इन छोटे-छोटे लोग,छोटे-छोटे व्यापारी, छोटे-छोटे कारीगर, छोटे-छोटे कलाकार, उनको एक बार लेकर देखिये तो सही और गर्व से दुनिया को बताइये ये हमारे गांव के लोगों ने बनाया है। आपका भी सीना चौड़ा हो जाएगा ।

### जिलास्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्य कक्ष में जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान जन्म एवं मृत्यु के शतप्रतिशत पंजीकरण किए जाने एवं सीआरएस पर अपलोड कराए जाने की अपेक्षा सभी जुड़े विभागों यथा स्वास्थ्य पंचायती एवं नगर निकाय विभाग से किया गया।

सीएमओ डॉक्टर आलोक पांडेय ने कहा कि जन्म मृत्यु के पंजीकरण का एक विशेष अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित है इसके तहत गांवो से लेकरशहरी क्षेत्रों में होने वाले जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य है इसलिए जुड़े सभी विभाग इसमें अंतर विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए पंजीकरण सुनिश्चित कराएं साथ ही सॉफ्टवेयर सीआरएस पर उसे अपलोड कराएं। एसीएमओ डॉ डी वी शाही सुरेंद्र सिंह डिप्टी सीएमओ डॉक्टर बी पी सिंह जन्म मृत्यु पंजीकरण के प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं की विस्तार से चर्चा किये ।

# मऊ में धनतेरस पर बाजारों में दिखी रौनक



### श्री धनवंतरी जयंती पर किया गया पूजन-अर्चन

संवाददाता। मऊ

**धनवंतरी** जयंती पर जहां एक तरफ जहां लोगों ने बाजार में बर्तनए बाइक व आभूषण की खरीददारी कियाए वहीं दूसरी तरफ श्री धनवंतरी जयंती पर पूजन.अर्चन कार्यक्रम का आयोजन नगर क्षेत्र के परदहां हनुमान नगर में मां संतोषी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान की तरफ से किया गया। इस दौरान मुख्य रुप से वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्साधिकारी डॉण् नम्रता श्रीवास्तवए डॉण् अरविंद श्रीवास्तवए डीडीओ दयाशंकर रायए खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंहए वैद्य तेज बहादुर सिंहए आरएसएम शैलेन्द्र कुमारए जेडएसएम शरद कुमारए संजीव सिंहए संयोजक सुरेन्द्र नाथ सिंहए संजय कुमार द्विवेदीए अजय सिंहए गोपाल शरण सिंहए राज विजयए हकीम सैदुरहमानए इसराइलए राधेश्याम मौर्या आदि उपस्थित रहे। उधर धनतेरस पर खरीदारी के लिए लोग सुबह से देर शाम तक बाजारों में ही जमे रहे। धनतेरस पर्व को देखते हुए बाइकए आभूषण के दुकान पूरी तरह से सजे.धजे नजर आए। खासकर महिलाओं ने बर्तनों की खूब खरीदारी किया। धनतेरस पर चांदी और सोने के सिक्कों की भी खासी मांग रही। बर्तनए सर्राफाए मूर्तियों आदि की दुकानें खचाखच भरी रहीं। अपने सामर्थ्य के अनुसार हर लोगों ने किसी न किसी वस्तु की खरीदारी किया। ताने.बाने के मऊ नगर समेत ग्रामीण अंचलों में धनतेरस पर्व को देखते हुए काफी उत्साह दिखाई दिया। हालांकि दो दिन गुरुवार व शुक्रवार को धनतेरस मनाए जाने को लेकर लोगों में असमंजस्य भी दिखाई दिया। बावजूद इसके बाजार में बर्तनए बाइकए आभूषण की खरीददारी के लिए लोगों की काफी भीड़ दिखाई दिया। लोगों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार बाजार में सामानों की खरीददारी किया। नगर क्षेत्र के सहादतपुराए मुंशीपुराए रौजा बाजारए भीटीए मिर्जाहादीपुराए घास बाजारए सदर चौक समेत विभिन्न बाजारों में काफी चहल.पहल रही। ऐसी मान्यता है कि धनतेरस पर खरीदारी करना काफी शुभ होता है। धनतेरस को देखते हुए बाजारों में काफी चहल पहल रही। नगर सहित हर छोटी.बड़ी बर्तनए मूर्ति व आभूषणों की दुकानों पर भीड़ देखकर कारोबारी काफी व्यस्त दिखे।

लोगों ने धनतेरस पर जमकर खरीदारी की। बाजार में सबसे अधिक बिक्री बर्तनों की रही। वहीं दूसरे नंबर पर सर्राफा व्यवसाय दिखा। बर्तनों में जहां अधिकांश लोगों ने अपने.अपने जरूरत के हिसाब से कूकरए टिफीनए बाल्टीए गिलासए लोटाए चम्मचए डीनर सेटए टी सेटए भगौनाए ड्रम खरीदा। छोटे बर्तनों में सर्वाधिक बिक्री पीतल के पूजा सामग्रियों की रही। लोगों ने दीपदानए लोटियाए घंटी आदि की खरीदारी की। बर्तन व्यवसायी राजेश कुमार ने बताया कि धनतेरस का पर्व दो दिनों तक मनाने को लेकर लोगों में असमस्य की स्थिति होने के बाद भी गुरुवार को बाजार में लोगों ने ठीकठाक खरीददारी किया।

# सरकारी तालाब की नापजोख में बवाल

## शिकायतकर्ता व उसके परिजनों को जान से मारने का प्रयास

## हमले में एक दरोगा व दो सिपाही भी घायल

## पांच आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**सरकारी** तालाब की नापजोख के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस पार्टी पर हमला बोलकर जमकर बवाल किया। बवालियों ने शिकायतकर्ता के साथ उसके परिजनों पर भी हत्या के प्रयास का जानलेवा हमला भी बोला। बवाल में कोतवाली के दरोगा व दो सिपाही समेत शिकायतकर्ता व उसके परिजन भी चुटहिल हो गये। पुलिस ने घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस टीम पर हमला बोलने तथा सरकारी कामकाज मे बाधा के साथ पीड़ित पक्ष की ओर से भी हत्या के प्रयास व धमकी को लेकर अलग-अलग केस दर्ज किया है। इधर पुलिस ने गुरूवार को घटना मे शामिल पांच आरोपियों को दबोचकर जेल भेज दिया। कोतवाली के डीहमेंहदी बाबूगंज में एसडीएम के निर्देश पर बुधवार को सरकारी तालाब की नापजोख राजस्व टीम कर रही थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस भी मौके पर तैनात थी। जमीन की नापजोख हो ही रही थी कि देर शाम एक पक्ष बवाल करने लगा।

देखते ही देखते बवाल मारपीट की घटना मे तब्दील हो गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण मे लेने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर भी लाठी डंडे से भी हमला बोल दिया। हमले मे कोतवाली मे तैनात दरोगा राजेश कुमार तथा आरक्षी सुजीत व विशाल वर्मा गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। इस बीच आरोपियों ने शिकायतकर्ता गांव के अतीक अहमद को भी घेरकर लाठी डंडे व कुल्हाडी से मारने पीटने लगे। हमले में अतीक अहमद तथा उसके पक्ष के शकील व कैफ समेत परिजन गंभीर रूप से लहूलुहान हो उठे। हमले में अतीक व उसके परिजन बेहोश भी हो गये। पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला तो हमलावरों ने खाकी को भी नहीं बख्शा और मारपीट कर दरोगा व दो सिपाहियों को जख्मी कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाल संजय यादव भी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। तब कही जाकर स्थिति नियंत्रण मे आ सकी। घटना को लेकर कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार की तहरीर पर गांव के नबाव हुसैन, फकरेआलम, बादशाह तथा मुन्ना एवं अब्दुल्ला तथा नाजिम के खिलाफ पुलिस टीम पर हमला करने व सरकारी कामकाज मे बाधा उत्पन्न करने तथा बवाल खड़ा करने व बलवा का केस दर्ज किया है। वहीं तालाब की पैमाइश के लिए, फरियाद करने वाले अतीक अहमद की ओर से भी हत्या के प्रयास तथा बलवा को लेकर आरोपी नबाव हुसैन, नाजिम, सरफराज, बादशाह, फकरेआलम व कुछ अज्ञात के खिलाफकई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने सुबह दबिश देकर घटना में शामिल नबाव हुसैन, फ़क़रेआलम, बादशाह व मुन्ना तथा अब्दल्ला को घर से धर दबोचा। इस बाबत कोतवाल संजय यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर बाबूगंज बाजार मे बुधवार की शाम से ही दहशत का माहौल है।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, जमकर चले लाठी-डंडे, कई लोग घायल

सिद्धौर ( बाराबंकी )। कोठी थाना क्षेत्र के कुंभ राबा गांव में दो दिन पूर्व हुई घटना को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने दो लोगों की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कोठी भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोठी थाना क्षेत्र के कुंभ राबा ग्राम निवासी धीरेंद्र सिंह पटेल पुत्र रामनाथ पटेल ने पुलिस से शिकायत की है 10 नवंबर की शाम लगभग आठ बजे उनके चाचा देवेंद्र पटेल उस्मानपुर चौराहे से किराने की दुकान बंद कर वापस घर जा रहे थे तभी गांव से लगभग 500 मीटर पहले एक कार सवार लगभग पांच लोगों ने मेरे चाचा देवेंद्र सिंह पटेल को जबरिया गाड़ी में बैठा कर कुछ दूर तक ले जाने के बाद उनके पास मौजूद लगभग 41000 छीन लिए और उतार दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी जिसको लेकर गांव के ही रहने वाले शिवम वर्मा से धीरेंद्र सिंह पटेल जानकारी ले रहे थे इसी बात से आक्रोशित गांव के ही रहने वाले अरुण कुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार, अभिजीत आदि लोग लाठी डंडा लेकर पहुंच गए और धीरेंद्र सिंह पटेल और उनके भाई महेंद्र पटेल की जमकर पिटाई कर दी। जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कोठी भेजा गया है।

## नियमित सफाई न होने से बेगमगंज मोहल्ले में गन्दगी का साम्राज्य

### संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा

संवाददाता। बाराबंकी

वैसे तो पूरे शहर में नियमित सफाई होने की आवाज बराबर उठती रहती हैं, मगर लाख जतन के बाद भी नगर पालिका के अधिकारी नियमित सफाई पर ध्यान नही दे रहें हैं। जिससे लोगों का बुरा हाल है स्वयं साफ सफाई का कार्य कर रहे हैं।

नगर के मोहल्ला बेगमगंज निवासी अधिवक्ता तारिक सुल्तान व शफीकुर्रहमान उर्फ मन्ना ने बताया कि घरों के ठीक सामने लोग कूड़ा फेंक जाते हैं इसकी गन्दगी व दुर्गन्ध इनके घरों में जाती रहती है दोनो घरों के सदस्यों को स्वास्थ्य सम्बन्धी काफी परेशानी हो रही है। मोहल्ला बेगमगंज के लोगों ने बताया कि इस वार्ड में न तो कभी फॉगिंग करायी जाती है और न ही छिड़काव ही कभी किया जाता है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। लोगों ने ये भी बताया कि नगर पालिका प्रशासन के जिन जिम्मेदारों पर इस सफाई की व्यवस्था को देखने की जिम्मेदारी दी गयी है वे जिम्मेदार कभी भी इस मोहल्ले की सफाई व्यवस्था देखने अथवा निरीक्षण करने के लिए नही आते हैं।

शिकायत को भी न तो संज्ञान लेते हैं और न ही कोई कार्रवाई ही करते है। जिससे मोहल्ले में गन्दगी का साम्राज्य कायम है।

मोहल्ले वालों ने मांग की है कि इस वार्ड में नियमित सफाई करायी जाये तथा फॉगिंग करने के साथ साथ छिड़काव भी कराया जाये। तथा नियमित सफाई के बाद मोहल्ले वालों से सफाई होने के बाद उनसे हस्ताक्षर कराया जाए।

# धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी बंपर कारोबार से व्यापारी गदगद

संवाददाता। बाराबंकी

**धनतेरस** के मौके पर गुरुवार को जमकर खरीदारी हुई करोड़ो का कारोबार किया गया। लोगो ने जहां गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, बर्तन, सोने-चांदी के जेवरात खरीदे। वहीं चार पहिया एवं दो पहिया वाहनो के एजेन्सियो पर भी लोगों की भीड़ लगी रही। उल्लेखनीय है कि धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरि की जहां पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन खरीददारी करना शुभ माना जाता है। इसी के चलते लोग इस दिन के आने का इंतज़ार करते रहते है। यही वजह है कि बाजारों में इन वस्तुओं की भरमार लगी रहती है। जिससे खरीददारी करने के लिए लोग बेताब रहते है। आज इंतजार खत्म होने के बाद लोगो ने जमकर खरीददारी की। सुबह से शुरु हुआ खरीदारी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा सर्वाधिक भीड़ सोने चांदी के जेवरात की दुकानों पर दिखाई दिया। इसके अलावा गणेश लक्ष्मी, लावा चूरा, बर्तन, बताशे, मिट्टी के दिये व मिठाई की बिक्री भी जोरों पर रही बाजारों में अत्यधिक भीड़ होने पर लोगो को आने जाने में परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। यही नही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को लगाया गया जो चोर उचक्कों पर कड़ी नजर रखे हुए थे, जिससे किसी कोई प्रकार की अनहोनी घटना घटित नही हुई।

### गुलजार रहे बाजार, मंदिरों में जले आस्था के दीप

लालगंज ( प्रतापगढ़ )। धनतेरस के पर्व गुरूवार को नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारें गुलजार दिखी। लोगों ने सुख समृद्धि की कामना को लेकर भगवान धनवन्तरि की पूजा अर्चना की। वहीं गणेश-लक्ष्मी की आराधना के भी घर घर दीप जले। बाजारो मे धनतेरस की खरीददारी को लेकर दोपहर बाद से भीड़ उमड़ी दिखी। लोगों ने गृहस्थी के जरूरी सामानो के तहत नये सामानो की जमकर खरीददारी की। बाजार मे भीड़ होने के कारण नेशनल हाइवे के इंदिरा चौक पर यातायात भी देर शाम तक रेंगता दिखा। चौक पर पुलिस पिकेट ने किसी तरह व्यवस्था को देखरेख की। वहीं बाबा घुइसरनाथ धाम समेत विभिन्न मंदिरो मे श्रद्धालुओं ने धनतेरस पर दीप जलाये। नगर के बडे हनुमानजी मंदिर, इनहन भवानी धाम, हरिहरमंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, जंगली बीरबाबा, देउम तथा तिना के बूढ़ेश्वर नाथ, अर्बु के दुर्गन देवी धाम पर भी श्रद्धालु आस्था के दीप जलाते दिखे।

## धन्वंतरि जयन्ती और पांचवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** अफीम कोठी के सभागार में धन्वंतरि जयन्ती एवं पांचवे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शत्रोहन वैश्य ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। अपर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान परिसर में पंचमुखी रूद्राक्ष के पौधे का रोपण किया तथा आयुर्वेदिक पौधों की लगायी गयी प्रदर्शनी की सराहना किया। अपर जिलाधिकारी ने जनपद को मिले 16 नये आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों का स्वागत किया। उन्होने कहा कि कोरोना काल में सभी ने आयुर्वेद को अपनाया है, हम सभी का कर्तव्य है कि उत्तम स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद को अपने जीवन से जोड़ें, ऐसा करने से हमें स्वस्थ्य एवं दीर्घायु की प्राप्ति होगी। उन्होने कहा कि धन्वंतरि को आयुर्वेद के जनक के रूप में याद किया जाता है।

# धनतेरस पर चमक उठे बाजार

### दीपावली पर मिट्टी के दीपों की बढ़ी मांग



संवाददाता। मुसाफिरखाना ( अमेठी )

**धनतेरस,** दीपावली, भैया दूज पर्व को लेकर बाजारों में रौनक लौट आई है। दोपहर करीब से ही सभी प्रमुख बाजारों में दिन भर लोग शुभ मुहूर्त की गृह उपयोगी सामानों के साथ ही पूजन सामग्री की खरीददारी करने में जुटे रहे। ग्रामीण इलाकों में भी लोगों ने साइकिल रिक्शा व अन्य माध्यमों से सामान बेंचने पहुंचे दुकानदारों की बल्ले-बल्ले रही।

गुरूवार को धनतेरस के अवसर पर स्थानीय कस्बा सहित वारिसगंज, रानीगंज, जगदीशपुर, अढ़नपुर, लालगंज चौराहा, शुक्ल बाजार, जैनबगंज, कस्थुनी सहित विभिन्न बाजारों में रौनक लौट आई है। सुबह से ही दुकानदारों ने विभिन्न चौराहों पर अपनी अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाकर बैठ गए। धनतेरस को लेकर चली आ रही परम्परा के अनुसार गरीब अमीर सभी परिवारों में बर्तन की खरीददारी कर शुभ किए, वहीं दो पहिया चार पहिया वाहनों की बिक्री गत वर्ष के मुकाबले औसत कम देखी गई।

बढ़ते आधुनिकता की दौड़ में दीपावली पर घरों की सजावट के लिए झालरों बल्ब की मांग अचानक बढ़ गई। लोगों ने खूब खरीददारी की। मिठाई की दुकानों पर भी दुकानदारों ने एडवांस में मिठाई बना कर दुकानें सजानी शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीण इलाकों में मिटटी के दिएं वर्तन व बच्चो के खिलौने भी गांव गांव खूब बिक रहे हैं।

खासकर कुम्हारों के लिए यह पर्व परिवार के भरण पोषण के साथ ही साल भर की व्यवस्था की उम्मीद के साथ मिटटी के सामानों को बनाकर ग्रामीण इलाकों में घर घर पहुंचकर लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने की कोशिश करते देखे जा सकते हैं।

## लर्निंग आउट कम परीक्षा परिणाम प्रगति रिपोर्ट वितरित

**अमेठी।** बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित लर्निंग आउट कम परीक्षा परिणाम प्रगति रिपोर्ट का वितरण विकासखंड शुकुल बाजार के कुल 137 परिषदीय विद्यालयों में एक साथ किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों व अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों को परीक्षा परिणाम प्रगति रिपोर्ट वितरित किया गया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय दरवानीपुर में बच्चों को प्रगति रिपोर्ट वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्राथमिक विद्यालय पूरे ख्वाजा में लगभग 100 अभिभावकों की उपस्थिति में खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र, शंकर बक्स सिंह, ग्राम प्रधान मोहम्मद शोएब, प्रबंध समिति अध्यक्ष रामभरोसे के द्वारा प्रगति रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया।

# शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं पंजीकृत श्रमिक

संवाददाता। ललितपुर

**श्रम** प्रवर्तन अधिकारी ने बताया है कि सीएससी केन्द्रों मे श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध मे फेसबुक लाइव कार्यक्रम श्रम विभाग द्वारा चलाये जा रहे श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध मे फेसबुक लाईव के माध्यम से अरविंद चौहान, सचिव श्रम विभाग द्वारा सीधा संवाद कर श्रमिक लाआर्थी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी। जिसका सीधा प्रसारण जनपद ललितपुर के सीएससी केन्द्रों द्वारा किया गया। श्रम विभाग सचिव द्वारा अपने लाइव सम्बोधन में लाभार्थी योजना के विषय में विस्तार से बताया गया। मेधावी छात्र योजना मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना संत रविदास शिक्षा सहायता योजना निर्माण कामगार आवास सहायता योजना चिकित्सा सुविधा योजना चिकित्सा सुविधा योजना कन्याविवाह सहायता योजना कौशल विकास तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना सौर ऊर्जा सहायता योजना महात्मा गांधी पेंशन सहायता योजना, कामगार गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार अन्त्येष्टि सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्युए विकलांगता सहायता एवं अक्षमता पेंशन योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजनाए शौचालय सहायता योजना पंण्‌ दीन दयाल उपाध्याय चेतना योजना आदि उपरोक्त योजना का लाभ पंजीकृत श्रमिक उठा सकते हैं। श्रमिक कार्ड बनाने के लिए ऐसे मजदूर पात्र होते हैं, जो किसी भवन निर्माण कार्य एवं अन्य निर्माण करने वाले दिहाड़ी मजदूर नजदीकी कॉमन सर्विस केंद्रों पर जाकर उत्तरप्रदेश श्रमिक कार्ड बनवा सकते हैं। लाभार्थी का आधार कार्ड, पहचानपत्र पासपोर्ट, बैंक पास बुक, जाबकार्ड यदि लागू हो तो राशन कार्ड आवेदन फॉर्म नियोजक द्वारा 90 दिन कार्य करने का प्रमाणपत्र, आयु प्रमाणपत्र इन दस्तावेज के साथ लाभार्थी अपना मजदूर कार्ड बना सकता है।

## पराली जलाने को लेकर उत्पीड़न पर शिकायत जांच के आदेश

लालगंज ( प्रतापगढ़ )। पराली जलाये जाने को लेकर भी लोग अदावतन दूसरों के खेतों में चुपचाप पराली जलाकर परेशान करने लगे है। ऐसे मे लेखपालों पर भी आरोप है कि वह बिना जांच पड़ताल के सिर्फ खेत के मालिकाना हक के नाम पर पराली जलाए जाने को लेकर निर्दोषों को परेशान कर रहे है। ढ़िगवस गांव के विनोद तिवारी, दुलारी, कमला देवी, जियालाल, मनोज, अशोक, मोहित, दिनेशदत्त आदि ने गुरूवार को नायब तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर ग्रामसभा के कई खेतों में दबंगों द्वारा निर्दोषों को फंसाने के लिए जबरन पराली जलाए जाने को लेकर शिकायत की है।

शिकायत पत्र मे यह भी कहा गया है कि लेखपाल भी बिना जांच किये रिपोर्ट लगाकर इन्हें परेशान कर रहे है। शिकायती पत्र पर नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा ने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर जांच कर आख्या तलब की है।

# सामाजिक व राष्ट्रीय परिवेश को सुदृढ़ बनाने पर आधारित हो शिक्षा: तिवारी

### पं. रामअंजोर मिश्र की जयंती पर प्रमोद तिवारी ने दिया ज्ञान और अध्यात्म व विज्ञान के समन्वय पर जोर

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**नगर** स्थित राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के प्रमोद सभागार में गुरूवार को विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संस्थापक एवं पूर्व विधायक पं. रामअंजोर मिश्र की मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं आउटरीच कमेटी के यूपी प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा कि शिक्षा को विकास के क्षेत्र मे दूरदर्शी नीतियां तैयार करने के लिए समर्थ दिशा मे केन्द्रित किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि ज्ञान विज्ञान तथा आध्यात्म के समन्वय से ही योग्य पीढ़ी देश व समाज को चुनौतियों से उबार सकती है। श्री तिवारी ने शिक्षाविदों का आह्वान किया कि शिक्षा का स्वरूप वंचितों को न्याय तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश मे विकास के क्षेत्र मे समानता और मजबूतीपरक बनाए जाने में वह सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

प्रमोद तिवारी ने कहा कि मानव संरचना को सृजन के क्षेत्र मे मूल्यवान वैचारिक शक्ति की ऊर्जा के संचय के लिए भी शिक्षा मजबूत प्रेरणा बनकर उभरे। लालगंज को शिक्षा के हब के रूप मे लगातार मिल रहे विकास की कड़ी में श्री तिवारी ने कहा कि नगर को स्टेट तथा नेशनल हाइवे से कई तरफ से जोड़ने का मकसद भी शिक्षित पीढ़ी को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहन दिया जाना है। उन्होने पं. रामअंजोर मिश्र के कालजयी व्यक्तित्व को याद करते हुए नगर पंचायत के विस्तारीकरण कराए जाने की भी घोषणा की। आयोजन समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व के लिए प्रमोद तिवारी को शैक्षिक नेतृत्व 2020 का सारस्वत सम्मान प्रदान करते हुए उन्हें अंगवस्त्रम तथा अभिनंदन पत्र भी समर्पित किया।

# एसओ कोठी पर गिरी गाज, हुए लाइनहाजिर

### व्यापारी अपहरण कांड में

संवाददाता। बाराबंकी

**व्यापारी** का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में बुधवार की देररात पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने थाना प्रभारी कोठी को हटाकर लाइन हाजिर कर दिया और इनके पद पर यातायात उपनिरीक्षक रहे रितेश कुमार पाण्डेय को भेजा है।

बताते चलें कि कुछ दिनों पूर्व मसौली थाना अंतर्गत कस्बे के ही मोहल्ला भुलीगंज निवासी व्यापारी राहुल का चार सिपाहियों ने अपहरण कर लिया था और कोठी के उस्मान पुर ले जाकर रखा था जिसमें व्यापारी राहुल ने लाखों रुपये देकर अपने को मुक्त कराया था और मुक्त होने के बाद व्यापारी को सिपाहियों ने छोड़ा था जिसकी शिकायत पीड़ित व्यापारी ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित रूप में की थी। उसके बाद कोठी के सिपाही नीलेश सिंहएजमाल अहमद व पुलिस लाइन में रहे अमित सिंह, आशीष को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया था, मगर एसओ पर मेहरबानी करते हुए, बख्श दिया था। बाद में जिसकी शिकायत डीजीपी से हुई थी तब पुलिस महकमे में हड़कंप मचा था इतना हीएसओ कोठी पद पर रहे शैलेश कुमार यादव के भी सम्मिलित होने का ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने हटाते हुए लाइन हाजिर कर दिया है।

**फांसी के फंदे से लटका युवक**

त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)। एक युवक ने पेड़ की डाल से रस्सी का फंदा लगा फांसी लगा ली। थाना लोनीकटरा के मंझार गांव के शिवकुमार केवट (23 वर्ष) ने बुधवार शाम अज्ञात कारणों से घर से करीब 30 मीटर दूरी पर लगे चिलवल के पेड़ की टहनी से लटक कर आत्महत्या कर ली। देर रात जानकारी होने पर परिवाजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी भगवान धन्वंतरि की जयंती

संवाददाता। बाराबंकी



**आयुर्वेद** के जन्मदाता भगवान धन्वंतरि की जयंती को आयुर्वेद स्वास्थ्य दिवस के रूप में घंटाघर स्थित श्री मनोहर दास पदम कुमार जैन (वैद्यनाथ भवन) के प्रतिष्ठान पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। धन्वंतरि हिंदू धर्म के देवता व महान चिकित्सक थे।

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ये भगवान विष्णु के अवतार समझे जाते हैं। इनका पृथ्वी लोक में अवतरण समुंद्र मंथन के समय हुआ था। समुद्र मंथन में त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि जी अवतरित हुए थे जिस कारण धनतेरस को कार्तिक पक्ष त्रयोदशी को मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत शरद कुमार जैन एवं डॉ एस विशाल वर्मा ने किया। रजाकपुर के वैद्य एस विशाल वर्मा ने इस महामारी के दौर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए गुडुची, संजीवनी घनवटी, चिरयता, तुलसी, कुटकी आदि का प्रयोग बताया। वैद्य अंबरीश वर्मा ने कहा कि इस तनाव भरी जिंदगी में अश्वगंधा के उपयोग एवं उसके महत्व पर चर्चा की। डॉ यूडी मिश्रा ने आयुर्वेद व ज्योतिष को एक दूसरे का पूरक बताया। डॉ आशीष वर्मा ने आयुर्वेद उपचार के साथ.साथ योगा पंचकर्मा के प्रयोग पर बल दिया।

डॉ एनके चौधरी ने गिलोय स्वरस की उपयोगिता के बारे में बताया जो कि कोविड में अधिक सहायक है, ऐसा आयुष विभाग ने भी बताया है। डॉ अनूप ने नीम व पपीते का उपयोग डेंगू में गिरते प्लेटलेट्स को बढ़ाने के लिए सहायक बताया।

## चार के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी का केस दर्ज

लालगंज ( प्रतापगढ़ )। महानगर मे सड़क के किनारे जमीन दिखाकर कंपनी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूरे ओझा के हरिपाल ओझा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि मुरैनी के अरविंद पाण्डेय तथा राजा का पुरवा अंतू के जीतेन्द्र तिवारी व राजेन्द्र तिवारी एवं इनके साथ रहने वाले राजबहादुर यादव ने उसे लखनऊ महानगर मे सड़क के किनारे जमीन दिखाकर जालसाजी की। आरोपियों ने कंपनी के नाम पर एक आरोपी के खाते मे पैंतीस लाख अड़तीस हजार रुपये पीड़ित से जमा भी करा लिया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के साथ जमीन के विक्रय के नाम पर टालमटोल शुरू किया। पीड़ित ने घटना को लेकर एसपी से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी जीतेन्द्र तिवारी समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी समेत कई धाराओ मे केस दर्ज किया है।

# कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र

### बृजलाल की प्रथम पुण्यतिथि पर 125 कम्बलों का हुआ वितरण

संवाददाता। प्रतापगढ़



**गुरुवार** को कपड़ा बैंक के तत्वधान में धनतेरस के अवसर पर चिलबिला ओवरब्रिज व उसके आसपास के क्षेत्रों में झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहने वाले जरूरतमंद लोगों को त्यौहार के अवसर पर उनके जीवन में खुशियाँ भरा त्यौहार लाने हेतु लगभग 1500 वस्त्रों का वितरण 200 से अधिक महिला पुरुष उनके बच्चों को किया गया। इन वस्तुओं का वितरण करते हुए अध्यापक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल के पश्चात ऐसे जरूरतमंद लोगों के समक्ष जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई थी आज वह पुन: पूर्व की तरह ही अपने कार्यों में संलग्न हो गए हैं और उनकी स्थिति में सुधार आया है ऐसे में उन्हें इस दीपावली के अवसर पर आज उन्हें निशुल्क पैंट शर्ट साड़ी स्वेटर जैकेट आदि वस्त्र प्रदान किए गए वस्त्र पाकर उन सब के चेहरे खिल गए आलोक सिंह ने कहा कि सही मायने में यही हमारा त्यौहार है जब हम अपनों के साथ ही ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए भी कार्य करते हैं कपड़ा बैंक के सह संयोजक आशीष कुमार सिंह ने लोगों से अपील की कि वह भी इस त्यौहार के शुभ अवसर पर अपने आसपास के ऐसे जरूरतमंद लोगों के साथ मिलकर अपना त्यौहार मनाए तथा खुशियों का आदान प्रदान करें जिससे सामाजिक सौहार्द की भावना का विकास होता है।

इसी क्रम में मंगरौरा इलाके के अतरसंड निवासी बृजलाल की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार शाम 125 गरीबों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बौद्ध भिक्षु को अंगवस्त्र देकर हुई। आसपास की छह ग्राम पंचायतों के गरीब महिला-पुरुष पहुंचे थे। इनमें 125 को कंबल दिया गया। इस मौके पर लेखपाल संघ के पूर्व महामंत्री दूधनाथ गौतम, बाल गोविंद, सीताराम गोयल, शिवचरन बौद्ध, रामलखन आदि मौजूद रहे।